3 | राजधानी
मॉल और कैफे पर चला बुलडोजर

6 | अभिमत
भूमि सीमा कानूनों में सुधार जरूरी

10 | स्पोर्ट्स
दिल्ली कैपिटल्स ने बेंगलोर को हराया

11 | विदेश
न्यूजीलैंड में मंत्री बनी प्रियंका राधाकृष्णन

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 17
लखनऊ, मंगलवार, 3 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सायना मल्होत्रा ने बिना स्क्रिप्ट की शूटिंग
विविध-12

www.dailypioneer.com


# देश की आधी आबादी को पहले दौर में टीका लगाने की तैयारी

**कोरोना से जंग**

### ● अपनी निर्माण क्षमता का उपयोग कर भारत ने 60 करोड़ डोज के लिए किया प्री-ऑर्डर, और एक अरब खुराक के लिए बातचीत जारी

### ● अमेरिका के बाद वैक्सीन की पूर्व खरीद करने वाला दुनिया का दूसरा देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत के** लिए राहत भरी खबर। कोविड-19 से निपटने के लिए एक ओर दवा निर्माताओं में टीका विकसित करने की होड़ लगी हुई है, वहीं अपनी निर्माण क्षमताओं का बेहतर उपयोग करते हुए भारत कोरोना वायरस के टीके के 60 करोड़ डोज के लिए पहले ही ऑर्डर ( प्री-आर्डर) दे चुका है तथा और एक अरब खुराक के लिए बातचीत कर रहा है। इतनी संख्या में वैक्सीन (टीका) देश की आधी आबादी के टीकाकरण के लिए पर्याप्त रहेगी। यह जानकारी अमेरिका स्थित ड्यूक ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन सेंटर से कोविड-19 वैक्सीन खरीदने के लिए हुए समझौतों के विश्लेषण से मिली। अमेरिका के बाद दुनिया में भारत ही ऐसा देश है जिसने इतनी बड़ी संख्या में टीके के लिए ऑर्डर किया है। टीके की खुराक खरीदने की बुकिंग को संख्या के संदर्भ में देखा जाए तो अमेरिका ने सबसे ज्यादा (80 करोड़, और 1.6 अरब डोज के लिए बातचीत जारी है), उसके बाद भारत (60 करोड़ खुराक तथा एक अरब और डोज के लिए बातचीत जारी) तथा ईयू (40 करोड़ डोज, और 1.565 अरब डोज के लिए बातचीत जारी ) का नंबर आता है।

ड्यूक ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन सेंटर की सहायक निदेशक (कार्यक्रम) आंद्रिया डी टेलर कहती हैं 'लेकिन आबादी की फीसदी के संदर्भ में देखा जाए तो कनाडा इतनी संख्या में वैक्सीन के लिए प्री ऑर्डर कर चुका है कि जो उसकी आबादी के 527 फीसदी को कवर करने के लिए पर्याप्त है। इसके बाद ब्रिटेन का नंबर है उसने इतनी खरीद की है कि उसकी 277 फीसदी आबादी के लिए यह पर्याप्त है।' टेलर ने कहा ' हालांकि यह बात भी याद रखना जरूरी है कि कुछ वैक्सीनों की ही खरीद हो पाएगी जो नियामक की मंजूरी पर निर्भर होगी।' तीन प्रभावी वैक्सीन जिनका भारत में ट्रायल चल रहा उनमें भारत बॉयोटेक और आईसीएमआर की कोवैक्सीन, जायडस कैडिला का जायकोव-डी तथा ऑक्सफोर्ड-आस्ट्राजेनेका शामिल हैं। आक्सफोर्ड-आस्ट्राजेनेका की सीरम इंस्टीट्यूट के साथ भागीदारी है। हैदराबाद स्थित भारत बॉयोटेक ने रविवार को कहा था कि यदि भारतीय नियामक से उसे मंजूरी मिल जाती है तो वह अगले साल की दूसरी तिमाही में कोविड-19 का टीका लांच करने की योजना बना रही है। केंद्र ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से पहले ही त्रिस्तरीय कमेटियों के गठन के लिए कह दिया है, जो वैक्सीन के वितरण और अफवाहों समेत किसी भी अड़चन का समाधान करेंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि वैक्सीन का वितरण शुरू होते ही जिला टास्क फोर्स अफवाहों पर अंकुश लगाने के साथ साथ वैक्सीन के लिए होड़ से निपटने के लिए सभी स्तरों पर मजबूत संवाद स्थापित करने योजना तैयार करेगी। त्रिस्तरीय कमेटी में सभी प्रदेशों और केंद्र शासित राज्यों में राज्य संचालन समितियां, प्रदेश की टास्क फोर्स तथा जिला टास्क फोर्स शामिल होंगी।

## एक दिन में 45,231 नए मामले, 496 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के मामले सोमवार को 82 लाख के पार चले गए। वहीं 75.44 लाख लोगों के ठीक होने के बाद मरीजों के ठीक होने की दर 91.68 प्रतिशत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में एक दिन में कोविड-19 के 45,231 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के मामले बढ़कर 82,29,313 हो गए। वहीं इस दौरान 496 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,22,607 हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में 75,44,798 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ मरीजों के ठीक होने की दर 91.68 प्रतिशत हो गई है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.49 प्रतिशत है। देश में लगातार चौथे दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या छह लाख से कम है।

**बिहार चुनाव का दूसरा चरण आज**

# तेजस्वी व नीतीश के चार मंत्रियों की किस्मत का होगा फैसला

### ● 94 विधानसभा सीटों पर होगा मतदान, 1500 प्रत्याशी मैदान में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बिहार के मधेपुरा में सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**बिहार** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 17 जिलों की 94 विधानसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। इस चरण में करीब 2.85 करोड़ मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 1500 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग ने कोविड-19 से बचाव के लिए निर्धारित मापदंडों के पालन के साथ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

243 सदस्यीय बिहार विधानसभा की एक तिहाई सीटों पर इस चरण में मतदान होगा। ये 94 विधानसभा सीटें 17 जिलों में स्थित हैं। इस चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा उनमें राजद के तेजस्वी यादव शामिल हैं। तेजस्वी विपक्षी महागठबंधन की और से मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी हैं। तेजस्वी यादव (31) वैशाली जिले की राघोपुर विधानसभा सीट से दूसरी बार जीत दर्ज करने के लिए चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने 2015 में भाजपा के सतीश कुमार को हराकर यह सीट फिर अपनी पार्टी के लिए जीती। सतीश ने 2010 में इस सीट पर यादव की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को हराया था। भाजपा ने इस बार भी सतीश कुमार को ही यादव के खिलाफ मैदान में उतारा है। वहीं, तेजस्वी के बड़े भाई तेजप्रताप यादव हसनपुर सेचुनावी मैदान में हैं। इसके अतिरिक्त पथ निर्माण मंत्री और भाजपा विधायक नंदकिशोर यादव (पटना साहिब), जदयू विधायक और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार (नालंदा), भाजपा विधायक और सहकारिता मंत्री राणा रणधीर सिंह (मधुबन), और जदयू नेता और राज्य मंत्री रामसेवक सिंह (हथुआ) से चुनावी मैदान में हैं । पटना की बांकीपुर सीट से कांग्रेस नेता शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा भी इस चरण में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उनका प्रमुख रूप से मुकाबला भाजपा के विधायक नितिन नबीन के साथ होगा । हरनौत (नालंदा) निर्वाचन क्षेत्र, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गाँव है, भी ( शेष पेज 9 )

## सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए मतदान आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी की** सात विधान सभा सीटों पर मतदान मंगलवार को सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस चुनाव में 88 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग ने निर्वाचन सकुशल सपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। सात में से बीजेपी के पास 6 सीटें थीं जबकि एक सपा के पास थीं। इसलिए यह चुनाव बीजेपी और सपा दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। उप चुनाव का परिणाम 10 नवंबर को आएगा।

चुनाव आयोग के अनुसार सातों सीटों पर जहां उप चुनाव होना है वहां निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कोविड-19 के दृष्टिगत सुरक्षित मतदान के लिए समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोग मतदाताओं से अपेक्षा की है कि कोविड-19 से सुरक्षा के लिए किये गये उपायों का पूरी तरह पालन करते हुए शारीरिक दूरी बनाकर मतदान करें। सातों सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में निर्दलीय समेत कुल 88 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सर्वाधिक 18 प्रत्याशी बुलंदशहर सीट पर हैं। जौनपुर जिले ( शेष पेज 9 )

## उप्र से राज्यसभा के लिए सभी दस प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

### ● भाजपा को आठ सपा-बसपा को मिली एक-एक सीट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** की रिक्त सीटों पर सभी दस प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को सभी निर्वाचित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। इस चुनाव में बीजेपी को आठ, सपा और बसपा को एक-एक सीट मिली है। इस चुनाव में रोचकता तब बढ़ गई थी जब दस सीटों पर 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सपा ने अपने दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार दिए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद सपा प्रत्याशी प्रकाश बजाज का पर्चा खारिज हो गया। सपा के इस समीकरण से बसपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई थीं लेकिन बजाज का पर्चा खारिज होने के बाद बसपा की राह आसान हो गई। सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन दोपहर तीन बजे के बाद सभी सीटों पर सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस दौरान प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की तरफ से विजय प्रमाण पत्र प्राप्त किया। निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में अरुण सिंह, नीरज शेखर, बृजलाल, हरिद्वार दुबे, गीता शाक्य, सीमा द्विवेदी, बीएल वर्मा, राम गोपाल यादव व राम जी गौतम शामिल हैं। रामगोपाल यादव का निर्वाचन प्रमाण पत्र उनके प्रतिनिधि द्वारा प्राप्त किया गया जबकि अन्य सदस्यों ने स्वयं उपस्थित होकर रिटर्निंग ऑफिसर से अपना प्रमाण पत्र प्राप्त किया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने उत्तर प्रदेश से नवनिर्वाचित पार्टी के 8 राज्यसभा सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नए सदस्य राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूती देंगे साथ ही राष्ट्रीय फलक पर उत्तर प्रदेश की अपेक्षाओं और हितों की पूर्ति के लिए अपना योगदान देंगे।

## स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 1 दिसंबर को डाले जाएंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चुनाव आयोग** ने यूपी की 5 खण्ड स्नातक और 6 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों के कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस चुनाव के लिए अधिसूचना 5 नवंबर को जारी होगी। नामांकन पत्र 12 नवंबर तक दाखिल होंगे और नामांकन पत्रों की जांच 13 नवंबर तक, नाम वापसी 17 नवंबर तक होगी। मतदान 1 दिसंबर को होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी। जिन 6 खण्ड शिक्षक शिक्षक निर्वाचित क्षेत्रों के सदस्यों के लिए चुनाव होना है उनमें लखनऊ खण्ड स्नातक, वाराणसी खण्ड स्नातक, आगरा खण्ड स्नातक, मेरठ खण्ड स्नातक, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक, लखनऊ खण्ड शिक्षक, वाराणसी खण्ड शिक्षक, आगरा खण्ड शिक्षक, मेरठ खण्ड शिक्षक, बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यक्राल 6 मई 2020 को पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों ( शेष पेज 9 )

## हाथरस मामलाः हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई पर सीबीआई से मांगी विवेचना की स्टेटस रिपोर्ट

### ● अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने हाथरस मामले की जांच कर रही सीबीआई को अगली सुनवाई तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी। सोमवार को पीठ के समक्ष हाथरस मामले की सुनवाई हुई। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा कि हाथरस के जिलाधिकारी के संबध में क्या निर्णय लिया गया। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अगली सुनवाई तक वहां के जिलाधिकारी के संबध में निर्णय ले लिया जाएगा। हालांकि राज्य सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि जिलाधिकारी के विरुद्ध कुछ भी गलत नहीं मिला। तत्कालीन एसपी को भी इस मामले को ठीक से हैंडल नहीं करने व विवेचना में कुछ शुरुआती कमी की वजह से हटाया गया था। उन्हें मृतका की अंतिम संस्कार की वजह से नहीं हटाया गया था। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस राजन रॉय की पीठ का इस पर कहना था कि राज्य सरकार से निष्पक्षता व पारदर्शिता के लिहाज से पूछा गया था कि क्या हाथरस के जिलाधिकारी को बनाए रखना उचित होगा। जिसके जवाब में सरकार की ओर से अगली सुनवाई तक के लिए वक्त की मांग की गई। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के साथ ही जिलाधिकारी प्रवीण कुमार व हाथरस के तत्कालीन एसपी विक्रांत वीर की ओर से भी जवाबी हलफनामा पेश किया गया। अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने बताया कि हलफनामे में हाथरस जैसे मामले की पुनुरावृत्ति होने की दशा में अंतिम संस्कार के लिए गाइडलाइंस का मसौदा पेश किया गया है। जबकि जिलाधिकारी ने अपने हलफनामे में कहा है कि घटना के ( शेष पेज 9 )

### एसआईटी ने सौंपी अपनी जांच रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश के** चर्चित हाथरस कांड की चल रही सीबीआई जांच के बीच प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने सोमवार को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट में स्थानीय जिला अधिकारी व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका पर कई सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश सरकार अधिकारियों पर कार्रवाई कर सकती है। मालूम हो कि प्रदेश सरकार ने गृह सचिव भगवान स्वरूप की अगुवाई में हाथरस कांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। शुरुआत में टीम को जांच के लिए सात दिन का वक्त मिला था लेकिन उसके बाद और 10 दस का समय दिया गया। इसके बाद एसआईटी ने अपनी जांच पूरी की और शासन को रिपोर्ट सौंपी है। सूत्रों के अनुसार एसआईटी ने रिपोर्ट में कई सुझाव भी दिए हैं ताकि घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में फिर कभी न हो।

## मथुरा के एक मंदिर में दो युवकों ने पढ़ी नमाज आरोपी हिरासत में

**भाषा।** मथुरा

**मथुरा** जनपद के एक मंदिर में नमाज पढ़ने वाले फैजल खान का सोमवार को दिल्ली के जामिया नगर में होने का पता चला और उत्तरप्रदेश पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने बताया, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें अलग-अलग ठिकानों पर भेजी गई थीं। इनमें से एक टीम ने फैजल खान को दिल्ली स्थित जामिया नगर से हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए जाने के बाद से उससे पूछताछ की जा रही है कि आखिर ऐसा करने के पीछे उसका इरादा क्या था? उसने ऐसा किसके कहने पर किया है? मथुरा में बीते दिनों ब्रज चौरासी कोस की यात्रा करने वाले दिल्ली निवासी फैजल खान और उसके एक मित्र की नन्दगांव के नन्द भवन मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आईं थी। इस पूरे मामले में नंदभवन मंदिर के सेवायत ( शेष पेज 9 )

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| संेसेक्स | 39,758 | ↑ 144 |
| निफ्टी | 11,669 | ↑ 27 |
| सोना | 51,286 | ↑ 103 /10g |
| चांदी | 62,155 | ↑ 793 /kg |

**क्विक न्यूज**

### बांग्लादेश में हिंदू परिवारों पर हमला, कई घरों में आग लगाई

**ढाका।** बांग्लादेश में कथित रूप से इस्लाम की निंदा संबंधी फेसबुक पोस्ट की अफवाह के चलते कोमिला जिले में कुछ कट्टरपंथियों ने कई हिंदू परिवारों के घरों में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। मीडिया ने सोमवार को यह खबर दी। बीडीन्यूज 24 डॉट कॉम ने खबर दी कि रविवार को इन घरों मे तोड़फोड़ की गई और उनमें आग लगा दी गई। इस घटना से पहले फ्रांस में रहने वाले एक बांग्लादेशी व्यक्ति ने अमानवीय विचाराधारा के खिलाफ कदम उठाने के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों की कथित रूप से प्रशंसा की थी। मैक्रों ने पैगंबर मोहम्मद के कार्टून को दिखाने पर पेरिस में एक शिक्षक का सिर कलम कर दिए जाने पर कड़े कदम उठाए है।

# फ्रांस पर बयान देकर फंसे शायर मुनव्वर राना

### ● नफरत फैलाने के आरोप में केस दर्ज, नकारे आरोप- कहा, ऐसी कोई बात नहीं कही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**फ्रांस के** कार्टून विवाद पर टिप्पणी को लेकर मशहूर शायर मुनव्वर राना फंस गए हैं। उनके खिलाफ कई संगीन धाराओं में लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राना ने फ्रांस में एक पत्रिका में पैगम्बर मोहम्मद साहब के कथित कार्टून को लेकर हाल में हुई हत्या के संदर्भ में मीडिया को दिए साक्षात्कार में विभिन्न समुदायों में वैमनस्य फैलाने और सामाजिक सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली बातें कही हैं। मशहूर शायर ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को गलत करार देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं कही है। इसलिए वह अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगेंगे। चाहे फांसी हो जाए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार को हजरतगंज कोतवाली में तैनात एक उपनिरीक्षक ने मुनव्वर राना के खिलाफ मामला दर्ज कराया। राना के खिलाफ धारा 153-ए (धर्म और भाषा के आधार लोगों में नफरत फैलाने की कोशिश) 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावना का अपमान करने के इरादे से किया गया दुर्भावनापूर्ण कृत्य), 505(1(बी) (जनता के बीच भय पैदा करने के इरादे से शरारत करना और अपराध के लिए प्रेरित करना), 505 (2) (नफरत पैदा करने वाला बयान देना) तथा सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 और 66 लगाई गई हैं। पुलिस उपनिरीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे राना के बयान से लोक शांति भंग होने की आशंका है।



मुकदमा दर्ज होने के बाद लखनऊ में अपने घर पर शायद मुनव्वर राना

इस बीच, राना ने अपने खिलाफ मामला दर्ज होने पर कहा कि 50 साल मैंने मां सरस्वती के चरणों में बैठकर गुजारे हैं। एक मामूली दरोगा जिसे शब्दावली का प्रयोग नहीं मालूम, वह मुझ पर इल्जाम लगा रहा है। राना ने कहा कि उन्होंने कोई ऐसी बात नहीं कही है और वह दुनिया में कत्ल की हिमायत नहीं करते हैं। जब बल्लभगढ़ में लड़की मारी गई तब भी उन्होंने ट्वीट किया था कि दोनों मुसलमान लड़कों को ले जाकर उसी जगह गोली मार देनी चाहिए। किसी के इशारे पर एफआईआर कराने की बात कहते हुए राना ने कहा कि पिछले महीने बलिया के रेवती क्षेत्र में एक दलित को मार दिया गया। वहां के विधायक ने खुलेआम कहा कि वह इस हत्याकांड को जायज समझता है तब उसके खिलाफ मुकदमा करने की हिम्मत किसी में नहीं हुई। बयान पर कायम मुनव्वर ने यह भी कहा कि वह उन लोगों की तरह नहीं हैं, जो मुकदमे वापस कराते फिरते हैं और सच बोलने से डरते हैं। यदि उन पर कोई भी गुनाह साबित हुआ तो बीच चौराहे पर गोली मार दी जाए। चाहे 69 साल के शायर को जेहादी बना दो, सच बोलना नहीं छोड़ेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट का पूर्व जज की सुरक्षा बढ़ाने से इनकार

### ● बाबरी विध्वंस मामले में भाजपा नेताओं समेत अन्य पर सुनाया था निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी एवं उमा भारती समेत सभी 32 आरोपियों को बरी करने वाले पूर्व न्यायाधीश एस के यादव की सुरक्षा बढ़ाने से सोमवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ पूर्व न्यायाधीश के आवेदन पर विचार कर रही थी जिसमें उन्होंने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अपनी निजी सुरक्षा को जारी रखने का आग्रह किया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति नवीन सिन्हा और न्यायमूर्ति कृष्णा मुरारी भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा, पत्र देखने के बाद हम सुरक्षा प्रदान करना उचित नहीं समझते हैं। तीस सितंबर को विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को बरी करते हुए कहा था कि अयोध्या में विवादित ढांचे को गिराने के लिए इन लोगों के किसी भी साजिश का हिस्सा होने के कोई निर्णायक सबूत नहीं हैं। 16वीं सदी की मस्जिद को छह दिसंबर 1992 को कार सेवको ने तोड़ दिया था, जिनका मानना था कि यह वह स्थल है जहां भगवान राम का जन्म हुआ था। इसके बाद दंगे भड़क गए थे और सैकड़ों लोगों की मौत हुई थी। एसके यादव ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन इस मामले पर फैसला सुनाया था।

# मानकों व गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूरा किया जाय उन्होंने कहा है कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप व गुणवत्तापरक होने चाहिए, कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा किया जाय।

श्री मौर्य ने निर्देश दिय कि ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर कार्यों को सम्पादित किया जाय। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए और जनता को अहसास होने चाहिए कि उन्हे सड़कों के माध्यम से आने जाने में सुगमता हो रही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर कृषि विपणन सेवाओं को सड़कों के माध्यम से लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किया जाना बाकी हो, उन्हें समय से निर्गत किया जाय। श्री मौर्य सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जांए तथा सड़कों पर स्पीड ब्रेकर व रम्बल स्ट्रिप आदि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बनायें जाए। उन्होंने हर्बल रोड व हर्बल वाटिकाओं की समीक्षा करते हुये कहा कि हर्बल वाटिकाओं को बहुपयोगी बनाया जाय, वहां पर पौधों की संख्या बढ़ायी जाय तथा इन वाटिकाओं से आम लोगों को कैसे लाभ मिले, इसके लिये भी ठोस व प्रभावी कार्ययोजना बनायी जाय। श्री मौर्य ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्य गतिविधियों की शार्ट वीडियो बनाया जाय तथा कार्य के पहले व कार्य के दौरान एवं कार्य के बाद के फोटो अवश्य लिये जाएं। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम व राजकीय निर्माण निगम व अन्य मुख्यालयों पर विभाग द्वारा किये गये उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्यों तथा बड़ी परियोजनाओं की वीडियो फिल्में बनाकर एलईडी डिस्प्ले किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि सड़कों के किनारे विभिन्न विभागों की केबल बिछाने व अन्य कार्यों हेतु डक्ट निर्माण कराया जायए ताकि किसी विभाग की लाईन डालते समय सड़कों को अनावश्यक रूप से खोदना न पड़े। उन्होने विभागीय मैनुअल्स की पुस्तिका तैयार करने के भी निर्देश दिये। बैठक में राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव लोक निर्माण विभाग समीर वर्मा, विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग राजपाल सिंह, सेतु निगम के प्रबन्ध निदेशक अरविन्द श्रीवास्तव, राजकीय निर्माण निगम के प्रबन्ध निदेशक सत्य प्रकाश सिंघल, मुख्य अभियंता संजय श्रीवास्तव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जनता सेवाओं की प्रक्रिया को सरल व सुगम बनाएं

## ● प्रत्येक सेवा व उसके निस्तारण के लिए हो निश्चित समय सीमाः सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जन को और सरलता से मिल सके इसके लिए प्रक्रिया को और सरल करने के लिए मुख्य सचिव आरके तिवारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और इस बैठक में 17 विभागों के अपर मुख्य सचिवों ने हिस्सा लिया और अपने सुझाव दिए।

कृषि विभाग द्वारा खरीफ, रबी एवं जायद में बीज उर्वरक व कृषि रक्षा रसायनों की ऑनलाइन उपलब्धता तथा पीओएस मशीन के माध्यम से वितरण तथा उन्नतशील बीजों को कृषकों को डोर स्टेप डिलीवरी के लिए व्यवस्थाश खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा उचित मूल्य की दुकानों पर राशन की उपलब्धता की सूचना, घटतौली रोकने के लिए ई-पॉस मशीन से इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन से जोड़ने की कार्यवाही तथा किसानों से खाद्यान्न क्रय करने के लिए सभी एजेन्सियों के लिए कम्प्यूटरीकरण व्यवस्था के सम्बन्ध में कार्य योजना पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य को प्रदान की जा रही सेवाओं को सरल व सुगम बनाया जाये तथा प्रत्येक सेवा के लिए निश्चित समय सीमा भी निश्चित हो। जिन विभागों में ऑनलाइन व्यवस्था पहले से चल रही है और सेवाओं के लिए टाइमलाइन निर्धारित है। ऐसे विभाग समीक्षा कर लें और उन सेवाओं को और अधिक सरल, सुगम व यूजर फ्रेन्डली बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

## कोविड से होने वाली मौतों की गहराई से समीक्षा की जाएः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कोविड-19 की समीक्षा करते हुए कहा कि कोविड से होने वाली मौतों की गहराई से समीक्षा की जाए तथा इसके निष्कर्षों से सीख लेकर भविष्य में होने वाली परिहार्य मृत्यु पर रोक लगाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि गुणात्मक उपचार, उपयुक्त सर्विलांस तथा उपचार में विलंब की रोकथाम से जिन्दगियां बचाई जा सकती हैं। इसके अलावा होम आइसोलेशन में रखे गए मरीजों का नियमित अनुश्रवण किया जाए तथा निर्धारित व्यवस्थानुसार पहले, चौथे व सातवें दिन मरीजों के यहां विजिट किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए कि कोविड-19 से किसी व्यक्ति की मृत्यु होम आइसोलेशन के दौरान न हो तथा लक्षण आते ही उसे तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस, सिविल सोसायटी के सहयोग से कोविड की रोकथाम के लिए मास्क पहनना, नियमित हाथ धोना व सामाजिक दूरी बनाये रखने के व्यवहार को प्रोत्साहित किया जाए तथा घर-घर यह संदेश प्रसारित कराया जाए कि संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है तथा लगातार सावधानी एवं सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त जिन इलाकों में डेंगू के ज्यादा मरीज संज्ञान में आये हैं उन इलाकों में टीम भेजकर साफ-सफाई, ड्रेनेज, नालियों की सफाई, एण्टीलार्वा दवा के छिड़काव आदि का निरीक्षण करा लिया जाए।

## खनन पट्टाधारक मार्च तक चार किश्तों में जमा कर सकेंगे बकाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खनन** पट्टाधारकों को बकाया जमा करने में प्रदेश सरकार ने एक बार फिर बड़ी सहूलियत दी है। खनन पट्टाधारक पट्टे के अंतर्गत मई 2020 तक की बकाया धनराशि को अब 4 समान किश्तों में विभाजित कर ऑफलाइन माध्यम से दिसंबर माह से मार्च 2021 के बीच ऑनलाइन मासिक किश्तों के साथ जमा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। इससे पहले प्रदेश में विकास कार्यों एवं आम जनमानस को खनिजों की उपलब्धता बनाये रखने के लिए जून माह में खनन पट्टाधारको को बकाया भुगतान करने में इसी तरह की सहूलियत दी गई थी।

## बहराइच में सड़क दुर्घटना में घायलों के उपचार के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

## मतदान करने के लिए रहेगा सवेतन अवकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चन्द्रा ने बताया कि शासन ने विधान सभा के उप चुनाव वाले जनपदों के विधान सभा क्षेत्रों में संचालित कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान करने के लिए सवेतन अवकाश प्रदान किया है। इस सम्बंध में सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि विधान सभा उप निर्वाचन के दौरान मतदान के दिन 03 नवम्बर को ऐसे कारखानों में कार्य करने वाले समस्त कर्मचारियों को मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें सवेतन अवकाश दिया गया है तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन इन कर्मचारियों से काम नहीं लिया जायेगा।

# भाजपा से गठबंधन के बजाए राजनीति से संन्यास लेना पसंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में विधानसभा की सात सीटों पर मंगलवार को होने वाले मतदान से एक दिन पहले मायावती ने बीजेपी के साथ मिले होने के आरोपों पर सफाई दी है। बीएसपी सुप्रीमो ने कहा है कि बीजेपी के साथ कोई भी गठबंधन करने के बजाय वे राजनीति से संन्यास लेना पसंद करेंगी। मायावती ने सपा के खिलाफ दिए गए अपने पुराने बयान को दोहराते हुए कहा कि मेरे इस बयान को, खासकर कांग्रेस व सपा आदि के लोग अपने राजनैतिक लाभ के लिये काफी कुछ गलत तरीके से भी प्रचारित कर रहे हैं। ताकि यहाँ खासकर मुस्लिम समाज के लोग बीएसपी से अलग हो जायें। उन्होंने कहा हमारी विचारधारा सर्वजन सर्वधर्म हिताय की है और यह बीजेपी की विचारधारा के विपरीत है। बीएसपी उनके साथ गठबंधन नहीं कर सकती जो सांप्रदायिक, जातिवादी और पूंजीवादी विचारधारा के हैं। मायावती ने कहा कि भविष्य में विधानसभा या लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ कभी गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह सभी जानते हैं कि बसपा एक विचारधारा और आंदोलन की पार्टी है और जब मैंने बीजेपी के साथ सरकार बनाई तब भी मैंने कभी समझौता नहीं किया। मेरे शासन में कोई हिंदू-मुस्लिम दंगा नहीं हुआ, इतिहास इसका गवाह है। मायावती ने कहा कि बीएसपी ने विपरीत परिस्थितियों में जब कभी भाजपा से मिलकर सरकार बनाई तो भी कभी अपने स्वार्थ में विचारधारा के खिलाफ गलत कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि उप चुनाव में पार्टी ने सात सीटों में दो पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर उनको प्रतिनिधित्व दिया है।

# थानों पर सैन्य कर्मियों से दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाओं पर डीजीपी नाराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपनी** शिकायत व समस्या लेकर थाने आने वाले सैन्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाओं पर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने नाराजगी जाहिर की है। डीजीपी ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आवासित सैन्य कर्मियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के साथ किसी प्रकार का विवाद होने अथवा उनके विरुद्ध अभियोग आदि पंजीकृत होने की दशा में थानों पर नियुक्त कतिपय थाना प्रभारियों व अधीनस्थ पुलिस कर्मियों द्वारा कई बार उनके साथ अनावश्यक रूप से अभद्र, अमर्यादित व्यवहार करने व शारीरिक उत्पीड़न कर उन्हें अपमानित करने के दृष्टांत भी सामने आए हैं। यह स्थिति निःसन्देह ही आपत्तिजनक एवं निन्दनीय है। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों व रेंज के डीआईजी को बीते दिनों भेजे अपने पत्र में डीजीपी ने कहा है कि भारतीय सेना का प्रत्येक अधिकारी, जवान एवं पूर्व सैनिक हमारे लिए निश्चित ही महत्वपूर्ण है और उनकी एवं उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य की समुचित सुरक्षा एवं पुलिस विभाग से जुड़ी उनकी समस्याओं का मानवोचित व्यवहार करते हुए पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराना पुलिस के मुख्य दायित्वों में से एक है। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि सैन्य अधिकारियों, जवानों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवार जनों के साथ पुलिस द्वारा भद्र, शालीन एवं मर्यादित व्यवहार किया जाए और उनके प्रति पूर्ण आदर व सहानुभूति का भाव रखते हुए उनकी समस्याओं के विधि सम्यक निराकरण के लिए त्वरित व प्रभारी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भारतीय सशस्त्र सेना के अधिकारियों, जवानों के विरुद्ध अभियोग आदि पंजीकृत होने की दशा में सर्वप्रथम निकटतम सैन्य इकाई को सूचना देकर सम्बन्धित के साथ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए। थाना स्तर पर सैनिकों, सैनिकों अथवा उनके परिवारीजनों के साथ अनावश्यक उत्पीड़न, अभद्रता ,मारपीट आदि की घटनाओं को पूर्ण रूपेण निषिद्ध किया जाए।



राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद प्रमाणपत्र प्राप्त करते सदस्य

# योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहींः रमापति शास्त्री

**लखनऊ। समाज** कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। विभागीय कार्यों को समयानुसार किया जाये। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को अवश्य दिलाया जाये। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करना सुनिश्चित करें। मास्क लगाना एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य किया जाये। समाज कल्याण निदेशालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए शास्त्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है। विभाग द्वारा समाज के गरीब व्यक्तियों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार कराते हुए आमजन मानस को सही जानकारी प्रदान की जाये उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में यदि कहीं किसी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा लापरवाही एवं ढिलाई करते हुए पाया जायेगा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वृद्धावस्था पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए शास्त्री ने कहा कि पेंशनरों की पेंशन समयानुसार उपलब्ध कराने का काम किया जाये इसका अवश्य ध्यान रखा जाये। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए विवाह का आयोजन कराया जाये।

# कांग्रेस की पूर्व सांसद अन्नू टंडन सपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सन् 2022 में प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ सोमवार को कांग्रेस की पूर्व सांसद अन्नू टण्डन समाजवादी पार्टी में शामिल हो गई। उनके साथ लगभग डेढ़ सौ अन्य प्रमुख नेता कार्यकर्ता भी कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। अखिलेश यादव ने अन्नू टण्डन के समाजवादी पार्टी में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने निष्ठा से उन्नाव जनपद में जनता की सेवा की है। वे जमीन से जुड़ी नेता है। उनके आने से समाजवादी पार्टी को और ज्यादा ताकत मिलेगी तथा इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

अन्नू टण्डन के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अंकित परिहार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव शशांक शेखर शुक्ल, जिला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ सूर्य नारायण यादव, सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी वीर प्रताप सिंह, शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमित शुक्ला, सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज कुमार लोधी, महिला कांग्रेस उन्नाव की जिलाध्यक्ष डॉ नेहा पाण्डेय एवं सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी बृजपाल सिंह यादव हैं।

इस मौके पर अन्नू टण्डन ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में जो काम किए हैं उससे ज्यादा करना असम्भव था।

# समाजवादी पार्टी को हराने के लिए भाजपा और बसपा दोनों एक साथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और बसपा दोनों समाजवादी पार्टी को हराने में एक साथ हैं, आखिर कोई वजह तो इसके पीछे होगी जिससे दोनों ही हमसे लड़ना चाहती हैं। जबकि हमारा लक्ष्य 2022 के विधानसभा चुनाव पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में संविधान खतरे में है। दलितों, पिछड़ों, सवर्णों सभी को अपमानित किया जा रहा है। इस भाजपा सरकार को हटाकर एक अच्छी सरकार बनाना है। इसीलिए हम समाजवादी पार्टी में अच्छे लोगों को जोड़ रहे हैं। जनहित की सरकार बनेगी तभी खुशहाली आएगी। शिक्षाए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ अवस्थापना सुविधाओं का भी विस्तार होगा। किसानों को लाभ मिलेगा।

श्री यादव ने कहा हम सभी जाति, धर्म और वर्गों को साथ लेकर चलते है। समाजवादियों की यही सोच है कि साइकिल को दो पहियों में एक डॉ अम्बेडकर की तो दूसरी डॉ लोहिया की विचारधारा है। समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने की हिमायती है। श्री यादव ने कहा कि कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। यह बीमारी जहां से चली थी वहां और फैल रही है। दुबारा लॉकडाउन हुआ तो हमारी रोटी रोजगार का क्या होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास पर बहस नहीं चाहती है। किसान को ड्योढ़ी कीमत देने का क्या हुआ, मंडियों की स्थापना कहां हुई, अनावश्यक मुद्दों पर भाजपा जनता को गुमराह करना चाहती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकारी सम्पत्ति को बेच रही है।

# पारंपरिक कारीगरों की बनाई लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां व डिजाइनर दीये बनेंगे आकर्षण का केंद्र

## ● खादी भवन में पांच नवंबर से 10 दिवसीय माटीकला मेले का किया जा रहा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा दीपावली के अवसर पर माटीकला शिल्पकारों के उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने के लिए 5 से 14 नवम्बर तक 10 दिवसीय माटीकला मेले का आयोजन किया जायेगा। डालीबाग स्थित खादी भवन में आयोजित होने वाले इस भव्य मेले में विभिन्न जनपदों के उत्कृष्ट शिल्पकारों द्वारा निर्मित माटीकला उत्पादों का लाइव प्रदर्शन भी किया जायेगा। मेले का मुख्य उद्देश्य दूरदराज के हस्तशिल्पियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों को एक मंच पर लाकर बड़ा बाजार मुहैया कराना है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि मेले में गोरखपुर के टोराकोटा, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, खुर्जा के मिट्टी के बर्तन सहित लखनऊ, कुशीनगर, मिर्जापुर, चंदौली, उन्नाव, बलिया, कानपुर, पीलीभीत, प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के मिट्टी से बने खास उत्पाद उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि दीवाली से पूर्व इस मेले में पारंपरिक कारीगरों द्वारा निर्मित लक्ष्मी गणेश मूर्तियां और तरह तरह के डिजाइनर दीये प्रमुख आकर्षण होंगे।

डा. सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार की दीवाली में उत्कृष्ट श्रेणी के स्वदेशी लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां तैयार करने हेतु कारीगरों को पीओपी मास्टर डाई, स्प्रे पेंटिंग मशीन, पगमिल, आधुनिक भट्ठी एवं दीया मेकिंग मशीनें निःशुल्क शिल्पकारों को उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही कारीगरों को उनके गांव एवं घर में विशेषज्ञों के माध्यम निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## भाजपा सरकार किसान गरीबों व मध्यम वर्ग की दुश्मनः प्रियंका गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि पिछले एक साल में आलू के दाम लगभग 100 प्रतिशत और प्याज के दाम 50 प्रतिशत बढ़े हैं। प्रियंका ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि जहां एक तरफ जनता सब्जियों के बढ़ते दामों के चलते बेहाल है वहीं इनको उगाने वाले अन्नदाताओं को इनके दाम नहीं मिलते हैं और उन पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। यह सरकार किसान, गरीबों एवं मध्यम वर्ग की दुश्मन है। वहीं अपने एक अन्य ट्वीट में प्रियंका ने चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे का कामकाज अडानी ग्रुप को सौंपे जाने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा कि भाजपा का जनता को दीवाली का गिफ्ट, भयंकर महंगाई।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रोहित सचान व उसकी पत्नी रितु कटियार के दुराचरणों के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा अपने परिवार व सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अरविन्द सचान पुत्र लालाराम सचान, नि0 57-औ ब्लाक, यशोदा नगर, कानपुर नगर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद -सीतापुर

पत्रांक :- 728 /एस0बी0एम0(यू0)/एस0एल0बी0/2020-21/न0पा0परि०सी0/ दिनांक : - 2-11-2020

### सर्विस लेवल बेन्चमार्क की सूचना का प्रकाशन

| Sr.No. | Indicator | Benchmark |
|---|---|---|
| | **WATER SUPPLY** | |
| 1. | Coverage of Water Supply connections | 100% |
| 2. | Per Capita Supply of Water | 135 lpcd |
| 3. | Extent of Non-revenue Water | 15% |
| 4. | Extent of Metering | 100% |
| 5. | Continuity of Water Supplied | 24 Hours |
| 6. | Efficiency in redressal of customer complaints | 90% |
| 7. | Quality of Water Supplied | 100% |
| 8. | Cost Recovery | 100% |
| 9. | Efficiency in Collection of Water Charges | 90% |
| | **SEWERAGE** | |
| 1. | Coverage of Toilets | 100% |
| 2. | Coverage of Sewerage Network | 100% |
| 3. | Collection efficiency of Sewerage Network | 100% |
| 4. | Adequacy of Sewage Treatment Capacity | 100% |
| 5. | Quality of Sewage Treatment | 100% |
| 6. | Extent of Reuse and Recyling of Sewage | 20% |
| 7. | Extent of cost recovery in waste water | 100% |
| 8. | Efficiency in redressal of customer complaints | 80% |
| 9. | Efficiency in Collection of Sewage Water Charges | 90% |
| | **SOLID WASTE MANAGEMENT** | |
| 1. | Household Level Coverage | 100% |
| 2. | Efficiency in Collection of Solid Waste | 100% |
| 3. | Extent of Segregation of MSW | 100% |
| 4. | Extent of MSW Recovered | 80% |
| 5. | Extent of Scientific Disposal of MSW | 100% |
| 6. | Extent of cost Recovery | 100% |
| 7. | Efficiency in Collection of SWM Charges | 90% |
| 8. | Efficiency in Redressal of customer Complaints | 80% |
| | **STORM WATER DRAINAGE** | |
| 1. | Coverage | 100% |
| 2. | Incidence of water logging | 0 numbers |

(गुरू प्रसाद पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(श्री राधेश्याम जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सीतापुर


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# लालबाग के ड्रैगन मॉल व ठाकुरगंज में अल्जैर कैफे पर चला बुलडोजर

## जिलाधिकारी व एलडीए वीसी ने खुद संभाली कमान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिला** प्रशासन व एलडीए के संयुक्त अभियान में अवैध निर्माण पर जोरदार कार्रवाई की गई। जिसके तहत लाल बाग स्थित ड्रैगन मॉल व ठाकुरगंज स्थित अल्जैर कैफे समेत कई कमर्शियल अनाधिकृत इमारतों को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान जिला अधिकारी, वीसी एलडीए अभिषेक प्रकाश ने कमान खुद संभाली।

रविवार को एलडीए और जिला प्रशासन के संयुक्त अभियान की कमान स्वयं जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष एलडीए अभिषेक प्रकाश ने संभाली। जिलाधिकारी सबसे पहले लाल बाग स्थित ड्रैगन मॉल पहुंचे और वहां पहुँच कर होटल द्वारा किये गए अवैध निर्माण को अपने सामने ध्वस्त करने की कार्रवाई को शुरू कराया। बताते चलें कि ज़िला प्रशासन और एलडीए की टीमों के द्वारा लगातार अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त किया जा रहा है। इसके बाद जिलाधिकारी ठाकुरगंज स्थित अल्जैर कैफे पहुंचे। वहां पर भी अपने सामने ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को शुरू कराया। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि जिन भी कमर्शियल इमारतों का निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृत कराए हुए या स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया गया है या जिन इमारतों के ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये जा चुके हैं, उनको तत्काल ध्वस्त करने की कार्रवाई की किया जाए। उन्होंने बताया कि यह अभियान अगले 3 माह तक इसी तरह से जारी रहेगा और जहाँ जहाँ पर अवैध निर्माण है उनको ध्वस्त किया जाएगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बताया कि तालाबों, चारागाह, बंजर, परती, झील, नवीन परती व ऊसर भूमि पर जो अतिक्रमण किये गए है उनको भी हटाया जाएगा। इसी के तहत जिलाधिकारी द्वारा सभी उप जिलाधिकारी व सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए कि बड़े स्तर पर अभियान चला कर चिन्हित सभी शासकीय भूमियों से अवैध कब्जे हटाए जाएं। प्रतिदिन की सूचना उसी दिन शाम 5 बजे तक डीएलआरसी को उपलब्ध कराना कराया जाए।



### ध्वस्तीकरण अभियान में इन पर हुई कार्रवाई

**ठाकुरगंज में अल्ज़ैर हुक्का लॉज व रेस्टोरेंट- कैसरबाग में ड्रैगन मार्ट का अवैध निर्माण- गुडम्बा में एमएस नर्सिंग होम के पीछे स्थित अवैध निर्माण- मड़ियांव, पुरनिया रेलवे क्रासिंग से भिठौली तिराहे तक अर्जित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया- सरोजनीनगर में पाल विहार अवैध कॉलोनी-अंसल एपीआई, अहमामऊ में सरोज इंस्टीट्यूट में किया गया अवैध निर्माण-पारा में अर्बन सीलिंग की भूमि पर हटाया गया अतिक्रमण**

# आजम खान की बहन का आवास आवंटन निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व** कैबिनेट मंत्री की बहन को मानकों के विपरीत रिवर बैंक कालोनी में आवास आवंटन पर नगर निगम प्रशासन ने कार्रवाई की। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के निर्देश पर आवास का आवंटन निरस्त कर दिया। वहीं आवंटन निरस्तीकरण के लिए कारण बताओ नोटिस तामील कराया गया।

सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों ने रिवर बैंक कालोनी में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की बहन के आवास पर कब्जा किया। दरअसल रिवर बैंक कालोनी के संबंध में कार्यालय में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र का परीक्षण किये जाने पर पाया गया कि निकहत अफलाक शहर रामपुर की स्थायी निवासी है एवं वहीं राजकीय जूनियर हाई स्कूल रामपुर में कार्यरत थी। वहाँ से सेवानिवृत्त होने के बाद निकहत अफलाक को आवास संख्या जी-11 रिवर बैंक कालोनी के स्थान पर आवास संख्या ए 2-1ए रिवर बैंक कालोनी का आवंटन कतिपय शर्ता के साथ किया गया था। प्रश्नगत आवास के आवंटन के समय निकहत अफलाक किसी सरकारी सेवा में नहीं थी और न ही लखनऊ में कार्यरत थीं। ऐसे में स्पष्ट है कि निकहत अफलाक लखनऊ शहर में निवास नहीं करती थी। निकहत अफलाक के पक्ष में किया गया आवंटन गलत पाया गया। निकहत अफलाक को इस कार्यालय द्वारा निर्गत आवंटन के क्रम में लखनऊ नगर निगम व निकहत अफलाक के मध्य किये गये इकरार नामा की शर्तो के अनुसार निकहत अफलाक को आवंटन निरस्तीकरण के लिए कारण बताओं नोटिस तामील कराया गया। इस नोटिस का प्रति उत्तर निकहत अफलाक द्वारा प्रस्तुत किया गया जो कि बलहीन होने के कारण निकहत अफलाक के पक्ष में किया गया आवास संख्या. ए 2-1ए रिवर बैंक कालोनी लखनऊ का आवंटन निरस्त कर दिया गया है।

## मकान खरीदने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**लखनऊ।** गुड़म्बा इलाके में मकान खरीदने का एडवांस देने के बहाने भूमाफिया ने एक महिला से 20 लाख की ठगी कर ली। पीड़िता ने गुड़म्बा थाने में रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है।आलमबाग निवासी सुजाता घरों में चौका बर्तन का काम करती है। सुजाता के अनुसार उसके व उसके बेटे रंजीत कुमार के नाम सम्पत्ति प्रबंधक अधिकारी लखनऊ द्वारा जानकीपुरम सेक्टर जे में मकान संख्या 1-356 व 1-987 आवंटित हुआ था। मजदूरी कर पीड़िता मकान की किस्तें जमा की। इसी दौरान उसने मकान बेचने का इरादा बनाया। मकान बेचने के दौरान उसकी मुलाकात जानकीपुरम सेक्टर.जे निवासी विनोद कुमार जायसवाल से हुई। उसने वेद प्रकाश से मकान बेचने का सौदा 19 लाख में तय करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि वेद प्रकाश ने उसको अपने घर बुलाकर सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर 21 हजार रुपये नकद व 50 हजार 553 रुपये बैंक में ट्रांसफर कर उससे जबरन साइन करवा लिया। शेष रकम तीन महीने में अदाकर वेद प्रकाश के नाम बैनामा होना निर्धारित हुआ था।

# फाइनल ईयर में बैक आने पर छात्रों ने की सड़क जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के छात्रों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। एलएलबी अंतिम वर्ष में बैक आने से नाराज छात्रों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर नाराजगी जताई। विश्वविद्यालय प्रशासन से सार्थक आश्वासन न मिलने से नाराज छात्रों ने भाऊराव देवरस द्वार के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। हालांकि मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को हटाकर तुरंत जाम खुलवाया।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि एलएलबी अंतिम वर्ष के तमाम छात्रों की बैक आ गई है। ऐसे में उनका भविष्य खराब हो सकता है। छात्रों का कहना था कि कोरोना संक्रमण के कारण कक्षाएं नहीं संचालित हुई थी। ऊपर से परीक्षा में एमसीक्यू के आधार पर प्रश्न पूछे गए थे। छात्रों का कहना था कि सेकेंड व थर्ड सेमेस्टर के छात्रों की तर्ज पर विश्वविद्यालय प्रशासन को स्टूडेंट्स को लेकर नरम रुख अपनाया चाहिए। इन मांगों को लेकर छात्रों ने कुछ समय के लिए विश्वविद्यालय के गेट को भी बन्द कर दिया। हालांकि मौके पर उपस्थित पुलिस और विवि के अधिकारियों के समझाने पर छात्र शांत हो गए ।

## आउटर रिंग रोड का काम तेजी से पूरा करने का प्रयास करे एनएचएआईः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एनएचएआई से कहा है कि लखनऊ के चारों ओर बन रहे 104 किमी की आउटर रिंग रोड का काम तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जाए। पीठ ने हालाकि इस संदर्भ में दिशा निर्देश देने से इंकार कर दिया। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील एमएल यादव की एक जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए दिया। याचिका में कहा गया था कि 16 सितंबर 2016 को यह प्रोजेक्ट शुरु हुआ था। तब कहा गया था कि यह मार्च 2020 तक पूरा हो जाएगा। लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। लिहाजा इसे पूरा करने के लिए समुचित निर्देश जारी किया जाए। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान एनएचएआई के वकील ईशान बघेल ने बताया कि पहले इस प्रोजेक्ट का काम जेपी ग्रुप को दिया गया था। लेकिन वह प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर सका। जिस पर उसका टेण्डर खारिज कर दिया गया। अब इसका काम विभिन्न ठेकेदारों को दिया गया है। विभिन्न फेज में काम चल रहा है। जो थोड़ी बहुत देरी हुई है, वो कोविड महामारी के चलते हो रही है।

## छठ पर यात्रियों के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ।** छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है। रेलवे प्रशासन ट्रेनों के संचालन की तारीख और ट्रेनों के समय सारणी तय करने पर मंथन शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि इसी सप्ताह स्पेशल ट्रेनों की सूची जारी कर दी जाएगी। दीपावली के बाद 20 नवंबर को छठ का पर्व मनाया जाएगा। लखनऊ से बड़ी संख्या में लोग पूर्वांचल और बिहार जाते है। इनकी संख्या हजारों में है। ऐसे में रेलवे प्रशासन इस रूटों पर 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को चलाने की तैयारी में है। जिसमें जनरल से लेकर एसी बोगी में सफर करने वाले मुसाफिरों का ख्याल रखा जाएगा। क्योंकि लखनऊ से पटना श्रमजीवी और दिल्ली मालदा टाउन की ट्रेनों में छठ पर्व के दौरान टिकट वेटिंग में मिल रहा है।

## दीपावली पर अतिरिक्त बसों के लिए छह को बैठक

**लखनऊ।** दीपावली पर रोडवेज बसों की अतिरिक्त बस सेवाएं यात्रियों को राहत देंगी। इसी मकसद से छह नवंबर को क्षेत्रीय प्रबंधक ने बैठक बुलाई है। जिसमें लखनऊ क्षेत्र के सभी आठ डिपो के एआरएम मौजूद होंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि कैसरबाग, चारबाग, आलमबाग और अवध बस स्टेशन से साधारण व एसी बसों की अतिरिक्त सेवाएं चलेंगी। इसके लिए ड्राइवर कंडक्टर समेत अतिरिक्त बसें और रूट तय करने के लिए छह नवंबर की बैठक बुलाई गई है।

## आरटीओ कार्यालय में दो एआरटीओ की तैनाती

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में खाली पड़े एआरटीओ की कुर्सी पर दो एआरटीओ की अस्थाई रूप से तैनाती की गई है। इनके आने से आवेदकों के काम अब जल्द होंगे। पिछले कई माह से एआरटीओ की कुर्सी खाली होने से आवेदकों को काफी परेशानी होती रही थी। जिसे देखते हुए परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने मुख्यालय पर तैनात दो एआरटीओ की अस्थाई तैनाती के आदेश दिए हैं।आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी ने बताया कि मुख्यालय पर तैनात दो एआरटीओ में अमित राजन राय डीएल संबंधी काम देखेंगे। वहीं सुरेंद्र सिंह को वाहन से संबंधित सभी कामों की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। बता दें कि लखनऊ में दो कार्यालयों में छह एआरटीओ के पद खाली हैं। जिन पर तैनाती नहीं होने से दोनों कार्यालयों के काम लंबित हो रहे थे। अब दो एआरटीओ की तैनात से जल्द काम होने की उम्मीद जग गई है।

## कल तक शुल्क न जमा हुआ तो प्रवेश निरस्त

**लखनऊ ।** पालीटेक्निक कालेजों में दाखिले के लिए पांचवे चरण की काउंसिलिंग में शामिल हुए स्टूडेंट्स को संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की तरफसे शुल्क जमा करने के लिए चार नवम्बर तक का समय दिया गया है। यदि इस बीच स्टूडेंट्स शुल्क जमा नही करते है तो फिर उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। पॉलीटेक्निक काउंसिलिंग में अब तक 10426 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुईं और 6891 ने लिया प्रवेश लिया है। रविवार पांचवें चरण का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। तीन नवंबर तक दस्तावेजों की जांच के साथ ही चार नवंबर को दोपहर दो बजे तक फीस जमा की जाएगी। राजकीय में 10097, सहायता प्राप्त में 3863 और निजी संस्थानों में 1,85667 रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लिए पांच व छह नवंबर को विकल्प भरे जाएंगे। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके वैश्य ने बताया कि पांचवें चरण के चयनित अभ्यर्थी निर्धारत 78 केंद्रों पर दस्तावेजों की जांच करा सकते हैं। बिना परीक्षा के सीधे पंजीकरण कराने वाले छठें चरण की काउंसिलिंग का परिणाम सात नवंबर को घोषित होगा। सीटों का पूरा विवरण परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

# कोरोना के साथ अब डेंगू भी लगा डराने

## आठ मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वायरस की मौजूदगी के बीच डेंगू वायरस लगातार पांव पसार रहा है। सोमवार को राजधानी में आठ नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार इलाकों का मुआयना कर रही है।मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश के क्रम में डा केपी त्रिपाठी ने आज नया पुरवा फैजुल्लागंज और तकरोही लखनऊ का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्र मे खाली स्थानों पर जल भराव की स्थिति पायी गयी। जिसमें तत्काल एण्टी लार्वा का छिडकाव कराया गया। क्षेत्रवासियों के घर.घर भ्रमण के दौरान गमलें, कूलर, टायर आदि का सघन निरीक्षण किया गया तथा एण्टी लार्वा का छिडकाव कराया गया। नया पुरवा फ्जुल्लागंज में मेडिकल मोबाइल वैन द्वारा 50 व्यक्तियों का स्वास्थ परीक्षण कर उनको दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 2135 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण कियाए जिनमें 6 घर स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियां पायी जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत सम्बन्धितों को नोटिस जारी की गयी। जिनमें तकरोही और फैजुल्लागंज शामिल है। वहीं आज जनपद लखनऊ में 8 डेंगू के धनात्मक मरीज जानकीपुरम, गोमतीनगर, इन्दिरानगर इत्यादि में पाये गये। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सोर्स रिडक्शन तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी तथा नगर निगम को उक्त क्षेत्रों में सघन फागिंग अभियान सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु सूचित किया गया।



## कार्यवाहक निदेशक ने किया कोविड हॉस्पिटल का निरीक्षण

**लखनऊ।** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एके सिंह ने सोमवार को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्यवाहक निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रो. सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सर्वप्रथम संस्थान के शहीद पथ स्थित राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल कोविड चिकित्सालय का निरीक्षण किया। संस्थान के प्रवक्ता डॉ श्रीकेश सिंह ने बताया कि प्रोफेसर सिंह ने अस्पताल में कोविड आईसीयू एवं एचडीयू में भर्ती मरीजों का हालचाल लिया।

## राजधानी में मिले कोरोना के 220 एक्टिव केस,सूबे में 1788 मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** में सोमवार को कोरोना वायरस के 1788 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 220 केस सामने आए हैं। सूबे में 23035 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3128 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7076 मरीजों की और राजधानी में 889 की मौत हो चुकी है।विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 485609 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2040 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 455498 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 220, कानपुर में 49, प्रयागराज में 74, गोरखपुर में 41, गाजियाबाद में 142, वाराणसी में 51, नोएडा में 158, मेरठ में 146, बरेली में 61, मुरादाबाद में 13, अलीगढ़ में 44, झांसी में 14, सहारनपुर में 21, बाराबंकी में 20, अयोध्या में 12, आगरा में 47, बलिया में 22, लखीमपुर खीरी में 9, शाहजहांपुर में 7, देवरिया में 7, मुजफ्फरनगर में 21, जौनपुर में 17, महाराजगंज में 12, कुशीनगर में 6, आजमगढ़ में 3, हरदोई में 9, रामपुर में 3, इटावा में 12, मथुरा में 37, गाजीपुर में 6, बस्ती में 14, गोंडा में 18, बुलंद शहर में 34, प्रतापगढ़ में 32, सीतापुर में 18, उन्नाव में 9, सुल्तानपुर में 12, फर्रुखाबाद में 6, पीलीभीत में 1, चंदौली में 6, सिद्धार्थ नगर में 5, रायबरेली में 27, बहराइच में 11, सोनभद्र में 15, बिजनौर में 8, अमरोहा में 41, हापुर में 19, बदायूं में 8, मैनपुरी में 18, फिरोजाबाद में 5, कन्नौज में 12, अमेठी में 15, शामली में 9, मिर्जापुर में 15, मऊ में 13, जालौन में 14, औरैया में 7, बांदा में 28, एटा में 10, भदोही में 5, कानपुर देहात में 1, कौशांबी में 7, बलरामपुर में 1, चित्रकूट में 14, कासगंज में 18, अम्बेडकर नगर में 1, बागपत में 7, हमीरपुर में 4, हाथरस में 2, श्रावस्ती में 3, महोबा में 6 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

# जूनियर हाईस्कूलों के 19 से खुलने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** महामारी के चलते तकरीबन सात माह से अधिक समय से बन्द चल रहे जूनियर हाईस्कूलों को 19 नवम्बर से फिर से खुलने की सम्भावना है। इस दिशा में राज्य सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। गर कोरोना को लेकर हालात नियंत्रण में रहे तो पहली दिसम्बर से परिषदीय विद्यालयों के भी ताले खुल जाएंगे।बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कोरोना के संक्रमण के नियंत्रण में आने के बाद अब सरकार की तरफ से प्राइमरी व उच्च प्राथमिक स्कूलों को खोलने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। सब कुछ सही रहा और कोरोना का संक्रमण नहीं बढ़ा तो सरकार 19 नवंबर से प्रदेश के सभी जूनियर स्कूलों को खोल देगी। इसके ठीक 11 दिन बाद एक दिसंबर से प्राइमरी स्कूल भी खोले जाएंगे। स्कूलों में किस तरह बच्चे आएंगे। इनकी संख्या क्या होगी। कैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होगा। उनके मिड डे मील का क्या इंतजाम होगा। इन सबके लिए गाइडलाइन तैयार की जा रही है। इन्हीं गाइडलाइन के अनुसार ही स्कूल संचालित होंगे। अधिकारियों का कहना है कि विभाग की तरफ से सोमवार से एक हफ्ते तक माध्यमिक स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति की स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। कितने प्रतिशत अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने पर सहमति दी है और कितने नहीं। इसके परीक्षण के बाद ही बेसिक शिक्षा विभाग अंतिम निर्णय लेगा।

**विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर गाइडलाइन की जा रही तैयार**

## 30 प्राइमरी स्कूलों के क्लासरूम होंगे स्मार्ट

**राजधानी** के प्राइमरी स्कूलों को स्मार्ट बनाया जाएगा। जिससे बच्चों को कान्वेंट स्कूल का अनुभव कराया जा सके। पहले चरण में कुल 30 स्कूलों के क्लास रूम को स्मार्ट किया जाएगा। इस बाबत बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए शासन को भेजा है। बीएसए दिनेश कुमार ने बताया कि एक वर्ष इस योजना पर काम कर रहे थे। लेकिन अब यह मूर्त रूप लेने जा रहा है। स्मार्ट क्लास रूम बनाने के लिए प्रोजेक्टर लगेगा तथा बड़ा टेलीविजन भी होगा। इससे बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा। उन्हें वीडियो के जरिये भी पढ़ाया व सिखाया जाएगा। स्मार्ट क्लास में पढ़ाने वाले शिक्षकों शिक्षिकाओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा। विद्यालयों को स्मार्ट बनाने पर 51.30 लाख रुपए खर्च होगा। इसमें कंप्यूटर भी होंगे।

## ट्रांसपोर्टरों ने की सीएम से मुलाकात

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्टरों की लंबित सात सूत्री समस्याओं पर ट्रांसपोर्टर के एक प्रतिनिधि मंडल ने सीएम के बुलावे पर मुलाकात की। जिसमें अखिल भारतीय परिवहन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश गुप्त अग्रहरि ने बिंदुवार सीएम को ट्रांसपोर्टरों की समस्याएं गिनाई। इस दौरान सीएम ने आश्वस्त किया कि वे प्रदेश के हर परिवहन व्यवसायियों के हितों में जल्द ही दिशा निर्देश जारी करेंगे।बता दें कि लॉकडाउन के दौरान ट्रांसपोर्टरों को कई समस्याओं से जूझना पड़ा। जिसमें टैक्स की जुड़ी समस्या पर सरकार ने छूट का आदेश तो दिया। पर जुर्माने से राहत नहीं दी। कुछ इन्हीं बिंदुओं को लेकर ट्रांसपोर्टर के एक दल में बस ऑपरेटर के महामंत्री मुजतबा अली खान, मिनी ट्रक एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, लखनऊ गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष जैन, महामंत्री पंकज शुक्ला मौजूद थे।

# अब अडानी की निगरानी में रहेगा हवाई अड्डा

## साढे तीन दशक पुराने एयरपोर्ट का संचालन बदला

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**करीब** साढे तीन दशक (34 वर्ष)पुराने चैधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के संचालन का जिम्मा अडानी ग्रुप ने सोमवार को आगामी 50 वर्षों के लिए संभाल लिया। इसके चलते सोमवार सुबह दिल्ली से राजधानी के लखनऊ से चैधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंची इंडिगो एयरलाइंस का अडानी समूह ने वाटर कैनन के जरिए पानी की बौछार छोड़ कर स्वागत किया। अमौसी एयरपोर्ट के संचालन और प्रबंधन की व्यवस्था अडानी ग्रुप के हाथों आते ही सोमवार को एयरपोर्ट का पूरा नजारा ही बदला रहा। सुबह से ही जगह जगह प्राइवेट सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। हालांकि एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था वैसे तो सीआईएसएफ के हाथों में है, लेकिन अडानी ग्रुप ने बाहर की तरफ प्राइवेट सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था कर दी है। जिससे कि सड़क पर जाम न लगे और कोई गाड़ी आड़ी तिरछी ना खड़ी हो। अडानी ग्रुप के हाथों में एयरपोर्ट का संचालन आते ही सोमवार को पूरे एयरपोर्ट में जगह जगह अडानी ग्रुप की होर्डिंग लगी नजर आईं। यहां एटीसी की फॉलोअप गाड़ी जो रनवे पर किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर जांच पड़ताल करने जाती है। इसको भी अडानी ग्रुप ने अपने हाथों में ले लिया है। अभी तक इसका संचालन एटीसी कर्मचारी करते थे। उल्लेखनीय है कि लखनऊ एयरपोर्ट खास करके उद्योगपतियों और सरकार के इस्तेमाल के लिए सन 1986 में बना था। हालाकि इस एयरपोर्ट को 17 जुलाई 2008 को यात्रियों के लिए विकसित किया गया। जबकि मई 2012 में इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा मिला था। इस समय यहां 160 से अधिक विमानों का संचालन होता है। सोमवार से अडानी ग्रुप ने 50 सालों के लिए इसका जिम्मा संभाल लिया है। इसमें यात्रियों की सुविधाओं के साथ कमर्शियल गतिविधियां भी शामिल हैं। एयर ट्रेफिक कंट्रोल पहले की तरह से एटीसी और सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल पर होगा। 3 साल तक अडानी ग्रुप एयरपोर्ट प्रशासन के साथ काम करेगा। बता दें कि यहां से करीब 160 विमानों का संचालन होने के साथ ही साल भर में करीब 55 लाख यात्री सफर करते हैं। अडानी ग्रुप के हाथों में इसका संचालन आते ही यहां के पूर्व निदेशक एससी होता अडानी लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ बनाए गए हैं।



# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना लक्ष्य

## यातायात प्रबन्धन व सड़क सुरक्षा पुलिस की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

● यातायात माह के दृष्टिगत डीजीपी ने जारी किए विस्तृत दिशा निर्देश




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने कहा है कि यातायात प्रबंधन व सड़क सुरक्षा पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। प्रतिवर्ष लगभग 42000 सड़क दुर्घटनाएं होती है जिनमें लगभग 28000 लोग घायल होते हैं तथा 22000 से अधिक लोग मृत्यु का शिकार होते हैं। यह संख्या किसी भी होने वाली अप्राकृतिक मानव मृत्यु से अधिक है।

डीजीपी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश शासन स्टाकहोम घोषणा 2020 के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रतिवर्ष इसमें 10 प्रतिशत की कमी लाना का लक्ष्य है। सड़क दुर्घटनाओं तथा उनसे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए एक अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष की भांति माह नवम्बर को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने यातायात माह के अंतर्गत

पुलिस कर्मियों को व्यवसायिक तरीके से आम नागरिकों को सड़क प्रयोग एसड़क नियम तथा सुरक्षा उपाय के विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक कराए जाने एवं यातायात नियमों संकेतों का योजनाबद्ध रूप से व्यापक प्रचार प्रसार सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर कार्रवाई के पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट ,एनएसएस के छात्र छात्राओं के सहयोग से स्कूल,कालेज के छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी तथा स्कूल कालेज में संगोष्ठी एवं परिसंवाद इत्यादि तथा परिसर के बाहर निबन्ध, चित्रकला यातायात जंक्शन पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के साथ रहकर वाहन चालकों को जागरूक किया जाए। स्कूल कालेजों में जनपद स्तर पर यातायात विषय पर निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित कराया जाए। विजेताओं को जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयं पुरस्कार वितरण कराया जाए। वूमेन पावर लाइन 1090 पावर एन्जिल्स के माध्यम से उनके परिवारीजनों, सम्बन्धियों व आस पड़ोस के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाए।

साथ ही राजमार्गों पर सड़कों के किनारे स्थित ढाबों व होटल पर स्थानीय थाने के प्रभारी द्वारा वाहन चालकों विशेष कर ट्रक चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाए तथा वाहन पर रेट्रो रिफलेक्टिव, रिफ्लेक्टिव शीटों और टेपों को लगाने के लिए प्रेरित किया जाए एवं लगवाया जाए। जनपद के ट्रैक्टर मालिकों, चालकों को भी प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जाए। रेलवे क्रॉसिंग पर पार करने एवं मोड़कर ट्रैक्टर चलाने आदि के सम्बन्ध में उन्हें सचेत किये जाने की आवश्यकता है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत 58 अभियुक्तों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने 58 अभियुक्तों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है अभियान के दौरान 904 व्यक्तियों के विरुद्ध 107/116 दप्रसं के अन्तर्गत 389 व्यक्तियों के विरुद्ध 151 भादसं के तहतए 185 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 110 जी दप्रसं के तहतए 10 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 294 दप्रसं के तहत 2414 व्यक्तियों के विरुद्ध अन्य कार्रवाई भी की गयी है। प्रदेश व्यापी मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत वीमेन पावर लाइन 1090 व एण्टी रोमियो दल द्वारा भी कार्रवाई में तेजी लायी गयी है। 1090 पर विगत 1 नवम्बर को कुल प्राप्त टेलीफोन काल्स में से 932 पर कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 521 काल्स पर कार्रवाई 1090 द्वारा तथा 411 काल्स दूसरे विभागों से संबन्धित होने के कारण संबन्धित विभागों को भेजी गई है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि वीमेन पावर लाइन द्वारा जिन 521 कॉल्स पर कार्रवाई की जा रही है, उनमें 372 टेलीफोन, 130 इन्टरनेट, 04 स्टाकिंग, 5 हाट स्पाट व 10 अन्य टेलीफोन काल्स है। इसके अलावा दूसरे विभागों से जुड़ी 411 शिकायतों में से 264 शिकायतें डायल 112 को तथा 147 शिकायतें कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग को भेजी गयी है। अपर मुख्य सचिव गृह ने यह भी बताया कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एंटी रोमियो दल सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। इनके द्वारा अभियान की अवधि में विगत 1 नवम्बर को 5,105 स्थानों पर 18,369 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी है। उन्होंने बताया कि चेक किए गए व्यक्तियों में से 2445 लोगों से शपथ-पत्र लेकर छोड़ा गया, जिनमें से 752 अभिभावक हैं।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए

# बिजली मंत्री साइकिल से पहुंचे दफ्तर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यावरण** के संरक्षण का संदेश देने के लिए यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा साइकिल से अपने दफ्तर पहुंचे और उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को बेहतर पर्यावरण और स्वास्थ्य दें। इसकी शुरुआत हम अपने आवागमन में साइकिल या इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग को बढ़ावा देकर कर सकते हैं। आज मैं साइकिल से दफ्तर आया, इसके पीछे मेरा मकसद केवल पर्यावरण के प्रति संजीदगी है।

उन्होंने कहा कि यह एक सार्थक प्रयास है अपने बच्चों को बेहतर कल देने का, यह एक मुहिम है जिसकी बदौलत हम अपने बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और साफ आसमान और अच्छी प्राणवायु दे सकते हैं। मेरा अनुरोध है, खासकर उन लोगों से जो 70 के दशक में पैदा हुए हैं। पहले सबकुछ बहुत अच्छा था लेकिन भागदौड़ में हम अपनी जिम्मेदारियों को भूल गए और आज सरकारें और अदालतें भी प्रदूषण को लेकर चिंतित हैं। मैंने तय किया है कि घर से कार्यालय और मथुरा में विधानसभा क्षेत्र स्थित कैम्प कार्यालय को 5 किमी की परिधि के बीच का कोई भी आवागमन मैं अब अपनी गाड़ी से नहीं करूंगा। यह छोटा सा प्रयास है। इसमें और भी लोगों को जुड़ना चाहिए। सरकार अपना प्रयास कर ही रही है, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें सोचने की जरूरत है कि हम अपने बच्चों के लिए कैसा कल चाहते हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अपने बच्चों को भी साइकिल या ई-साइकिल, बाइक के उपयोग को बढ़ावा दें।

# दो तस्कर आगरा से गिरफ्तार, 5.97 लाख रुपए के जाली नोट बरामद

● पश्चिम बंगाल के मालदा से लाते थे जाली मुद्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आतंकवाद** निरोधक दस्ते (एटीएस) ने जाली भारतीय मुद्रा के दो अंतरराष्ट्रीय तस्करों को आगरा से गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 5.97 लाख रुपए मूल्य की उच्च गुणवत्ता की जाली भारतीय मुद्रा बरामद हुई। सभी नोट 500 रुपए मूल्य के हैं।

एटीएस के एडीजी डीके ठाकुर के अनुसार एक महत्वपूर्ण आपरेशन में एटीएस को यह सफलता रविवार को जीरो प्वाइंट आगरा से मिली। पकड़े गए दोनों तस्करों तहसीन व मो. वसीम को लखनऊ लाया गया है। दोनों के विरुद्ध लखनऊ के एटीएस थाने में आईपीसी की धारा 489बी, 489सी एवं 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तहसीन बुलंदशहर जिले के गुलावटी थाना क्षेत्र स्थित महमदाबाद गांव का रहने वाला है जबकि वसीम मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र स्थित फैजपुर गांव का रहने वाला है। वसीम वर्तमान में दिल्ली के द्वारका थाना क्षेत्र स्थित द्वारका मोड़ के निकट मकान नंबर 12-13 में रह रहा था। दोनों के कब्जे से 500 रुपए मूल्य के कुल 1194 नोट, एक हुंडई आइ-10 कार, छह स्मार्ट मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक वोटर कार्ड व दो डेबिट कार्ड बरामद हुए। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे मालदा, पश्चिम बंगाल से यह जाली मुद्रा लेकर आ रहे थे। मालदा में यह जाली मुद्रा बांग्लादेश से आती है।

# एफसीआई ने प्राप्त किया 200 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा खाद्यान्न का टर्नओवर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड-19** के दौरान भारतीय खाद्य निगम, उत्तर प्रदेश द्वारा 200 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा खाद्यान्न का टर्नओवर प्राप्त किया गया। गिरीश कुमार, महाप्रबंधक (उत्तर प्रदेश ) ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली के द्वारा मानक प्रचालन में किये गए त्वरित हस्तक्षेप एवं नीतिगत निर्णयों के कारण इस ऐतिहासिक उपलब्धि को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है।

लॉकडाउन अवधि में जरूरतमंदों को खाद्यान्न की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस दिशा में सप्लाई चेन को सक्रिय किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम, उप्र द्वारा 50 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न जारी किया गया। कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय खाद्य निगम, उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 107 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न जारी किया गया, जिसमें से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना एवं आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को वितरित करने हेतु 51.08 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उप्र सरकार को मुफ्त जारी किया गया। इसके अतिरिक्त लॉकडाउन अवधि में बाजार में गेहूं के आटे की कमी को रोकने के लिए आटा मिलों को 36000 मीट्रिक टन गेहूं राज्य सरकार के माध्यम से आवंटित किया गयाउपरोक्त के अलावा भारतीय खाद्य निगम द्वारा उक्त अवधि में 7.20 लाख मीट्रिक टन चावल एवं 35.76 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

# आरडीएसओ में मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आरडीएसओ** में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2020 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह का प्रारंभ 27 अक्टूबर को सुधीर अग्रवाल, विशेष महानिदेशक-इंजीनियरिंग अअमासं. द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक भवन में एवं विभिन्न निदेशालयों में निदेशालय प्रमुख द्वारा शपथ दिलाकर किया गया। शपथ सोशल डिस्टेन्सिंग का विषेष पालन करते हुये संपन्न करायी गयी।

इस अवसर पर सतर्क भारत-समृद्ध भारत विषय पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता भी संपन्न करवायी गयी। इस सप्ताह सतर्कता के विषय में आरडीएसो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य जागरूकता फैलाने के लिये वर्चुअल संवादों का आयोजन विभिन्न विषयों पर किया गया। इस वर्ष कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये सभी कार्यक्रमों-सेमीनारों का आयोजन आनलाइन माध्यम से किया गया। इस सप्ताह के दौरान सोमवार को महानिदेशक विशेष-इंजी. द्वारा सतर्कता बुलेटिन का विमोचन किया गया।

## प्रो. विनीत शर्मा केजीएमयू के प्रतिकुलपति नियुक्त

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिनपुरी ने ऑर्थोपैडिक विभाग के अध्यक्ष प्रो विनीत शर्मा को केजीएमयू का नया प्रतिकुलपति नियुक्त किया है। प्रो शर्मा अपना कार्यभार कल 3 नवम्बर को ग्रहण करेंगे। अभी तक प्रो जीपी सिंह इस पद पर नियुक्त थे। अपने आदेश में कुलपति ने कहा है कि तत्काल प्रभाव से प्रो विनीत शर्मा को प्रतिकुलपति पद पर नियुक्त किया जा रहा है। यह भी आदेश दिया गया है कि अगले आदेश होने तक प्रो शर्मा प्रतिकुलपति के साथ ही ऑर्थोपैडिक विभाग के अध्यक्ष पद का दायित्व भी निभाते रहेंगे।

## अन्तर-विद्यालयी योग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र अव्वल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों अक्षरा सक्सेना (कक्षा-7), मोहम्मद हारून गनी (कक्षा-3) एवं वान्या रस्तोगी (कक्षा-7) ने ऑनलाइन आयोजित सेन्ट्रल जोन योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने के उपरान्त अब ये छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन यूपी योग एसोसिएशन, डिस्ट्रिक्ट लखनऊ योग एवं एसआर ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें सीएमएस अशर्फाबाद के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने टॉप टेन में स्थान सुनिश्चित कर अपनी शारीरिक क्षमता व दमखम का परचम लहराया। प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि सीएमएस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन किया।

## महिलाओं बेटियो पर अश्लील पब्तिया कसने वाले को जेल भेजा

**निगोहा।** निगोहां के मीरखनगर बाजार में रास्ते से आने जाने वाली महिलाओं से अश्लील हरकत सहित अश्लील गाने गाकर फब्तियां कसने वाले अधेड़ को निगोहा पुलिस ने मौके से पकड़कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिह के मुताबिक सोमवार को कुछ लोगो से सूचना मिली कि निगोहा के मीरखनगर में बाजार के पास एक अधेड़ रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं और पर अश्लील पब्तिया कस रहा है।साथ अश्लील गाने भी गा रहा है। इस पर महिला आरक्षी शोभारानी के साथ पुलिस बल मौके पर भेजा गया जहां पर अधेड़ की हरकतें सही मिली और अधेड़ को पकड़कर थाने लाया गया पूछताछ में उसने अपना नाम जसकरन कासिमपुर बताया इस तरह की हरकत करने की वजह पूछी गई तो उसने इधर उधर की बाते शुरू की जिसके बाद पुलिस ने जसकरन पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## रोजगार अध्ययन पीठ की स्थापना के लिए बजट मंजूर

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को रोजगार विषयक बेहतर ज्ञान प्राप्त करने का अवसर तथा विद्यार्थियों को रोजगार तथा रोजगार प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किए जाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय रोजगार अध्ययन पीठ की स्थापना किए जाने हेतु बजट स्वीकृत किया गया है। शासन स्तर पर जारी आदेश के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय व्यय में प्राविधानित दो करोड़ रुपए में से प्रथम चरण में एक करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि धनराशि का व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों के अनुसार पीठ के उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा।

## दो राज्य विश्वविद्यालयों तथा 21 राजकीय महाविद्यालयों को बजट स्वीकृत

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अंतर्गत आधारभूत सुविधाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 में दो राज्य विश्वविद्यालयों को केंद्रांश के रूप में पैतिस लाख ग्यारह हजार दो सौ रुपए तथा 21 राजकीय महाविद्यालयों में केंद्रांश के रूप में छत्तीस लाख सात हजार नौ सौ अठहत्तर रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग निहित उपबंधों एवं शर्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिए निदेशक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान उत्तरदायी होंगे।


## पीआरडी के जवान और मंडी मित्र संभालेंगे व्यवस्था

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण से बचाव एवं लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद् द्वारा 2862 मण्डी मित्र तैनात किये गये हैं। यह मण्डी मित्र आढ़तियों, व्यापारियों, पल्लेदारों, किसानों के बीच से ही बनाये गये हैं। मण्डी मित्रों द्वारा सुरक्षित सोशल डिस्टेसिंग एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी मानको के अनुपालन हेतु लोगों को प्रोत्साहित एवं जागरूक किया जा रहा है। मण्डी परिषद् से प्राप्त जानकारी के अनुसार मण्डियों में आने वाले आगन्तुकों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से भी उद्घोषणा द्वारा जागरूक करने की व्यवस्था की गयी। नवीन मण्डी स्थलों में भीड़ को नियन्त्रित करने और सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराये जाने के निमित्त पीआरडी के जवानों की भी तैनाती की गयी है। उत्तर प्रदेश मण्डी परिषद् स्तर पर कोरोना हेल्प लाइन टोल.फ्री नम्बर.155241 स्थापित किया गया।

## 18 नवम्बर से शुरू होगी बीबीएयू में ऑनलाइन पढ़ाई

**लखनऊ।** नए सत्र में दाखिले की प्रक्रिया के बाद बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में 18 नवम्बर से कक्षाएं शुरू होंगी। यूजीसी के निर्देश के आधार पर यह कक्षाएं ऑनलाइन संचालित होंगी। इस बावत सोमवार को विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। एकेडमिक काउंसिल ने 17 नवम्बर तक दाखिले पूरे कर पढ़ाई शुरू कराने का निर्णय लिया है। कोविड 19 को देखते हुए अभी ऑनलाइन पढ़ाई होगी। स्थिति सुधरने के बाद ही क्लासरूम से पढ़ाई होगी। विश्वविद्यालय अपने मैनेजमेंट कोर्स में कैट के माध्यम से दाखिले लेने पर विचार कर रहा है। एकेडमिक काउंसिल में इस पर भी चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल बनाने का निर्णय लिया गया है। यह सेल बच्चों को उनकी जरूरत के हिसाब से ट्रेनिंग देगा तथा उनका प्लेसमेंट भी कराएगा।

## प्रो. राणा प्रताप सिंह महर्षि सम्मान से सम्मानित



**लखनऊ।** बाबा साहब अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो.राणा प्रताप सिंह को रॉयल एसोसिएशन फॉर साइंस लेड सोसियो कल्चरल एडवांसमेंट द्वारा ग्रामीण विकास की दिशा में शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक सुधार के लिए महर्षि सम्मान 2020 से सम्मानित किया गया है। महर्षि सम्मान ऐसे सदस्यों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में लोक कल्याण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इस वर्ष तीन महर्षि सम्मान दिए गए हैं जिसमें विवि के प्रो.सिंह को भी इस वर्ष का महर्षि सम्मान प्राप्त हुआ है। पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और पदक दिया गया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

पत्रांक :- 729 /एस0बी0एम0/न0पा0परि०सी0/2020-21 दिनांक : - 2-11-2020

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त 30 वार्डो को पूर्व में ही खुले में शौच से मुक्त (ओ0डी0एफ0) घोषित किया जा चुका है, अब नगर के सम्मानित सदस्यों एवं नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से इस निकाय के समस्त 30 वार्डो को (ओ0डी0एफ0+) तथा गार्बेज फ्री सिटी के अन्तर्गत 03 स्टार रेटिंग घोषित किया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह इस विज्ञाप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में लिखित रूप में देने का कष्ट करें। नियत समयावधि के उपरान्तत प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

इसके उपरान्त यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब करता हुआ पाया गया तो उससे 100 रू0 अर्थदण्ड वसूला जायेगा।

(गुरू प्रसाद पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(श्री राधेश्याम जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सीतापुर



# कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांक-727/एस0बी0एम0/न0पा0परि0सी0/2020-21 दिनांक-02.11.2020

## आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा उ0प्र0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निकाय के अन्तर्गत समस्त शौचालयों में उच्च स्तरीय नागरिक हितैषी सेवायें, रख-रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतु सर्विस लेबल बेंच मार्क निर्धारित किये गये है।

अतः समस्त शौचालयों में निकाय के नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एव केयर टेकरों को आदेशित किया जाता है कि निम्नानुसार सर्विस लेबल बेंच मार्क के अनुसार व्यवस्था करायें। निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर सम्बन्धित केयर टेकरों एवं स्वच्छता प्रभारी को दर्षित अर्धदण्ड अनुसार दण्डित किया जायेगा।

| क्र. सं. | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थ दण्ड की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शौचालयों के खुलने का समय | 24 घण्टे | 20/- |
| 2 | जल की उपलब्धता | 24 घण्टे | 15/- |
| 3 | शौचालयों में प्रकाश व हवादानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल.ई.डी. लाईट से प्रकाश व हवादानी। | 10/- |
| 4 | सेप्टिक टैंक/सीवरेज व्यवस्था | समस्त सीटों हेतु | 20/- |
| 5 | शिकायत निवारण समय-सीमा | 24 घण्टे | 15/- |
| 6 | शौचालय को आनलाइन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीड बैक व्यवस्था। | समस्त शौचालयों में | 20/- |
| 7 | दिव्यांग हितैषी सीट / बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक शौचालय में नयूनतम 1 सीट | 20/- |
| 8 | सीट, बेसिंग, फर्श, दिवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ-सफाई। | निरंतर किन्तु 24 घण्टे में न्यूनतम 4 बार | 10/- |
| 9 | साबुन, फिनायल, डस्टविन, सफाई कर्मी सुरक्षा, पहनावे (जैसे ग्लब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाडू की व्यवस्था | समुचित सफाई हेतु निरंतर उपलब्धता | 15/- |
| 10 | सैनेटरी नैपकिंग, एयर फैशनर, हैण्डड्रायर | शहर में स्थित कुल 10 प्रतिशत शौचालयों में | 15/- |

(गुरु प्रसाद पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सीतापुर।

(श्री राधेश्याम जयसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सीतापुर।


# 47 जिलों के अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाकों के परिषदीय स्कूलों का होगा सुदृढ़ीकरण

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत सूबे के 47 जिलों के अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाकों के परिषदीय स्कूलों का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। जिससे विद्यालयों में छात्रों को बुनियादी शिक्षा लेने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हों। इस बावत स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने संबंधित जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं। जारी आदेश के मुताबिक अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों विशेषत: जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों के पुनर्निर्माण और अतिरिक्त सुविधाओं के सृजन के तहत रनिंग वाटर की आपूर्ति के लिए सबमर्सिबल पंप की स्थापना और छात्र छात्राओं के लिए उपयुक्त फर्नीचर की व्यवस्था के लिए जिला स्तरीय समितियों के अनुमोदन के बाद उसकी एक प्रति पूर्ण औचित्य के साथ कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया है ताकि उसे अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय के माध्यम से राज्य स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत कराया जा सके।

# प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ 6 से 15 तक चलेगा विशेष परिवर्तन अभियान

**लखनऊ।** प्रदेश में दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माणए बिक्री व तस्करी की रोकथाम के लिए आबकारीए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से 6 से 15 नवम्बर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगा। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि दीपावली पर्व में मदिरा की मांग में वृद्धि होने की सम्भावना के मद्देनजर इस विशेष प्रवर्तन अभियान चलाए जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान के दौरान अवैध मदिरा के निर्माणए बिक्री एवं परिवहन को रोकने के लिए चिह्नित अड्डों पर दबिश दी जायेगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जाएगी। राजमार्गों पर संचालित ढाबों तथा बन्द पड़ी फैक्टरियों की भी सघन जांच कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्व डीजीपी ईश्वर चंद्र द्विवेदी को मिलेगा प्रख्यात पॉल एच एपलबी अवार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी ईश्वर चंद्र द्विवेदी को उनकी प्रतिष्ठित सेवा देश में लोक प्रशासन की कला और अनुशासन में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने ऑनलाइन डिजिटल मोड में प्रतिष्ठित पॉल एच एपलबी अवार्ड प्रदान किए जाने की घोषणा की है। ईश्वरचन्द्र द्विवेदी द्वारा अक्टूबर 1955 में भारतीय पुलिस सेवा को ज्वाइन किया गया था। अपने सर्विस काल में सेन्ट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टीगेंशन , डायरेक्टर विजिलेन्स सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया गया। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में इनके द्वारा 1975 में यूनाटेड नेशन्स इन्स्टीट्यूट फॉर एशिया एण्ड फार ईस्ट इन टोक्यो जापान में 14 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अगस्त 1976 में मैक्सिको सिटी में आयोजित इन्टर नेशनल वर्कशाप थेफ्ट्स ऑफ कल्चरल प्रॉपर्टी में भी प्रतिभाग किया गया।

# सांसद ने किसानों से की खेत में पराली न जलाने की अपील

**निगोहां।** सोमवार को मोहनलालगंज क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर ने क्षेत्र के किसानों से खेतों में पराली ना जलाने की अपील की। सांसद ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए बताया कि आज खेती बाड़ी में सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती लागत है विशेष रूप से रासायनिक उर्वरक जिस की खपत हमारी फसल की लागत को सबसे अधिक बढ़ाता है खेत की ताकत मुख्य रूप से जियांश अर्थात कंपोस्ट से बढ़ती है और आजकल कंपोस्ट का प्रयोग घटता जा रहा है वर्तमान में किसान भाई खरीफकी कटाई कर रहे हैं यदि खरीफ फसलों के अवशेष को खेत में ही पलट कर जुताई कर देते हैं तो मिट्टी में नजरतंत्र फास्फोरस एवं पोटास की मात्रा में वृद्धि हो जाती है इसकी वैज्ञानिकता की जानकारी की पुष्टि कई प्रगतिशील कृषकों द्वारा भी की गई किंतु अभी भी जनपद के बीकेटी, सरोजनी नगर, गोसाईगंज, मोहनलालगंज, निगोहां, के कृषकों द्वारा धान की कटाई के बाद पराली को जला दिया जा रहा है।

# यूको बैंक में मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूको** बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधान कार्यालय से आए महाप्रबंधक नरेश कुमार की अध्यक्षता में आनलाइन व आफलाइन संभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। बैंक में सतर्कता एवं जागरूकता विषय पर वृहद स्तर पर चर्चा करते हुए महाप्रबंधक नरेश कुमार ने प्रधान कार्यालय स्तर पर बैंक की नीतियों के साथ सतर्कता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंचल प्रबंधक ओएपी वर्मा ने इस अवसर पर बैंक की नीतियों एवं अंचल कार्यालय लखनऊ की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान लखनऊ अंचल कार्यालय के राजभाषा विभाग की छमाही पत्रिका अवध संदेश का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय लखनऊ के सभी स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# चरित्र पर संदेह होने पर पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा, मौत

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**चिलुआताल** के अमवा गांव में सोमवार की सुबह बिजली मिस्त्री ने कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर पत्नी की हत्या कर दी। उसे संदेह था कि पत्नी का किसी और संबंध है। घटना की जानकारी पुलिस को दिए बिना ही परिवार के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। गांव वालों के जानकारी देने पर पहुंची पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### चिलुआताल के अमवा गांव में सोमवार सुबह हुई घटना

अमवा गांव के दौलतपुर टोला का रहने वाला रविंद्र बिजली मिस्त्री है। उसकी पत्नी आरती उर्फतेतरी गांव के चौराहे पर किराना की दुकान चलाती थी। रविंद्र को संदेह था कि उसकी पत्नी का संबंध किसी दूसरे व्यक्ति से है। इस बात को लेकर उनके बीच अक्सर मारपीट होती थी। सोमवार की सुबह विवाद होने पर रविंद्र ने कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर हमला कर दिया। अचेत होने पर घरवालों के साथ एक स्थानीय अस्पताल ले गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे परिवार के लोग

घटना के बाद परिवार के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। सिर में चोट के निशान देख गांव के लोगों ने सूचना पुलिस कंट्रोल रूम व चिलुआताल थानेदार को दे दी। रविंद्र के पांच बच्चे हैं। घटना के समय सभी सोए थे। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक है। गुस्सा आने पर पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था।

### बच्चियों ने कहा, पापा को छोड़ दीजिए

महिला की चार बेटियां हैं व एक बेटा है। जिनके नाम क्रमश: ज्योति 13 वर्ष, रोशनी 11 वर्ष, उजाला 10 वर्ष, राज 8 वर्ष व काजल 5 वर्ष है। बच्चियां रोते हुए कह रही थी कि पापा मम्मी को छोड़ दीजिए। हम लोग कैसे जीएंगे, हम लोगों को कौन खिलाएगा पिलाएगा घर में कोई और नहीं है। महिला की उम्र 39 वर्ष है। हत्या के आरोपी पति ने बताया कि रात में मुझे लगा कि छत पर मेरी पत्नी किसी से बात कर रही है। इसके बाद वह नीचे आई तो मुझे बहुत गुस्सा आ गए और कुल्हाड़ी लेकर उसको मार दिया।

# पुलिस कर्मियों ने जागरूकता रैली निकाल कर यातायात के प्रति किया जागरूक



संवाददाता। अंबेडकरनगर

### ● एक नवम्बर से शुरू हुआ है यातायात माह

**एक नवम्बर** से 'यातायात माह-नवम्बर 2020' प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा यातायात माह नवम्बर-2020 का शुभारम्भ किया गया जिसके तहत सभी थानों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु रैली आयोजित की गई। यातायात जागरूकता रैली के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर नवीन कुमार सिंह, यातायात प्रभारी प्रदीप सिंह, महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय व प्रतिसार निरीक्षक त्रिभुवन नाथ द्विवेदी आदि अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। जागरुकता रैली के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन सम्बन्धी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट/हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# आलू व प्याज की बढ़ती कीमत पर नहीं लग पा रहा अंकुश

● दाल के दामों में भी आई उछाल

● अन्य सब्जियों की कीमत भी गरीब की पहुंच से दूर



संवाददाता। अंबेडकरनगर

**सब्जी के** बढ़ते दामों पर सरकार व प्रशासन कोई अंकुश नही लगा पा रहे हैं। स्थिति यह है कि सब्जी के साथ -साथ दाल भी महंगाई का रिकार्ड तोड़ रही है। ऐसे में गरीबों की थाली से सब्जी व दाल दोनों दूर होते जा रहे हैं। सब्जी मंडी में लाल आलू थोक भाव में 290 रूपये पसेरी बिक रही है। सफेद आलू 270 रूपये पसेरी अर्थात सात किलो मिल रही है।

मण्डी में प्याज का दाम भी आसमान छू रहा है। यहां पर 55 रूपये लेकर 60 रूपये किलो तक की दर पर प्याज बिक रहा है। अन्य सब्जियों के दाम में भी काफी तेजी देखने को मिल रही है। आम तौर पर दस से 15 रूपये प्रति किग्रा. की दर से बिकने वाली मूली 40 रूपये किलो तक बिक रही है। टमाटर भी पचास रूपये किलो की दर से बिक रहा है। आम तौर पर लोग आलू को ही मुख्य सब्जी के रूप में प्रयोग करते आये हैं। इसीलिए आलू को सब्जी का राजा भी कहा गया है लेकिन आलू की महंगाई ने सब्जी के जायके को पूरी तरह से बिगाड़ कर रख दिया है। अरहर की दाल भी 110 से 130 रूपये किलो तक बिक रही है। सरकार सब्जी व दलहनी सामानों की महंगाई पर अंकुश लगा पाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। कोरोना संक्रमण के कारण लोगों की कमर पहले ही टूट चुकी थी, अब रही सही कसर महंगाई ने पूरी कर दी है।

## क्विक न्यूज

### एसडीएम चौरीचौरा ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** उप जिला अधिकारी चौरी चौरा का पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम चौरी चौरा पवन कुमार ने धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर धान क्रय केंद्र संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी क्रय केंद्र पर बिचौलियों द्वारा धान का क्रय नहीं किया जाएगा। सरकार द्वारा निर्धारित रेटों पर ही धान क्रय किया जाएगा। किसी भी किसान को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। निर्धारित क्रय केंद्रों पर ही अपने धानो को विक्रय हेतु ले जाएं। वहां सरकार द्वारा निर्धारित रेट दिया जाएगा। अगर किसी धान क्रय केंद्रों से किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो तत्काल हमें अवगत करा सकता है उसे तत्काल न्याय दिया जायेगा। इसके अलावा गुलरिया थाना अंतर्गत भटहट क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण क्रय केंद्र संचालकों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/(वीडियो) ब्लॉक विकास अधिकारी अनुराज जैन भी मौजूद रहें।

### अवैध रूप से चल रहे तीन अस्पताल सील

**गोरखपुर।** सदर तहसील अंतर्गत गुलरिया थाना अंतर्गत भटहट क्षेत्र में अवैध तरीके से बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे तीन अस्पतालों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर गौरव सिंह सोगरवाल ने किया सील। बताया जाता है कि अस्पताल में बिना रजिस्ट्रेशन कराए अल्ट्रासाउंड व कोविड-19 के नियमों का अवहेलना किया जा रहा था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर ने अपने अन्य कर्मचारियों के साथ सेवा अस्पताल व राज हॉस्पिटल के नाम से दो अस्पताल भटहट क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे थे, का औचक निरीक्षण कर खामियां पाये जाने पर सील करते हुए वैधानिक कार्यवाही की।

### इनामिया अपराधी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** 15 हजार रुपये के इनामिया अपराधी को जलालपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरप्तार कर जेल भेज दिया ।अपराध वा अपराधियों के ऊपर लगाम लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान वा अपर पलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र के निर्देशन मे सीओ अशोक कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व मे चलाये गये चेकिंग के दौरान गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम से संबंधित आरोपी, जो फरार चल रहा था और पुलिस अधीक्षक द्वारा पंद्रह हजार रूपए इनामिया घोषित सद्दाम पुत्र राईश अहमद निवासी भियाव सैदपुर थाना जलालपुर को भवानी पट्टी मोड़ सुरेन्द्र यादव भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ,ओम प्रकाश यादव, प्रियांशु भट्ट, उदय प्रताप सिंह समेत कई कांस्टेबल मौजूद रहे।

### जंगली सियार ने आधा दर्जन बकरियों को बनाया अपना निवाला

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के खजूरी मिर्जापुर में रविवार रात जंगली जानवर ने हमला कर 7 बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। प्राप्त सूचना के अनुसार अच्छू खान निवासी खजूरी मिर्जापुर ने अपनी बकरियों को छप्पर में बांध रखा था सुबह देखा तो 7 बकरियां मरी पड़ी थी। किसी का गला कटा तो किसी का पैर किसी का काम ऐसे हालात में बकरिया मरी पड़ी थी। पीड़ित ने वन विभाग व राजस्व विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तवए दिलीप श्रीवास्तव बीट प्रभारीए राजेश कुमार यादव डिप्टी रेंजर एदीपक शुक्ला वन दरोगा एचंद्रभान मिश्रा वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटनास्थल पर बकरियों को किसी जंगली सियार ने हमला कर मौत के घाट उतारा है पग चिन्हों से कोई अन्य हिंसक जानवर का निशान नहीं पाया गया। पंजे व बड़े नाखून जंगली सियार के प्रतीत हो रहे हैं। ऐसे में जंगली सियार ने ही हमला किया होगा। उधर राजस्व विभाग से हल्का लेखपाल ने छति का आकलन कर आख्या तहसील प्रशासन को प्रस्तुत कर दी है। एक ही रात 7 बकरियों की मौत से घबराए ग्रामीणों में किसी बड़े हिंसक जानवर की आमद को लेकर भय व्याप्त है।

### एसडीएम चौरी चौरा पवन ने किया प्रभार ग्रहण

**गोरखपुर।** 2016 बैच के पीसीएस अधिकारी पवन कुमार ने चौरी चौरा तहसील के उप जिला अधिकारी का प्रभार किया ग्रहण। श्री कुमार को अक्टूबर 2019 में प्रदेश सरकार ने गोरखपुर जनपद में सेवा देने के लिए भेजा था। जिला अधिकारी गोरखपुर ने श्री कुमार को जनपद में विभिन्न पदों पर भेजा। श्री कुमार बतौर चरगांवा ब्लॉक का (वीडियो) ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी व अपर नगर मजिस्ट्रेट तथा उप जिला अधिकारी न्यायिक कैम्पियरगंज में कुशलता पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इमानदारी पूर्वक अपनी सेवा दी। आज जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने पवन कुमार को उप जिला अधिकारी चौरी चौरा के पद पर नियुक्त किया। श्री कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को वरीयता के आधार पर निष्पादित करते हुए अपने तहसील चौरीचौरा के अंतर्गत हर पीड़ित के समस्याओं को न्याय संगत आधार पर बिना किसी भेदभाव के निस्तारण करते हुए हर पीड़ित को न्याय देने का काम करेंगे। जिलाधिकारी ने चौरीचौरा उप जिलाधिकारी का प्रभार देख रहे अर्पित गुप्ता को अपर नगर मजिस्ट्रेट व खजनी उप जिला अधिकारी को सहजनवा उप जिलाधिकारी, सहजनवा उप जिलाधिकारी रही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती अनुज मलिक को खजनी उप जिलाधिकारी का पदभार सौंपा।

### ग्राम प्रधान व दो अन्य पर गबन का मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर।** विकास खण्ड जलालपुर के ग्राम पंचायत सोनगावं के ग्राम प्रधान रवीन्द्र कुमार मौर्या,ग्राम पंचायत सचिव अंगद यादव व तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव अमर बहादुर तिवारी के विरूद्ध जलालपुर थाने में सरकारी धन के गबन का मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। सहायक विकास अधिकारी, पंचायत जलालपुर बृजेश कुमार वर्मा की तहरीर पर दर्ज कराये गये इस मुकदमें में ग्राम प्रधान एवं तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव पर 17 लाख दस हजार 546 रूपये का अनियमित भुगतान किये जाने का आरोप लगा है। इसी गांव के निवासी चित्रसेन सिंह द्वारा जिलाधिकारी को गांव पंचायत में सरकारी धन के दुरूपयोग की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने जांच के लिए समिति का गठन किया था। जांच में धन के अनियमित भुगतान की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। अमर बहादुर तिवारी वर्तमान समय में सहायक विकास अधिकारी, पंचायत भीटी के पद पर कार्यरत हैं।

### नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** शाहपुर थाने पर परिवादिनी विंध्यवासिनी दुबे ने वर्ष 2017 में मुकदमा दर्ज कराया था कि नौकरी के नाम पर उनके साथ लाखों रुपए की ठगी की गई है। इस संबंध में शाहपुर थाने पर 419 420 467 468 471 149 406 506 120 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भी भेज दिया था और मामले में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी। लेकिन पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से संपर्क किया तो क्राइम ब्रांच को विवेचना मिली। क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरोह के 2 सदस्यों को खजांची चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि गिरोह के सदस्यों ने अब तक 40 से अधिक लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई करोड़ की ठगी कर चुके हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय कुमार वर्मा, सुनील कुमार वर्मा पुत्रगण छोटे लाल वर्मा निवासी एलडीए कॉलोनी थाना सरोजिनी नगर लखनऊ के रहने वाले दोनों सगे भाई हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की पुलिस अभी तलाश कर रही है। घटना का खुलासा करने वालों में निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक साहब सिंह, निरीक्षक जनार्दन चौधरी शामिल रहें।

# चिन्हित कर कुपोषित को सुपोषण की श्रेणी में लाया जाय: सीडीओ

**गोरखपुर।** मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने निर्देश दिया है कि जनपद में कोई भी बच्चा कुपोषित न हो। इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और एक सर्वे अभियान के तहत जनपद में कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सुपोषण की श्रेणी लाया जाये। उक्त निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय जिला पोषण समिति/डिस्ट्रिक्ट कन्वर्जन्स प्लान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिया। इस अवसर पर उन्होंने डिस्ट्रिक्ट कन्वर्जन्स प्लान/पोषण समिति की चालू वित्तीय वर्ष के विगत माहों एवं अक्टूबर में किए गये कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिस गांव में अति कुपोषित बच्चों की संख्या ज्यादा हो उन्हें एन.आर.सी. में रेफर किया जाये और इन्हें अनुमन्य शासकीय सुविधाओं से आच्छादित करते हुए पोषण की श्रेणी में लाया जाये। समीक्षा के दौरान मुख्य विकस अधिकारी ने सीडीपीओ बासगांव, भटहट एवं चरगावा को कड़ा निर्देश दिया कि कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों की माताओं को आगनवाड़ी के माध्यम से जागरूक किया जाये कि वे अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखें और दिन में कम से कम 5 बार खाना अवश्य खिलाये, उनका वजन करायें। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उन्हें स्वस्थ रखना आवश्यक है। क्योंकि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज के आधार होते हैं। बैठक का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी, सीडीपीओ आदि उपस्थित रहें।

# आने वाला विधानसभा चुनाव प्रदेश के लिए बेहद अहम: तेज नारायण पांडेय

संवाददाता। अयोध्या

### ● सपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां को लेकर की बैठक

**समाजवादी** पार्टी ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में आज पार्टी कार्यालय पर महानगर कार्यकारिणी की एक बैठक हुई जिसमें तमाम पार्षद, सेक्टर प्रभारी व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष समेत बूथ प्रभारियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव प्रदेश के लिए बेहद अहम है ऐसे में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर जिले की पांचो विधानसभा सीटों पर पूरी मजबूती के साथ लड़े और विजय हासिल करें। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने के लिए समाजवादी पार्टी ने तमाम कदम उठाए हैं आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि आज हुई बैठक में 11 नवंबर से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने पर सहमति हुई साथ ही यह तय किया गया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सारे फ्रंटल संगठन एकजुट होकर पार्टी की नीतियों व नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के महासचिव हामिद जाफर मिशन ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज हुई बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण, कार्यकर्ताओं की अन्य समस्याओं व पार्टी की मजबूती पर चर्चा हुई। इस मौके पर तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर महासचिव हामिद जाफ़र मीसम, चौधरी बलराम यादव, पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पू, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, सूरज वर्मा, मंसूर प्रधान, महिला महानगर अध्यक्ष सरोज यादव, युवजन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, शिवांशु तिवारी, संजय यादव, महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अरुण निषाद, महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सुल्तान अंसारी, महानगर अध्यक्ष अधिवक्ता सभा प्रदीप चौबे, अंसार अहमद बब्बन, सूबेदार यादव, माजिद खान बाबा, शादमान खान, सुशील कुमार पांडेय, सुजीत यादव, शाहबाज़ लकी, सुरेश यादव, महेश प्रजापति, अल्पना आदि मौजूद रहे।

# चेकिंग के दौरान अवैध हथियारों के साथ 2 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले गैंग के दो सदस्यों को कुमारगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध तमंचा तथा जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज नीरज सिंह बीती रात थाना क्षेत्र के राजघाट पुल पर पुलिस जवानों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी दो संदिग्ध युवक अमेठी जनपद की तरफ से आते दिखाई दिए पुलिस को देखते ही दोनों लोग भागने लगे जिस पर जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। जिनकी पहचान शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के अहमदपुर निवासी मोहम्मद इकबाल व उसी गांव का अब्दुल रहमान उर्फ अद्दू के रूप में हुई जामा तलाशी लेने पर उनके पास से चार तमंचा 315 बोर व 12 बोर का तमंचा सहित कई जिंदा कारतूस मिला। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह अवैध असलहा कारतूस का कारोबार काफी दिनों से चला रहे थे। जो देवगांव क्षेत्र के ही रहने वाले गुड्डू के कहने पर उन्हें यह हथियार बेचने आए थे। प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों लोगों ने कड़ी पूछताछ में बताया कि इसके पहले भी गुड्डू नामक व्यक्ति को दो बार कट्टा व कारतूस बेंच चुके है दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# जनौस का स्थापना दिवस आज

**अयोध्या।** भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला सचिव मंडल की बैठक आज ब्लाक कार्यालय ऐमिआलापुर जिला कमेटी सदस्य व ब्लाक प्राभारी कामरेड जसपाल निषाद की अध्यक्षता में हुआ। बैठक का संचालन जिला सचिव कामरेड शेरबहादुर शेर ने किया। बैठक का मुख्य विषय संगठन का 3 नवम्बर को स्थापना दिवस मनाने, महंगाई के खिलाफ 18 नवम्बर को धरना देने, 22 नवम्बर को प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने व सदस्यता लक्ष्य को पूरा करने पर रहा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कामरेड धीरज द्विवेदी ने कहा कि 3 नवम्बर को संगठन के स्थापना दिवस है जिसको करीब 19 इकाई कमेटी में संगठन का झंडा रोहण करके स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 3 नवम्बर 1980 कक गठन हुआ और आज संगठन 40 साल के हो गया है।संगठन के 40 साल होने पर पूरे शाल सेमिनार व गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साथ आलू प्याज की बेतहाशा मूल्य वृद्धि के खिलाफ 18 नवम्बर को गांधी पार्क में धरना देकर मूल्य वृद्वि को कम करने व बिचौलियों की भूमिका पर रोक लगाई जाए। जिला संयुक्त कामरेड आशा तिवारी ने कहा कि संगठन की सदस्यता 15 दिसम्बर तक पूरा करके राज्यकमेटी में जमा करा दिया जाएगा और ताकि संगठन की इकाई कमेटी का सम्मेलन करके जनवरी के अंतिम सप्ताह में जिला सम्मेलन कराया जा सके। जिलाउपाध्यक्ष कामरेड शिवधर द्विवेदी ने कहा कि संगठन का इतिहास संघर्ष और कुर्बानियों का रहा है सबको शिक्षा, सबको कामश्के नारे को संगठन ने अपना नारा बनाकर युवाओं के रोजगार व आम जनता के विकास के लिए संगठन संघर्ष किया और बड़ी कुर्बानी दिया। बैठक के अंत मे संचालन कर रहे जिला सचिव कामरेड शेरबहादुर शेर ने कहा कि संगठन आगामी दिनों में जनता की समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन करेगा।क्योंकि प्रशासन सुन नही रहा है। ग्राम सभा परोमा में पुलिस की मिलीभगत से पीड़ित को न्याय नही मिल रहा है उसकी जमीन कब्जा किया जा रहा है विपक्षी दबंग है रोज जान से मारने की धमकी दे रहे है और जमीन कब्जा कर रहे है कई बार एप्लिकेशन देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है संगठन इस मसले को लेकर बड़ा आंदोलन करेगा। बैठक में कामरेड रामजी तिवारी, कामरेड शिवकुमार श्रीवास्तव पल्लन, कामरेड रामसुरेश निषाद, कामरेड जसपाल निषाद, कामरेड विनोद सिंह, कामरेड विपिन निषाद उपस्थिति रहे।

# यातायात नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**गोरखपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर नवंबर माह में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दूसरे दिन एसपी ट्रैफिक आशुतोष शुक्ला सड़क पर पूरी दल बल के साथ एक्शन में दिखे। उन्होंने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। यातायात कार्यालय से गोलघर, विजय चौराहा, टाउन हॉल होते हुए उन्होंने पैदल गश्त करके यातायात व्यवस्था को परखा। बिना हेलमेट के चल रहे लोगों को रोक टोक के साथ कार्रवाई भी की गई। एसपी ट्रैफिक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि सड़कों पर अवैध रूप से पार्किंग कर गाड़ी खड़ा करने वालों के लिए महानगर में तीन स्थानों यूनाइटेड टॉकीज के पास, सिटी मॉल के बगल में मंदिर के पास, बिस्मिल पार्क के पास गाड़ियों के लिए पार्किंग स्थल के रूप में चयन किया गया है। यातायात माह के दूसरे दिन 1000 गाड़ियों का चालान भी किया गया। इस दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर इख़्तेयार अहमद अंसारी, सुनील कुमार सिन्हाल, विनोद कुमार शर्मा समेत ट्रैफिक की जवान उपस्थित रहें।

# जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर लोगों में हर्ष

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**नागेंद्र को** मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार के पद पर जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवधर शास्त्री के निर्देशानुसार जलालपुर तहसील क्षेत्र के आजन पारा गांव निवासी नागेंद्र कुमार यादव एडवोकेट को इनकी कर्मठता को देखते हुए जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। आमजन के समस्या समाधान केंद्र व राज्य की समस्त योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चल रहा है। नागेंद्र कुमार यादव एडवोकेट के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर भाजपा नेता रामप्रकाश यादव, राम सागर यादव एडवोकेट, रवि सिंह, आसाराम पाल, लाल मनि गौड, हरिहर प्रसाद यादव एडवोकेट, राकेश कुमार गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।

# धान क्रय केंद्र, भव्य दीपोत्सव व कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक

संवाददाता। अयोध्या




**कलेक्ट्रेट** सभाकक्ष में सांसद लल्लू सिंह की अध्यक्षता में धान क्रय केन्द्र, भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम 2020 व कार्तिक पूर्णिमा मेला के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, बीकापुर विधायक प्रतिनिधि डा0 अमित सिंह विधायक गोसाईगंज इन्द्र प्रताप तिवारी के प्रतिनिधि के साथ जिलाधिकारी अनुज कुमार झाए मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर, वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गोरे लाल शुक्ला, नगर आयुक्त विशाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विजय पाल सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजित प्रताप सिंह सहित धान क्रय केन्द्र के एजेन्सियो के जिला प्रभारी, दीपोत्सव कार्याक्रम से जुड़े अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने जन प्रतिनिधियो के सम्मुख धान क्रय का व्यौरा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जनपद में 39 धान क्रय केन्द्र संचालित है जिसमें से 31 धान केन्द्र प्रभारियो द्वारा किसानो से 748.25 मैट्रिक टन धान का क्रय किया जा चुका है। जनपद का धान क्रय का लक्ष्य 60 हजार मैट्रिक टन शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। किसानो को उनके धान का मूल्य 72 घंटे के अन्दर करने का निर्देश शासन द्वारा दिये गये है जिसके सापेक्ष अधिकांश किसानो को उनके धान मूल्य का भुगतान उनके खाते में सम्बन्धित क्रय एजेन्सी द्वारा किया जा चुका है कतिपय एजेन्सी द्वारा धन उपलब्ध न होने के कारण कुछ किसानो का भुगतान अभी नही हो पाया है संबंधित एजेन्सी ने बताया कि एक.दो दिन के अन्दर सभी का भुगतान कर दिया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मंगलवार व शुक्रवार को लघुए सीमान्त एवं महिला कृषको का धान क्रय हेतु निर्धारित किया गया है। बैठक में सांसद लल्लू सिंह जी ने अमानीगंज, खण्डासा सहित अन्य क्षेत्रो, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रसूलाबाद तथा बीकापुर विधायक शोभा सिंह के प्रतिनिधि डा0 अमित सिंह ने पिलखॉवा सघन सहकारी समिति में धान क्रय केन्द्र खोलने की मांग कीए जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि धान क्रय एजेन्सियो से वार्ता कर बताया गये स्थानो सहित जहॉ भी सुविधा उपलब्ध होगी धान क्रय केन्द्र खोलने का पूरा प्रयास किया जायेगा। किसानो की सुविधा हेतु जिले स्तर पर धान क्रय कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया गया है जो प्रात: 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक खुला रहेगा। किसान बन्धु कन्ट्रोल रूम के नम्बर 8707308272, 7839565049 पर उक्त अवधि में किसी भी समय अपनी समस्याओ के बारे में शिकायत दर्ज करा सकते है तथा सुझाव भी दे सकते है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी केन्द्र प्रभारियो को निर्देश दिये है कि जिले स्तर स्थापित कन्ट्रोल रूम के नम्बर सहित टोल फ्री नं0 व लघु तथा सीमान्त एवं महिला कृषको हेतु आरक्षित दिन मंगलवार व शुक्रवार को अनिवार्य रूप से पेन्ट से लिखवा दे। बैठक में जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने चतुर्थ भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम 2020 की अब तक की गई तैयारी का व्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कोरोना महामारी के चलते इस बार प्रोटोकाल एवं गाइड लाइन को अपनाते हुए तीन दिवसीय दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अयोध्या के प्रमुख साधु संत सहित गणमान्य लोगो को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा साधु संत को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने हेतु जिला प्रशासन अच्छे वाहन की व्यवस्था करायेगा। इस बार सीमित संख्या में ही लोगो को कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश मिल पायेगा जिनके पास आमंत्रण.पत्र अथवा जिला प्रशासन द्वारा जारी पास होंगे उन्ही को प्रवेश मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सोशल डिस्टेसिंग के साथ राम की पैड़ी पर 5.50 लाख दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिसके लिए डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय को जिम्मेदारी दी गई है। 13 नवम्बर मुख्य कार्यक्रम के दिन सूचना एवं सांस्कृति विभाग के सहयोग से साकेत महा विद्यालय से रामकथा पार्क तक शोभा यात्र निकाली जायेगी जिसमें बैण्ड बाजे के साथ 11 झॉकियां रहेंगी। रामकथा पार्क में भगवान राम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण के स्वरूप के आगवानी के साथ उनका विधि विधान से राज्याभिषेक का कार्यक्रम निर्धारित है। चूकि अर्न्तराष्ट्रीय फ्लाइट बन्द है जिसके कारण विदेशो से रामलीला करने वाले दलो का आगमन नही हो पायेगा ऐसे में निर्णय लिया गया है कि सरयू तट पर स्थापित भजन संध्या स्थल पर दर्शको के बैठने के मध्य सोशल डिस्टेसिंग के साथ व्यवस्था की जायेगी और यह निर्णय लिया गया है कि अन्य प्रांतो से रामलीला दलो को आमंत्रित किया जायें सरयू घाट पर होने वाली आरती में भी कार्यक्रम के मध्य सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया जायेगा। आरती स्थल पर बहुत ही सीमित लोगो को प्रवेश मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि चूंकि कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुए आम लोगो का प्रवेश वर्जित रहेगा ऐसे में सूचना विभाग के सहयोग से अयोध्या सहित प्रदेश एवं देश के आम लोगो तक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हेतु दूरदर्शन, एएनआई आदि एजेन्सियो से शासन स्तर पर प्रयास किया जा रहा है ।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 3 नवंबर, 2020



## कश्मीर की स्थिति

### भाजपा पर बढ़े हमले

**कश्मीर** में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले चिन्ताजनक रूप से बढ़े हैं। केंद्र द्वारा उठाए अनेक परिवर्तनकारी कदमों व खासकर भूमि संबंधी कानूनों में परिवर्तन के बाद भाजपा नेताओं व सरपंचों पर हमले बढ़े हैं तथा उनको मौत के घाट उतारा जा रहा है। कुलगाम में तीन भाजपा नेताओं की हत्या की गई तथा पार्टी की स्थानीय इकाई ने सीमापार आतंकवादियों के उकसावे पर 'बदले की कार्रवाई' के रूप में हिंसा बढ़ने की आशंका जताई है। इस बात के अनेक प्रमाण हैं कि पाकिस्तान लगातार घुसपैठिए भेजने का प्रयास कर रहा है और खासकर कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के बाद उसके इन प्रयासों में तेजी आई है। खबरों के अनुसार कुलगाम हमले को लश्करे तैयबा उग्रवादियों ने अंजाम दिया जिनका निर्देशन पाकिस्तान से हो रहा था। पाकिस्तान कश्मीर में अशांति पैदा कर अपने देश में सामने आ रही आंतरिक अशांति से ध्यान हटाना चाहता है। इस प्रयास में चीन उसकी सहायता कर रहा है जो लद्दाख में भारतीय कार्रवाई से व्यथित है तथा दोनों मोर्चों पर सैनिकों की संख्या बढ़ा कर भारत को लेनदेन के लिए मजबूर करना चाहता है। चीनी अधिकारियों द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर के मामलों में हस्तक्षेप की खबरें भी हैं जहां वह भारत-विरोधी गतिविधियों द्वारा अपने हित सुरक्षित करना चाहता है। पड़ोसी देशों द्वारा की जाने वाली हस्तक्षेपकारी गतिविधियों के साथ ही कश्मीर में स्थानीय उग्रवादी भी नई भर्ती का प्रयास कर रहे हैं। अपनी गतिविधियों को छिपाने के लिए वे अवज्ञा आंदोलन जैसी परोक्ष गतिविधियों का सहारा ले रहे हैं। हालांकि, सरकार ने राज्य को दो केन्द्रशासित क्षेत्रों में बांट कर विकास तेज करने के प्रयास किए हैं, पर इनका जमीनी प्रभाव अभी पूरी तरह नहीं दिख रहा है। शायद कुछ कश्मीरी नेताओं को जेल में बंद करने के बाद जमीनी स्तर पर ऐसी शक्तियों का उदय हुआ है जो उनको शहीदों की तरह पेश कर रही हैं। संभवत: सरकार द्वारा उठाए कदमों से कुछ मध्यमार्गी नेता भी आहत हुए हैं और कश्मीर को मुख्यधारा में लाने के लिए उनको साथ लिया जाना चाहिए।



पिछले एक साल में जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी-जेकेएपी अपने लिए कोई खास स्थान बना कर लोगों को पीडीपी व नेशनल कान्फ्रेंस से पूरी तरह विमुख नहीं कर पाई है। पंचायतों के 12,000 पद खाली पड़े हैं और जेल में बंद नेताओं को रिहा करने के बाद राजनीतिक प्रक्रिया अभी पूरी तरह गतिशील नहीं हुई है। भाजपा ने मनोज सिन्हा जैसे तपेतपाए राजनेता को उप-राज्यपाल नियुक्त कर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की इच्छा जताई है। लेकिन इंटरनेट संबंधी समस्याओं के कारण छात्रों को अवसर मिलने में कठिनाई हो रही है तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। सरकार को जनता में विश्वास और मजबूत करने के लिए कदम उठाने होंगे। गैर-कृषि भूमि खरीदने के नए नियमों से भी बहुत से लोग नाराज हैं जो इसे मुस्लिम बहुसंख्य क्षेत्र की जनसंख्या संरचना बदलने के प्रयास की तरह देखते हैं। इससे जम्मू और लद्दाख के कुछ डोगरा भी चिन्तित हैं जिनको लगता है कि इससे उनकी स्थानीय संस्कृति और विशेषाधिकार प्रभावित हो सकते हैं। देश के उत्तरपूर्वी राज्यों को भी संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत स्वायत्तता प्रदान की गई है और वे आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित रख सकते हैं। अनेक गैर-राजनीतिक कश्मीरियों को आश्चर्य है कि काफी जनसंख्या होने के बावजूद राज्य के केन्द्रशासित क्षेत्रों को राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया जा सकता है, जबकि कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों को स्वतंत्र राज्य बनाया गया है। इस घटनाक्रम से राज्य में बिजनेस प्रभावित हुए हैं और महामारी के कारण भी इन पर भारी मार पड़ी है। हालांकि, कुछ उद्यमी अपना काम शुरू करना चाहते हैं, पर अभी उनको उग्रवादियों का भय सता रहा है। ऐसे में कश्मीरी अर्थव्यवस्था के खास क्षेत्रों, खासकर सेब व्यापार से संचालित कृषि को और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सरकार को लचीला दृष्टिकोण अपना कर राज्य के विकास में तेजी लानी चाहिए।

# भूमि सीमा कानूनों में सुधार जरूरी

## चौथे अध्यादेश से भारत दुनिया में ऐसे देश का उदाहरण पेश कर सकता है जहां प्रकृति व कृषि अर्थव्यवस्था एकसाथ प्रगति कर सकते हैं।



**इंद्र शेखर सिंह**
(लेखक भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के निदेशक हैं)



भारत ने तीन कृषि कानूनों के माध्यम से जो कदम उठाया है उससे किसानों के कल्याण के साथ ही मुक्त बाजार को भारी बढ़ावा मिलेगा। अमेरिका के 'कृषि डालरों' को आकर्षित करने के लिए हमने बिजनेस के लिए खेती के दरवाजे खोले हैं, लेकिन किसानों और उनके परिवारों के हाथ अभी आदिम कालीन भूमि सीमा कानूनों से बंधे हैं। सीमित भूमि, मृदा क्षरण तथा जल संसाधनों की कमी की स्थिति में कृषि का मुक्त बाजार विकसित होना कठिन है। समाजवादी सोच से भारत ने जमींदारों व भूमि मालिक तबकों को नष्ट करने के लिए भूमि सीमारोपण कानूनों का क्रियान्वयन किया था। इससे जनता का एक पूरा वर्ग रातोंरात नष्ट हो गया और उनके अवशेषों पर गांवों में नए ग्रामीण विशिष्ट वर्ग का उदय हुआ। भूमि सीमारोपण कानूनों के हर राज्य में अलग-अलग होने के कारण विविधता के साथ ही बहुफसली खेती करने वालों तथा भूमि स्वामियों व परती भूमि मालिकों के बीच एक प्रकार की समानता भी पैदा हुई। उदाहरण के लिए राजस्थान के बाड़मेर व पटना में भूमि सीमा अलग-अलग है। नीति निर्माताओं ने सीमा निर्धारित करने में उत्पादन की कीमत पर ध्यान दिया। अधिकांश राज्यों में शुष्क भूमि व सिंचित भूमि के लिए भूमि सीमा 3:1 अनुपात में है। भूमि स्वामित्व पर सामूहिक नियंत्रण रोकने के लिए व्यक्तिगत के साथ पारिवारिक भूमि सीमा भी निर्धारित की गई। वर्ष 2020 में भी हम इसी व्यवस्था का पालन कर रहे हैं।

हालांकि, हर राज्य ने थोड़े बहुत परिवर्तन किए, लेकिन कुल मिला कर इन कानूनों ने ग्रामीण भारत में कृषि विकास में बाधा डाली तथा किसान परिवारों को स्वामित्व के नकारात्मक जाल में फंसा दिया। प्रत्येक पीढ़ी के साथ व्यक्तियों के पास मौजूद औसत जमीन में कमी आई। इससे खेती की आय घटी और लोगों की परेशानियां बढ़ीं। खेती की लागत बढ़ने तथा उत्पादों का बिक्री मूल्य कम होने के कारण हर साल कृषि घाटे का सौदा बनती गई। ऐसे में प्रगतिशील किसान के पास एक ही विकल्प था कि या तो वह खेती करना छोड़ दे या अगली पीढ़ी में परिवर्तनों की प्रतीक्षा करे क्योंकि छोटे खेतों के लिए ठेका खेती सफल नहीं रही है। भारत में खेत का औसत आकार बहुत छोटा है, 86 प्रतिशत किसानों के पास दो हेक्टर से कम जमीन है तथा खेतों का आकार और घटता जा रहा है। 2015-16 की कृषि गणना के अनुसार 2010-11 में जहां औसत खेती 1.15 हेक्टर थी, वहीं 2015-16 में यह घट कर 1.08 हेक्टर रह गई। भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण ने यह समस्या समझते हुए दो बार भूमि सीमा बढ़ाने के सुझाव दिए थे, लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। हाल में कर्नाटक सरकार ने भूमि सीमा बढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध के कारण उसे अपने पैर पीछे खींचने पड़े।

यदि वर्तमान भूमि सीमा बनाए रखी जाए तो भी राज्यों और किसानों के बीच सहमति बननी चाहिए ताकि किसानों, मृदा, जल संरक्षण व मुक्त बाजार को लाभ हो सके। भारत काफी मात्रा में अनाज व सब्जियों का उत्पादन कर रहा है, पर उसके सर्वाधिक महत्वपूर्ण संसाधनों- पानी और मृदा का भारी नुकसान हो रहा है। पंजाब व तमिलनाडु में कृषि औद्योगीकरण के बढ़ते दबाव के कारण भूमि क्षरण से मरुस्थलीकरण, खारीपन व मृदा क्षरण बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने स्वायल हेल्थ कार्डों पर जोर दिया है, लेकिन भारत की 30 प्रतिशत भूमि बेकार हो गई है। धान की फसल का जल संरक्षण पर हानिकारक प्रभाव चिन्ताजनक है। हाल में नोम चामस्की ने अनुमान लगाया है कि भारत और पाकिस्तान में जल संसाधनों के लिए युद्ध हो सकते हैं। दक्षिण के राज्यों में पहले ही पानी के कारण युद्ध हो रहे हैं। गलत कृषि व्यवहारों के कारण महाराष्ट्र के लातूर में भारी जल संकट पैदा हुआ था। अब गलत कृषि व्यवहारों को न छोड़ने पर 'लातूरीकरण' का संकट गहरा रहा है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था और मुक्त बाजार ध्वस्त हो जाएंगे। भारतीय राज्यों को ऐसे में अमेरिका के भूमि संरक्षण कार्यक्रम का अध्ययन करना चाहिए जहां मध्य पश्चिम के धूल का कटोरा कहे जाने वाले क्षेत्र में मृदा क्षरण की स्थिति उलटने के लिए इसे क्रियान्वित किया गया है। सरकार ने किसानों को मृदा संरक्षण के लिए सब्सिडी या भूमि परती छोड़ने की अनुमति दी है।

अत्यधिक वित्तीय दबावों के कारण अब केन्द्र सरकार से ज्यादा सब्सिडी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, लेकिन मृदा संरक्षण व जल संरक्षण को देश की सर्वोच्च प्राथमिकतायें अवश्य घोषित करना चाहिए। हालांकि, बड़ा सवाल यही है कि क्या सरकार किसानों को खुश रखते हुए मृदा संरक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित कर सकती है। इस सवाल का जवाब किसानों को कृषि-परिस्थितिकी बागवानी व कृषि-वानिकी के लिए प्रोत्साहित करना है जिसके लिए उनको भूमि सीमा में रियायत दी जा सकती है। अधिकांश राज्यों के कानूनों में पहले ही उपवन या बागों के लिए अलग प्राविधान हैं। इनमें एक उप-धारा जोड़ कर सरकार सुनिश्चित कर सकती है कि ऐसी बागवानी में तेजी से वृद्धि हो जिसमें रसायनों व उर्वरकों का प्रयोग न किया जाए। प्रत्येक राज्य बागवानी या कृषि-वानिकी के लिए ऐसे देशी पेड़ों की किस्में चुन सकता है जो पानी का ज्यादा खर्च न करते हों।

इस नीतिगत परिवर्तन के अनेक लाभ होंगे। इससे मृदा और जल का संरक्षण होगा तथा नए उत्पादों व मुक्त बाजार से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। मृदा में जैविक पदार्थ वापस आने से जैव-विविधता बढ़ेगी जो भविष्य में भी कृषि उत्पादकता बढ़ाने की गारंटी होगी। आर्गेनिक फलों से भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा मिल सकती है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास अधिकरण-एपीडा ने अनुमान लगाया है कि भारत 2030 तक 50 बिलियन डालर के आर्गेनिक उत्पादों का निर्यात कर सकता है। इसके साथ ही किसानों को कार्बन क्रेडिट से भी आमदनी हो सकती है। यदि 10 प्रतिशत सिंचित भूमि को आर्गेनिक या मिश्रित बागों में बदला जा सके तो हम जलवायु में सुधार के अपने लक्ष्य जल्दी प्राप्त कर सकेंगे तथा गांवों व शहरों की हवा व पानी में सुधार होगा। प्रति हेक्टर आर्गेनिक भूमि से 80,000 लीटर पानी की बचत होगी। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए हमें केन्द्रीय योजना की आवश्यकता है।

कृषि-परिस्थितिकी बागवानी के लिए विशेष प्राविधान कर नीति निर्माता आर्गेनिक बाजार को बढ़ावा देने के साथ ही मृदा का स्वास्थ्य बढ़ाने में योगदान कर सकते हैं। इसके साथ ही किसान भूमि सीमा के बाहर बंजर या खराब जमीनों को प्राप्त कर उनको बागवानी के लिए विकसित कर सकते हैं। ये क्षेत्र या खेत कार्बन अवशोषण के केन्द्र होंगे तथा प्रति एकड़ अधिक पोषण पैदा करेंगे। किसानों द्वारा इन क्षेत्रों की देखभाल होने के कारण सरकारों पर बंजर भूमियों के सुधार के लिए पड़ने वाले वित्तीय बोझ से भी मुक्ति मिलेगी।

अमेरिकी नीति के अनुसार बिजनेस के लिए बड़े खेत अच्छे समझे जाते हैं। मैक्सिको, ब्राजील व अर्जेन्टाइना के किसानों ने इसका प्रयास किया, पर वे विफल हो गए। भारत में भी विश्व व्यापार संगठन तथा हालिया कृषि उदारीकरण का नतीजा 'बड़े खेत व कम किसान' हो सकते हैं। लेकिन एक राष्ट्र के रूप में हमें ऐसे बड़े फार्मों से दूर रहना होगा तथा कृषि-परिस्थितिकी को अनुमति देते हुए ग्रामीण भारत पर औद्योगिक फार्मों के कब्जे से बचना अच्छा रहेगा। भारत सारी दुनिया में एक उदाहरण स्थापित कर सकता है जिसमें धरती का स्वास्थ्य बेहतर बनाने के साथ कृषि अर्थव्यवस्था व प्रकृति का विकास एकसाथ हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को चौथा अध्यादेश लाकर धरती के स्वास्थ्य के लिए भूमि सीमा बढ़ानी चाहिए।

# आईएमएफ की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

> **आईएमएफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष विविध चुनौतियों के संकेत दिए हैं लेकिन ढाका की तुलना प्रति व्यक्ति जीडीपी में अस्थायी गिरावट उनमें शामिल नहीं है।**

**शशंक सौरव**
(लेखक चार्टर्ड एकाउंटेंट तथा आर्थिक विश्लेषक हैं)



अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक निधि (आईएमएफ) के वर्ल्ड इकोनामिक आउटलुक द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट ने सनसनी फैला दी जब उसमें उल्लेख किया गया कि बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति जीडीपी इस वर्ष भारत से आगे निकल सकती है। हमारी अर्थव्यवस्था के 10 प्रतिशत से कुछ अधिक सिकुड़ने की संभावना है और हमारी प्रति व्यक्ति जीडीपी के भी बांग्लादेश के 1,888 डॉलर के विपरीत गिरकर 1,877 डॉलर पर पहुंचने की संभावना है। स्वाभाविक रूप से इस कारण चिंता व्याप्त हो गई क्योंकि ऐतिहासिक रूप से हमारी प्रति व्यक्ति जीडीपी हमारे पड़ोसी देश से अधिक रही है और वर्तमान गिरावट महामारी के कारण लगे लाकडाउन के फलस्वरूप हुई अपवादस्वरूप घटना है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि हम अगले वर्ष उस छोटे से देश से आगे निकल जाएंगे और क्रय शक्ति समतुल्यता (पीपीपी) में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 6,284 डॉलर होगी जबकि बांग्लादेश की 5,139 डॉलर होगी।

यद्यपि कुल जीडीपी संख्याएं किसी देश के आर्थिक निष्पादन का बेहतर पैमाना हो सकती हैं, जीडीपी-पीपीपी एक बेहतर संकेतक होता है यदि प्रति व्यक्ति विश्लेषण किया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि पीपीपी देशों के बीच कीमतों के स्तरों में अंतरों को खत्म कर देता है और विनिमय दरों के प्रभाव को भी ध्यान में रखकर चलता है। इसलिए जीडीपी-पीपीपी का प्रयोग आमतौर पर देशों के बीच जीवन मानकों की तुलना हेतु किया जाता है। हालांकि, तुलना करना बकवास है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था से कहीं ज्यादा बड़ी है। उदाहरण के लिए, हमारा विदेशी मुद्रा भंडार 555 बिलियन डॉलर से अधिक है जबकि उसका भंडार मात्र 39 बिलियन डॉलर है। इसके अतिरिक्त, प्रति व्यक्ति आय में अन्य चर भी शामिल होते हैं- संपूर्ण जनसंख्या- और इसका आंकलन कुल जीडीपी को कुल जनसंख्या से भाग देकर किया जाता है।

बांग्लादेश की जनसंख्या में 2004 के बाद से जबर्दस्त जीडीपी वृद्धि हुई है लेकिन तब भी इस गति 2005 और 2016 के बीच सापेक्षिक दशाओं को बदल नहीं पाई। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत में वृद्धि बांग्लादेश से भी तेज गति से हुई। लेकिन 2017 के बाद से, भारत की वृद्धि दर धीमी पड़ गई जबकि बांग्लादेश की वृद्धि दर ने तेजी पकड़ ली। उसी अवधि के दौरान, भारत की जनसंख्या वृद्धि लगभग 21 प्रतिशत के आसपास बढ़ी जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या 18 प्रतिशत से ठीक नीचे रही। यदि मात्र प्रति व्यक्ति जीडीपी ही आर्थिक सर्वोच्चता का पैमाना होती, तो श्रीलंका और भूटान ने बहुत से बड़े देशों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है।

रिपोर्ट के एक विस्तृत विश्लेषण से जाहिर होता है कि भारत के लिए दीर्घकालीन वृद्धि के अनुमान चीन की तुलना में बेहतर हैं। अगले वर्ष के अनुमान भारत के लिए 8.8 प्रतिशत तथा चीन के लिए 8.2 प्रतिशत हैं जबकि अंतराल 2022 के आगे लगातार बढ़ता जाता है। आम आदमी की जीवन शैली व बचत क्षमता के लिए, मुद्रास्फीति अहम कारक है तथा भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति दक्षिण एशियाई देशों की तुलना में बहुत कम है।

अत:, यदि हम अपनी तुलना हमारे एशियाई पड़ोसियों से करें, तो सबकुछ बहुत अच्छा प्रतीत होता है। लेकिन रिपोर्ट कुछ लाल झंडे भी दिखाती है। पहला है देश का उच्च ऋण-जीडीपी अनुपात जो वर्ष दर वर्ष आधार पर बढ़ रहा है। जीडीपी के प्रतिशत के तौर पर ऋण 2015 में 68.77 प्रतिशत था और इसके बढ़कर इस वर्ष 89 प्रतिशत हो जाने की संभावना है। यह चीन के 61.7 प्रतिशत के कर्ज स्तर से बहुत ज्यादा है। उच्च ऋण ब्याज भुगतान बढ़ाता है और उत्पादक उद्देश्यों के लिए संसाधन बहुत कम रह जाते हैं। यद्यपि संप्रभु क्रेडिट रेटिंग निर्धारित करते समय विविध कारक शामिल होते हें लेकिन परिप्रेक्ष्य के लिए, यहां पर यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि हाल ही में मूडीज ने भारत की रेटिंग को नीचे गिराया है। हम दलील दे सकते हैं कि बहुत से विकसित देशों का ऋण जीडीपी अनुपात ऊंचा है, लेकिन उनकी औपचारिकीकृत अर्थव्यवस्था है जो उनकी सरकारों को जल्द संसाधन बढ़ाने की क्षमता प्रदान करती है। यह चीज हमारे पास नहीं है।

दूसरे, हमारा जीडीपी गिर रहा है और राजस्व जीडीपी के प्रतिशत के तौर पर घट रहा है। 2018 में यह 20.23 प्रतिशत था और फिर नीचे गिरकर 2019 में 19.3 प्रतिशत पर आ गया। इसके इस वर्ष 18.08 प्रतिशत और गिरने की संभावना है। यह प्राथमिक रूप से 2019 में घाषित कारपोरेट दरों में कटौती से आ रहा है। दुखद रूप से, कर कटौती के उद्देश्य पूरे नहीं किए जा सके। यहां तक कि कुछ महीनों पहले जारी भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में इस तथ्य का उल्लेख किया गया था कि कर कटौती से निवेशों मं वृद्धि नहीं हुई है। राजस्व में इस गिरावट से विनिवेश पर अधिक ध्यान देने के साथ गैर कर राजस्व पर निर्भरता बढ़ेगी, जिसकी अपनी जटिलताएं हैं।

तीसरे, भारत की सकल राष्ट्रीय बचत 2015 में जीडीपी के 31.06 प्रतिशत से 2019 में 28.8 प्रतिशत पर आ गई और इसके आगे और गिरने की संभावना है। तुलनात्मक रूप से, चीन का जीएनएस-जीडीपी अनुपात 40 प्रतिशत से अधिक है और घरेलू बचतें हमारे जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था में पूंजी निर्माण के लिए आवश्यक होती हैं। नीति नियंताओं के समक्ष उपभोग व बचतें बढ़ाने की चुनौती है, और दोनों ही अर्थव्यवस्था में वृद्धि के लिए आवश्यक होते हैं।

आईएमएफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष विविध चुनौतियों के संकेत दिए हैं लेकिन ढाका की तुलना प्रति व्यक्ति जीडीपी में अस्थायी गिरावट उनमें शामिल नहीं है। कोरोनावायरस महामारी के चलते नीचे गिरी आर्थिक वृद्धि के पुनरुत्थान हेतु भारतीय नीति नियंताओं को नींद से जागने एवं अति विश्वासी प्रवृत्ति को त्यागने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### पाक कुकृत्य की स्वीकारोक्ति

पुलवामा पर पाकिस्तान के एक मंत्री और सांसद द्वारा संसद में यह सच्चाई कबूलना की पुलवामा घटना को अंजाम पाकिस्तान द्वारा ही दिया गया था। पाक के एक मंत्री व सांसद द्वारा जिम्मेदारी स्वीकार करना दाल में काले की तरफ इशारा करता है। क्योंकि पुलवामा घटना के बाद जिस प्रकार से तनातनी व गर्मा गर्मी का माहौल हुआ था उस माहौल में भी पाकिस्तान यही जवाब दें रहा था कि उक्त घटना में पाक का कोई हाथ नहीं है, अगर भारत के पास सबूत है तो वह दे । लेकिन वह यह कतई स्वीकार करने को तैयार नहीं था कि उसने पुलवामा में घटना को अंजाम दिया। क्योंकि देश में तब लोकसभा के चुनाव हो रहे थे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान पश्चात यह स्वीकारोक्ति आई है, जबकि अभी दो चरण और बाकी है। जरूर पाकिस्तान की सोची समझी कोई चालबाजी है जो मिलीभगत की तरफ इशारा करती है। बिहार के चुनाव और परिणाम आने के बाद पलटी मार के रूप में ख्यात पाकिस्तान फिर पलटी मारेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। चाहे पाकिस्तान स्वीकारें या ना स्वीकारें इससे इन चुनावों में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। क्योंकि ये राज्य के चुनाव हैं और राज्यों के चुनाव में प्रदेश के मुद्दे व जनता की समस्याएं प्रमुख होती हैं।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### वृक्ष ही सच्चे साथी

**विगत** वर्ष राजस्थान के डूंगरपुर जिले के हर गांव में अब सबसे पुराने पेड़ को जननी वृक्ष का दर्जा दिए जाने की पहल वृक्ष के सम्मान में प्रशंसनीय पहल की गई। वृक्षों की सुरक्षा और इनकी देखभाल इस योजना में बरगद ,खेजड़ी पीपल ,आम ,महुआ ,नीम ,सेमल, गुलर ,मोलश्री ,रायणी ,अर्जुन ,इमली ,कल्पवृक्ष आदि को (मदर ट्री) जननी के रूप में चयन किया गया है। मिटटी का कटाव रोकने हेतु नदी के तट पर फलदार वृक्ष ज्यादा मात्रा में लगाया जाना चाहिए जिससे परिक्रमा वासी,नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी में सुखद छांव एवं फल की प्राप्ति हो सके। देखा जाए तो वर्तमान में पेड़ से प्राप्त होने वाली सभी चीजे महंगी हैं। प्राचीन वृक्षों को जो अंदर से पोले या गिरने की कगार पर हो उसका उपचार भी किया जाना चाहिए। वर्षा ऋतू में तेज हवा आंधी से कमजोर वृक्ष गिर जाते उनका उपचार किया जाए व ध्यान रखा जाए। ताकि जानमाल की हानि से बचा जा सकें। बरगद का पेड़ लगाए जाए क्योंकि इसकी आयु कई वर्ष होती है। पशु पक्षियों और इंसानों के लिए ये घना वृक्ष छांव के साथ सुखद आसरा प्रदान करता है।

– **संजय वर्मा, मनावर,** धार, मप्र

### भारत-अमेरिका वार्ता

**हाल** ही में भारत-अमेरिका के बीच तीसरी टू प्लस टू वार्ता नई दिल्ली में आयोजित की गई इस वार्ता के दौरान एक संयुक्त वक्तव्य के माध्यम से इंडोपेसिफिक क्षेत्र में भारत और अमेरिका के साझा लक्ष्यों को रेखांकित किया गया तथा दोनों देशों ने दक्षिण चीन सागर के संबंध में अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार एक वेद आचार संहिता के निर्माण पर बल दिया। बताते चलें कि 2000 के दशक के मध्य में ऐसी उम्मीद की गई थी कि आने वाले समय में भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरकर सबके सामने आएगा। इस वार्ता में सबसे ज्यादा ध्यान इंडोपेसिफिक क्षेत्र की आवश्यकता पर दिया गया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण क्षेत्र तथा दक्षिण चीन सागर आसियान के देश एवं मलक्का जलडमरूमध्य आदि रणनीतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं इसके अलावा अदन की खाड़ी और कई अरब देशों की गाड़ियां जहां से भारत का तेल व्यापार होता है। इन सब चीजों के साथ-साथ भारत अपने आप को अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में और मजबूत करेगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पुलवामा** के राजनीतिकरण से यह साबित होता है कि ऐसे लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किस हद तक जा सकते हैं। जो विभाजन की राजनीति का उदाहरण है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**लाकडाउन** है जिसमें कारखाने चल सकते हैं, सावधानी बरतते हुए स्कूल खुलेंगे। हम जनता को एकांतवास में नहीं डालेंगे।

– **फ्रैंक वांडरब्रूक**
बेल्जियम के स्वास्थ्य मंत्री



**यह** इस्लामवादी आतंकी हमला है लेकिन हम बंट नहीं सकते क्योंकि अतिवादी यही चाहते हैं। हमें नागरिकों के तौर पर एकजुट रहना होगा।

– **इमैन्युएल मैक्रों**
फ्रांस के राष्ट्रपति

# देरशाम तक बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, मतदान आज

**बांगरमऊ उपचुनाव**

● प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 338903 मतदाता करेंगे आज, 507 बूथों पर होगा मतदान



**संवाददाता।** उन्नाव

**बांगरमऊ** उपचुनाव में मतदान कराने के लिए सोमवार को दोस्तीनगर स्थित फायर स्टेशन से पोलिंग पार्टियां शाम तक रवाना होती रहीं। मंगलवार को यहां पर 507 बूथों पर मतदान होना है। मतदान कराने के लिए 507 पोलिंग पार्टियां रवाना की गयी है। जबकि 51 पार्टियां रिर्जव रखी गई हैं। मतदान के लिए बांगरमऊ को 7 जोन व 56 सेक्टर में बांटा गया है। जोन की मानीटरिंग के लिए जोनल व सेक्टर की मानीटरिंग के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए है। बांगरमऊ में चुनाव कराने के लिए 507 पार्टियों में 2028 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। 10 फीसदी कार्मिक मतलब लगभग 51 पार्टियां रिर्जव में रखी गई है। पोलिंग पार्टियों में लगाए गए मतदान कार्मिकों को रवानगी स्थल से ही सेनेटाइजर व फेससील्ड दिया गया है। बताते चले कि बांगरमऊ उपचुनाव में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 338903 मतदाता करेंगे। कोरोना संक्रमण से बचाव व पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की भीड़ न बढ़े इसके लिए पहले से ही विभाग ने पोलिंग बूथों की संख्या डेढ़ गुना से अधिक कर दी है। जहां पिछले चुनाव में 347 बूथों पर मतदान हुआ था, वहीं इस बार बूथों की संख्या बढ़ा कर 507 कर दी गई है। उधर, देरशाम तक दोस्तीनगर स्थित फायर स्टेशन से पोलिंग पार्टियां शाम तक रवाना होती रही। फायर स्टेशन पर डीएम रवीन्द्र कुमार, एसपी आनन्द कुलकर्णी, एडीएम राकेश कुमार सिंह, एएसपी विनोद कुमार पांडेय जायजा लेते रहे। इनसेटसुरक्षा के रहेगें कड़े प्रबंधमंगलवार को मतदान होगा, ऐसे में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। डीएम ने बताया कि सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। यदि कहीं भी गड़बड़ी हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारी मात्रा में टीमें लगाई है।

**एक नजर:** कुल वोटर-338903, पुरुष वोटर-185357, महिला वोटर-153516, थर्ड जेंडर वोटर-30, कुल मतदान केंद्र-279, मुख्य पोलिंग बूथ-397, सहायक पोलिग बूथ-110, कुल पोलिग बूथ-507

### समुचित व्यवस्था पहले से की गई

**फ्तेहपुरचौरासी।** सोमवार की शाम क्षेत्र में पोलिंग पार्टियां पहुंचने लगी थी। इसी को देखते हुए सहायक एडीओ पंचायत हेमन्त कुमार नें बताया कि ब्लाक अन्तर्गत सभी पोलिंग बूथों पर शौचालय आदि की पूरी तरह समुचित व्यवस्था पहले से ही कर दी गयी है। ताकि चुनाव सम्पन्न कराने आने वाले कर्मचारियों व पुलिस विभाग को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# 666 छात्र जेईई एडवांस्ड और 1503 जेईई मेंस में उत्तीर्ण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**वर्ष** 2020 में एकेडमी के 666 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड और 1503 छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षाएं उत्तीर्ण की है। अन एकेडमी ने कोटा की कोचिंग वाइब्रेंट एकेडमी को पोर्टफोलियो में शामिल किया है। इसके सात डाइरेक्टर्स अनएकेडमी प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से आईआईटी जेईई और अन्य कोर्स पढ़ायेंगे। इसने आज घोषणा की है कि वाइब्रेंट एकेडमी को विशेष ऑनलाइन पार्टनर के रूप में अपने पोर्टफोलियो में शामिल कर लिया है। इसका प्रामाणिक ट्रैक रिकॉर्ड है कि इसने आईआईटी जेईई के टॉप रैंकर्स दिये हैं।

इस सहयोग से अनएकेडमी के लर्नर्स को आईआईटी प्रेपरेटरी सर्किल के अनेक शीर्ष नामों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। अभ्यर्थी चार नवंबर से इसकी लाइव कक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। इसके के सभी सात डाइरेक्टर्स नितिन जैन नील कमल सेथिया महेंद्र सिंह चौहान विमल कुमार जायसवाल नरेन्द्र अवस्थी विकास गुप्ता और पंकज जोशी में से प्रत्येक को पंद्रह वर्षों से अधिक समय का व्यक्तिगत अध्यापन अनुभव प्राप्त है। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बिजनेस विवेक सिन्हा बताते हैं कोविड 19 के लगातार प्रकोप के मद्देनजर उद्देश्य हमारे शिक्षार्थियों को अबाध रूप से पढ़ाई लिखाई का अवसर प्रदान करते रहना है। लगातार ऐसे सहयोगों की तलाश में रहेंगे। जिससे हम सभी के लिए निर्बाध रूप से अच्छी शिक्षा प्रदान करने के हमारे व्यापक उद्देश्य को हासिल कर सकें। दीर्घकालिक सहयोग की उम्मीद है और हम आशा करते हैं कि अभ्यर्थियों को आईआईटी जेईई की परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने में अतिरिक्त सहायता कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को फिजिक्स केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स के सिलेबस को पूरा करने में सहायता करेंगे।

## क्विक न्यूज

### 20 साल के अनंत को जिंदा रहने के लिए तुरंत ब्लड स्टेम सेल डोनर की आवश्यकता है

**वाराणसी।** डीकेएमएस-बीएमएसटी अनंत के लिए मैचिंग डोनर ढूँढने के लिए ब्लड स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्रेशन ड्राइव कर रहा है। 20 साल के अनंत को इस साल जुलाई में एप्लास्टिक एनीमिया का पता चला हैए एक बीमारी जिसमें शरीर स्वस्थ रेड ब्लड सेल नहीं बना पाता। उसकी स्थिति का इलाज केवल ब्लड स्टेम सेल ट्रांसप्लांट से किया जा सकता है। अस्थाई इलाज हजिसका मतलब है कि उसे लंबा और स्वस्थ जीवन जीने के लिए असंबंधित मैचिंग डोनर को तुरंत ढूँढने की आवश्यकता है। लेकिन, ब्लड स्टेम सेल डोनेशन के बारे में कम जागरूकता के कारण भारत में बहुत कम संभावित डोनर्स रजिस्टर्ड हैं। फिजीशियन, डॉ. राहुल भार्गव, डायरेक्टर एंड हेड, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, हेमाटोलॉजी और बीएमटीए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम, कहते हैं भारत में हर 5 मिनट में किसी को ब्लड कैंसर या एप्लास्टिक एनीमिया या थैलेसीमिया जैसे ब्लड डिसऑर्डर्स का पता लगता है। अनंत जैसे कई मरीज एक जीवन रक्षक ब्लड स्टेम सेल डोनेशन के बिना जीवित नहीं रह सकते हैं।

### विस्तार को व्यापक मजबूती के साथ करेंगे जारी: दीपक

**प्रयागराज।** कोविड 19 से सुरक्षा के लिए ब्रांड संबंधित अधिकारियों द्वारा दिए गए सभी दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है। सभी सुरक्षा उपाय अपनाकर पूरी सावधानियां भी बरत रहा है। त्योहारों को लेकर बाजारों में इन दिनों रौनक बढ़ गयी है। कपड़ों चमड़ों गहनों तथा हस्तशिल्प और इत्र की रेंज है। हाल ही में लांच टपरवेयर स्टोर आधुनिक रेंज के किचन वेयर सॉल्यूशन लाएगा। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए टपरवेयर ने कानपुर में अपने पहले एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर की शुरुआत के साथ देश भर के रिटेल बाजार में अपने विस्तार को मजबूती से बढ़ाना जारी रखा है। साथ ही देश भर में इसकी संख्या अड़सठ के आंकड़े तक पहुंच गई है। नया स्टोर नवीन मार्केट कानपुर में स्थित है। जो चार सौ सात वर्गफुट के क्षेत्र में फैला हुआ है। ये शिफा जमील और सऊद जमील के द्वारा चलाया जायेगा। एमडी दीपक छाबड़ा ने बताया कि स्वास्थ्यवर्धक भोजन पकाने में मदद करने के लिए हमेशा की तरह प्रतिबद्ध है।

### अहंकार से शुरू होता है मनुष्य का पतन: नवल किशोर

**प्रयागराज।** ब्रह्मविद्या विहंगम योग प्रयाग संत समाज की ओर से आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान ईएलटीआई एलनगंज में विहंगम योग दर्शन पर परिचर्चा आयोजित की गई। विहंगम योग साधक एवं माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के उप सचिव एवं परीक्षा नियंत्रक नवल किशोर ने कहा कि अहंकार से मनुष्य का पतन शुरू होता है। इसलिए हमें सावधान रहने की जरूरत है। हमें अहंकार शून्य होने के लिए विहंगम योग की आवश्यकता है। जैसे रोग होने से औषधि की जरूरत पड़ती है। नदी होने से नाव की आवश्यकता है।इसी प्रकार यदि संसार को एक सागर मानें तो सागर से पार होने के लिए विहंगम ज्ञान की आवश्यकता है। इसके पूर्व यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के सदस्य डॉक्टर धीरेन्द्र द्विवेदी और उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के उप सचिव एवं परीक्षा नियंत्रक नवल किशोर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर तमाम साधक उपस्थित रहे।

### बीएचयू के पूर्व कुलसचिव प्रो. एसके श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव के लिए विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय समिति कक्ष में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने प्रो. एसके श्रीवास्तव के योगदान को याद किया। रेक्टर प्रो. वी.के. शुक्ला ने पूर्व कुलसचिव के लिए शोक संदेश का वाचन किया एवं दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रोफेसर सुशील कुमार श्रीवास्तव, इलेक्ट्रॉनिक्स इन्जिनियरिंग विभाग, प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में लेक्चरर पद पर नियुक्त हुए। प्रोफेसर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने वर्ष 1974 में तीन माह के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम के अन्तर्गत यूनाईटेड किंगडम में शामिल हुए। सोलर सेल एण्ड थिन फिल्म इनका रिर्सच एरिया था। वर्ष 1993 में इन्होंने यूनिवर्सिटी आफसुलेमानिया, इराक के इलेक्ट्रिकल इन्जिनियरिंग विभाग में अपनी सेवाएं दी।

### वेतन विसंगतियों के खिलाफ धरने पर बैठे विद्यापीठ के संविदा शिक्षक

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संविदा शिक्षकों ने वेतन विसंगतियों के खिलाफ सोमवार को मोर्चा खोल दिया। विद्यापीठ के 78 संविदा शिक्षक पंत प्रशासनिक भवन के सामने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरने पर है। धरने पर बैठे संविदा शिक्षकों के मुताबिक उन्हो चार माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे डा. शशिकान्त नाग ने कहा कि संविदा अध्यापक (कोर फैकेल्टी) का भुगतान जुलाई माह से नहीं किया जा रहा है। जबकि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार लगातार दिशानिर्देश जारी करती रही है कि कोविड-19 की इस महामारी के दौर में किसी का वेतन न रोका जाए लेकिन विद्यापीठ प्रशासन मनमाने ढंग से सविदा अध्यापकों का वेतन रोक कर उनका शोषण कर रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन शासनादेश का उल्लंघन के साथ साथ अपने ही कार्य परिषद के निर्णय को नहीं मान रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए शिक्षक धरने पर हैं।

### आर्थिक लेन-देन में सतर्कता पर जागरूकता कार्यक्रम

**वाराणसी।** पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय वाराणसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व अंचल प्रमुख राजेन्द्र कुमार वशिष्ठ द्वारा किया गया। इस रैली में अंचल कार्यालय वाराणसी के स्टाफ सदस्य ने सतर्कता जागरूकता के बैनर के साथ वाराणसी टेऊ सेंटर से वाराणसी के मुख्य स्थानों का भ्रमण किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य 'सतर्क भारत और समृद्ध भारत' के अंतर्गत ग्राहक एवं जनता में आर्थिक लेन-देनों तथा धोखाधड़ी से सतर्क करना था। इस अवसर पर श्री वशिष्ठ ने स्टाफको सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें ग्राहकों में सतर्क होकर आर्थिक लेन-देन एवं आर्थिक व्यवहार करने की जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर उपअंचल प्रमुख प्रमोद रंजन तूफान, उपमहाप्रबंधक हिमांशु, इफ्तिकार अहमद एवं अन्य स्टाफमौजूद रहे।

### ऑनलाइन सामान्य ज्ञान ओलम्पियाड

**वाराणसी-** माइंड वार्स एक मल्टीप्लेटफॉर्म नॉलेज प्रोग्राम है इसे जी इंटरटेनमेन्ट इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने प्रमोट किया हैए यह भारत का सबसे बड़ा ऑनलाइन सामान्य ज्ञान ओलिम्पयाड 2020 हैएइसका उद्देश्य है कि एक बेहतर भविष्य के सृजन हेतु विद्यार्थियों की पहचान की जाएए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें बढ़ावा दिया जाए। नवम्बर 2020 में एक राष्ट्रीय.स्तर की चौम्पियनशिप आरम्भ होगीए और यह समग्र भारत के सभी शिक्षा बोर्ड के कक्षा 4 से 12 के विद्यार्थियों के लिए रहेगी। इसमें 20 मिनट की परीक्षा होगीए जिसमें प्रत्येक कक्षा के 5 विषयों में से सुसंगत एवं रोचक सम.सामायिकी के प्रश्न शामिल होंगेए इनका उद्देश्य होगा कि आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों की क्षमता एवं वृद्धि को बेहतर बनाया जाए। इसके अलावा इसे पूरे भारत में लगभग 5000 भारतीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के साथ किए गए एक व्यापक सर्वेक्षण से प्राप्त परिणाम के आधार पर सूत्रीकृत किया गया है।

# काशी पहुंचे महाराष्ट्र भाजपा नेता ने काशी की प्रशंसा



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**महाराष्ट्र** सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त फिल्मसिटी के उपाध्यक्ष व मुंबई बीजेपी के नेता अमरजीत मिश्र सोमवार को प्रात: अस्सी स्थित पप्पू के चाय की अड़ी पर पहुंचे। उत्तरप्रदेश बीजेपी के प्रवक्ता अशोक पांडेय के साथ श्री मिश्र ने अड़ी पर सबसे मुलाकात की। उन्होने कहा कि काशी ने धर्म, संस्कृति, संस्कार, साहित्य व अध्यात्म के संरक्षण की प्राचीन परम्परा है। पर बनारस की गलियों में भी लोक साहित्य व लोक संस्कृति का दर्शन होता है। मुंबई में उत्तरभारतीयों के नेता अमरजीत मिश्र ने पप्पू की अड़ी पर जुटनेवाले लोगों से मुलाकात की और इस जीवंत चर्चा सत्र को यादगार बताया। उन्होने कहा कि बनारसी अंदाज के इसी अक्खड़पन के लोग मुरीद हैं। बनारस का आदमी जहां जाता है ,वहां अपनी फक्कड़ी के लिए मशहूर है। भाजपा नेता श्री मिश्र ने कहा कि बनारसी लोग बिना किसी लाग लपेट के अपनी बात रखते हैं। अड़ी पर होने वाली देश दुनिया की संस्कृति साहित्य व राजनीतिक गतिविधियों पर सीधी व सपाट टिप्पणी व विश्लेषण की भी श्री मिश्र ने प्रशंसा की।भाजपा नेता अमरजीत मिश्र का पैतृक निवास वाराणसी के कपसेठी में गोविंदपुर गाँव में है।वे मल्हनी चुनाव में हिस्सा लेने जौनपुर आये हुए थे।श्री मिश्र ने बताया कि मुंबई समेत पूरा महाराष्ट्र कोरोना महामारी से त्रस्त है,पर शिवसेना, एनसीपी व कॉंग्रेस की सरकार आपसी हित साधने में व्यस्त है।

### नकारात्मक भावनाएं ही कष्ट का कारण: सतीश राय

**प्रयागराज।** मनुष्य के कष्ट का कारण उसके खुद की नकारात्मक भावनाएं हैं जो व्यक्ति के अंदर ही पनपते हैं और जिसके कारण शरीर के अंदर विशेष प्रकार का विष बनने लगता है। उससे उत्पन्न होने वाली जहरीली ऊर्जा को ही नकारात्मक ऊर्जा भी कहा जाता है। यह बातें आज यहां मधुबन बिहार स्थित प्रयागराज रेकी सेंटर में एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान के जाने माने जाने रेकी ग्रैंड मास्टर सतीश राय ने दो दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि स्पर्श चिकित्सा का लगातार अभ्यास करने से नकारात्मक ऊर्जा का स्थान सकारात्मक ऊर्जा ले लेते हैं। जिससे शरीर में जो विष रहता है वह धीरे धीरे बाहर निकल जाता है। व्यक्ति प्रसन्न रहने लगता है और वह निरोगी व स्वस्थ हो जाता है। रेकी ग्रैंड मास्टर सतीश राय ने बताया कि प्राचीन काल में हमारे ऋषि मुनियों भगवान बुद्ध ईसा मसीह में स्पर्श चिकित्सा की शक्ति मौजूद थी और वह स्पर्श द्वारा ही लोगों के कष्ट को दूर कर देते थे बाद में यह लुप्त हो गई। स्पर्श शक्ति रोग शोक चिंता और शरीर दुष्प्रभाव नासक है। यह सरल सुविधाजनक सस्ती दुष्प्रभाव रहित उपचार पद्धति है। प्रत्येक कार्य करने के दौरान जो प्राण ऊर्जा खर्च होती है जिसकी पूर्ति आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति तभी स्वस्थ माना जा सकता है जब वह मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ हो। श्री राय ने कहा कि स्पर्श चिकित्सा एक दैवीय शक्ति है। जिसके अंदर बड़े से बड़े कष्ट से छुटकारा दिलाने की शक्ति मौजूद है। दो दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण में चंद्रशेखर त्यागी रवि शंकर राजेंद्र पटेल आदि लोगों ने भाग लेकर लाभ उठाया।

# चारपाई पर वृद्धा का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आंशका

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के बेहटा नथई सिंह गांव स्थित ग्राम पंचायत के खेलकूद मैदान के बरामदे में सोमवार की सुबह संदिग्ध हालात में चरपाई पर वृद्धा का शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतका की बेटी से हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पुलिस ने डॉग स्कवायड व फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। बेहटा नथई सिंह गांव निवासी वृद्धा नन्हकी गांव के बाहर बने व्यायाम शाला में अकेले रहती थी। सोमवार सुबह गांव की महिला प्रधान पदमा सिंह फूल तोड़ने वहां पहुंची तो बरामदे में चरपाई पर वृद्धा का शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। प्रधान पुत्र अवधेश सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अतुल तिवारी मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गहन छानबीन की। उच्चधिकारियों के निर्देश पर डॉग स्कवायड व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतका का शव चारपाई पर पड़ा हुआ था। सिर से खून टपक रहा रहा था। सिर पर किसी भारी भरकम पत्थर से चोट किया जाना प्रतीत हो रहा है। मां के मौत की सूचना मिलने पर विवाहित बेटी रीता गांव पहुंची। जहां उसने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष अतुल तिवारी ने बताया कि मामला हत्या का हो या दुर्घटना का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थित स्पष्ट हो पाएगी।

### आम के पेड़ पर फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भांडी गांव निवासी अमित (30) पुत्र बुद्धीलाल का विवाह दस वर्ष पूर्व अजगैन कोतवाली के भगवंतपुर गांव में सरिता के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे है। वह लखनऊ में शटरिंग का काम करता था। रविवार की शाम वो काम से वापस आया और घर मे खाना खा कर बाहर सो गया। सुबह वह चारपाई से गयाब मिला। देर तक वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। तभी गांव के बाहर उसी के खेत मे लगे आम के पेड़ से उसका शव फांसी पर लटकता मिला। ग्रामीणो के अनुसार अमित ने कई लोगो से कर्ज ले रखा था। जिसको लेकर वह काफी परेशान रहता था। जिसके चलते उसने फांसी लगाकर जान दे दिया। चौकी इंचार्ज जितेन्द्र यादव ने बताया मृतक के भाई ने तहरीर दिया है कि वह मानसिक रूप से बीमार था। जिसका इलाज कानपुर में चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ब्राह्मण चेतना परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**वाराणसी।** ब्राम्हण चेतना परिषद वाराणसी के नवनियुक्त अध्यक्ष सचिन मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ब्राम्हण चेतना परिषद के धीरज शक्ल के मुताबिक वे राज्यपाल को ज्ञापन सौंपना चाहते थे लेकिन समस्त अधिकारीयों के व्यस्त होने के कारण प्रसाशनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। धीरज शुक्ल ने आरोप लगया कि भाजपा के शासन काल में ब्राम्हणों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदेश में ब्राम्हणों की लगातार हत्याए की जा रही है। प्रदेश की बजेपी सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गया है। पत्रक के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया कि कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र में पप्पू वाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कानपुर की ही नाबालिग बेटी खुशी दुबे का मामला तथा एटा की गरीब ब्राम्हण परिवार की बेटी खुशी वशिष्ठ के हत्या के मामले को सज्ञान में लेते हुए न्यायीक जाँच कराते हुए उचित कार्यवाही का मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रजानाथ शर्मा, नारायण शुक्ला, अधिवक्ता अनिल पाठक, अधिवक्ता विनोद शुक्ला, धीरज शुक्ला, ओम शुक्ला, विजय उपाध्याय, राकेश चन्द्र, देवेंद्र, राज कुमार सोनकर, अधिवक्ता अशोक सिंह आदि उपस्थित थे।

# कोर में सात दिनी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**पायनियर समचार सेवा।** प्रयागराज



**केन्द्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन हो गया। 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाप्रबंधक कोर यशपाल सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिला कर किया। सप्ताह के दौरान सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश से वाक प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता तथा क्विज़ का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में सोमवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक यशपाल सिंह द्वारा ई सतर्कता बुलेटिन दृष्टि का विमोचन किया गया तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। समारोह का समापन आधिकारिक कामकाज में पारदर्शिता तथा संगठन द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य करना सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ किया गया। इस मौके पर अमिताभ शर्मा मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कोर प्रयागराज उपस्थित रहे।

औद्योगिक क्षेत्र स्थित भारत पम्पस एंड कंप्रेशर लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्तूबर से दो नवंबर तक सफ्लता पूर्वक मनाया गया। समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक सतर्कता विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजयी प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की गई। मुख्य महाप्रबंधक रतन प्रकाश की ओर से प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य महाप्रबंधक रतन प्रकाश ने सतर्कता के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा सभी को सुधारात्मक सतर्कता तथा प्रतिदिन के कार्यों में सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते रहने की सलाह दी। वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी नावेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी महाप्रबंधक उप महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल बीपीसी यूनिट के निरीक्षक श्रीप्रकाश पाठक बीपीसी एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष श्रीराम यादव व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# शहीदों की याद में गंगा तट पर जल उठे आकाश दीप

**वाराणसी।** अमर शहिदों की याद में गंगा तट पर गंगा सेवा निधि की ओर आकाश दीप जलाए जाते हैं। कारगिल युद्ध विजय और इसमें शहिद हुए सेना के जवानों की याद में आकाशदीप जलाया जाता है। देश के अमर वीर योद्धाओं की स्मृति में सम्पूर्ण कार्तिक मास के दौरान गंगा तट पर आकाश दीप जलाया जाता है। आध्यात्मिकता और राष्ट्रवाद को समर्पित भव्य देव-दीपावली महोत्सव के साथ ही आकाशदीप का समापन होता है। काशी में सदियों-सदियों से गंगा घाटों पर अपने पूर्वजों की स्मृति में, उनके स्वर्ग लोक की यात्रा के मार्ग को आलोकित करने के लिए आकाश-दीप जलाने की परम्परा है। आकाश-दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक मास में दीप मालिकाओं से उन्हें संन्तर्पण दिया था। मान्यता है कि काशी के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पंचतीर्थ घाटों (दशाश्वमेध घाट, पंचगंगा घाट, आदिकेशव घाट, केदार घाट, अस्सी घाट) पंचगंगा घाट जहाँ पाँच पवित्र नदियों का संगम है, सम्पूर्ण कार्तिक मास में बाँस की टोकरियों में पूर्वजों-पितरों के स्वर्ग लोक की यात्रा मार्ग को आलोकित करने के लिए आकाश-दीप जलाया जाता है। इसका समापन कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर हजारों दीप जलाकर होता है। इस वर्ष कोरोना महामारी के शिकार हुए नागरीकों, कोरोना वॉरियर्स एवं भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय जल सेना, बार्डर सेक्युरिटी फोर्स, एन.डी.आर.एफ पुलिस फोर्स एवं संस्था के संस्थापक स्मृतिशेष पं. सत्येन्द्र मिश्र जी के लिए भी आकाशदीप प्रज्ज्वलित किये गये। इस अवसर पर सीआरपीएफ 95 बटालियन के कमॉण्डेन्ट नरेन्द्र पाल सिंह का स्वागत आशिष तिवारी ने किय। कार्यक्रम में पं. इन्दूशेखर शर्मा, हनुमान यादव, पंकज अग्रवाल, रविशंकर सिंह आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन सुरजीत कुमार सिंह ने दिया।

# एडीजी सुरक्षा ने श्री काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा का लिया जायजा



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पीएम** नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एडीजी सुरक्षा समेत आलाधिकारियों ने सुबह 10:30 बजे श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद कमिश्नरी सभागार में एडीजी सुरक्षा ने पुलिस अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीजी सुरक्षा विनोद कुमार सिंह ने काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का सुबह जायजा लिया तो पुलिस अधिकारियों की टीम ने भी उनको सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराया। बाबा दरबार की सुरक्षा व्यवस्था से संतुष्ट होने के बाद पुलिसए पीएसीए जिला प्रशासन और सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा और मंडलीय क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हाई पॉवर कमेटी की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। इस दौरान ज्ञानवापी और काशी विश्वनाथ मंदिर में हाई पावर कमेटी सुरक्षा के तहत जायजा लेने पहुंचे एडीजी सुरक्षा ने कई बिंदुओं को लेकर अपनी ओर से आवश ?यक दिशा निर्देश भी दिये। ज्ञानवापी स्थित सुरक्षाकर्मियों से मिले और प्वाइंट को देखते हुये आगे बढ़कर पूरे परिसर का मौका मुआयना किया। वहीं साथ चल रहे अधिकारियों से कहा कि जो भी समस्या हो उसे दूर किया जाय। इसके बाद मंदिर गए और बाबा दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान किये। बैठक में एडीजी बृजभूषण, आईजी विजय सिंह मीणा, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, एसएसपी अमित पाठक,एसपी सिटी विकासचन्द्र तिवारी, एसपीआरए मार्तण्ड प्रताप सिंह, एडीशनल एसपी (ज्ञानवापी),सीआरपीएफ के कमाडेंट, पीएसी के कमाडेंड सहित सभी आला अफसर उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय प्रवास के दौरान काशी पहुंचीं राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**महिला राज्यपाल आनंदी बेन मंगलवार को पिशाचमोचन स्थित कन्या विद्यालय के मिशन शक्ति व आंगनबाड़ी के कार्यक्रम में पहुंच सकती हैं। तैयारी पूरी, कन्या विद्यालय को रंग-रोगन कर सजाया गया है**

**प्रदेश की** महिला राज्यपाल आनंदी बेन पटेल अपने तीन दिवसीय वाराणसी प्रवास के दौरान प्राथमिक कन्या विद्यालय पिशाचमोचन(दशाश्वमेध जोन, नगर क्षेत्र)में मिशन शक्ति व आंगनबाड़ी कार्यक्रम के पांच बच्चों के अन्नप्राश एवं पांच गर्भवती महिलाओं के गोद भराई कार्यक्रम में मंगलवार को दोपहर में हिस्सा लेने पहुँच सकती है। महामहिम आनंदी बेन पटेल के कार्यक्रम के भाग लेने की सूचना पर पूरे विद्यालय का रंग-रोपन कर सजा दिया गया है। इस विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में 103 बच्चे और बच्चियों स्मार्ट क्लासेज के साथ शिक्षा ग्रहण करते है। तथा आंगनबाड़ी इंचार्ज सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 22 बच्चे और बच्चियों का रजिस्टेऊशन है। बच्चे व बच्चियों को स्कूल पूर्व एवं कुपोषित बच्चों को पोषित किया जाता है।

आंगनबाड़ी की सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यपाल आंनदी बेन पटेल के कार्यक्रम में आदित्य पाण्डेय (1 वर्ष)पुत्र संजीव पाण्डेय निवासी पिशाचमोचन क्षेत्र का विद्यालय प्रांगण में केक काटकर जन्मदिन मनाया जाएगा तथा सुधा पति जीउत, मीना पति राजन सहित तीन अन्य गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम एवं पूजा पुत्री मनोज एवं सुमन पुत्री बबलू बच्चे का अन्नप्राशन कार्यक्रम होगा। खंड शिक्षा अधिकारी (नगर क्षेत्र)महेन्द्र नाथ सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी बच्चों को बैठने के लिए तीन नई कुर्सियां खरीदी गई तथा आंगनबाड़ी केन्द्र को शिक्षा के उद्देश्य से बच्चों को शिक्षा देने के लिए विभिन्न आकृतियों को बनाया गया है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्री 'स्कूल पूर्व' कार्यक्रम के तहत शिक्षा एवं पोषण दे सकें। पूरे कन्या विद्यालय के अंदर महान विभूतियों कबीर, गोस्वामी तुलसीदास, रविदास, बुद्ध, गुरूनानक आदि महापुरूषों के चित्र को आकृति की गई है। विद्यालय में बच्चों को पानी पीने के लिए हैंडपाइप व खाना बनाने के लिए रसोईघर के अलावा शौचालय आदि के प्रबंध हैं।

राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल वाराणसी के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार की दोपहर करीब दो बजे पहुंच पहुॅच गई हैं।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल इस दौरान मिशन शक्ति और आंगनबाड़ी कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 2:30 बजे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल राजकीय विमान से एयरपोर्ट पहुंचीं और शहर की ओर प्रस्थान किया। दोपहर बाद तीन बजे राज्यपाल सर्किट हाउस पहुंचीं तो अधिकारियों ने उनकी आगवानी की।इस दौरान नीति आयोग द्वारा सेवापुरी ब्लॉक को मॉडल बनाने को लेकर चल रहे कार्यक्रमों में भी वह शामिल होंगी और क्षेत्र के विकास को लेकर लोगों से संवाद भी करेंगी। इस बाबत जिला प्रशासन की ओर से सोमवार की सुबह से ही अधिकारियों की सक्रियता क्षेत्र में बनी रही। जबकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सुबह से ही आयोजन स्थल पर सक्रियता दिखाने के साथ ही गांव में सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

# करवा चौथ को लेकर बाजारों में उमड़ रही भीड़, व्यापारियों में उत्साह



**मौरावां,उन्नाव।** क्षेत्र की बाजारों में करवा चौथ की रौनक छाने लगी है। महिलाएं सजने सवरने के लिए साड़ी से लेकर सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं खरीद रही हैं। बाजारों में महिलाओं की भीड़ और खरीदारी को लेकर व्यापारियों में उत्साह का माहौल बना है। त्योहारों का सीजन शुरू होने से व्यापारियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लगे लॉकडाउन में खासकर व्यापारियों को बड़ी दिक्कतें हुई। कंटेंटमेंट जून की वजह से भी बाजार बंद रहा तो कुछ व्यापारियों ने दूसरी बाजारों से काम शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयास के बावजूद कारोबार ने रफ्तार नहीं पकड़ी अब त्योहारों का सीजन शुरू हुआ है और महिलाएं करवा चौथ की तैयारी के लिए खूब खरीदारी कर रही हैं तो व्यापारियों के चेहरे पर भी रौनक लौट रही है। करवा चौथ त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाने के लिए महिलाओं में उत्साह का माहौल बना है। कस्बा महुआ के साथ हिलौली संधाना मोबाइल भवानीगंज क्षेत्र में महिलाएं साड़ी से लेकर सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं खरीद रही हैं। इनसेटव्यपारियों की जुबानी...लॉक डाउन के चलते कारोबार नही पनप सका। अब त्योहारों का सीजन शुरू हुआ हैं। करवा चौथ के मौके पर महिलाओं ने बनारसी साड़ी कढ़ाई की साड़ी खरीदारी की है। उम्मीद है कि त्योहारों पर भी अच्छी खासी सेल होगी। जिससे कारोबार पटरी पर लौट आएगा।-''शुभम बाजपेईं''दुकान पर कई तरह की चूड़ी और कड़ो का स्टॉक है। अलग-अलग दाम पर यह वस्तुएं उपलब्ध है, लेकिन इस बार महिलाएं राजस्थानी कड़े ज्यादा पसंद कर रही है। कड़े का दाम कुछ ज्यादा है। लेकिन आकर्षक दिख रहे। कड़े की खूब बिक्री हो रही हैं।-''जीतेन्द्र सिंह''वैश्विक महामारी कोरोना के कारण दुकानदारी धीमी गति पड़ गई थी। मगर इस समय त्योहारों की वजह से दुकानदारी में मुनाफा हो रहा है।-विशाल सोनी''कोरोना के कारण व्यापार में मंदी आ गई थी। मगर इस समय त्योहारों के कारण व्यापार कुछ रफ्तार पकड़ा है। हम व्यपारियों में इस समय खुशी की लहर दौड़ रही हैं।-''संदीप शुक्ल''

# आरक्षण के मुद्दे पर गुर्जरों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**भाषा।** जयपुर

**सरकार और गुर्जर** आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के बीच किसी प्रकार की सकारात्मक बातचीत नहीं होने के कारण गुर्जरों का आंदोलन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन के दौरान गुर्जर समाज के लोग बड़ी संख्या में पीलूपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे दिखे और कई स्थानों पर रेल पटरियों को नुकसान पहुंचाया। राजस्थान विधानसभा में भी गुर्जर आरक्षण आंदोलन का मसला उठाया गया। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विधानसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने राज्य सरकार से इस पर जवाब देने की मांग की है।

मंत्रिमंडल की उपसमिति ने गुर्जर नेताओं के साथ बातचीत की है फिर भी गुर्जर आंदोलनकारियों ने रेलवे पटरियों पर जाम लगा रखा है। राठौड़ ने कहा कि आंदोलन के चलते कई जिलों में इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है और रेल ओर सड़क यातायात को भी बंद किया गया है। राज्य सरकार को इस मुद्दे पर सदन को सूचित करना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी ने सरकार से केन्द्र द्वारा पारित तीन कृषि कानूनों को निष्प्रभावी करने के लिए पेश तीन संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद जवाब देने को कहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा ने कहा, कानून को हाथ में लेना ठीक नहीं है। मेरा उनसे (आंदोलनकारियों से) कहना है कि बातचीत के जरिए जब समस्या का समाधान हो सकता है तो आकर बात करनी चाहिए, पटरी उखाड़ने से... देश की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने से काम नहीं चलेगा।

राजस्थान विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में शर्मा ने कहा कि आरक्षण देने का काम भी हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया है। उन्होंने कहा, सबसे बड़ा मुद्दा तो आरक्षण का ही था वो तो समाधान हो गया अब कोई छोटी मोटी समस्या है अगर तो बैठ कर उसका भी समाधान निकाला जा सकता है। कानून को हाथ में लेना मैं समझता हूं ठीक नहीं है। इससे पूर्व विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री बी डी कल्ला ने कहा, सरकार ने जो मांगें संविधान सम्मत हैं वे मान ली हैं... उनको वार्ता करके आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके समाप्त करना चाहिए। पुलिस ने अनुसार बडी संख्या में युवा आंदोलनकारी भरतपुर के बयाना में रेलवे ट्रेक पर जमे हुए है और उन्होंने रेलवे ट्रेक को भी नुकसान पहुंचाया है।

## जवानों को तंदुरुस्त रखने के लिए कदम उठाती है आईटीबीपीः महानिदेशक

**जैसलमेर (राजस्थान)।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक एस एस देसवाल ने सोमवार को यहां कहा कि बल चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कठोर परिस्थितियों में रहने के लिए अपने अधिकारियों तथा जवानों को तंदुरुस्त रखने के लिहाज से अनेक कदम उठाता है। यह क्षेत्र काफी अधिक सर्दी और ऑक्सीजन के कम स्तर जैसे अनेक पहलुओं के लिहाज से प्रतिकूल है। देसवाल ने कहा कि लद्दाख के जिस क्षेत्र में पिछले कुछ महीने से भारत और चीन की सेनाओं के बीच गतिरोध की स्थिति है, वह पूरी तरह सुरक्षित है और जवानों का मनोबल ऊंचा है। आईटीबीपी प्रमुख थार रेगिस्तान में तीन दिन लंबी 200 किलोमीटर की फिट इंडिया वॉकाथन को समाप्त करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। वॉकाथन की शुरुआत 31 अक्टूबर को हुई थी और केंद्रीय खेल मंत्री किरन रिजिजू ने जिले के नाथूवाला गांव से उसे हरी झंडी दिखाई थी।



भोपाल में करवा चौथ पर्व के लिए डिजायनर मास्क पहनकर फोटो खिंचवाने के लिए तैयार महिलाएं।

## प. बंगाल में भाजपा के 12 घंटे के कल्याणी बंद का मिलाजुला असर

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में अपने पार्टी कायकर्ता की कथित हत्या के विरोध में भाजपा द्वारा कल्याणी उपसंभाग में बुलाए गए 12 घंटे के बंद के आह्वान पर मिली-जुली प्रतिक्रिया रही। कई दुकानें बंद रहीं जबकि यातायात सामान्य रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाएशपुर शहर में रविवार को बिजोय सिल नामक 34 एक व्यक्ति अपने घर के समीप एक पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिला था।

भाजपा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर उसमें शामिल हो जाने के चलते तृणमूल ने उसकी हत्या कर दी। तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप का खंडन किया है। गाएशपुर शहर में बंद के दौरान भाजपा की युवा शाखा भाजयुमो ने सुबह छह बजे मोटरसाइकिल रैली निकाली जिसे पुलिस ने रोक दिया।

सूत्रों के अनुसार कानून प्रवर्तकों ने सामान्य जनजीवन को बाधित करने का प्रयास करने पर कुछ भाजयुमो कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया और उपसंभाग के कई इलाकों में गश्त भी की। सिल के रिश्तेदार और शहर के भाजयुमो उपाध्यक्ष बप्पा सिल ने कहा, पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले सिल ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा में शामिल होने और गाएशपुर नगरपालिका क्षेत्र में भाजपा के प्रभाव को बढ़ाने में भूमिका निभाने को लेकर उनकी हत्या कर दी गई। हालांकि सिल की पत्नी और माता-पिता ने दावा किया कि वह एक दिहाड़ी मजदूर था और उसका किसी भी राजनीतिक दल से संबंध नहीं था। गाएशपुर नगरपालिका अध्यक्ष और तृणमूल नेता मारन कुमार डे ने भी भाजपा के आरोप को खारिज किया और कहा कि सिल ने खुदकुशी की।

## मिजोरम के साथ तनाव के मुद्दे पर सोनोवाल ने अमित शाह को पत्र लिखा

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कछार जिले के एक व्यक्ति की पड़ोसी राज्य में हिरासत में मौत के बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मिजोरम के साथ तनाव के मुद्दे पर पत्र लिखा।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि सोनोवाल ने इंताजुल लस्कर की मौत पर दुख व्यक्त किया है जिसका असम-मिजोरम सीमा पर कछार जिले के लैलापुर सीमा चौकी क्षेत्र से शरारती तत्वों ने अपहरण कर लिया था। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की है। बयान में कहा गया है, असम-मिजोरम सीमा पर सिलसिलेवार विवाद के बाद मुख्यमंत्री सोनोवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आज घटनाओं का ब्योरा भेजा। इसमें हालांकि शाह को भेजे गए पत्र की विषयवस्तु का उल्लेख नहीं किया गया।

## कोश्यारी को बेलगाम विवाद पर अपने कर्नाटक समकक्ष से बात करनी चाहिएः शिवसेना

**मुंबई।** शिवसेना ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को अपने कर्नाटक के समकक्ष से दक्षिणी राज्य के बेलगाम जिले में मराठी भाषी लोगों के साथ कथित तौर पर होने वाले अत्याचार के बारे में कड़े शब्दों में बात करनी चाहिए। शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी की उस कथित टिप्पणी पर भी निशाना साधा गया कि जब तक सूरज और चांद का अस्तित्व रहेगा, बेलगाम तब तक कर्नाटक का हिस्सा रहेगा। इसमें कहा है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद (बेलगाम और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में) उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है और वह यह देखकर अपना फैसला नहीं सुनाएगा कि आसमान में सूर्य और चंद्रमा मौजूद हैं या नहीं।

महाराष्ट्र बेलगाम पर भाषाई आधार पर दावा करता है लेकिन यह वर्तमान में कर्नाटक का एक जिला है जो कि पूर्ववर्ती बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। रविवार को महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्रियों ने बेलगाम के उन मराठी भाषी लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए काली पट्टी बांधी जो एक नवंबर को कर्नाटक के स्थापना दिवस को काले दिवस के रूप में मनाते हैं।

सामना के संपादकीय में आरोप लगाया गया कि पिछले 60 वर्षों से कर्नाटक में संबंधित क्षेत्रों में मराठी लोगों, भाषा और संस्कृति पर क्रूर हमले किए जा रहे हैं और काला दिवस मनाया जाना उसी की प्रतिक्रिया है। इसमें कहा है कि बेलगाम विवाद को छोड़कर, दोनों राज्यों में अन्य राज्यों की तुलना में मजबूत सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापार संबंध हैं, लेकिन जिस क्रूर तरीके से कर्नाटक में 20 लाख मराठी भाषी लोगों के साथ व्यवहार किया जाता है, उससे आक्रोश उत्पन्न होता है। इसमें लिखा है, महाराष्ट्र के राज्यपाल को अपने कर्नाटक के समकक्ष से इन अत्याचारों के बारे में कड़े शब्दों में बात करनी चाहिए। कम से कम, उन्हें बेलगाम के प्रतिनिधिमंडल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय दिलाने में मदद करने की कोशिश करनी चाहिए।

संपादकीय में आगे कहा गया है कि सावदी जैसे मंत्रियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि कर्नाटक के लाखों लोग महाराष्ट्र में व्यवसाय कर रहे हैं और खुशी से रह रहे हैं। रविवार को काली पट्टी बांधे महाराष्ट्र के मंत्रियों का उल्लेख करते हुए संपादकीय में कहा गया है कि यदि भाजपा और राज्य के अन्य दलों के नेता विरोध में शामिल हुए होते तो कर्नाटक के नेताओं को इस मुद्दे पर राज्यों की एकता का पता चला होता। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और प्रवीण दरेकर का नाम लिए बगैर, इसमें कहा गया है कि कम से कम महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद में विपक्ष के नेता लोगों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए काली पट्टी लगा सकते थे।

## क्विक न्यूज

### मप्र उपचुनावः भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प, नौ घायल

**धार, (मप्र)।** मध्यप्रदेश में धार जिले की बदनावर विधानसभा सीट पर तीन नवंबर को मतदान के पहले सोमवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इसमें छह लोग मामूली तौर पर घायल हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर तिलगारा में सोमवार दोपहर लगभग एक बजे चुनाव प्रचार के दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के वाहन आमने सामने आ गए। इसके बाद दो गुटों में संघर्ष हो गया। उन्होंने बताया कि झड़प में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपियों में से चार लोगों की शिनाख्त कर ली गई है। ए चारों कांग्रेस के पदाधिकारी है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव कुलदीप सिंह बुंदेला ने आरोप लगाया कि पुलिस कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गलत तरीके से फंसा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने विवाद और हिंसा की लेकिन प्रदेश सरकार के दवाब में पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया। भाजपा नेता गोविंद मालू ने कांग्रेस के आरोपों का खंडन किया और कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के कार्यकर्ताओं पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के तहत तीन नवंबर को मतदान होगा।

### राजस्थान मास्क को लेकर कानून बनाने वाला पहला राज्य

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए मास्क की अनिवार्यता को लेकर कानून बनाने वाला राजस्थान देशभर में पहला राज्य होगा। गहलोत ने सोमवार को ट्वीट के जरिए कहा कोरोना से बचाव हेतु मास्क की अनिवार्यता को लेकर कानून बनाने वाला देशभर में राजस्थान पहला राज्य होगा, क्योंकि कोरोना से बचाव के लिए मास्क ही वैक्सीन है और यही बचाव करेगा। कोरोना के विरुद्ध जनांदोलन के साथ ही सरकार आज कानून बनाकर मास्क को अनिवार्य करने जा रही है। राजस्थान में राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ साथ सार्वजनिक व निजी परिवहन साधनों का इस्तेमाल करते समय मास्क पहनना अनिवार्य करने के लिए सरकार ने एक संशोधन विधेयक शनिवार को विधानसभा में पेश किया था।

### ओडिशा के राज्यपाल एवं पत्नी कोविड-19 से संक्रमित


**भुवनेश्वर।** ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल और उनकी पत्नी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। राजभवन के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राज्यपाल और उनकी पत्नी के अलावा, उनके परिवार के पांच सदस्य भी संक्रमित पाए गए है। राजभवन के अधिकारियों ने ट्विटर पर बताया, माननीय राज्यपाल एवं प्रथम महिला कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है और सभी को सलाह दी जाती है कि जो लोग हाल में उनके करीबी संपर्क में आए है, वे अपनी जांच कराएं। सूत्रों ने बताया, राज्यपाल, उनकी पत्नी, और पांच अन्य को यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### असम में एक ही परिवार के पांच सदस्य घर में मृत मिले

**कोकराझार (असम)।** असम के कोकराझार जिले में एक परिवार के पांच सदस्यों ने सोमवार को कथित रूप से खुदकुशी कर ली। शक है कि उन्होंने बड़े आर्थिक बोझ के चलते यह कदम उठाया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि असम-पश्चिम बंगाल सीमा से सटे तुलसिबिल शहर में स्थित घर मे उनके शव फंदे से लटके मिले। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश रोशन ने बताया कि मृतकों की पहचान निर्मल पाल (45), उनकी पत्नी मल्लिका (40), बेटी पूजा (25), नेहा (17) और दीपा (15) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि पहली नजर में लगता है कि यह खुदकुशी का मामला है। एसपी के मुताबिक, शुरुआती जांच मे पता चला है कि पाल की तुलसिबिल मे एलपीजी सिलिंडरों की दुकान थी। उनपर 25-30 लाख रुपए का आर्थिक बोझ था। उनकी बड़ी बेटी एक निजी स्कूल मे शिक्षिका थी। अधिकारी ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है, लेकिन उसमें क्या लिखा है, इसका तत्काल पता नही चल सका। बाजार के एक व्यापारी ने दावा किया कि पाल ने अपनी सब-एजेंसी के जरिए एलपीजी कनेक्शन मुहैया कराने के लिए लोगों से बड़ी रकम ली थी लेकिन वह लॉकडाउन और तेल कंपनी द्वारा नियमों मे बदलाव करने के कारण अपना वादा पूरा नही कर पाए। ऑल असम बंगाली युवा छात्र फेडरेशन की कोकराझार इकाई ने आत्महत्याओ के पीछे साजिश का शक जताया है और उचित जांच की मांग की है। घटना के बारे में जानकारी फैलते ही, तुलसिबिल शहर में दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर दिया।

### कर्नाटक की राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव एक दिसंबर को

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के कारण अशोक गस्ती के निधन के बाद खाली हुई कर्नाटक की राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव एक दिसंबर को होगा। चुनाव आयोग ने सोमवार को यह घोषणा की। गस्ती (भाजपा) का निधन 17 सितंबर को हो गया था। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल जून, 2026 में समाप्त होना था। उपचुनाव के लिए अधिसूचना 11 नवंबर को जारी की जाएगी। सामान्य प्रक्रिया की तरह मतगणना मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद होगी।



नालबारी में कोरोना महामारी के दौरान बन्द स्कूल खुलने पर क्लास में पढ़ाई करती हुई छात्राएं।

## कांग्रेस विधायक के खिलाफ पुलिस कर्मियों को धमकी का मामला दर्ज

**छतरपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में पुलिस ने कांग्रेस के एक विधायक और तीन अन्य लोगों के खिलाफ विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान पुलिस कर्मियों को धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि कथित घटना 29 अक्टूबर को जिले के भगवा पुलिस थाने में हुई। इसके बाद पुलिस के एक अधिकारी ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई।

छतरपुर के कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी और तीन अन्य लोगों के खिलाफ 30 अक्टूबर को भादंवि की धारा 147 (दंगा), धारा 353 (लोक सेवक को अपने कर्तव्य के निर्वहन से भयोपरत करने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और अन्य संबद्ध धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव में प्रचार अभियान में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं के कुछ वाहनों को रोकने के बाद विवाद शुरू हुआ। इसके बाद कांग्रेस के नेताओं ने कथित तौर पर पुलिस अधिकारियों को धमकी दी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने हालांकि आरोप लगाया कि बड़ा मलहरा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की 28 अक्टूबर को हुई चुनावी सभा में चरण सिंह यादव कांग्रेस में शामिल हुए। इसके बाद यादव के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। यादव बसपा के टिकट पर पिछला विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यादव के खिलाफ मामला दर्ज करना चतुर्वेदी और अन्य लोगों को उपचुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने का एक प्रयास था। पुलिस ने कहा कि मामले में आरोपी चार लोगों में यादव भी शामिल है। मध्यप्रदेश में बड़ा मलहरा सहित 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के तहत मंगलवार तीन नवंबर को मतदान होना है।

## मोदी की हत्या के साजिशकर्ता स्टेन स्वामी को सोरेन की क्लीन चिट मुझे राजद्रोही बताया : दीपक प्रकाश

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भीमा कोरेगांव हिंसा के आरोपी और कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रचने वाले स्टेन स्वामी को तो क्लीन चिट दे दी लेकिन उन्हें राष्ट्रद्रोही बता दिया। दीपक प्रकाश ने मीडिया से बातचीत में रविवार को आरोप लगाया कि दुमका में एक संवाददाता सम्मेलन में उनके द्वारा अगले दो-तीन महीनों में हेमंत सोरेन सरकार के गिरने की बात कहने पर शनिवार को दर्ज कराया गया देशद्रोह का मुकदमा लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश है। प्रदेश भाजपाध्यक्ष ने आरोप लगाया, ... मुख्यमंत्री को देश की संवैधानिक संस्थाओं, न्यायालय पर भरोसा नहीं है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रचने वाले लोगों के साथ साठगांठ रखने और साजिश करने वाले स्टेन स्वामी को 20 मिनट में क्लीन चिट दे देते हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने स्टेन स्वामी के खिलाफ 5000 पन्नों का आरोप पत्र तैयार किया जिसमें हत्या की साजिश, माओवाद गठजोड़ का प्रमाणिक विवरण था पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह नहीं दिखा और उन्होंने स्टेन स्वामी को हिरासत में लिए जाने के 20 मिनट के अंदर बयान जारी कर उन्हें क्लीन चिट दे दी, जबकि प्रदेश सरकार से जनता से जुड़े सवाल पूछने पर उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला लगा दिया गया।

## प. बंगाल में बढ़ रहा भाजपा का प्रभाव, कुछ क्षेत्रों में संगठनात्मक मुद्दों का करना होगा समाधान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोगों के बीच सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विकल्प के रूप में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है लेकिन पार्टी को कुछ क्षेत्रों में संगठनात्मक मुद्दों का सुधार करना होगा। भाजपा के दो अंदरूनी सर्वेक्षणों में यह बात सामने आई है। इस घटनाक्रम से संबद्ध सूत्रों ने बताया कि भाजपा अगले साल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है और उसने लोगों का मूड जानने, अपनी एवं अपने विरोधियों की ताकत एवं कमजोरियों तथा अपने उम्मीदवारों की जीत की संभावना का आकलन करने के वास्ते अलग-अलग सर्वेक्षण करने के लिए दो एजेंसियों की सेवा ली।

सूत्रों के अनुसार पार्टी ने और एक ऐसा ही सर्वेक्षण कराने का काम हाथ में लिया है तथा वह इस माह के आखिर में प्रारंभ होगा। उनके मुताबिक 2019 के अंत तक और जुलाई में कराए गए पिछले सर्वेक्षणों के नतीजे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के सामने रखे गए। यह अगले साल अप्रैल-मई में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के वास्ते पार्टी की रणनीति तैयार करने के लिए अहम होगा। सूत्रों का कहना है कि दूसरे सर्वेक्षण में पाया गया कि चक्रवात अम्फान के बाद तृणमूल कांग्रेस के विरूद्ध लगे भ्रष्टाचार के आरोपों ने जमीनी हकीकत बदल डाली और उसे भाजपा के पक्ष में कर दिया।

भाजपा के एक केंद्रीय नेता ने कहा, पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन की लहर थी लेकिन संसदीय एवं विधानसभा चुनाव की रूपरेखा भिन्न होती है और हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। इसलिए, जमीनी हकीकत का आकलन कराने के लिए सर्वेक्षण कराए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय इकाई ने एजेंसियां नियुक्त की थी और प्रदेश भाजपा के महज चंद नेता इससे वाकिफ थे। पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले भी ऐसे ही सर्वेक्षण कराए थे। दशकों तक राजनीतिक रूप से ध्रुवीकृत रहे पश्चिम बंगाल में अपनी सीमित मौजूदगी के बाद भी भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव मे तृणमूल कांग्रेस के मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी थी। उसने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 जीती थीं। पार्टी को 40.5 फीसद वोट मिले और वह राज्य की 294 विधानसभा क्षेत्रों में से 125 से अधिक पर आगे रही थी। पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में 220 से अधिक सीटें जीतने की जुगत में लगी है।

## एसीबी ने 10 लाख रुपए की रिश्वत के मामले में कांस्टेबल व उसका दोस्त गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने 10 लाख रुपए की कथित रिश्वत के मामले में एक कांस्टेबल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल कनक सिंह सोलंकी और गांधीनगर में रहने वाले उसके दोस्त भरत राबड़ी को रविवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सोलंकी पहले एसीबी में तैनात था और अब वह दाहोद में राज्य रिजर्व पुलिस इकाई का हिस्सा है। अधिकारी ने बताया कि 2019 में जब सोलंकी एसीबी की गांधीनगर इकाई में तैनात था तो उसने मेहसाणा में वडनगर के एक राजस्व अफसर से 10 लाख रुपए की मांग की थी। सोलंकी ने उनसे कहा था कि राजस्व अफसर के खिलाफ जांच का एक आवेदन आया है और अगर अफसर पैसे देते हैं तो वह जांच को रुकवा सकता है। राजस्व अफसर ने एसीबी से संपर्क किया, लेकिन उस वक्त सोलंकी के खिलाफ बिछाया गया जाल नाकाम हो गया।




लाहौल-स्पीति जिले में बर्फबारी के दौरान बर्फ से ढकी सड़क पर जाती हुई स्थानीय महिलाएं।

# मांझी की रामविलास पासवान की मृत्यु की न्यायिक जांच की मांग

## ● मांझी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं कि वे मामले में चिराग पासवान की संदिग्ध भूमिका को उजागर करने के लिए रामविलास पासवान की मृत्यु मामले की न्यायिक जांच का आदेश दें

**भाषा।** पटना





**राजग गठबंधन** की सहयोगी पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (एचएएम) के नेता जीतन राम मांझी ने रामविलास पासवान के निधन की न्यायिक जांच की सोमवार को मांग की जिसके बाद लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने दावा किया कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक षड्यंत्र है ताकि उन्हें ऐसे समय संदेह के घेरे में लाया जाए जब चुनाव चल रहा है। चिराग पासवान ने मांझी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को इस मुद्दे के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब उनके पिता अस्पताल में भर्ती थे तब मोदी उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए उन्हें प्रतिदिन फोन करते थे। उन्होंने कहा कि कभी-कभी प्रधानमंत्री लोजपा संस्थापक की स्थिति के बारे में चिकित्सकों से जानकारी लेने के बाद उन्हें बताने के लिए भी फोन करते थे। मांझी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं कि वे मामले में चिराग पासवान की संदिग्ध भूमिका को उजागर करने के लिए रामविलास पासवान की मृत्यु मामले की न्यायिक जांच का आदेश दें। एचएएम के प्रवक्ता दानिश रिजवान ने भी मोदी को पत्र लिखकर इस मांग का समर्थन किया। रिजवान ने साथ ही इसमें चिराग के उस वीडियो का हवाला भी दिया जिसमें वह अपने पिता की मृत्यु के एक दिन बाद एक वीडियो संदेश जारी करने से पहले कथित तौर पर पूर्वाभ्यास करते और वहां उपस्थित लोगों के साथ अपने बालों को लेकर मजाक करते भी दिख रहे हैं।चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने उनके साथ राजनीतिक बदला लेने के लिए एक साजिश रची है और उन्हें एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लोजपा के अभियान को कुंद करने के लिए एचएएम को भावनात्मक मुद्दा बनाने के लिए उकसाया है।

मांझी ने सवाल किया कि किसने अस्पताल को पासवान का नियमित स्वास्थ्य बुलेटिन जारी न करने का आदेश दिया, वह इतना बड़ा नेता कौन था। मांझी ने यह भी दावा किया कि जब रामविलास पासवान अस्पताल में भर्ती थे तब लोगों को दलित नेता से मिलने से रोका गया था।

चिराग पासवान ने आठ अक्टूबर को एक ट्वीट के जरिए लोगों को अपने पिता के निधन की जानकारी दी थी।मांझी ने दावा किया कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि लोजपा नेता की मृत्यु 2-3 दिन पहले ही हो गई थी।चिराग पासवान ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मेरे पिता अस्पताल में थे, तब उन्होंने मुझे फोन किया था। मैंने उन्हें सब कुछ बताया था। उन्होंने फिर न तो फिर मुझे फोन किया और और न ही पापा से मिलने अस्पताल ही आए। राजग में वापसी के बाद से मांझी और उनकी पार्टी ने लोजपा को नियमित रूप से निशाना बनाया है। लोजपा बिहार में सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने के बाद बिहार विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ रही है। चिराग ने मुख्यमंत्री पर कई बार निशाना साधा है।

एचएएम और लोजपा दोनों ही दलित मतदाताओं से ताकत प्राप्त करती हैं और जब दोनों 2015 के विधानसभा चुनाव में राजग में थे तब मांझी और रामविलास पासवान के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। लोजपा अध्यक्ष ने कहा, कुमार, जो अब मेरे पिता की मृत्यु को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं, उन्होंने कभी मुझे अस्पताल में उनके स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए फोन नहीं किया।

उन्होंने कहा, दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी दयालु थे और वह पापा के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करने के लिए दिन में लगभग दो बार मुझे फोन करते थे और कभी-कभी मुझे यह भी बताते के लिए फोन करते थे कि डॉक्टर उनकी स्थिति के बारे में क्या कह रहे हैं। उन्होंने याद किया कि मोदी ने सासाराम में अपनी पहली चुनावी रैली में कहा था कि

### ● चिराग ने षड्यंत्र बताया

पासवान अपनी आखिरी सांस तक उनके साथ रहे।38 वर्षीय लोजपा प्रमुख ने खुद को मोदी का हनुमान घोषित किया और कहा कि वह (मोदी) एकमात्र व्यक्ति थे, जिन्होंने उनके पिता की अंतिम सांस तक उनकी चिंता की। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के चुनाव के बाद लोजपा उम्मीदवारों के चेहरे पर मुस्कान है, जबकि कुमार उदास हैं।

उन्होंने कहा, नीतीश कुमार 10 नवंबर के बाद बोरिया बिस्तर बांधेंगे। 94 विधानसभा सीटों के मतदाता मंगलवार को मतदान करेंगे।पासवान ने दावा किया कि चुनाव के बाद भाजपा-लोजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि लोजपा कार्यकर्ता कई निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों की चुपचाप मदद कर रहे हैं।लोजपा ने तीन नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में कुल 52 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिसमें 43 सीटें ऐसी हैं जहां जदयू के उम्मीदवार मैदान में हैं।पासवान ने जद(यू) और भाजपा के बीच दरार का संकेत देते हुए कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी ने फिर से सत्ता में आने पर जनता के कल्याण के लिए जहां अपने सात निश्चय को आगे बढ़ाने का फैसला किया है वहीं भाजपा ने 19 लाख रोजगार उत्पन्न करने का वादा किया है। उन्होंने सवाल किया, तो, जद (यू)-भाजप गठबंधन की भावी सरकार द्वारा किसका एजेंडा अपनाया जाएगा? लोजपा नेता ने महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव द्वारा 10 लाख सरकारी नौकरियों के वादे को लॉलीपॉप करार दिया और जानना चाहा कि 2015-17 में उप मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कार्य को पूरा क्यों नहीं किया।



पटना में दूसरे चरण के मतदान को लेकर वीवीपैट व ईवीएम यथास्थान ले जाते सुरक्षाकर्मी

# भाजपा को समर्थन देने के फैसले को लेकर जोगी की पार्टी में कलह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मरवाही विधानसभा सीट पर मंगलवार को मतदान के पहले दिवंगत मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पार्टी को अंदरूनी कलह का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी के दो विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने के फैसले का विरोध किया है। अजीत जोगी के निधन के बाद रिक्त अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित मरवाही विधानसभा सीट पर मंगलवार को मतदान होगा। राज्य के गौरेलापेंड्रामरवाही जिले में स्थित मरवाही सीट पर हो रहे उपचुनाव में जोगी परिवार और उनकी पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाति प्रमाण पत्र मामले को लेकर पार्टी के अध्यक्ष अमित जोगी और उनकी पत्नी ऋचा जोगी का नामांकन रद्द होने के बाद उनकी पार्टी ने भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर गंभीर सिंह को समर्थन देने का फैसला किया था। लेकिन, अब पार्टी के दो विधायकों ने बागी तेवर अपनाते हुए इस फैसले का विरोध कर दिया है। रविवार को गौरेला में संवाददाता सम्मेलन कर पार्टी के खैरागढ़ क्षेत्र के विधायक देवव्रत सिंह और बलौदाबाजार क्षेत्र के विधायक प्रमोद शर्मा ने अपनी नाराजगी जाहिर कर दी।देवव्रत सिंह ने बातचीत के दौरान कहा, हम (सिंह और शर्मा) दोनों को लगता है कि जोगी जी के निधन के बाद पार्टी में बने रहने के लिए कोई कारण नहीं है। इस पार्टी में हमारे लिए कोई भविष्य या राजनीतिक संभावना नहीं है। वहीं अन्य कार्यकर्ता भी अब पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। मरवाही उपचुनाव में भाजपा को समर्थन देने के फैसले को लेकर सिंह ने कहा कि यह एक बहुत ही हास्यास्पद फैसला है। अजीत जोगी ने पार्टी में एक कोर कमेटी बनाई थी।

## क्विक न्यूज

### एनजीटी ने सात से 30 नवंबर तक पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के बारे में केंद्र को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और चार राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर पूछा कि क्या जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के हित में सात से 30 नवम्बर तक पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, दिल्ली के पुलिस आयुक्त और दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों से उनका जवाब मांगा। अधिकरण ने वरिष्ठ अधिवक्ता राज पंजवानी और अधिवक्ता शिभानी घोष को इस मामले में न्याय मित्र के रूप में नियुक्त किया। अधिकरण इंडियन सोशल रिस्पांसिबिलिटी नेटवर्क द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका संतोष गुप्ता के जरिए दाखिल की गई थी। याचिका में एनसीआर में पटाखों का इस्तेमाल कर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्वाई किए जाने का अनुरोध किया गया है।इसमे कहा गया है, बढ़ता प्रदूषण संवेदनशील समूह के लोगों को प्रभावित कर सकता है और मृत्यु दर बढ़ने की आशंका है। दिल्ली में कोविड-19 के मामलों की संख्या 15 हजार प्रतिदिन होने की आशंका है और वर्तमान मे मामलों की संख्या लगभग पांच हजार प्रतिदिन है। याचिका में कहा गया है, हरित पटाखों के इस्तेमाल से स्थिति का समाधान नही होगा। धुआं फैल जाएगा और गैस चैंबर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। इससे दृश्यता का स्तर खराब होगा और दम घुटने जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी।

### कांग्रेस ने हिंदुओं पर हमले का मामला बांग्लादेश के सामने उठाने की अपील की

**कोलकाता।** बांग्लादेश के कुछ क्षेत्रों मे हिंदुओ पर हमले की खबर पर चिंता प्रकट करते हुए लोकसभा मे कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को केंद्र से तत्काल पड़ोसी देश के साथ यह मुद्दा उठाने की अपील की। उन्होंने हाल की खबर का हवाला दिया कि बांग्लादेश मे मंदिरों पर हमला किया गया और हिंदू परिवार कट्टरपंथियों की आगजनी एवं लूटपाट के शिकार बने। ढाका से 31 अक्टूबर को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार फेसबुक पर इस्लाम के प्रति असम्मान दिखाने के आरोपों को लेकर बांग्लादेश में कम से कम 15 मंदिरों में तोड़फोड़ की गई और कुछ इलाकों में अल्पसंख्यक डर के साए मे है। खबर के अनुसार बांग्लादेश मे ब्राह्मणबरहिया जिले के नसीरनगर मे रविवार को मंदिरों मे तोड़फोड़ की गई और हिंदुओ के 100 से अधिक मकान लूट लिए गए। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हबीबगंज के माधवपुर मे दो मंदिरों पर हमला किया गया। उन्होंने एक बयान मे कहा, ऐसी खबर आई है कि हमारी सरकार के रुख के चलते बांग्लादेश मे हिंदू परिवारों को निशाना बनाया गया है, तथा आगजनी एवं अन्य तरह की हिंसा की गई। भारत सरकार को इसे और बिगड़ने से रोकने के लिए यथाशीघ यह मुद्दा बांग्लादेश सरकार के सामने उठाना चाहिए।

### तमिलनाडु में किसानों की रैली में शामिल होंगे राहुल : टीएनसीसी

**चेन्नई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ तमिलनाडु में एक किसान रैली मे शामिल होंगे। यह जानकारी पार्टी की राज्य इकाई ने सोमवार को दी। तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष के एस अलागिरी ने एक बयान में कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने राज्य में 150 स्थानो पर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई है, जिसमे हल लगे ट्रैक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही घोषणा करेगी कि ए विरोध प्रदर्शन कब होंगे।संसद द्वारा पारित कृषि कानूनों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में इसी तरह की रैलियों मे वायनाड से सांसद राहुल गांधी के शामिल होने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता गांधी का इन विरोध प्रदर्शनों के अंत मे एक किसान रैली मे भाग लेने का कार्यक्रम है।

### जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही के लिए अटॉर्नी जनरल ने नहीं दी सहमति

**नई दिल्ली।** अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने न्यायपालिका के विरुद्ध आरोप लगाने पर राज्य के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी तथा उनके प्रधान सलाहकार के आचरण को सोमवार को प्रथमदृष्टया अवज्ञाकारी बताया लेकिन उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति नही दी और कहा कि यह मामला प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे के विचाराधीन है। रेड्डी ने छह अक्टूबर को अभूतपूर्व तरीके से प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि उनकी लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने और अस्थिर करने के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का इस्तेमाल किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने सोमवार को रेड्डी द्वारा प्रधान न्यायाधीश को भेजे गए पत्र का जिक्र किया और कहा कि मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार अजेय कल्लम द्वारा पत्र की विषयवस्तु को सार्वजनिक करने के लिए संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करने से संदेह पैदा होता है।

# कमलनाथ को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने आयोग के फैसले पर लगाई रोक

## स्टार प्रचारक दर्जा हटाने का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का स्टार प्रचारक का दर्जा समाप्त करने के चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने कमलनाथ की याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस भी जारी किया है। चुनाव आयोग ने बार बार आचार संहिता के उल्लंघन पर 30 अक्टूबर को कमलनाथ का स्टार प्रचारक का दर्जा समाप्त कर दिया था। इसके खिलाफ कमलनाथ ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। हालांकि मध्य प्रदेश में अब 28 सीटों पर उप चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हो चुका है। वहां मंगलवार को मतदान होना है। कमलनाथ की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग की खिंचाई करते हुए कहा कि आयोग यह तय कैसे कर सकता है कि पार्टी का नेता कौन होगा। यह हक तो पार्टी का है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी याचिका में निर्वाचन आयोग का आदेश निरस्त करने के साथ ही न्यायालय से अनुरोध किया है कि संविधान में प्रदत्त बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव को ध्यान में रखते हुए स्टार प्रचारकों या प्रचारकों द्वारा चुनाव के दौरान दिए जाने वाले भाषणों के बारे में उचित दिशा-निर्देश बनाए जाएं। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि अब यह याचिका महत्वहीन हो चुकी है क्योंकि मध्य प्रदेश में प्रचार बंद हो चुका है। कमलनाथ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह मामला निरर्थक नहीं हुआ है क्योंकि आयोग ने 30 अक्टूबर का आदेश देने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री को कोई नोटिस नहीं दिया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा कि इससे फर्क नहीं पड़ता कि मामला अब निरर्थक हो चुका है या नहीं।



बंगलुरु के एफटीसी जलाहली में अपने भ्रमण के दौरान निरीक्षण करते एयरचीफ मार्शल आरडी माथुर

## पेज एक का शेष...

### तेजस्वी व नीतीश ...

इस चरण में मतदान करने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 94 विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को मतदान के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं । सभी 41,362 मतदान केन्द्रों के लिए 41,362—41,362 सेट ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रबंध किया गया है । निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों अर्द्धसैनिक की तैनाती की गयी है । स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव की तैयारियों के तहत राज्य स्तर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में 'स्टेट कॉल सेन्टर' कार्यरत है, जो सुबह सात बजे से रात नौत बजे तक संचालित होगा। इसके लिए आम मतदाता 1800-345-1950 पर कॉल करके सम्पर्क कर सकते हैं। इसी तरह जिला स्तरीय कॉल सेन्टर के लिए 1950 नम्बर डायल किया जा सकता है। इसके अलावा राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दूरभाष (0612-2215978) कार्यरत रहेगा। बिहार विधान सभा निर्वाचन के तहत कोविड गाइडलाइन्स के अनुपालन के संबंध में तमाम एहतियाती कदम उठाये गये हैं। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की अनुशासित पंक्तिबद्धता के लिए तैयारियाँ पूरी कर ली गयी हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार प्रदेश की राजधानी पटना सिटी में 80 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं को मुफ्त परिवहन सुविधा प्रदान की गयी है। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत जिन 94 विधानसभा क्षेत्रों में 3 नवंबर को मतदान होने हैं, उनमें पटना जिला के दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र पटना नगर क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेंद्र कुमार ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों और इमारतों में पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। स्थानीय पुलिस का उपयोग अर्धसैनिक बलों के पूरक के रूप में किया गया है, जहां भी आवश्यक हो। नदियों के किनारे पडने वाले इलाकों में पुलिस द्वारा गश्ती किए जाने के साथ हवाई निगरानी भी की जाएगी और इसके लिए दो हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाएगा।

बिहार विधान सभा के दूसरे चरण के तहत जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है वे राज्य के 17 जिलों पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, नालंदा तथा पटना में पड़ते हैं 7 इस चरण में कुल 1463 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिनमें 146 महिला तथा एक ट्रान्सजेण्डर उम्मीदवार शामिल हैं। कुल 2,85,50,285 मतदाता हैं, जिनमें 1,35,16,271 महिला और 980 ट्रान्सजेण्डर मतदाता हैं। महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 27 उम्मीदवार तथा दरौली विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम चार उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में राजग में शामिल भाजपा के 46 एवं जदयू के 43 और वीआईपी के पांच उम्मीदवार मैदान मे हैं। विपक्षी महागठबंधन में शामिल राजद के 56 उम्मीदवार, कांग्रेस के 24, वामदलों के 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। लोकजनशक्ति पार्टी के 52 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन सीटों में से दो पर 2015 में राजग के साथी के तौर पर लोजपा ने जीत दर्ज की थी। रालोसपा के 36, बसपा के 33 तथा लोजपा के 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना-अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

### सात विधानसभा...

की मल्हनी सीट पर 16 उम्मीदवार आमने-सामने हैं। अमरोहा जिले की नौगांव-सादात सीट और देवरिया सीट पर 14-14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद की टूंडला और उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर 10-10 उम्मीदवार मैदान में हैं जबकि कानपुर की घाटमपुर विधानसभा सीट पर सबसे कम छह उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने इस चुनाव में अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया कि सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार जीतेंगे। मतदेय स्थल पर प्रत्येक मतदाता की थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर गाइड का भी वितरण किया गया है। उप चुनाव के लिए होने वाले मतदान में 24.34 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 13.03 लाख, 11.30 लाख महिला तथा 130 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। उप चुनाव में कुल 88 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें 9 महिला प्रत्याशी हैं। उप चुनाव में कुल 3655 मतदेय स्थल तथा 1754 मतदान केन्द्र हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 7 सामान्य प्रेक्षक तथा 7 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 301 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 46 जोनल मजिस्ट्रेट, 76 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 333 माइको ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। मतदान के लिए 5127 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 6710 बैलट यूनिट तथा 5492 वीवी पैट तैयार किये गये हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। किटिकल बूथों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए 371 बूथों पर वेबकास्टिंग भी कराई जा रही है।

### स्नातक-शिक्षक ...

में निर्वाचित सदस्य क्रमशः क्रांति सिंह, केदार नाथ सिंह, डॉ. असीम यादव, हेम सिंह पुंडीर शिक्षक नेता, डॉ. यज्ञदत्त शर्मा, उमेश द्विवेदी, चेत नारायण सिंह, जगवीर किशोर जैन, ओम प्रकाश शर्मा नेता शिक्षक दल, संजय कुमार मिश्र, ध्रुव कुमार त्रिपाठी हैं जिनका कार्यकाल 6 मई को पूरा हो चुका है।

### हाथरस मामलाः हाईकोर्ट ...

बाद दिल्ली से ही मामले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जाने लगी थी। कुछ दलों के नेताओं ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की थी। एम्बुलेंस को भी रास्ते में रोकने की कोशिशें हुईं। अगले दिन अयोध्या के विवादित ढांचा विध्वंस का फैसला आने वाला था। लिहाजा पूरा प्रदेश हाई अलर्ट पर था। इन परिस्थितियों के मद्देनजर रात में ही अंतिम संस्कार का निर्णय लिया गया था। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो हजारों लोग एकत्रित हो जाते व इसे जातीय रंग देने का प्रयास करते। यह भी कहा गया कि मृतका के पिता से अंतिम संस्कार की सहमति ली गई थी। हाथरस के तत्कालीन एसपी विक्रांत वीर ने भी अपने हलफनामें में जिलाधिकारी के कथन की पुष्टि की है। साथ ही यह भी कहा है कि अंतिम संस्कार में केरोसिन का प्रयोग नहीं किया गया था। पीठ के समक्ष आदेश के अनुपालन में एडीजीए लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार, गृह सचिव तरुण गाबा व तत्कालीन एसपी विक्रांत वीर मौजूद थे। पीठ को राज्य सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि मुआवजे की रकम मृतका के पिता के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गई है। वहीं एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मिलने वाले मुआवजे का 25 प्रतिशत भी मृतका के पिता को ट्रांसफर कर दिया गया है। जबकि बाकी के मुआवजे की रकम चार्जशीट दाखिल होने व मामले पर ट्रायल कोर्ट का फैसला आने पर देने का प्रावधान है। यह भी बताया गया कि पीड़िता के परिवार की सुरक्षा का जिम्मा सीआरपीएफ को दिया गया है। पीठ के समक्ष इस मामले के मुल्जिमों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा भी पेश हुए। उन्होंने गुजारिश किया कि विवेचना के संबध में ऐसी कोई टिप्पणी न हो जिससे उनके अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। जबकि पीड़िता के परिवार की ओर से पेश अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने ट्रायल प्रदेश से बाहर कराए जाने की मांग दोहराई। पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसपी राजू व एमिकस क्यूरी के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर पेश हुए जबकि सीबीआई की ओर से वकील अनुराग सिंह उपस्थित हुए।

### मथुरा के एक...

कान्हा गोस्वामी ने खुदाई खिदमतगार संस्था का सदस्य बताए जा रहे फैजल खान और तीन अन्य के खिलाफ दो सम्प्रदायों के बीच धार्मिक उन्माद फैलाने, धार्मिक आस्था और विश्वास को चोट पहुंचाने व उपासना स्थल को अपवित्र करने जैसे आरोपों में नामजद मुकदमा दर्ज कराया। एक सवाल के जवाब में पुलिस अधीक्षक चंद्र ने बताया कि पूछताछ का दौर खत्म हो जाने के बाद ही तय किया जाएगा कि आरोपी को कब मथुरा लाना है। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व घटी इस घटना के बाद शनिवार को देर रात कौमी एकता मंच से जुड़े मधुवन दत्त चतुर्वेदी ने प्रेम की मिसाल के तौर पर मंदिर में नमाज़ पढ़े जाने के चार फोटो पोस्ट किए गए तो रविवार को विवाद शुरू हो गया। कुछ लोगों ने संदेह जताया कि मंदिर में नमाज पढने के पीछे इन लोगों की मंशा कुछ और ही रही होगी। मंदिर के सेवायतों ने मिलकर मंदिर प्रांगण का गंगा-यमुना के जल से शुद्ध किया और बाकायदा हवन-यज्ञ कर शुद्धिकरण किया। मंदिर के सेवायतों में वरिष्ठ आचार्य हरिमोहन गोस्वामी ने कहा, फैजल की नन्दलाला के प्रति श्रद्धा-भक्ति तो हमें समझ आती है, परंतु नमाज़ अदा करते हुए फोटो डालना पाखण्ड जान पड़ता है। गोस्वामी समाज इस कृत्य की घोर निन्दा करता है। इससे भी जरूरी बात यह है कि इस सबके पीछे इन लोगों का कोई छिपा मकसद भी हो सकता है।

### एमपीएल भारतीय क्रिकेट टीम का नया पोशाक प्रायोजक

**नई दिल्ली।** फंतासी गेम से जुड़े मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) को अगले तीन साल के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का पोशाक प्रायोजक चुना गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद के एक सदस्य ने सोमवार को इसकी पुष्टि की कि बीसीसीआई ने पोशाक प्रायोजन के लिए एमपीएल के साथ करार किया है। वह नाइकी की जगह लेगा। अधिकारी ने कहा, हां, शीर्ष परिषद ने भारतीय टीम (पुरुष, महिला, ए टीमें और अंडर-19 टीमें) के पोशाक प्रायोजन करार को मंजूरी दे दी है। हालांकि प्रति मैच की दर नाइकी द्वारा भुगतान किए जा रहे 88 लाख रुपए प्रति मैच के बजाय 65 लाख रुपए प्रति मैच होगी।

### हमारे पास आक्रामक खेल दिखाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था : मोर्गन

**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान इयोन मोर्गन ने इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मैच में रणनीति के अनुसार खेल दिखाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में आक्रामकता के साथ खेलने उतरी थी क्योंकि उनके पास इसके अलावा कोई और रास्ता नही था। मोर्गन ने मैच के बाद कहा, मैंने सोचा था कि 191 रन का स्कोर प्रतिस्पर्धी रहेगा। मुझे लगता है कि आउट होकर लौटे प्रत्एक बल्लेबाज ने कहा था कि विकेट बल्लेबाजी के लिए शानदार है।

### प्रतिस्पर्धी क्रिकेट को अलविदा कहेंगे वाटसन

**दुबई।** आस्ट्रेलिया के शीर्ष हरफनमौला शेन वाटसन ने इंडियन प्रीमियर लीग से चेन्नई सुपर किंग्स के बाहर होने के साथ ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट को अलविदा कहने का मन बना लिया है। वाटसन ने कोई आधिकारिक घोषणा नही की है लेकिन समझा जाता है कि रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच में चेन्नई की जीत के बाद उन्होंने अपने साथियों को इस फैसले से अवगत कराया। इस सत्र मे उन्होंने 11 मैचों मे 299 रन बनाए। वाटसन ने दो अलग अलग टीमों के साथ आईपीएल जीता है। वह 2008 में पहले आईपीएल मे राजस्थान रॉयल्स की जीत के नायक थे जिसमें उन्होंने 472 रन बनाने के साथ 17 विकेट भी लिए थे। इसके बाद 2018 मे चेन्नई के साथ खिताब जीता।

### तिरि, संदेश एटीके मोहन बागान 27 सदस्यीय टीम में

**पणजी।** स्पेन के सेंटर बैक तिरि और भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन को एटीके मोहन बागान की 27 सदस्ईय टीम मे शामिल किया गया है। तिरि 2016 में आईएसएल जीतने वाली एटीके टीम मे थे जो बाद मे जमशेदपुर एफसी में चले गए। झिंगन इसी साल क्लब से जुड़े है। कोच अंतोनियो लोपेज हबास ने मुंबई सिटी के पूर्व डिफेंडर शुभाशीष बोस को भी टीम मे शामिल किया है। प्रीतम कोटल, सुमित राठी और प्रबीर दास को भी बरकरार रखा गया है।

# दिल्ली और बेंगलोर प्लेआफ में

- दिल्ली जीतकर, बेंगलोर हारकर फायदे में
- कैपिटल्स ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया

**भाषा।** अबु धाबी




एनरिच नोर्ट्जे और कागिसो रबादा की धारदार गेंदबाजी के बाद अजिंक्य रहाणे और शिखर धवन के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़कर दूसरे स्थान पर रहते हुए प्ले आफ में जगह बनाने में सफल रहा। इस जीत से दिल्ली की टीम के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और उसने दूसरे स्थान पर रहना तय किया। लगातार चार हार के बावजूद बेंगलोर की टीम दिल्ली को 17.3 ओवर तक जीत से रोककर 14 अंक के साथ प्ले आफ में पहुंची। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को नेट रन रेट के आधार पर पछाड़ा। नाइट राइडर्स के भी 14 अंक हैं। प्ले आफ में जगह बनाने वाली चौथी टीम का फैसला कल सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियन्स के बीच होने वाले अंतिम लीग मैच से होगा। हैदराबाद की टीम अगर जीत दर्ज करती है तो प्ले आफ में जगह बनाएगी जबकि उसकी हार पर नाइट राइडर्स नाकआउट खेलेगा। बेंगलोर की टीम सलामी बल्लेबाज देवदत्त पड्डिकल (50) के अर्धशतक के अलावा एबी डिविलियर्स (35) और कप्तान विराट कोहली (29) की उम्दा पारियों के बावजूद सात विकेट पर 152 रन ही बना सकी जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने रहाणे (60) और धवन (54) के बीच दूसरे विकेट की 88 रन की साझेदारी की बदौलत 19 ओवर में चार विकेट पर 154 रन बनाकर जीत दर्ज की। दिल्ली की ओर से नोर्ट्जे ने 33 रन देकर तीन जबकि रबादा ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। रविचंद्रन अश्विन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की टीम ने दूसरे ओवर में ही पृथ्वी साव (09) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज धवन शानदार लय में दिखे। उन्होंने क्रिस मौरिस पर तीन चौके जड़ने के बाद सिराज पर भी चौका मारा। रहाणे ने भी वाशिंगटन सुंदर का स्वागत चौके के साथ किया और फिर इसुरू उदाना पर दो चौके मारे जिससे टीम ने पावर प्ले में एक विकेट पर 53 रन बनाए। धवन और रहाणे ने बीच के ओवरों में भी रन गति कम नहीं होने दी और 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। धवन ने उदाना पर चौके के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रहाणे ने भी इस बीच उदाना पर चौका और शाहबाज अहमद (26 रन पर दो विकेट) पर छक्का जड़ा। शाहबाज ने हालांकि धवन को शार्ट फाइन लेग पर सुंदर के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 41 गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे। रहाणे ने शाहबाज की गेंद पर एक रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दिल्ली को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 32 रन की दरकार थी। शाहबाज ने इसके बाद दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर (07) को पवेलियन भेजा जबकि सुंदर ने रहाणे की पारी का अंत किया। रहाणे ने 45 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। दिल्ली को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 15 रन की जरूरत थी।

#### स्कोर

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** फिलिप का पृथ्वी बो रबादा 12,पड्डिकल बो नोर्ट्जे 50,कोहली का स्टोइनिस बो अश्विन 29,डिविलियर्स रन आउट 35,मौरिस का पंत बो नोर्ट्जे 00, दुबे का रहाणे बो दुबे 17,वाशिंगटन नाबाद 00,उदाना का अय्यर बो नोर्ट्जे 04, अहमद नाबाद 01,**अतिरिक्त:** 04,**कुल:**20 ओवर मे चार विकेट पर: 152 ,**विकेट पतन:** 1-25, 2-82, 3-112, 4-112, 5-145, 6-146, 7-150,**गेंदबाजी:**सेम्स 4-0-40-0,अश्विन 4-0-18-1,नोर्ट्जे 4-0-33-3,रबादा 4-0-30-2, अक्षर 4-0-30-0

**दिल्ली कैपिटल्स:**साव बो सिराज 09,धवन का सुंदर बो शाहबाज 54,रहाणे का दुबे बो सुंदर 60, अय्यर का सिराज बो शाहबाज 07, पंत नाबाद 08,स्टोइनिस नाबाद 10, **अतिरिक्त:** 06,**कुल:**19 ओवर मे चार विकेट पर: 154 , **विकेट पतन:** 1-19, 2-107, 3-130, 4-136,**मौरिस** 2-0-19-0,**सिराज** 3-0-29-1,**सुंदर** 4-0-24-1,**उदाना** 2-0-24-0,**चहल** 4-0-29-0,**शाहबाज** 4-0-26-2

## सनराइजर्स और प्लेऑफ के बीच खड़ी है मुंबई की मजबूत दीवार

**शारजाह।** अपने पिछले दो मुकाबलों में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को हराकर लय हासिल कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। हैदराबाद की टीम का नेट रनरेट प्लेऑफ की दौड़ में शामिल दूसरी टीमों से बेहतर है ऐसे में मुंबई को हराकर वे टूर्नामेंट अंतिम चार में जगह पक्की कर सकते हैं। आक्रामक जॉनी बेयरस्टॉ को अंतिम 11 से बाहर करने का कठिन फैसला लेने के बाद टीम सही संयोजन बनाने में कामयाब दिख रही है। ऋद्धिमान साहा ने डेविड वार्नर के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित किया है जबकि जेसन होल्डर ने टीम को हरफनमौला खिलाड़ी का विकल्प दिया है। रॉयर चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवरों में तेज गेंदबाज होल्डर और संदीप शर्मा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन और अनुभवी राशिद खान की मौजूदगी से टीम की गेंदबाजी में पैनापन है। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में जीत दर्ज करने के बाद कप्तान वार्नर ने कहा था, 2016 में भी टीम के सामने ऐसी ही चुनौती थी और हमने आखिरी के तीन मैचों में जीत दर्ज की थी।

## कोच की सलाह पर पारी का आगाज करने से मिली रुतुराज को सफलता



**पुणे।** चेन्नई सुपरकिंग्स के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड के कोच संदीप चव्हाण ने कहा कि उन्होंने सात साल पहले इस युवा खिलाड़ी को पारी का आगाज करने की सलाह दी थी। महाराष्ट्र के इस खिलाड़ी की तारीफ इंडियन प्रीमियर लीग की उनकी फ्रेंचाइजी के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भी की। उन्होंने लगातार तीन पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन मैन ऑफ द मैच हासिल किए। चव्हाण ने कहा, वह वेंगसरकर क्रिकेट अकादमी में हमारा प्रशिक्षु थे। मुझे लगता है तब वह 16 साल के थे और जूनियर स्तर पर महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते थे। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि मैंने रुतुराज से क्लब मैच में पारी का आगाज करने की सलाह दी और कहा कि इससे उन्हें भविष्य में फायदा होगा।

## धोनी अगर सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं तो अच्छा प्रदर्शन करना असंभव होगा: कपिल



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि अगर महेंद्र सिंह धोनी इस साल की तरह बिना मैच अभ्यास के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का फैसला करते हैं तो उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करना असंभव होगा। आईपीएल में 11वीं बार खेल रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम इस बार पहली बार आईपीएल प्ले आफ में जगह बनाने में नाकाम रही और पिछले साल विश्व कप सेमीफाइनल के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे धोनी 14 मैचों में 116 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 200 रन ही बना सके जबकि इस दौरान उन्होंने कोई अर्धशतक भी नहीं जड़ा। दिल का दौरा पड़ने के बाद हाल में एंजियोप्लास्टी कराने वाले कपिल चाहते हैं कि यह पूर्व भारतीय कप्तान अपनी फॉर्म वापस हासिल करने के लिए घरेलू टूर्नामेंटों में अधिक खेले। कपिल ने एबीपी न्यूज से कहा, अगर धोनी हर साल सिर्फ आईपीएल में खेलने का फैसला करते हैं तो उसके लिए अच्छा प्रदर्शन करना असंभव होगा। आयु के बारे में बात करना सही नहीं है लेकिन उसकी आयु (39 बरस) में वह जितना अधिक खेलेगा शरीर उतना ही लय में रहेगा। अगर आप साल में 10 महीने क्रिकेट नहीं खेलोगे और अचानक आईपीएल खेलोगे तो आप देख सकते हो कि क्या होगा। इतना क्रिकेट खेलने पर किसी सत्र में उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। क्रिस गेल जैसे खिलाड़ी के साथ भी ऐसा हुआ है। कपिल का मानना है कि धोनी को इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहिए। उसे प्रथम श्रेणी क्रिकेट (घरेलू लिस्ट ए और टी20) में जाना चाहिए और वहां खेलना चाहिए।

## मैं संन्यास ले रही हूं, खेल से नही, नकारात्मकता और डर से : सिंधू



**भाषा।** नई दिल्ली

विश्व चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने सोमवार को सोशल मीडिया पर मैं संन्यास ले रही हूं लिख कर सनसनी फैला दी लेकिन उन्होंने लंबे बयान में स्पष्ट किया कि वह वास्तव में कोविड-19 महामारी के कारण फैली नकारात्मकता, डर और अनिश्चितता से संन्यास ले रही है। ओलेपिक में रजत पदक जीतने वाली यह खिलाड़ी फिलहाल लंदन स्थित गेटोरेड स्पोर्ट्स साइंस इंस्टीट्यूट में अपने पोषण और फिटनेस की जरूरतों पर काम कर रही है। उन्होंने अपने पोस्ट में की शुरूआत मे लिखा डेनमार्क ओपन आखिरी कड़ी थी। मैं संन्यास ले रही हूं। मैं आज आपको लिख रहा हूं कि मेरा सफर अभी पूरा नहीं हुआ है। डेनमार्क ओपन में भारत का प्रतिनिधित्व करना इस मामले में आखिरी कड़ी रहा। मैं आज के दौर की अशांति से संन्यास ले रही हूं, मैं नकारात्मकता , डर और अनिश्चितता से संन्यास ले रही हूं। मैं उस अज्ञात चीज से संन्यास ले रही हूं जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं स्वच्छता मानकों के खराब स्तर और वायरस के प्रति हमारे अभावपूर्ण रवैए से संन्यास लेना चाहती हूं। इस 25 साल के खिलाड़ी के पोस्ट ने खेल मंत्री किरेन रीजीजू को भी चौका दिया। रीजीजू ने सिंधू को टैग करते हुए ट्वीट किया, सिंधू आपने वास्तव में मुझे एक छोटा सा झटका दे दिया था। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि आपके पास देश के लिए कई खिताब जीतने की ताकत और इच्छाशक्ति है। मार्च में ऑल इंग्लैंड के रूप में अपना पिछला टूर्नामेंट खेलने वाली यह स्टार खिलाड़ी जनवरी में विश्व टूर के एशिया चरण से वापसी की योजना बना रही है। यह महामारी मेरे लिए आंखें खोलने वाली रही। मैं विरोधी खिलाड़ियों को चुनौती पेश करने के लिए कड़ी मेहनत कर सकती हूं, पूरे दमखम के साथ आखिरी शॉट तक पूरा जोर लगा सकती हूं।

## सिल्वा का गोल, मैड्रिड से आगे निकला सोसीडाड

### बेल के कमाल से जीता टोटेनहैम, आर्सनल से हारा यूनाईटेड

**लंदन।** गेरेथ बेल के निर्णायक गोल की मदद से टोटेनहैम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट मे रविवार को यहां ब्राइटन को 2-1 से हराया। बेल 70वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर उतरे थे और उन्होने इसके बाद तीसरे मिनट में ही गोल कर दिया।



टोटेनहैम की तरफ से पहला गोल हैरी केन ने 13वें मिनट में पेनल्टी पर किया था लेकिन तारिक लैम्पटे ने 56वे मिनट मे ब्राइटन को बराबरी दिला दी थी। इस जीत से टोटेनहैम अंकतालिका में लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस बीच मैनचेस्टर यूनाईटेड का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उसे आर्सनल ने 1-0 से हराया। यूनाईटेड की यह इस सत्र में छह मैचों में तीसरी हार है। आर्सनल की तरफ से महत्वपूर्ण गोल 69वें मिनट मे पियरे एमरिक अबामयांग ने पेनल्टी पर किया। आर्सनल की यह ओल्ड ट्रैफर्ड मे पिछले 14 वर्षो मे पहली जीत है जबकि यूनाईटेड की पिछले 48 वर्षो मे सत्र की यह सबसे खराब शुरुआत है। उसने पहले छह मैचों मे केवल सात अंक हासिल किए है और वह 15वें स्थान पर है। उसने इस सत्र मे घरेलू मैदान पर कोई मैच नही जीता है। अन्य मैचों मे साउथम्पटन ने एस्टन विला को 4-3 से हराया जबकि न्यूकास्टल ने एवर्टन को 2-1 से पराजित किया।

### लिली का अजेय अभियान जारी, पर पीएसजी से दो अंक पीछे

**पेरिस।** लिली फ्रांस फुटबॉल लीग मे एकमात्र टीम है जिसने अभी तक कोई मैच नही गंवाया है लेकिन लियोन से 1-1 से ड्रा खेलने के कारण वह अंकतालिका मे मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से दो जोनाथन बाम्बा ने 21वें मिनट में लिली को बढ़त दिलाई लेकिन लियोन ने 40वे मिनट मे जेकी सेलिक के आत्मघाती गोल से बराबरी कर दी। लिली के अब नौ मैचों मे 19 अंक हो गए है जबकि पीएसजी ने नांटेस पर 3-0 की जीत से अपने अंको की संख्या 21 कर दी है। इस बीच नीस ने कोच पैट्रकि वियरा की अगुवाई में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और ऐंजर्स पर 3-0 से जीत दर्ज की।

**भाषा।** मैड्रिड

डेविड सिल्वा ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गोल करके अपनी नई टीम के लिए खाता खोलने का इंतजार खत्म किया जिससे रीयाल सोसीडाड रविवार को सेल्टा विगो को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग अंकतालिका में रीयाल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। सिल्वा ने मैच का पहला गोल दागा। इसके बाद विलियम जोस ने दो गोल किए जबकि मिकेल ओयारजाबेल ने भी गोल किया। इससे सोसीडाड के 17 अंक हो गए हैं और वह रीयाल मैड्रिड से एक अंक आगे हो गया है। मैड्रिड ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। सेल्टा की तरफ से एकमात्र गोल इयागो एस्पास ने किया। सिल्वा एक दशक तक मैनचेस्टर सिटी की तरफ से खेलने के बाद इस सत्र में सोसीडाड से जुड़े थे लेकिन वह इस मैच से पहले तक अपनी नई टीम के लिए कोई गोल नहीं कर पाए थे।

## एमएसएमई के लिए आपात ऋण गारंटी सुविधा योजना की अवधि एक माह बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए शुरू की गई आपात रिण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की समयसीमा एक माह बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दी। योजना के तहत अभी तक तीन लाख करोड़ रुपए के निर्धारित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सका है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस योजना की घोषणा मई में की थी। कोरोना वायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास के तहत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत करीब 21 लाख करोड़ रुपए के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी। योजना के तहत एमएसएमई को गारंटी मुक्त रिण सुविधा उपलब्ध कराने के वास्ते ईसीएलजीएस की शुरुआत की गई थी।

## रिलायंस की केजी बेसिन के आर श्रृंखला क्षेत्र से गैस उत्पादन दिसंबर तक शुरू करने की योजना

नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की अपने पूर्वी अपतटीय क्षेत्र केजी-डी6 ब्लॉक में दूसरे दौर में की गई खोज से नवंबरादिसंबर में उत्पादन शुरू करने की योजना है। रिलायंस इंस्ट्रीज ने निवेशकों को यह जानकारी दी। कंपनी कृष्णा गोदावरी बेसिन केजी-डी6 में तीन परियोजनाओं पर काम कर रही है। इस ब्लॉक में पुराने कुओं से उत्पादन इस साल फरवरी में रूक गया था। इसमें तीन क्षेत्रों में से आर- श्रृंखला पहला क्षेत्र होगा, जहां उत्पादन शुरू होगा। कंपनी ने निवेशकों के समक्ष कहा, सभी कुओं की खुदाई, परीक्षण का काम पूरा हो चुका है तथा उसे जोड़ा जा चुका है। समुद के भीतर का काम और परीक्षण कार्य पूरे हो चुके हैं।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे की गिरावट के साथ 74.42 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे कमजोर होकर 74.42 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर निवेशक जोखिम उठाने से कतरा रहे हैं, इससे रुपए की धारणा पर भी असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.40 पर खुला और आगे अधिक गिरावट के साथ अंत में डॉलर के मुकाबले 32 पैसे की गिरावट दर्शाता 74.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। 74.28 रुपए के उच्चतम स्तर और 74.45 रुपए के निम्नतम स्तर के बीच घट-बढ़ हुई। बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 23 पैसे घटकर दो महीने के निचले स्तर 74.10 पर बंद हुआ था।

### एनटीपीसी निदेशक मंडल ने चेयरमैन, प्रबंध निदेशक का कार्यकाल जुलाई 2025 तक बढ़ाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के निदेशक मंडल ने सोमवार को कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह का कार्यकाल 31 जुलाई, 2025 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी। सिंह का विस्तारित कार्यकाल चार फरवरी, 2021 से शुरू होगा। बिजली कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी के निदेशक मंडल की हुई बैठक में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह का कार्यकाल चार फरवरी, 2021 से 31 जुलाई, 2025 तक बढ़ाए जाने को मंजूरी दी गई।

# बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट पर विराम

- सेंसेक्स 144 अंक मजबूत, वित्तीय कंपनियों के शेयर चमके

**भाषा।** मुंबई,







शेयर बाजारों में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। उत्साहजक वृहत आर्थिक आंकड़े के बीच बैंक तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों की अच्छी मांग से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गिरावट का बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। इसके अलावा वैश्विक बाजारों में सकारात्मक प्रवृत्ति से भी धारणा पर बल मिला।

हालांकि अमेरिकी डॉलर के मुकाले रुपए में गिरावट से तेजी पर अंकुश लगा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.51 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,757.58 अंक पर बंद हुआ हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 633.11 अंक का उतार-चढ़ाव आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 26.75 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,669.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 7.10 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक में भी अच्छी तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवारको कहा कि उसका एकीकृत लाभ सितंबर तिमाही में 4,882 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने और महामारी संबंधी प्रभाव को लेकर कम प्रावधान से बैंक का लाभ बढ़ा है। वहीं आवास ऋण कंपनी एचडीएफसी लि. ने सोमवार को कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 57.5 प्रतिशत घटकर 4,600 कराड़ रुपए रही।

### सोने में 103 और चांदी में 793 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार मे बहुमूल्य धातुओं की कीमतो मे तेजी के रुख और रुपए के मूल्य में गिरावट आने के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार मे सोमवार को सोना 103 रुपए की तेजी के साथ 51,286 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र मे सोना 51,183 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 793 रुपए की तेजी के साथ 62,155 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई जो इससे पहले के कारोबारी सत्र मे 61,362 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।


## भारत के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की विश्व रैंकिंग में जगह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिकों की टीम द्वारा किए गए एक विस्तृत विषय-वार विश्लेषण में, देश भर में फैले विभिन्न नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के दस वैज्ञानिकों को भारत में शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की विश्व रैंकिंग में जगह मिली है। स्टैनफोर्ड टीम ने दुनिया के 1 लाख से अधिक शीर्ष वैज्ञानिकों का एक डेटाबेस बनाया है। सूची तैयार करने में, विभिन्न वैज्ञानिक प्रभाव पैरामीटर जैसे उद्धरणों की संख्या, एच-इंडेक्स आदि को ध्यान में रखा गया है। अध्ययन में अपनाई गई विज्ञान और वर्गीकरण की विभिन्न धाराओं के लिए वर्गीकरण किया गया है। डॉ. एस.जे.एस. फ्लोरा, वर्तमान में एनआईपीईआर-रायबरेली के निदेशक और एनआईपीईआर मोहाली (अतिरिक्त प्रभार) ने विष विज्ञान विषय की श्रेणी में भारत के शीर्ष वैज्ञानिक (भारत में 1 और दुनिया में 44 वें स्थान पर) को स्थान दिया है। जारी की गई सूची पर प्रतिक्रिया करते हए, डॉ. फ्लोरा ने अपने शोध छात्रों को सफलता दी जिन्होंने उनके पेशेवर करियर में बहुत योगदान दिया। उन्होंने विभिन्न एनआईपीईआर (एनआईपीईआर मोहाली और एनआईपीईआर अहमदाबाद) और देश के अन्य संस्थानों के साथी वैज्ञानिकों को भी बधाई दी।

# विनिर्माण पीएमआई अक्टूबर में लगातार तीसरे महीने बढ़ा, उत्पादन में 13 साल की सबसे तेज वृद्धि

**भाषा।** नई दिल्ली



देश की विनिर्माण गतिविधियों में अक्टूबर में लगातार तीसरे महीने सुधार हुआ है। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वे के अनुसार बिक्री में सुधार के बीच कंपनियों के उत्पादन में 13 साल की (अक्टूबर, 2007 के बाद) सबसे तेज वृद्धि हुई है। आईएचएस मार्किट इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्टूबर में बढ़कर 58.9 पर पहुंच गया, जो सितंबर में 56.8 था। यह क्षेत्र की सेहत में पिछले एक दशक से अधिक का सबसे अच्छा सुधार है। लगातार 32 माह तक वृद्धि दर्ज करने के बाद अप्रैल में इस सूचकांक में गिरावट आई थी। पीएमआई के 50 से ऊपर होने का मतलब गतिविधियों के विस्तार से और 50 से नीचे होने का मतलब संकुचन से होता है। आईएचएस मार्किट की इकनॉमिक्स एसोसिएट निदेशक पोलीअन्ना डे लीमा ने कहा, भारतीय विनिर्माताओं के पास नए ऑर्डर आ रहे हैं और उत्पादन में भी कोविड-19 की वजह से पैदा हुई अड़चनों के बाद सुधार हो रहे हैं। अक्टूबर के पीएमआई आंकड़ों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

### जीएसटी मुआवजा: 16 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों को हस्तांतरित किए 6,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवाकर (जीएसटी) संग्रह मे कमी के मुआवजे की दूसरी किस्त के तौर पर केंद्र 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशो को 6,000 करोड़ रुपए सोमवार को हस्तांतरित किए। इनमें महाराष्ट्र, बिहार, असम, पुडुच्चेरी और दिल्ली भी शामिल हैं। जीएसटी व्यवस्था के तहत राज्य सरकारों के राजस्व मे कमी पूरी करने के लिए केंद्र सरकार उन्हें मुआवजा देती है। मुआवजे की राशि संग्रह के लिए अलग से उपकर का प्रावधान है। कोविड-19 संकट और लॉकडाउन के चलते केंद्र एवं राज्य सरकारों के जीएसटी संग्रह मे कमी आई है। इससे पहले केंद्र सरकार ने 23 अक्टूबर को जीएसटी राजस्व की कमी पूरा करने के लिए पहली किस्त के रूप में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली एवं जम्मू-कश्मीर को 6,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए थे। दूसरी किस्त मे केंद्र शासित प्रदेश पुडुच्चेरी को भी जोड़ लिया गया है।

### एस्कार्ट्स के दूसरे तिमाही का शुद्ध मुनाफा दोगुना हो 227 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** कृषि उपकरण और इंजीनियरिंग कंपनी, एस्कॉर्ट्स का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही मे 227.22 करोड़ रुपए हो गया।यह एक साल पहले से दोगुनो से भी अधिक है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि मे 101.54 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### वाहन क्षेत्र में नियुक्तियों में सुधार जारी, 29 प्रतिशत वृद्धि: नौकरी डॉट कॉम

**नई दिल्ली।** भारत के वाहन क्षेत्र में नियुक्तियो मे सुधार जारी है और सितंबर महीने मे इसमें 29 प्रतिशत की क्रमिक वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, यह अब भी कोरोना वायरस महामारी से पहले के स्तर से नीचे है। रोजगार संबंधी ऑनलाइन सेवाएं देने वाले पोर्टल नौकरी डॉट कॉम ने इसकी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जून, 2020 से ही सकारात्मक रुख बना हुआ है और माह-दर-माह सुधार हो रहा है। जब हम कोविड से पहले और बाद के इस क्षेत्र के प्रदर्शन के स्तर की तुलना करते है, इसमें स्पष्ट सुधार दिखता है। हालांकि, यह अब भी कोविड से पहले के स्तर की तुलना मे सितंबर में 25 प्रतिशत नीचे बना हुआ है।

### बंधन बैंक का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 920 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बंधन बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 5.3 प्रतिशत कम होकर 920 करोड़ रुपए पर आ गया। बैंक को साल भर पहले की समान तिमाही में 971.80 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि इस दौरान उसकी कुल आय साल भर पहले के 1,889.30 करोड़ रुपए से 22 प्रतिशत बढ़कर 2,304.90 करोड़ रुपए हो गई। इस दौरान ब्याज से प्राप्त आय 25.8 प्रतिशत बढ़कर 1,923.1 करोड़ रुपए और ब्याज को छोड़ अन्य स्रोतों से प्राप्त आय 6.1 प्रतिशत बढ़कर 381.8 करोड़ रुपए हो गई।

# दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति ली म्युंग बाक वापस जेल भेजे गए

**एपी। सोल**

**दक्षिण कोरिया** की शीर्ष अदालत द्वारा भ्रष्टाचार के अपराध में 17 साल की सजा को बरकरार रखने के फैसले के चार दिन बाद पूर्व राष्ट्रपति ली म्युंग बाक को सोमवार को जेल वापस भेज दिया गया।

दक्षिण कोरिया के टेलीविजन पर एक प्रसारण में काले वाहनों के काफिले को सोल के डोंगबू हिरासत केंद्र पर पहुंचते दिखाया गया। इन वाहनों में से एक में पूर्व राष्ट्रपति भी थे। इस केंद्र के अधिकारियों ने बाद में उनकी कैद की पुष्टि की।

इससे पहले सोमवार को पहले बाक को उनकी सजा के बारे में औपचारिक रूप से अधिसूचित करने और उनकी पहचान के सत्यापन के लिए उनके घर से सोल के अभियोग कार्यालय ले जाया गया।

बाक (78) को 2008-13 के दौरान राष्ट्रपति रहने के दौरान और उससे पहले सैमसंग समेत बड़े उद्योगपतियों से रिश्वत लेने, अपने स्वामित्व वाली कंपनी से धन की हेराफेरी करने तथा अन्य भ्रष्टाचार करने को लेकर दोषी ठहराया गया है।

प्रारंभ में सोल की एक जिला अदालत ने 2018 में बाक को 15 साल की कैद की सजा सुनाई थी। कई महीने बाद उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। लेकिन एक अपीलीय अदालत द्वारा जमानत रद्द करने और 17 साल की कैद की सजा सुनाए जाने के बाद इस साल फरवरी में उन्हें फिर हिरासत में ले लिया गया।

बाक ने जमानत रद्द करने के फैसले के विरूद्ध अपील की और कुछ दिन बाद उन्हें फिर रिहा कर दिया गया। बृहस्पतिवार को उच्चतम नयायालय ने उनकी 17 साल की कैद की सजा को बरकरार रखा।

## खैबर पख्तूनख्वा सरकार के मंत्री ने विपक्षी गठबंधन से पेशावर रैली स्थगित करने का आग्रह किया

**भाषा। पेशावर**

**पाकिस्तान** में खैबर पख्तूनख्वा सरकार के एक मंत्री ने विपक्षी दलों के एक गठबंधन से प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पेशावर में अपनी आगामी रैली आतंकवादी हमले की आशंका के चलते स्थगित करने का आग्रह किया है। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) 11 विपक्षी दलों का एक गठबंधन है जिसका गठन 20 सितंबर को किया गया था। इस गठबंधन ने खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ (पीटीआई) सरकार को हटाने के लिए एक कार्य योजना के तहत तीन चरणों वाला एक सरकार विरोधी आंदोलन शुरू किया है।

पीडीएम ने इससे पहले गुजरांवाला, कराची और क्वेटा में रैलियां की थीं और उसकी योजना 22 नवंबर को पेशावर में अपना अगला प्रदर्शन करने की है। प्रांत के श्रम एवं संस्कृति मंत्री शौकत यूसुफजई ने गठबंधन से सुरक्षा खतरों के कारण इस रैली को स्थगित करने का आग्रह किया है। पीडीएम के नेताओं ने श्रम मंत्री के अनुरोध को नजरअंदाज किया और इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि यूसुफज़ई का कद वैसा नहीं है कि वह विपक्षी नेताओं से रैली को स्थगित करने के लिए कहें। विपक्षी गठबंधन ने आरोप लगाया है कि सेना ने दो साल पहले चुनाव में धांधली करके खान को सत्ता में बैठाया था। पाकिस्तान की सेना ने राजनीति में हस्तक्षेप से इनकार किया है। वहीं, खान ने इस बात से भी इनकार किया कि सेना ने उन्हें चुनाव जीतने में मदद की।



तुर्की के इजमिर में बिल्डिंग के धराशायी होने के बाद सुरक्षा व राहतकर्मी मौके पर बचाव निरीक्षण करते हुए

## ईरान ने वार्षिक वायु सेना अभ्यास शुरू किया

**तेहरान।** ईरान की वायु सेना ने वार्षिक अभ्यास सोमवार को शुरू किया। सरकारी टीवी ने खबर दी है कि इस अभ्यास में अमेरिका और रूस में बने पुराने लड़ाकू विमानों के साथ ही स्थानीय तौर पर बनाए गए ड्रोन और अन्य विमान हिस्सा ले रहे हैं। दो दिन चलने वाले इस अभ्यास में वायुसेना के आठ हवाई अड्डे हिस्सा लेंगे। इसमें मिसाइल दागने और हवा में ईंधन भरने का अभ्यास शामिल है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा ईरान पर हथियारों की खरीद को लेकर लगाए गए दशक भर लंबे प्रतिबंध के बाद से यह दूसरा अभ्यास है। इस प्रतिबंध के तहत ईरान पर विदेशों से टैंक, लड़ाकू विमान जैसे हथियार खरीदने पर रोक है। यह प्रतिबंध अक्टूबर में खत्म हो गया है। बताया जाता है कि ईरान नए लड़ाकू विमान खरीदने में दिलचस्पी रखता है। उसके पास अब भी अमेरिकी एफ-14 टॉमकैट्स, के साथ-साथ एफ-4एस और एफ-5एस हैं जो 1979 में हुई इस्लामी क्रांति से पहले के हैं।

# नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का मामला ब्रिटेन की अदालत में अंतिम स्तर की तरफ

**भाषा। लंदन**

**भारत में** धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का मामला मंगलवार को लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत में अंतिम स्तर में पहुंचने की संभावना है। पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े करीब दो अरब डॉलर के घोटाले के मामले में प्रत्यर्पण के खिलाफ लड़ रहे 49 वर्षीय हीरा कारोबारी की पेशी मामले में ताजा सुनवाई के लिए दक्षिण-पश्चिम लंदन में वैंड्सवर्थ जेल से वीडियो लिंक के माध्यम से होगी जिस दौरान डिस्ट्रिक्ट जज सैमुअल गूजी आरोपी के खिलाफ प्रथमदृष्टया मामला साबित करने के लिए सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मुहैया कराए गए कुछ साक्ष्यों की स्वीकार्यकता के खिलाफ नीरव के बचाव दल की दलीलों को सुनेंगे।

भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील रख रही क्राउन प्रोसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) इस बात पर जोर देगी कि साक्ष्य उन जरूरी मानकों को पूरा करते हैं जो ब्रिटेन की अदालत के लिए इस बारे में विचार करने के लिए जरूरी हैं कि नीरव मोदी का मामला भारतीय न्याय प्रणाली के समक्ष भेजे जाने योग्य है या नहीं।

### भारतीय मूल के व्यक्ति को तीन वर्ष की सजा

**सिंगापुर (भाषा)।** सिंगापुर में सोमवार को भारतीय मूल के 37 वर्षीय व्यक्ति को पिछले साल दिनदहाड़े जेवरात की दुकान में लूटपाट के मामले में दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष की जेल और छह बेंत मारे जाने की सजा सुनाई गई। वारदात के दौरान 87,880 डॉलर की कीमत का सामान लूटा गया था। वीरमणि सुब्रन दास को अपराध में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया। उसके भारतीय मूल के दो सिंगापुरी कथित साथियों एम जगदीश (28) और शरविंद्रन सुप्पिया (32) के खिलाफ मामलों की सुनवाई अभी लंबित है। उप लोक अभियोजकों थियागेश सुकुमारन और जेरेमी बिन ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि जगदीश पिछले वर्ष 13 अगस्त को अपने दो अन्य साथियों से रात करीब नौ बजे मिला और उनसे कहा कि वह जेवरात की दुकान और एक अन्य स्थान पर अगले दिन लूटपाट करना चाहता है।

# राष्ट्रपति चुना गया तो बढ़ते अधिपत्यवाद से मुकाबले के लिए सम्मेलन आयोजित करुंगा :बाइडेन

**एजेंसी। फाएटेविले (अमेरिका)**

**अमेरिका में** राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा है कि अगर वह निर्वाचित होते हैं तो अपने कार्यकाल के पहले साल में दुनिया में बढ़ते अधिपत्यवाद से मुकाबले के लिए, लोकतंत्रों का एक वैश्विक सम्मेलन बुलाएंगे और चुनाव सुरक्षा तथा मानवाधिकारों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

बाइडेन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दुनिया के हर निरंकुश शासक को गले लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे अमेरिका की विश्वसनीयता कम हुई है ।पूर्व उप राष्ट्रपति ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा, एक चीज जिसने हमें बहुत बुरी तरह आहत किया है वह है कि इस राष्ट्रपति ने दुनिया के हर ठग और निरंकुश शासक को गले लगाया है और इससे हमारी विश्वसनीयता कम हुई है।

बाइडेन ने कहा, मैं दुनिया में बढ़ते अधिपत्यवाद का मुकाबला करने के लिए लोकतांत्रिक समुदायों को प्रोत्साहित करुंगा। मेरे शासन के पहले साल में हम चुनाव सुरक्षा, मानवाधिकारों आदि विषयों पर ध्यान देने के लिए दुनिया के लोकतंत्रों का सम्मेलन आयोजित करेंगे।

चीन पर पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि व्यापार, मानवाधिकार और सुरक्षा तीन प्रमुख मुद्दे हैं। चीन के प्रति ट्रंप की नीतियों की आलोचना करते हुए बाइडेन ने कहा, ट्रंप ने हर बार चीनी नेताओं से मेलजोल बढ़ाया।

ट्रंप ने उन्हें लाखों चीनी उइघरों को बंदी शिविरों में रखने की हरी झंडी दी। बाइडेन (77) के खेमे ने चीन के शिनझीयांग प्रांत में उइघर मुस्लिमों के कथित मानवाधिकार उल्लंघनों को नरसंहार की संज्ञा दी है और चीन के निरंकुश शासन के हाथों जातीय अल्पसंख्यकों के दमन की कार्वाई के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की वकालत की है।

# ट्रंप ने शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ को बर्खास्त करने का संकेत दिया

**एपी। ओपा-लौका (अमेरिका),**

● फ्लोरिडा के ओपा-लोका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने इस बात पर हताशा जताई कि संक्रमण के मामलों में वृद्धि का खबरों में अब भी प्रमुख स्थान है

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह मंगलवार को होने वाले चुनाव के बाद डॉ एंटोनी फौसी को बर्खास्त कर सकते हैं। ट्रंप और देश के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ के बीच दरार गहरी होती जा रही है। वहीं अमेरिका कोरोना वायरस से जूझ रहा है। फ्लोरिडा के ओपा-लोका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने इस बात पर हताशा जताई कि संक्रमण के मामलों में वृद्धि का खबरों में अब भी प्रमुख स्थान है। इसके बाद राष्ट्रपति के समर्थकों ने फौसी को बर्खास्त करो के नारे लगाने शुरू कर दिए। सोमवार रात को ट्रंप ने हजारों समर्थकों को जवाब दिया, किसी से कहिएगा नहीं, लेकिन चुनाव के बाद तक मुझे थोड़ा इंतजार करने दीजिए। उन्होंने कहा कि वह अपने समर्थकों की सलाह को सराहते हैं। गौरतलब है कि ट्रंप ने पहले कहा था कि वह चुनाव से पहले लोकप्रिय और सम्मानित डॉक्टर को बर्खास्त करने के राजनीतिक नुकसान को लेकर चिंतित हैं ।फौसी ने कहा था कि ट्रंप ने वायरस को नियंत्रित करने को लेकर उनकी सलाह को नज़रअंदाज किया और करीब एक महीने से उनकी राष्ट्रपति से बातचीत नहीं हुई है। फौसी ने यह भी कहा था कि अगर बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए और उपाय नहीं किए गए तो सर्दियों में स्थिति चिंताजनक हो सकती है। कोरोना वायरस के कारण अमेरिका में 2,30,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



माइकगेन स्पोर्ट स्टार्स पार्क में चुनावी भाषण के दौरान डोनाल्ड ट्रंप

## क्विक न्यूज

### अमेरिका चुनावः ट्रंप और बाइडेन कर रहे मतदाताओं को रिझाने की अंतिम कोशिश

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका मे मंगलवार को होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो. बाइडेन मतदाताओं को रिझाने की अंतिम कोशिश मे लगे है।दोनो उम्मीदवार जनता से ऐसे समय अमेरिका की बागडोर अपने हाथ मे सौपने की अपील कर रहे है जब देश महामारी की चपेट मे है जिसका जिक्र हर कदम पर और हर जगह पर मिलता है। देश मे नौ करोड़ 30 लाख मतदाता पहले ही वोट डाल चुके है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नॉर्थ कैरोलिना से लेकर विस्कॉन्सिन तक राष्ट्रपति की पांच रैलियां है। इस बीच, बाइडेन अपना अधिकांश समय पेनसिल्वानिया मे गुजार रहे है जहां मिलने वाली जीत ट्रंप के रास्ते मे बाधा खड़ी कर सकती है। बाइडेन ओहायो पर भी ध्यान दे रहे है जहां चार साल पहले ट्रंप ने आठ प्रतिशत अधिक मतो के साथ जीत दर्ज की थी। चुनाव की घड़ी नजदीक आने मे अब लगभग 24 घंटे बचे है और ट्रंप तथा बाइडेन ने एक-दूसरे को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य बताने मे पूरी ताकत झोंक दी है।

### कनाडा में दो लोगों की हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**क्यूबेक सिटी (कनाडा)।** शहर के ऐतिहासिक होटल शैटो फ्रोनटीनक के पास हैलोवीन मे दो लोगो की हत्या करने और पांच लोगो को घायल करने के आरोप मे पुलिस ने एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया है। उसने मध्ययुग के वस्त्र पहने थे और एक जापानी तलवार लिए था ।क्यूबेक पुलिस के प्रमुख रॉबर्ट पिजन ने बताया कि लोगो पर करीब ढाई घंटे तक हमला किया गया। पुलिस ने शहर के निचले इलाके मे आरोपी का पैदल पीछा किया, उसके पास एक तलवार थी। क्यूबेक के अभियोजक कार्यालय ने बताया कि कार्ल गिरोआर्ड (24) के खिलाफ हत्या और हत्या की कोशिश के दो मामले दर्ज किए गए है ।गिरोआर्ड को रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। मामले की अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को होने की संभावना है। पुलिस ने कहा कि प्राथमिक जांच के तहत उन्हें हमलावर के निजी कारणो से हमला करने के संकेत मिले है। इसके आंतकवादी घटना होने के कोई संकेत नही है।

### प्रियंका राधाकृष्णन न्यूजीलैंड की पहली भारतीय मूल की मंत्री

**मेलबर्न।** प्रियंका राधाकृष्णन न्यूजीलैड में मंत्री पद पर आसीन होने वाली भारतीय मूल की पहली सदस्य बन गई है। न्यूजीलैड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल मे पांच नए मंत्रियो को शामिल किया, जिसमे प्रियंका भी शामिल है।भारत में जन्मी प्रियंका (41) ने स्कूल तक सिंगापुर मे पढ़ाई की और फिर आगे की पढ़ाई के लिए वह न्यूजीलैड गईं। उन्होने लगातार घरेलू हिसा की पीड़ित महिलाओ और शोषण का शिकार हुए प्रवासी मजूदरो जैसे लोगो के लिए आवाज उठाई, जिनकी आवाजे अक्सर अनसुनी कर दी जाती थी। लेबर पार्टी की ओर से पहली बार सितम्बर 2017 मे वह संसद की सदस्य चुनी गई थी। 2019 मे, उन्हें जातीय समुदायो के लिए संसदीय निजी सचिव नियुक्त किया गया था।इसके अतिरिक्त, वह सामुदायिक एवं स्वैच्छिक क्षेत्र और सामाजिक विकास एवं रोजगार मंत्रालय की भी मंत्री बनी।न्यूजीलैड हेराल्ड समाचार पत्र ने इंडियन विकेंडर के हवाले से कहा कि प्रियंका भारतीय-न्यूजीलैड मूल की पहली मंत्री है। वह अपने पति के साथ ऑक्लैड मे रहती है। प्रधानमंत्री अर्डर्न ने नए मंत्रियों की घोषणा करते हुए कहा, मै कुछ नई प्रतिभाओ , जमीनी स्तर का अनुभव रखने वाले लोगो को शामिल करने को लेकर उत्साहित हूं।

### बेलारूस में राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन

**कीव।** बेलारूस की राजधानी में हजारों प्रदर्शनकारी लगातार 13वें रविवार को राष्ट्रपति ऐलेक्जेंडर लुकाशेंको के खिलाफ सड़को पर उतरे। इस दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया।प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग कर रहे है। विसाना मानवाधिकार केन्द्र के अनुमान के अनुसार करीब 20,000 लोगो ने रैली मे हिस्सा लिया। अधिकतर लोग मिंस्क के पूर्वी हिस्से मे एकत्रित हुए और कुरापटी की ओर आगे बढ़े। उन्होंने हाथ में बैनर भी ले रखे थे, जिन पर लिखा था, लोगो की यादाशत किसी भी तानाशाह के जीवन से अधिक लंबी होती है। विसाना केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने मिंस्क और बेलारूस के अन्य शहरो से रविवार को प्रदर्शन के दौरान 250 से अधिक लोगो को हिरासत मे लिया। मानवाधिकार कार्यकर्ताओ ने बताया कि हिरासत मे लिए गए लोगो मे कई पत्रकार भी शामिल है। हिरासत मे लिए गए कई लोगो को पीटा भी गया।विसाना के नेता एलेस बियालियातस्की ने कहा कि लगातार प्रदर्शन के कारण बेलारूस मे आक्रोश है और अधिकारी इसे दबाने की कोशिश कर रहे है और इतिहास गवाह है कि जब-जब ऐसा हुआ है, उसके परिणाम क्या रहे है। उल्लेखनीय है कि गत नौ अगस्त को राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया था। राष्ट्रपति पद पर 26 वर्षों से काबिज लुकाशेंको ने अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी स्वेतलाना को करारी हार दी थी। लुकाशेंको ने चुनाव में 80 फीसदी मत हासिल किए थे, जिसके बाद जनता ने चुनाव मे धांधली का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

# चुनाव में जीत की समय से पहले घोषणा करने की खबरों को ट्रंप ने किया खारिज, कानूनी लड़ाई का संकेत दिया

**भाषा। फायटेविले (अमेरिका)**

● इस तरह की खबरें सामने आ रही थी कि ट्रंप चुनाव वाली रात समय से पहले चुनावी विजय का ऐलान कर सकते हैं

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार उन खबरों को खारिज कर दिया कि वह मंगलवार को राष्ट्रपति चुनाव संपन्न होने के बाद समय से पहले ही जीत की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं, हालांकि उन्होंने संकेत दिया कि वह चुनाव होते ही कानूनी लड़ाई के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस तरह की खबरें सामने आ रही थीं कि ट्रंप चुनाव वाली रात समय से पहले चुनावी विजय का ऐलान कर सकते हैं। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने नॉर्थ कैरोलिना के शारलोटे हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, नहीं, यह गलत खबर है। उसी समय उन्होंने यह संकेत भी दिया कि उनकी टीम चुनाव वाली रात को ही कानूनी लड़ाई शुरू करने के लिए तैयारी कर रही है ।ट्रंप ने कहा, मेरा मानना है कि यह खतरनाक बात है कि किसी चुनाव के बाद मतपत्र एकत्रित किए जा सकें। मुझे लगता है कि यह खतरनाक बात है कि जब लोगों या राज्यों को चुनाव संपन्न होने के बाद लंबे समय के लिए मतपत्रों को जमा करने की इजाजत हो क्योंकि इससे केवल एक ही चीज हो सकती है। उन्होंने अनेक मतदान क्षेत्रों में चुनाव वाले दिन के बाद मतपत्र प्राप्त किए जाने की अनुमति देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करते हुए कहा, हम चुनाव होते ही उसी रात अपने वकीलों के साथ तैयार होंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इससे एक बड़ा खतरा है और बड़े स्तर पर धोखाधड़ी तथा दुरुपयोग हो सकता है। यह खतरनाक बात है कि हम कंप्यूटर के आधुनिक जमाने में भी चुनाव वाली रात ही परिणाम नहीं जान सकते।

## चीन ने अमेरिका के साथ जो किया उसे कभी नहीं भूलेंगे : ट्रंप

**भाषा। फाएटेविले (अमेरिका)**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कभी नहीं भूलेगा, जिस तरह चीन वैश्विक महामारी को फैलने से रोकने में नाकाम रहा और उससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था बर्बाद हुई ।ट्रंप ने रविवार को एक चुनावी रैली में कहा कि अमेरिका अपने आर्थिक पुनरुद्धार की राह पर था और अच्छा कर रहा था, लेकिन फिर चीन से आए एक वायरस की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा, हमारे देश के इतिहास में हमारी अर्थव्यवस्था सबसे बेहतर स्थिति में थी और फिर हम चीन के प्लेग की चपेट में आ गए, जिसे हम कभी नहीं भूलेंगे। ट्रंप ने कहा, मैं बताना चाहूंगा कि हमने 20 लाख लोगों की जिंदगियां बचाई, लेकिन जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। हम कभी नहीं भूल सकते कि चीन ने हमारे साथ क्या किया, हम कभी नहीं भूल सकते। चीन के शहर वुहान में पिछले साल दिसम्बर में कोरोना वायरस फैलना शुरू हुआ था। ट्रंप लगातार बीजिंग पर इसकी जानकारी छुपाने और इसे फैलने से रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाते रहे हैं ।दुनिया में इससे सबसे अधिक अमेरिका ही प्रभावित हुआ है। इससे यहां 90 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और 2,31,000 से अधिक लोगों की इससे मौत हो चुकी है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन से है।

# काबुल विश्वविद्यालय पर आतंकी हमला, 25 हताहत

**एपी। काबुल**

**अफगानिस्तान** के काबुल विश्वविद्यालय पर सोमवार को बंदूकधारियों ने धावा बोल दिया, जिसके बाद सुरक्षाबलों के साथ कई घंटे तक उनकी मुठभेड़ चली, जिसमें कम से कम 25 लोग हताहत हुए। किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। तालिबान ने एक बयान में कहा कि इस हमले में उसका हाथ नहीं है। वैसे शक की सूई इस्लामिक स्टेट की ओर जा रही है। विश्वविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी लगी थी जिसमें अफगानिस्तान में ईरान के राजदूत भी पहुंचे थे। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक आरियान ने इस हमले में हताहत हुए लोगों की संख्या नहीं बताई लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार संभवत: 20 लोगों की जान गई। आरियान के अनुसार हमले में तीन हमलावर शामिल थे, जो मुठभेड़ में मारे गए। हालांकि, तालिबान ने एक बयान में कहा कि इस हमले में उसका हाथ नहीं है। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब विद्रोहियों की अमेरिका समर्थित सरकार के साथ शांति वार्ता जारी है। हालांकि, कतर में हो रही इस वार्ता का लक्ष्य अमेरिका को उसकी सबसे लंबी लड़ाई से निकलने में मदद पहुंचाना है लेकिन रोजाना रक्तपात जारी है। इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक संगठन ने देश में शियाओं पर हमला शुरू कर दिया है। पांच घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान छिटपुट ग्रेनेड विस्फोट और विश्वविद्यालय के आसपास की सड़कों पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही थी। उधर, अफगान सुरक्षाकर्मियों ने भी मोर्चा संभाल रखा था। विद्यार्थियों को अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागते हुए देखा गया। आरियान ने कहा, दुर्भाग्य से लोग हताहत हुए। लेकिन उन्होंने ब्योरा नहीं दिया। विश्वविद्यालय के छात्र अहमद शमीम ने बताया कि उसने पिस्तौल और कलाशनिकोव राइफलों से लैस आतंकवादियों को गोलियां चलाते देखा।

# ‘जो मुझे सर्वाधिक प्रिय था, किया, मेरे लिए यही सफलता है’



## टॉक टाइम

अभिनेता **रवि झांकल** को टीवी और फिल्मों में उनके निभाए विविध चरित्र के लिए जाना जाता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म शेमारूमी बॉक्स ऑफिस पर उनकी रिलीज़ हुई फिल्म ‘कसाई’ पर उनके विचार, इंडस्ट्री से मिली सीख और अभिनय क्षेत्र में आने के बारे में उनके विचार जाने पायनियर संवाददाता **मुज़्बा हाशमी** ने। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-

**■ ‘कसाई’ किस बारे में है?**

ये एक व्यक्ति के क्रूर पक्ष की कहानी है। मैं इसमें लखन नामक चरित्र कर रहा हूं जो एक सामाजिक और राजनीति रूप से संपन्न परिवार का है। वो आने वाले सरपंच के चुनाव के लिए खड़ा होना चाहता है। इसके बाद घटनाचक्र तेजी से घूमता है और तब उसे पता चलता है उसके व्यकित्त्व के क्रूर पक्ष के बारे में। वो गुस्से में अपने ही बेटे की हत्या कर देता है और समाज में अपने को सशक्त दिखाने के लिए अपनी पत्नी को ही बदनाम कर देता है।

**■ आप ने ये प्रोजेक्ट क्या सोचकर लिया था?**

मैं थियेटर का हूं और अच्छी कहानी हमें स्वत: ही आकर्षिक कर लेती है। मैंने पहले भी कई प्रकार की भूमिकाएं निभाई हैं लेकिन ऐसा नकारात्मक चरित्र मैंने आज तक नहीं किया था। ये मेरे लिए एक चुनौती जैसा था। इसके साथ ही कहानी भी अच्छी है। मैं ऐसे किसी भी प्रोजेक्ट के साथ जुड़ना चाहता हूं जिसमें राजस्थान की संस्कृति और भाषा का चित्रण किया गया हो। इसके निर्देशक नए हैं और खुले मस्तिष्क के हैं। नई पीढ़ी के लोगों के साथ जुड़ने से सेट पर काफी कुछ सीखने को मिलता हैं। अभिनेता जितने भी प्रोजेक्ट कर ले, वो सदैव सीखता रहता है। हर नया सेट उसे कुछ न कुछ सिखा ही देता है। इस फिल्म के लिए मुझे यद्यपि अच्छा भुगतान नहीं मिला है लेकिन किसी भी अभिनेता को पता होना चाहिये कि धन तो आसानी से मिल जाता है लेकिन अच्छा प्रोजेक्ट कठिनाई से मिलता है। ऐसे में यदि हमें कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिल जाता है तो इसे मना करने का कोई कारण नहीं रह जाता।

**■ आपने 1984 में पार्टी से प्रारंभ करते हुए कसाई तक 36 साल इस उद्योग का हिस्सा रहे हैं। इन बीते सालों में इस इंडस्ट्री में सबसे बड़ा परिवर्तन आपके अनुसार क्या रहा है?**

मैंने कॉरपोरेट सिनेमा में बहुत काम किया है और बड़े और छोटे हर प्रकार के प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहा हूं। मेरे अनुसार विषय ही सबसे प्रमुख होता है। अब लोग विषय और सामग्री का सही चुनाव करके ही प्रोजेक्ट में हाथ डालते हैं। अब अच्छी कंटेंट तथा नए अभिनेताओं के साथ कई प्रोजेक्ट आ रहे हैं और जनता ने इन्हें अपना पूरा समर्थन दिया है। आप इसमें पिंक, करीब करीब सिंगल तथा सीमा पाहवा की ‘राम प्रसाद की तेरहवीं जैसे उदाहरणों को गिना सकते हैं। ये सिनेमा और इसमें काम करने वालों के लिए अच्छा समय है।

> मुझे लगान में भूमिका नहीं लेने का अफसोस है। आशुतोष (गोवारीकर) मेरा दोस्त है और वह मुझे एक हिस्सा दे रहा था। मैंने उनसे वादा करने के लिए कहा कि मैं क्रिकेट टीम का हिस्सा बनूंगा। उसने कहा कि वह नहीं कर सकता। इसलिए, मैंने प्रस्ताव को ठुकरा दिया

**■ आपने अभिनय कैसे प्रारंभ किया था?**

मैं अभिनय क्षेत्र का नहीं था, न ही मैंने ऐसी कोई योजना बनाई थी। जब मैं पांच साल का था तो रमेश मेहता के सीरियल की शूटिंग मेरे घर के पास होती थी। मैं अपनी खिड़की से घंटों इसकी शूटिंग देखा करता था। मैं इससे बहुत प्रभावित हो गया था। मेरे पिता इसे एक ऐब कहते थे। वो कहा करते थे कि पढ़ाई करो, नौकरी करो और परिवार की देखभाल करो। लेकिन न जाने ये ऐब मुझमें कहां से आ ही गया और मैं भी उन धारावाहिकों में काम करने लगा। इसके बाद मैंने थियेटर में काम किया। मुझे लोगों की प्रशंसा मिली और लोग मुझे अभिनय क्षेत्र में स्थान बनाने के लिए प्रेरित करने लगे। कुछ लोगों के मार्गनिर्देशन और अपनी भाषा में सुधार करने के बाद मैं इस क्षेत्र में उतर गया। अपने प्रारंभिक दिनों में मैं गुज़र भर की आय कमा लेता था। फिर परिस्थितियों में धीरे धीरे परिवर्तन आने लगा। आज मैं स्वयं को एक सफल अभिनेता मानता हूं। यदि कोई व्यक्ति अपने व्यवसाय को 34 साल तक खींच ले गया है तो उसे सफल कहा जाएगा। मैंने वो किया जो मुझे सर्वाधिक प्रिय था, और मेरे लिए यही सफलता है।

**■ क्या आपको किसी प्रकार का पछतावा है?**

जी हां, लगान में भूमिका न स्वीकार करने का मुझे सदैव खेद रहा है। आशुतोष गोवरिकर मेरे मित्र हैं और वो मुझे उसमे एक भूमिका देना चाह रहे थे। पहले तो उसमें कुछ वित्तीय समस्याएं थी लेकिन उनका समाधान मिल गया। फिर मैंने उनसे कहा कि उन्हें मुझे क्रिकेट टीम में रखना होगा। लेकिन उन्होंने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया। मैंने ये सोचकर कि पता नहीं क्या रोल मिले, इससे मना कर दिया। लेकिन अब मुझे इसका पछतावा है क्योंकि किसी भी रोल से मैं स्वयं को स्थापित कर सकता था।

**■ इस इंडस्ट्री से आपने क्या सीखा?**

इंडस्ट्री में आप किसी को मित्र या परिवारिक सदस्य जैसा नहीं मान सकते। आप जिन्हें अपना मानते हैं वो आपकी आशाओं पर खरे नहीं उतरते। लेकिन ये इंडस्ट्री शब्दों पर चलती है। आजकल तो सबकुछ लिखित में होने लगा है। आप किसी के शब्दो पर विश्वास नहीं कर सकते क्योंकि वे अपनी सुविधानुसार उन्हें कभी भी परिवर्तित कर सकते हैं। ऐसा मेरे साथ भी हो चुका है। एक बार मेरा एक ख्यातिलब्ध मित्र एक प्रोजेक्ट पर मेरे साथ काम कर रहा था। मैंने उस प्रोजेक्ट के लिए उसे धन भी दिया था। जिन लोगो पर मैंने विश्वास किया उन्होंने उस प्रोजेक्ट को अपने नाम से पंजीकृत करा लिया। मेरी एक सहयोगी भी उसमें अपना नाम जुड़वाना चाहती थी क्योंकि उसने उसमे कुछ सहयोग किया था। मैंने मना कर दिया क्योंकि लेखक के साथ हमारा अनुबंध होता है और उसकी सहमति के बिना कुछ भी जोड़ा नहीं जा सकता। लेकिन मुझे बाद में पता चला कि उनमें से दो लोगों ने स्क्रीनरायटर्स एसोसियेशन जाकर प्रोजेक्ट अपने नाम पर पंजीकृत करा लिया। लेखक का नाम उसमें से हटा दिया गया था। उसके उस कृत्य के कारण मैं बहुत निराश हो गया था। उनके साथ मैं लगभग एक दर्जन फिल्में कर चुका था। संक्षेप में बता दूं कि इंडस्ट्री में आप किसी पर विश्वास न करें। मेरा दोष केवल इतना था कि मैंने उनके साथ लिखित अनुबंध नहीं किया था।

## ट्रेंड बाजार

### बिना स्क्रिप्ट के सायना मल्होत्रा ने की शूटिंग



**अभिनेत्री** सान्या मल्होत्रा ने फिल्म निर्माता अनुराग बसु के साथ काम करने को एक असाधारण अनुभव बताया। वो बसु की फिल्म लूडो में काम कर रही हैं जो एक डार्क कॉमेडी है।

सान्या ने बताया, ‘दो साल पहले उन्होंने इस फिल्म के लिए मुझसे संपर्क किया था। उन्होंने मुझे कहानी का सारांश बताया फिर मैंने उनसे स्क्रिप्ट देने के लिए कहा। उन्होंने हंसते हुए इसे टाल दिया और कहा कि हम सेट पर चलकर इसका निर्णय करते हैं। हमनें शूटिंग से पहले एक बैठक की। वहीं उन्होंने मुझे बताया कि मेरे चरित्र को क्या करना है, उन्होंने फिर मुझे केवल संक्षेप में बताया।’

उन्होंने बताया, ‘मैं तो अपने चरित्र को निभाने के लिए सदा से स्क्रिप्ट पर ही निर्भर रहती हूं। लेकिन मुझे विश्वास नहीं होता कि मुझे बिना स्क्रिप्ट के सेट पर उतरना होगा।’

### पिता की मृत्यु से सुधीर मिश्रा व्यथित



**निर्माता** निर्देशक सुधीर मिश्रा का कहना है कि ‘लेखक मनु जोसेफने मेरे बारे में एक लेख मे लिखा था कि मैं दुबले व्यक्तियों का एक संग्रहकर्ता हूं, लेकिन महामारी के बाद अब मैं और अधिक दुर्बल हो गया हूं, मुझे इस महामारी के दौरान के अनुभव जरा भी समझ नहीं आए। मैं जीवन में रुचि खो चुका हूं। जब मैंने अपने पिता को उठाकर स्वयं को आईसीयू की ओर भागते पाया तो मैं भयभीत था। इसके बाद उनकी मृत्यु हो गई, हो सकता है कि इसका भी मुझपर कुछ प्रभाव रहा हो।

### कोएना मित्रा ने ट्विटर पर जड़ा आरोप



**अभिनेत्री** कोएना मित्रा ने ट्विटर पर एक गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ट्विटर ने एक प्रकार से उसका खाता प्रतिबंधित कर रखा है और इसके अलावा वो उनके प्रशंसकों के खाते भी निलंबित कर रहा है। उनका कहना है कि अभिनेताओं को राजनीतिक रूप से सही होना चाहिये, लेकिन जब मैं किसी बात पर अपनी राय रखती हूं तो मैं किसी का पक्ष ले बैठती हूं, यहां तक कि राजनीतिक विषयों पर भी। जब मैं दंगे, कोलाहल या वाद-विवाद देखती हूं तो मैं कूटनीतिक होने के स्थान पर मैं जिसे भी उचित समझती हूं उसका पक्ष लेती हूं। हो सकता है कि उन्हें ये अच्छा न लगता हो।’ कोयना ने वो संख्या भी दी जिससे उनके अनुसार उनके प्रशंसक कम हुए हैं।

## ऑकलैंड के भव्य दीपोत्सव से जगमगाया न्यूज़ीलैंड

### संस्कृति, फिक्रमंदी और आपसी मेलजोल की भावना के साथ दीपावली की थीम पर गतिविधियां आयोजित की गईं





**ऑकलैंड** दीवाली फेस्टिवल सबसे रंगबिरंगे सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है। यह न्यूजीलैंड में पारंपरिक एवं समकालीन भारतीय संस्कृति का जश्न है। इस साल तीन हफ्तों तक चलने वाले इस उत्सव में ऑकलैंड के निवासियों को शहर में अनेक स्थानों पर आयोजित हो रही गतिविधियों में शामिल होकर त्योहार मनाने का मौका मिलेगा।

वर्कवर्थ से लेकर पपत्वेत्वे तक क्षेत्र के सात स्थानों पर आयोजित हो रही मनोरंजक गतिविधियों में कुकिंग, डाँस, म्यूज़िक वर्कशॉप, पैनल वार्ता, फिल्म नाईट एवं स्पॉन्सर्स के एक्टिवेशन होंगे। इसके अलावा ऑकलैंड काउंसिल कम्युनिटी वेन्यूज़ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 20 सामुदायिक केंद्रों में स्थानीय कार्यशालाओं व समारोहों का आयोजन कराया जाएगा।

दीवाली के जश्न के बारे में ऑकलैंड के मेयर फिल गोफ ने कहा, ‘ऑकलैंडवासी दीवाली के त्योहार को बहुत पसंद करते हैं और हमारे विविध समुदायों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। कोविड-19 की सावधानियों के चलते इस साल इस जश्न के लिए अयोटिया स्क्वैयर पर पारंपरिक जलसे का आयोजन नहीं किया जाएगा, लेकिन क्षेत्र में 100 से ज्यादा समारोहों से दोस्तों व परिवार के साथ रोशनी का त्योहार मनाने के अनेक अवसर मिलेंगे और सबकी सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।'' ऑकलैंड दीवाली उत्सव का आयोजन ऑकलैंड टूरिज़्म, इवेंट्स एंड इकॉनॉमिक डेवलपमेंट (एटीड) ऑकलैंड काउंसिल के सहयोग से करता है। इसका फाउंडिंग पार्टनर एशिया न्यूज़ीलैंड फाउंडेशन एवं मुख्य पार्टनर हारकोर्ट्स है। मेजर ईवेंट्स के लिए एटीड हेड, रिचर्ड क्लार्क ने बताया कि इस साल का जश्न ऑकलैंडवासियों को इस प्राचीन भारतीय परंपरा का आनंद लेने के अनेक अवसर देगा।

क्लार्क ने कहा, ‘इस साल का जश्न अलग होगा। इस जश्न में दीवाली का त्योहार मनाने के आकर्षक व नए तरीके होंगे तथा ऑकलैंड के जीवंत भारतीय समुदायों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में मसालों का बाजार, कला व रोशनी की सामग्री, प्रतियोगिताएं, भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ एक विशेष संध्या और एक रेडियो तराना बॉलीवुड नृत्य प्रतियोगिता ऑनलाईन शामिल हैं। ऑकलैंड के महत्वपूर्ण स्थान भी दीवाली के जश्न में जगमगाएंगे। इनमें ऑकलैंड हार्बर ब्रिज़ पर वेक्टर लाईट्स द्वारा रंगोली से प्रेरित एक शो शामिल है। मुख्य स्थलों पर एएसबी द्वारा प्रस्तुत ब्राईड एंड द प्रेज़्यूडीस, लॉयन, यस्टरडे एवं लाईफ ऑफ पाई सहित सात लोकप्रिय फिल्में दिखाई जाएंगी। क्षेत्र में ऑकलैंड के चार मुख्य स्थानों को दीवाली के जश्न से सजाया जाएगा।

## सोंठ की बेटी ने जीता नागराजा का दिल



**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली दादी-नानी की कहानी श्रृंखला में लोक कथा सोंठ.गाँठ सुनायी गयी। शनिवार को फेसबुक लाइव में लोक विदुषी डा. विद्या विन्दु सिंह ने बच्चों से अच्छाई के रास्ते पर चलने हाथ धोते रहने, ठंड से बचने और घर से अनावश्यक बाहर न निकलने की बात समझायी। कहानी की शुरुआत सोंठ और गाँठ नाम की दो रानियों से होती है जिनकी एक-एक बेटियाँ भी हैं। गाँठ की बेटी पर उसकी सौतेली माँ द्वारा अत्याचार किया जाता किन्तु वह सब कुछ सह लेती थी। उसका रंग रूप बहुत अच्छा था। उसका विवाह नाग राजा से हो गया और वह सुखपूर्वक रहने लगी। यह खुशी सोंठ और उसकी बेटी से देखा नहीं गया। एक दिन योजना बनाकर उन लोगों ने राजकुमारी को पानी में धक्का दे दिया और उसकी जगह नाग राजा के घर सोंठ की बेटी चली गई। पानी में गिरी राजकुमारी बहते बहते नागराजा के क्षेत्र में पहुँच गयी। हैरतअंगेज घटनाक्रम के बाद कथा में नागराजा और उसकी असली पत्नी का मिलन होता है तथा राजकुमारी के कहने पर दोषी को क्षमादान मिल जाता है। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि आनलाइन हुए इस आयोजन से सैकड़ों लोग जुड़े तथा इसे शेयर भी किया। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अभी बच्चों के बीच न जाकर पिछले सात माह से फेसबुक लाइव के माध्यम से कथायें सुनाई जा रही हैं।

## शाहरूख 55 के हुए, फिल्म जगत ने दीं शुभकामनाएं



**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले अभिनेता शाहरूख खान सोमवार को 55 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके पर अभिनेत्री जूही चावला, करीना कपूर खान, माधुरी दीक्षित नेने, अनुष्का शर्मा और राजकुमार राव समेत कई कलाकारों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी अच्छी सेहत की कामना की।अभिनेता दुबई में अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं जहां वह अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में शिरकत कर रहे हैं।खान ने अपने अभिनय के सफर की शुरूआत टीवी कार्यक्रम" फौजी" और" सर्कस" से की थी। उन्होंने" दीवाना" फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनके साथ दिव्या भारती और ऋषि कपूर थे। इसके बाद उन्होंने" चमत्कार" और" राजू बन गया जेंटलमैंन" जैसी फिल्मों में अपना जलवा बिखेरा। खान के साथ" डर"," यस बॉस"," फिर भी दिल है हिंदुस्तानी" जैसी फिल्मों में मुख्य किरदार निभाने वाली और अब कारोबारी साझेदार जूही चावला ने कहा कि वह अपने दोस्त के जन्मदिन पर 500 पेड़ लगाएंगी। चावला ने ट्विटर पर लिखा," सह-स्टार, सह-निर्माता से सह मालिक तक.... खुशी और आंसुओं से भरा एक रोचक सफर रहा है। जन्मदिन की शुभकामनाएं शाहरूख।" प्यार-मोहब्बत की कहानियों वाली कई फिल्मों में अभिनय करने के बाद खान ने" बाज़ीगर"," डर" और" अंजाम" फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाएं निभाईं। माधुरी दीक्षित नेने ने इंस्टाग्राम पर कहा," जब भी हम मिलते हैं, तो बहुत सारी मस्ती, मजाक, और प्यार होता है। शाहरूख आपको जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। सुरक्षित रहिए। उम्मीद है कि आपसे जल्दी मुलाकात होगी।"" बाज़ीगर" फिल्म में खान के साथ अपने फिल्मी सफर की शुरुआत करने वाली शिल्पा शेट्टी ने अभिनेता को जन्मदिन की मुबारकबाद देने के लिए इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की।



## ब्रिटेन के प्रिंस विलियम को अप्रैल माह में हुआ था कोरोना वायरस संक्रमण: रिपोर्ट



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस विलियम को भी कोरोना वायरस हुआ था और यह प्रत्यक्ष रूप से वही वक्त था जब उनके पिता प्रिंस चार्ल्स में इस वर्ष की शुरुआत में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी। बीबीसी की एक खबर में यह जानकारी दी गई है। खबर में महल के सूत्रों और समाचार पत्र द सन की एक खबर का हवाला दिया गया कि प्रिंस विलियम ने खुद के संक्रमित होने की जानकारी इस लिए नहीं दी थी क्योंकि वह किसी को भी परेशान नहीं करना चाहते थे। किंग्सटन पैलेस ने इस संबंध में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया लेकिन खबर से इनकार नहीं किया। समाचार पत्र ने अपनी खबर में कहा कि विलियम का इलाज महल के चिकित्सकों ने ही किया और इसके लिए सरकारी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। गौरतलब है कि प्रिंस चार्ल्स में मार्च में कोरोना वायरस संक्रमण के हल्के लक्षण थे। संक्रमण मुक्त होने के बाद जनता से पहली मुलाकात में उन्होंने कहा था कि जब वह बीमार थे तो उनकी सूंघने की शक्ति समाप्त हो गई थी और उन्हें किसी चीज का स्वाद भी नहीं आता था।

## फिल्म दी किड्स आर ऑल राइट के अभिनेता एड्डी हेसल की गोली लगने के बाद मौत



**लॉस एंजिलिस।** फिल्म दी किड्स आर ऑल राइट के अभिनेता एड्डी हेसल की टेक्सास में गोली लगने के बाद मौत हो गई। वह 30 साल के थे।

डेडलाइन की खबर के अनुसार टेक्सास के ग्रेंड प्रेरी में उनकी प्रेमिका के घर के बाहर शनिवार देर रात एक बजे हसल को पेट में गोली मार दी गई थी। हादसे के समय उनकी प्रेमिका घर पर थी लेकिन वह हमलावर को पहचान नहीं पाई। टेक्सास के निवासी हसल ने 2000 से 2010 के बीच में कई किरदारों से लोगों का दिल जीता। फिल्म दी किड्स आर ऑल राइट में निभाई कलै की भूमिका के लिए उन्होंने सबसे अधिक लोकप्रियता हासिल की। आखिरी बार वह 2017 में आई फिल्म ओह लक्की में नजर आए थे।

## वर्ष 2020 बेयॉन्से नोलेस में लाया बड़ा परिवर्तन

**गायिका** बेयॉन्से नोलेस ने बताया कि इस साल उनमें क्या परिवर्तन आया और क्यों? उनके अनुसार, ‘ये संभव ही नहीं है कि आप महामारी और वर्तमान सामाजिक अशांति के बीच अप्रभावित रहते हुए सही ढंग से जी सकें। मैंने जान लिया है कि जब मैं शांत रहती हूं तो मेरा स्वर अच्छा रहता है।’ उन्होंने आगे बताते हुए कहा, ‘मैं चाहती हूं कि मैं ये समय अपने परिवार के साथ बिताऊं और अब से मैं अपना कार्य कुछ धीमा करते हुए जीवन से तनावपूर्ण बातों को कम करने पर ध्यान दूंगी। मैं 15 साल की आयु में संगीत उद्योग में आई थी और दुनिया के सामने ही बड़ी हुई हूं। मैंने बिना रुके प्रोजेक्ट किये हैं।’ उन्होंने स्मरण किया कि पिछले चार सालों की अवधि में उन्होंने एक के बाद एक प्रोजेक्ट किये थे जिसमें 2016 का उनका एलबम लेमनेड था और 2020 में एक वीडियो एलबम' ‘ब्लैक इज़ किंग’ से इस अवधि का समापन किया।’

### विधायक ने लगाए एसडीएम पर किसान से बदसलूकी के आरोप

# ...और जब एसडीएम से आजिज विधायक बैठे धरने पर

● धान क्रय केंद्र पर धरने पर बैठे हरगांव विधायक सुरेश राही एसडीएम को निलम्बित करने की रखी मांग

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर


लहरपुर-देरशाम धरना पर बैठे हरगांव विधायक सुरेश राही

**जनपद में** धान खरीद में भ्रष्टाचार की शिकायतों के बीच बड़ा बावाल उस वक्त खड़ा हो गया जब भाजपा के हरगांव से विधायक सुरेश राही ने लहरपुर एसडीएम रामदरशराम पर भ्रष्टाचार और किसानों से बदसलूकी करने का गंभीर आरोप लगाकर तहसील लहरपुर इलाके के लालपुर धान क्रय केन्द्र पर किसानों के बीच अपरान्ह 4 बजे धरने पर बैठ गए। इसकी खबर लगते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। विधायक ने एसडीएम पर डीएम को गुमराह करने का आरोप लगाया। एडीएम विनय कुमार पाठक ने विधायक से बातकर उन्हें मनाने का प्रयास किया। नाराज विधायक ने ऐलान किया जब तक एसडीएम रामदरश को निलम्बित नहीं कर दिया जाता और धान खरीद चालू नहीं की जाती तब तक वह धरने से नहीं उठेगे। 4 घंटे से ज्यादा समय हो गया विधायक को धरने पर बैठे तब एडीएम विनय कुमार पाठक, एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित मनाने धरना स्थल पर पहुंचे। धरने पर बैठे भाजपा विधायक सुरेश राही से पायनियर' ने बात की तो उन्होंने एसडीएम पर 200 रूपये प्रति कुन्तल धान तौलवाई का लेने के आरोप लगाए, और किसानों से बदसलूकी करने की भी बात कही। जनपद में एक तरफ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज धान खरीद को लेकर निरन्तर औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त कर रहे है तो दूसरी तरफ हमेशा से चर्चा में रहने वाले लहरपुर एसडीएम रामदरशराम ने समूचे प्रदेश में प्रशासन और सरकार की किरकिरी करा दी है। यह कोई पहला मौका नहीं है, कई बार जनता ने उनपर कई गंभीर आरोप जड़े है लेकिन पहली बार सत्तापक्ष के विधायक ने अपनी जीरो टारलेंस की सरकार को आईना दिखा दिया है, अब सरकार का अगला कदम क्या होगा यह देखने वाला रहेगा। जिलाधिकारी विषाल भारद्वाज ने फोन के माध्यम से आष्वासन दिया है कि मामले की जांच कराकर आवष्यक कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि देर षाम एडीएम के आश्वासन पर विधायक ने धरना खत्म कर दिया है।

### अब हर क्रय केंद्र पर प्रतिदिन 600 कुंतल होगी धान खरीद

## जिलाधिकारी लगातार कर रहे क्रय केंद्रों का निरीक्षण

**सीतापुर में** धान खरीदने के लिए जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को क्रय केन्द्रों की खाक छाननी पड़ रही है, सीतापुर मंडी समिति हो या फिर ग्रामीण क्षेत्रों के धान खरीद क्रय केन्द्र लगातार जिलाधिकारी का निरीक्षण जारी है, सोमवार को फिर एक बार जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज सीतापुर मंडी स्थित धान खरीद क्रय केन्द्रों पर पहुंचे और किसानों की समस्याओं से अवगत होने के बाद क्रय केन्द्र खरीद रजिस्ट्रो की स्थिति को बारीकी से देखने के बाद निर्देश दिए कि अब प्रतिदिन 600 कुन्तल प्रति क्रय केन्द्र पर धान की खरीद की जाएगी। निरीक्षण में रजिस्टरों पर 200 कुन्तल के आसपास ही धान खरीद होना पाया गया। जिलाधिकारी ने व्यापारियों के साथ बैठक भी की। व्यापारियों ने रिकवरी कम आने की समस्या बताई, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से पूंछा कि वह दूसरे सेंटरों पर धान क्यों बेंच रहे है, सरकारी क्रय केन्द्र पर क्यों नहीं बेंच रहे है। जिलाधिकारी ने अपने हाथो से धान उठाकर क्वालिटी को चेक किया। डीएम ने कहा कि प्राइवेट धान खरीदने वालों की समस्याओं को भी सुना, वह व्यवस्था कर रहे है धान की सफाई के लिए नि:शुल्क पंखा लगवाने की बात कही। इस मौके पर एडीएम विनय कुमार पाठक, एसडीएम अमित भट्ट, डिप्टी आरएमओ ए.के. दुबे, मंडी सचिव ज्योती चौधरी व अन्य मौजूद रहे।


सीतापुर-गल्ला मंडी का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

### बोले रोलोद नेता

## धान खरीद में धांधली को लेकर किसान परेशानः आरपी सिंह

संवाददाता। सीतापुर



**मुख्यमंत्री कह** रहे हैं कि धान खरीद में धांधली के लिए जिलाधिकारी जिम्मेदार होंगे जबकि सच्चाई यह है कि जिला प्रशासन के संरक्षण में ही धान खरीद में धांधली हो रही है। यह बात जारी एक बयान में रालोद नेता आर पी सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सत्ताधारी दल के नेता और बिचौलिए मिलकर धान खरीद में घोटाला कर रहे हैं और किसान धान बेंचने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा है। रालोद नेता ने कहा कि जिले में किसी भी धान क्रय केंद्र की निष्पक्ष जांच करा ली जाय तो इस मिलीभगत का खुलासा हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का धान खरीदने का दावा किसान के साथ छलावा साबित हो रहा है। प्रदेश के 4000 धान क्रय केंद्रों में शायद ही कोई क्रय केंद्र हो जहाँ बिचौलिए काबिज न हों।

## क्विक न्यूज

### मांगे नहीं मानी गई तो होगा प्रदर्शन, सभासदों ने सौंपा ज्ञापन


सीतापुर-ज्ञापन देते सभासद

**सीतापुर।** सभासद संघ जिला सीतापुर की ओर से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट षिषिर कुमार को सौंपा गया। इसमें सभासदों ने जनहित से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं, सभासदों का कहना कि विकास निधि न होने के चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समासदों ने कम से कम 30 हजार रूपए प्रतिमाह विकास निधि दिए जाने की मांग रखी। सभासद प्रेम नगर धीरज पाण्डेय, विपिन मिश्रा मिश्रिख, सुशीम मिश्रा लहरपुर, मुकेश राय हरगांव, अश्वनी शुक्ला, सुमन मिश्रा, मोहम्मद नबी मोलहे, मसूद आलम, भुद्दू, मो.सलीम, प्रदीप गुप्ता, जितेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

### बालिकाएं सीखें आत्मरक्षा के गुरः एसडीएम


कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम सदर अमित भट्ट व अन्य

**सीतापुर।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं व महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित बालिका एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम सदर अमित भट्ट ने बालिकाओं की शिक्षा व सशक्तीकरण पर जोर दिया। दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन दंत चिकित्सक डाक्टर अभिजीत त्रिपाठी ने दांतो की सफाई देखभाल सहित अन्य जरूरी जानकारियां दी। डाक्टर शोनिया गोयल ने कार्यक्रम में माहवारी से जुड़ी जानकारियां देकर बालिकाओं को सेनेट्री पैड वितरित किए। क्लब अध्यक्ष डाक्टर प्रवीण गुप्ता ने सफाई के बारे में जागरूक किया। प्रशिक्षक मुकेश पाल व उनकी टीम ने जुडो कराटे का प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा के मंत्र दिए। क्लब ने कॉलेज को फिनायल, साबुन आदि भेंट किए। इनरव्हील क्लब अध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, अंजू गुप्ता, सुनीता अर्ग्रवाल अनीता जैन, प्रधानाचार्या डाक्टर ज्ञानवती दीक्षित, रोटरी क्लब से हरीश शाह, सचिव मोहित अग्रवाल, डाक्टर अभिषेक त्रिपाठी, राजीव मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की डीएम ने की बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को 'जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय' की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सीएचसी सिधौली को संस्थागत प्रसव को बढ़ाने का निर्देष दिया। इसके अलावा उन्होंने डाटा फीडिंग में लापरवाही पर नारजगी भी व्यक्त की। गोंदलामऊ, महमूदाबाद, पिसावां, सिधौली, बेहटा, लहरपुर, पहला, हरगांव, एलिया, बिसवां और रेउसा का प्रदर्शन खराब मिला। बैठक में मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक वर्मा, अधीक्षक जिला चिकित्सालय एके अग्रवाल, अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय सुशमा कर्णवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

### आरएमपी के प्राचार्य बने डा.जयवीर

**सीतापुर।** आरएमपी महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डा. जयवीर सिंह को महाविद्यालय का नया प्राचार्य बनाया गया है, श्री सिंह ने सोमवार को प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। सीतापुर के मिश्रिख तहसील के लोहार खेड़ा गांव निवासी श्री सिंह सन 2000 से महाविद्यालय में सेवारत् है, पदभार ग्रहण करने पर शिक्षक संघ के महामंत्री डा. पवन यादव व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। बता दें कि कुछ पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.के. सिंह की कोरोना से मौत हो गई थी जिनके स्थान पर प्रबंध समिति ने डा. जयवीर सिंह को प्राचार्य पद का उत्तर दायित्व सौंपा है।

### कोरोना से हुई 65वीं मौत, 19 नए कोरोना पॉजिटिव मिले

**सीतापुर।** सावधान! सीतापुर में कोरोना केसो की संख्या में कमी भले ही आ रही हो लेकिन मृत्यु दर बढ़ने लगी है कोरोना से मरने वालों की संख्या 65 तक पहुंच गई है 4 दर्जन के करीब गंभीर मरीज एल-3 लखनऊ में या फिर निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना अभी भी कितना घातक है। पिछले 24 घंटे में 19 कोरोना केस निकले हैं। षहर के विजय लक्ष्मी नगर में तीन और शास्त्री नगर, थामसन गंज, आनंद नगर, तरीनपुर, आनंद बिहार व जिला अस्पताल में 1-1 केस मिला है। विसवां, मिश्रिख व सरैयां राजा साहब में 2-2 और महोली में 1 केस की पहचान की गई है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव

# गिरिजेश अवस्थी की बादशाहत कायम

● चौथी बार अध्यक्ष पद पर हुए निर्विरोध निर्वाचित

संवाददाता। कमलापुर सीतापुर

**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ का त्रैमासिक निर्वाचन अधिवेशन का आज बीआरसी कार्यालय कमलापुर में निर्वाचन पर्यवेक्षक नवीन कुमार श्रीवास्तव, पुनीत कुमार शुक्ला, पवन कुमार त्रिपाठी, की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें बृजेंद्र कुमार मिश्र को सभापति सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया एवं आशुतोष अवस्थी द्वारा प्रार्थना संपन्न कराई गई तत्पश्चात निर्वाचन की प्रक्रिया में अध्यक्ष पद हेतु गिरजेश अवस्थी द्वारा दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया नामांकन एवं नामांकन वापसी समय अवधि बीतने तक कोई दूसरा प्रत्याशी नहीं होने के कारण गिरिजेश अवस्थी को सर्वसम्मति से चौथी बार निर्वाचन पर्यवेक्षक नवीन कुमार श्रीवास्तव द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्विरोध निर्वाचित होने पर ब्लाक कसमंडा के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बधाई दी गई इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ कसमंडा के समस्त सदस्य गण शिक्षक शिक्षिकाएं, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हबीबुर्रहमान ,मंत्री सती प्रसाद, अनुदेशक संघ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह (वेद) गिरजेश मिश्रा, कैलाश राठौर, रंजीत सिंह, सुनीत मौर्य ,ज्योति मिश्रा ज्ञानेश बाजपेई, ज्योति नाथानी,अभिषेक सिंह ,सत्येंद्र श्रीवास्तव ,विनोद बिहारी दीक्षित ,आशुतोष अवस्थी, आदर्श पांडे ,रेनू अवस्थी ,अंबुज श्रीवास्तव ,अनीता शुक्ला ,पिंटू मिश्रा ,कंचन त्रिपाठी, सुरेंद्र भार्गव, कुलदीप सिंह, सम्भू, गरिमा रामसुमेर सिंह , विशाल सिंह सहित ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।


कसमंडा-मनोनयन पत्र देते शिक्षक पदाधिकारी

**संकेत वर्मा बने अध्यक्षः** संकेत वर्मा प्राथमिक शिक्षक संघ बिसवां के अध्यक्ष बन गए है। ब्लॉक अध्यक्ष एलिया अश्वनी सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष अंजली सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव व जिला संगठन मंत्री अमित शुक्ला की देखरेख में चुनाव हुआ।

### भाजपा की विचारधारा राष्ट्र निर्माण कीः संजय मिश्रा


पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता संजय मिश्रा व अन्य

**सीतापुर।** प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओ में राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूक कर अंत्योदय की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना है। यह बात आज महोली विधानसभा के एलिया मंडल में मंडल प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन तीसरे सत्र में जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्र निर्माण की है तथा राजनीति सेवा का माध्यम है। मंडल प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश त्रिपाठी ने करते हुए अतिथियो का स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी इंन्दू सिंह चौहान, प्रेम नारायण मिश्रा,सुमेर पाल,रविन्द्र वर्मा,प्रह्लाद सिंह,घनश्याम मिश्रा, जगदीश त्रिपाठी सहित मंडल व सेक्टर के पदाधिकारी मौजूद रहे। महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह,जराजेश्वर रस्तोगी,रमाकांत मिश्रा, भवर सिंह ने भी अपना संबोधन दिया। वही मंडल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत आज जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने लहरपुर व सिधौली मंडलो में मुख्य वक्ता के रूप में पहुचकर भाजपा का इतिहास व विकास विषय पर अपना संबोधन दिया।पार्टी पदाधिकारियो द्वारा जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## युवाओं को योग्य शिक्षक और मार्गदर्शन की जरूरतः साकेन्द

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर


महमूदाबाद-उद्घाटन करते विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा

**पूरे विश्व** में आज स्पर्धा का दौर चल रहा है। इस दौर में परिश्रम करने वाले को ही स्थान मिलता है। भारत में युवाओं के समक्ष सामाजिक व वैचारिक चुनौतियां कम नहीं है। ऐसे में योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन और युवा की संकल्प शक्ति ही उसे आगे बढ़ा सकती है। यह बात कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने सेठ राम गुलाम पटेल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सेठ राम गुलाम डिग्री कॉलेज में संचालित होने वाले 'चाणक्य कंपटीशन क्लासेज' का फीता काटकर उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सीता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आरके वाजपेयी ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा से बढ़कर किसी चीज का स्थान नहीं है। कंपटीशन क्लासेस के शुभारम्भ के मौके पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ शांति ग्रुप आफ मेडिकल एजुकेशन के डॉ. अखिलेश वर्मा, विकेश यादव, शिक्षक संघ जिला मंत्री उमेश वर्मा, भाजपा नेता रामचंद्र वर्मा, आर्य समाज के जयपाल आर्य का बुकें भेंट कर स्वागत सेठ राम गुलाम पटेल मेमोरियल ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. हरीश चंद्रा ने किया। कालेज की छात्रा पूनम चौहान व रागिनी ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद वर्मा ने किया। इस अवसर पर कालेज के उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, कमलेश सिंह, पुनीत वर्मा, अनूप शर्मा, हरिनाम वर्मा सहित कालेज के शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### प्रसव ऑपरेशन में छूटे तौलिये का मामला

# फॉरेंसिक जांच से होगा साजिश का डीएनए!

● जिला महिला अस्पताल की सीएमएस पर लगाए गए थे गंभीर आरोप

संवाददाता। सीतापुर

**जिला महिला** अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान प्रसूता के पेट में तौलिया छोड़े जाने के बाद हालत गंभीर होने पर आंत काटकर निकालने का सनसनीखेज मामला पति द्वारा मीडिया के माध्यम से उठाए जाने के बाद स्वास्थ्य महकमें की ओर से भी सवाल खड़े किए जा रहे है। प्रसूता के पति ने महिला जिला अस्पताल की सीएमएस डा. सुषमा कर्णवाल पर गंभीर आरोप लगाए है। जवाब में सीएमएस ने उल्टे ही सवाल खड़े करते हुए कहा कि अगर तौलिया की फॉरेसिंक जांच करा ली जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। यह मामला शहर के मोहल्ला कजियारा में रहने वाले फैजान अख्तर अंसारी की पत्नी सगुफ्ता अंजुम का है। मो. फैजान ने शहर कोतवाली पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया कि उनकी पत्नी सगुफ्ता का 5 जून 2020 को प्रसव ऑपरेशन जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा. सुषमा कर्णवाल ने किया था। एक बेटी का जन्म भी हुआ उसके बाद नसबंदी कर दी गई थी। उसके बाद ऑपरेशन की जगह भारी दर्द होने लगा और उल्टियां भी होने लगी लगातार समस्या बनी रहने के बावजूद जिला महिला अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। कुछ दिनों बाद ऑपरेशन की जगह को छूने पर किसी कड़ी चीज का आभास होने लगा, तब उन्हें लखनऊ के किसी निजी अस्पताल में दिखाया गया और उनकी जांच भी कराई गई, जिसमें पेट के अंदर कुछ होना बताया गया। जिसमें लखीमपुर के निजी अस्पताल में दोबारा ऑपरेशन कराया गया। फैजान के मुताबिक डाक्टरों द्वारा बताया गया कि महिला जिला अस्पताल की जिन डाक्टर द्वारा ऑपरेशन किया था उनकी लापरवाही से तौलिया पेट में ही रह गया।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के

## राष्ट्रीय मंत्री ने किया पौध रोपण

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा अल्पसंख्यक** मोर्चा के राश्ट्रीय मंत्री शफात हुसैन ने षहादतनगर और हैदरपुर मुस्तफाबाद में पौधरोपण किया। शहादत नगर के कार्यक्रम का संयोजन जुनेद आलम ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक विकास श्रीवास्तव, अविनाश तिवारी आदि ने हिस्सा लिया। राश्ट्रीय मंत्री ने जनसभा को भी सम्बोधित किया। इसके बाद वह जिला मंत्री उदित बाजपेई के घर हरगांव में कार्यकर्ताओं से मुखातिब हुए। सरदार तीरथ सिंह, सुखदीप सिंह, हरनेक सिंह, प्रधान फयाज हुसैन, सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।


सीतापुर-बैठक करते राष्ट्रीय मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा शफात हुसैन

### केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार करें कार्यकर्ता

● सकरन में हुई पंचायत चुनाव प्रमुख सामंजस्य बैठक

**सांडा सीतापुर।** सकरन ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने सामंजस्य बैठक का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराज नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। बिसवां विधायक महेंद्र सिंह यादव ने सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। राधेश्याम मिश्र, सरदार सुरेंद्र सिंह, जहांगीराबाद मंडल अध्यक्ष राजाराम निषाद, मंडल महामंत्री अखिलेश मिश्रा, उषा मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, सुरेंद्र जायसवाल, अजय पटेल, संतोष सिंह, राममप्रताप लोधी आदि मौजूद रहे।

### सीतापुर में बेटी सुरक्षा के लिए चले मिशन 'शक्ति' की खुली कलई, एंटी रोमियो टीम पर पड़ा भारी

# 'बेखौफ शोहदे को दिखवाया सलाखों का रास्ता'

● थाना इमलिया सुल्तानपुर में एंटी रोमियो टीम पर भारी मनचले

● सरेआम महिला आरक्षी संग बदसलूकी पुलिसिया इकबाल पर सवाल

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-गिरफ्तार हुआ महिला आरक्षी से बदसलूकी करने वाला जुनैद

**एंटी रोमियो** टीम की महिला आरक्षी से गाली गलौज करने और धमकी देने वाला शोहदा आखिर सलाखों के पीछे भेज दिया गया। पुलिस उस पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कह रही है। लेकिन इसके पहले बेखौफ शोहदे ने इलाके में पुलिसिया इकबाल पर सवाल खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सरेआम सड़क पर बेटियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई एंटी रोमियो टीम में शामिल एक बेटी के साथ गाली गलौज करते हुए उसने तमाम राहगीरों और दुकानदारों के सामने काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया। मौजूद आरक्षियों को वर्दी उतरवा देने और मौजूद पत्रकारों को भी इलाके में न घुसने की धमकी तक दे डाली। दरअसल थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के काजी कमालपुर चौराहे का है जहां बीते रविवार को काजी कमालपुर चौराहे पर ड्यूटी दे रही एंटी रोमियो टीम के साथ बाइक सवार तीन लोग भिड़ गए। उनमें शामिल जुनेद पुत्र सलीम खान निवासी हाजीपुर ने तो दबंगई की सीमा ही लांग दी और महिला आरक्षी मीनाक्षी और आरक्षी कुलदीप के साथ ही गाली गलौज करने लग गया। इसके साथ ही उसने मौजूद आरक्षियों को वर्दी उतरवाने की धमकी भी दे दी। सरेआम हो रहे हाई वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए पल भर में स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का तांता लग गया, लेकिन काफी देर तक दबंग शोहदे ने पुलिसिया इकबाल पर सवाल खड़ा करने की कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान उसने मौजूद स्थानीय पत्रकारों को भी इलाके में न घुसने तक धमकी दे डाली।अब मन में भी सवाल खड़े हो गए होंगे कि जब सड़क पर महिलाओं और युवतिओं की सुरक्षा के लिए लगाई गई एंटी रोमियो टीम और पत्रकारों के साथ शोहदे इस तरह की बदसलूकी कर सकते हैं तो वह राह चलते बेटियों के साथ किस तरह पेश आते होंगे। मामले में जब थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जुनेद ने महिला आरक्षी के साथ बदसलूकी की थी। संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। आपको बता दें आरोपी उसी हाजीपुर गांव के निवासी हैं जहां बीते दिनों पांच हैवानों ने एक दलित नाबालिग किशोरी को अगवा कर पहले उसका गैंग रेप किया और फिर वारदात का वीडियो बनाकर भी वायरल किया था। पुलिस पहले तो मामले को दबाती नजर आई थी जिससे पुलिस मुखिया आरपी सिंह स्वयं कमान संभालना पढ़ा था। मामले में आरोपियों को पकड़ने के चक्कर में मुठभेड़ भी हुई थी जिसमें एसआई विनय कुमार सिंह को गोली लगना भी बताया गया था।

# हादसे में छह जायरीनों की मौत

संवाददाता। बेलरायां-खीरी

**सोमवार रात** गोंडा हाईवे पर जायरीनों से भरी वैन भीषण हादसे का शिकार हुई। खड़े ट्रक में वैन के टकराने से छह जायरीनों की मौत हो गई। वहीं दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। घायलों में पांच की हालत गंभीर बनी है। सभी मृतक व घायल सिंगाहीए बेलरायां व तिकुनिया थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

बीते 28 अक्टूबर की सुबह छह बजे सभी लोग दो गाड़ियों में सवार होकर जियारत करने के लिए अंबेडकरनगर के किछौछा के लिये रवाना हुए थे। जियारत के बाद सभी वापस घर आ रहे थे। बहराइच-गोंडा हाइवे पर आते समय पयागपुर थाना क्षेत्र के शिवदहा मोड़ के पास चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना में बेलरायां निवासी पति-पत्नी व ड्राइवर सहित अन्य तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दस लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने वाहन में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और सभी को तत्काल सीएचसी पयागपुर पहुंचायाए लेकिन चिकित्सकों ने चांद खानाए शकीलाए सोहनए सलीम एमाया देवी पत्नी सोहन व ड्राइवर विनोद समेत छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पांच लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## सम्पति को लेकर बड़े भाई ने गला दबाकर की हत्या

### पुलिस ने घटना का किया खुलासा, अभियुक्त को भेजा जेल

**लखीमपुर-खीरी।** पैतृक सम्पत्ति को लेकर चल रहे विवाद के चलते बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गला घोट कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए एसपी खीरी विजय ढुल ने बताया कि बीती 29 अक्टूबर को थाना गोला क्षेत्र के कुम्हारन टोला निवासी सूरज पुत्र श्रवण मिश्रा द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि उसके भाई रामजी मिश्रा की मृत्यु किसी अज्ञात कारणों से हो गयी है। जिस पर पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रामजी मिश्रा की मौत का कारण गला घोंटना आया। इसके बाद पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपनी जांच शुरू कर दी थी। एसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी हुई कि मृतक रामजी मिश्रा की नशे की लत व सम्पत्ति को लेकर अपने बड़े भाई सूरज से विवाद होता था। इसी कारण रामजी मिश्रा को उसके बड़े भाई सूरज ने स्टॉल से उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। एसपी ने बताया कि अभियुक्त सूरज पुत्र श्रवण मिश्रा को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त स्टॉल बरामद करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द पाण्डेयए उपनिरीक्षक योगेश शंखधारए कांस्टेबिल ललितए नंदन सिंह व आशीष कुमार थे। एसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।

# डीएम का मंडी समिति राजापुर में छापा, हड़कंप

### बिचैलियों व किसानों का हक मारने वालों को भेजें जेल: जिलाधिकारी

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को दोपहर अचानक डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी जमीनी हकीकत जानी।

उन्होंने मंडी परिसर में बनाए गए राजकीय धान क्रय केंद्रों का एक-एक कर गहनता से निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि छोटे एवं पात्र काश्तकारों का प्राथमिकता के आधार पर धान खरीदा जाए। वहीं 100 कुंतल से अधिक के काश्तकारों का गन्ने के सट्टे से क्रॉस चेक करने के उपरांत ही धान क्रय किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पात्र किसानों का धान अनिवार्य रूप से क्रय किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिचैलियो व किसानों का हक मारने वालों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए उन्हें जेल भिजवाया जाए। उन्होंने मानक विहीन धान कि नीलामी प्रक्रिया को स्वयं खड़े रहकर देखा और प्रभारी सचिवए मंडी समिति को निर्देश दिए कि नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बिक्री होने वाले धान का संबंधित को उचित मूल्य दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले ऐसे किसानों को चिन्हित करें जिन्होंने धान क्रय के पंजीयन के दौरान जो भूमि दर्शाई है और उस पर पहले से ही गन्ने का सट्टा बना हुआ है। ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए उनका तत्काल गन्ने का सट्टा भी निरस्त कराते हुए संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर डॉण् अरुण कुमार सिंह जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी डॉ0लालमणि पांडे मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## विविध न्यूज

### करवा चौथ पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़

**ओयल-खीरी।** करवा चैथ पर्व को लेकर पूजन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री को लेकर बाजारों में महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं बाजार में बिक्री हेतु तैयार किये गये करवा के मॉडल लोगों को लुभा रहे है। बताते चले कि चार नवंबर को पति की लम्बी आयु के लिये महिलाओं का करवा चैथ का व्रत है। इस पर्व को मनाने के लिये महिलाओं की भीड़ बाजारों में देखी जा रही है। क्षेत्र के उक्त करवों के निर्माता बाजार में करवों की मांग को लेकर उत्साहित देखे जा रहे हैं। बर्तन व्यवसायों के द्वारा विभिन्न करवों के मॉडलों की पूर्ति कारीगरों के द्वारा उत्पादित की जा रही है। बाजार में विक्रेताओं में स्पर्धा का भी वातावरण देखा जा रहा है जिसको लेकर खरीदारों में आशंकाएं भी हैं इसके उपरांत भी बर्तन व्यवसायियों के दुकानों पर करवों की बिक्री निरन्तर बढ़ती जा रही है। इस वर्ष करवों की बढ़ रही बिक्री को गत वर्ष लॉक डाउन के कारण न हो पाने के कारण को इस वर्ष करवा पूजने व करवा भेंट करने वालों में बड़ा उत्साह देखा जा रहा है। मनचाहा मॉडल खरीद कर अपने प्रिय जनों को भेंट करना चाह रहे है।

### पोलिंग बूथ बनाये जाने को लेकर मतदाताओं ने सौंपा पत्र

**निघासन-खीरी।** क्षेत्र के गांव पुरैनाए सेमरापुरवा व जगनपुरवा के लोगों ने एसडीएम ओपी गुप्ता को समस्या बताते हुए नया पोलिंग बूथ बनाए जाने हेतु मांगपत्र सौंपा है। लोगों ने बताया कि लुधौरी ग्राम पंचायत वृहद ग्राम पंचायत है जिसमें तकरीबन तीस गांवों के लोग आकर मतदान करते है। मतदान के लिए उन्हें लगभग तीन किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है और वहां पहुंचकर उन्हें लम्बी कतार में लगकर घण्टों इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा काफी भीड़ सहित कठिन परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता हैए जिस कारण वृद्ध लोग मतदान करने से वंचित भी रह जाते हैं। गांव पुरैनाए सेमरापुरवा व जगनपुरवा के लोगों के अपना मतदेय स्थल सेमरापुरवा के प्राथमिक विद्यालय में बनाए जाने की मांग की है। इस दौरान कंचन सिंहए अनिल कुमारए मनोजए कृष्ण कुमारए रामपालए रामगुलामए उमेशए राजकुमारए सुरेश कुमारए जवाहर व दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

### तीन शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइकें बरामद

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली सदर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पुलिस ने अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल ने बताया कि कोतवाली सदर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टेढई मोड़ से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद हुई। शातिर चोरों ने पूछताछ में अपना नाम गुफरान पुत्र स्वण् इन्ताज निवासी जुगनूपुर थाना धौरहराए देशराज पुत्र सुन्दरलाल यादव निवासी देवीपुरवा थाना धौरहराए निजामुद्दीन पुत्र पीर गुलाम निवासी मिश्रनपुरवा थाना ईसानगर बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली सदर के उपनिरीक्षक शिवप्रकाश पाण्डेयए कांस्टेबिल विजय शर्माए मनीष यादवए हेमंत सिंहए कौशलेन्द्र कुमार थे। एसपी ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए पांच हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया।

### रेलवे स्टेशन के समीप धार्मिक निर्माण पर पहुंची पुलिस

**बरेली।** बहेड़ी रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक धार्मिक स्थल पर अवैध निर्माण की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। निर्माण कार्य ध्वस्त न करने पर एसडीएम राजेश चन्द्र, सीओ रामानंद राय, कोतवाल पंकज पंत ने मौके पर पहुंच गए। पूछताछ के लिए सज्जादानशीन को थाने बुला लिया। बताया जाता है कि रेलवे ने कहा है कि धार्मिक स्थल के आगे कराया गया है। निर्माण कार्य खुद ध्वस्त करवा दिया जाता है तो रेलवे किसी तरह की कार्रवाई नही करेगा। ऐसा न करने पर रेलवे कार्रवाही के लिए बाध्य होगा।

### पुलिस महानिरीक्षक को सरदार पटेल का चित्र देकर किया सम्मानित



**फतेहपुर।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन के तत्वधान में पुलिस महानिरीक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा को सरदार पटेल का चित्र देकर सम्मानित किया गया। साथ में ज्ञापन भी दिया गया। जिसमें समस्त थाना, पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालयों में सरकार एवं प्रदेश सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए सभी जगहों पर सरदार पटेल का चित्र लगवाए जाने की मांग की। फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी जनसेवक राजेश सिंह, प्रमुख महासचिव आचार्य कमलेश योगी, उपाध्यक्ष रामसनेही एवं आईटी सेल अभीजीत पटेल, सुनील उत्तम ने सम्मानित किया।

### संदिग्ध हालत में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पम्हरौली में संदिग्ध परिस्थितियों में बीमार चल रहे लगभग 49 वर्षीय एक अधेड़ की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। पम्हरौली गांव निवासी स्व0 सुखदेव का पुत्र फूलचन्द्र जो पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहा था। देर शाम उसकी मौत हो गयी। उधर परिजनों ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम जरारा गांव के बाहर खेत में लगभग 40 वर्षीय एक अधेड़ ने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार जरारा गांव निवासी बृजलाल का पुत्र दिनेश रैदास आज सुबह शौचक्रिया के लिए गांव के बाहर निकला और आम के पेड़ पर संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तभी कुछ गांव वाले शौचक्रिया के लिए जंगल जा रहे थे। तभी फांसी पर लटका दिनेश का शव देख उसके परिजनों को जानकारी दी। मौके पर रोते-बिलखते पहुचे परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### 18 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये गये अभियान के तहत जनपद की आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने डेढ़ दर्जन लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मलवां थानाध्यक्ष ने एक, खागा कोतवाली प्रभारी चार, किशनपुर एक, सुल्तानपुर घोष एक, कल्यानपुर दो, औंग चार, चांदपुर दो तथा गाजीपुर थानाध्यक्ष ने तीन लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत सोमवार की सुबह गश्त के दौरान अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाने के उपनिरीक्षक कृष्ण स्वरूप आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ पवन पुत्र दिरपाल कंजड़ निवासी नोनारा का डेरा मजरे नोनारा को बीस लीटर शराब के साथ धर दबोचा। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार दुबे ने गश्त के दौरान जयकरन पुत्र स्व0 रघुवीर निवासी खटौली को बीस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं सदर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक किशन सिंह ने गश्त करते हुए लक्ष्मण पुत्र विश्वनाथ निवासी चिरगांव थाना चिरगांव जिला झांसी के कब्जे से दस लीटर अवैध शराब बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये तीनों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### त्यौहार को लेकर बाजारों में रही रौनक



**फतेहपुर।** करवा चौथ का त्यौहार आते ही बाजारों में रौनक दिखी। वहीं सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखेंगी। महिलाओं ने बाजार में जाकर अपनी जरूरत के हिसाब से श्रंगार का सामान खरीदा। शहर के कलक्टरगंज स्थित राज बिग बाजार में महिलाओं ने अपनी पसंद की डिजाइनर साड़ियां खरीदने के लिए पहुंची। दुकान के संचालक गोपाल ने बताया कि इस अवसर पर कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सैनिटाइजर करवाया गया। वहीं सभी महिलाओं को मास्क वितरित किए गए साड़ियों पर विशेष छूट भी दी गई।

### पराली जलाने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**फतेहपुर।** कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी खेतों में पराली जलाने को लेकर सख्त जिला प्रशासन ने एक और कार्रवाई की है। गत दिवस मलवां थाना क्षेत्र के सहिली चौकी से चंद कदमों की दूरी पर बड़े पैमाने पर जलाई गई पराली की मिली सूचना के बाद उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेज कर जांच पड़ताल कराई। पराली जलाने में सहिली गांव के 2 लोगों के विरुद्ध मलवां थाना में मुकदमा दर्ज हुआ।

## सीएम योगी से फौजी के बेटे की गुहार भाजपा नेता करता है परेशान

**बरेली।** श्रीनगर मे देश की रक्षा मे तैनात फौजी के परिवार ने भाजपा नेता पर जबरन उसकी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। फौजी के कक्षा चार मे पढ़ने वाले पुत्र ने वीडियो वायरल कर मुख्यमंत्री योगी से न्याय की मांग की है। वीडियो मे वह भाजपा नेता पर दादी के मकान पर कब्जा करने के लिए नींव उखाड़ने का आरोप लगा रहा है। मीरगंज के गांव लभेड़ा पुरोहित निवासी सुनीता रानी के पुत्र बीएसफ मे जवान है। इस समय वह श्रीनगर मे तैनात है। फौजी के पुत्र अरविंद चतुर्वेदी वायरल वीडियो मे कह रहा है कि भाजपा नेता संतोष शर्मा ने मेरी दादी के मकान पर कब्जा कर रखा है। गुंडो के साथ दादी के मकान की नींव उखाड़ दी। मेरे घर को तहस-नहस कर दिया। मेरे पिता श्रीनगर मे भारत माता की सेवा मे देश के दुश्मनो से लड़ रहे है लेकिन अपने ही देश मे भाजपा नेता से हमे डर-डरकर रहना पड़ रहा है। योगी जी उचित कार्रवाई करे। गुंडो को सलाखो के पीछे डाले। फौजी के पुत्र के एक और वायरल वीडियो मे महिला और कुछ लोग नींव से ईंटे निकाल कर फेंक रहे है। एक दूसरे वीडियो मे सीओ, एसओ मौके पर मौजूद लोगो से पूछताछ कर रहे है। पुलिस अधिकारियो के सामने भाजपा नेता की पत्नी और फौजी की मां अपना पक्ष रख रही है। विवाद की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने विवादित जमीन पर निर्माण रुकवा दिया था। पुलिस ने इस संबंध मे अधिकारियो को रिपोर्ट भेज दी है।

# छूटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का जनवरी तक हर सोमवार टीकाकरण

### विशेष टीकाकरण अभियान शुरू

**बरेली।** कोरोना काल में लॉकडाउन के समय कुछ गर्भवती और बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए थे हैं, उन्हें प्रतिरक्षित रक्षण करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान सोमवार को शुरू किया गया। यह अभियान जनवरी 2021 तक चलेगा। अभियान का शुभारम्भ कुठला फरीदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ग्राम प्रधान दुर्गा पाल ने किया। जिला प्रतिक्षण अधिकारी डा. आर. एन. सिंह ने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों और गर्भवती को कई जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है। इनमें डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी, हेपेटाइटिस बी जैसी तमाम बीमारियाँ शामिल हैं द्य उन्होंने बताया लॉकडाउन के चलते गर्भवती और बच्चों का टीकाकरण प्रभावित हुआ था, जो लोग छूटे थे । उनका इस अभियान में टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चले दस्तक अभियान के दौरान जनपद मे संचारी रोग अभियान के तहत सर्वे किया गया था इसी के साथ उन्होंने जनवरी के बाद जन्में बच्चों और गर्भवती का सर्वे किया था। उसी आधार पर सूची तैयार कर अभियान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉ. सिंह ने बताया बरेली जनपद में टीकाकरण से छूटी



हुईं 11098 गर्भवती , शून्य 0 से एक वर्ष के 6025 बच्चों , पहली जनवरी 2020 के बाद छूटे बच्चे 4414 को टीका लगाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत नवम्बर, दिसम्बर और जनवरी तक प्रत्येक सोमवार को टीकाकरण होगा। डा. आर एन सिंह ने बताया कि टीकाकरण की जानकारी अपने क्षेत्र की आशा और एएनएम से ली जा सकती है। यह टीकाकरण निशुल्क चलाया जा रहा है। नियमित तौर पर टीकाकरण बुधवार और शनिवार को पहले की तरह ही चलता रहेगा।इस अवसर पर डा. संजीव दिवाकर, बीसीपीएम अनुराग शर्मा एवं एएनएम प्रियंका राजपूत, आगंनबाडी कार्यकर्ता सीमा शर्मा, आशा कार्यकर्ता पुनिति तिवारी उपस्थित रही।

## प्रिंस रंजन बरनवाल बने योग शिक्षक महासंघ के प्रभारी

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रचार प्रसार व योग शिक्षकों के उत्थान के लिए कार्यरत संस्था अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ नई दिल्ली की वर्चुअल मीटिंग में राष्ट्रीय संयोजक योगगुरु मंगेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय से कल रविवार को योग क्लॉसीफॉइड की लॉन्चिंग के मौके पर हाइम योग के संस्थापक एवं योग शिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल को जनपद लखीमपुर.खीरी का जनपद.प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस सम्बंध में प्रिंस रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि योग शिक्षकों के हितों की रक्षाए उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं योग विषय को स्वतंत्र विषय के रूप में मान्यता प्रदान करवाने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के द्वारा चलाया जा रहा है। जिसकी कड़ी में देश के हर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में योग शिक्षकों को संगठित कर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ योग की शिक्षा को एक स्वतंत्र विषय के रूप में मान्यता दिलाने एवं अन्य 11 सूत्रीय मांग सरकार के समक्ष रखकर आवाज उठा रही हैं। उत्तर प्रदेश प्रभारी मनीष मिश्राए कार्यकारी प्रभारी आशीष अवस्थीए मधुरेश शर्माए अमित शुक्लाए योगी कुलदीपए राहुल यदुवंशीए राज कात्यायन सहित सैकड़ों योग प्रेमियों और योग शिक्षकों ने प्रिंस रंजन बरनवाल को ष्जनपद.प्रभारीष् नियुक्त करने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की।

# करवा चौथ के अवसर पर निःशुल्क लगायी गयी मेहंदी



**फतेहपुर।** निखार वूमेन्स ट्रेनिंग एन्ड डेवलपमेन्ट इन्सटीट्यूट मे करवा चौथ उत्सव की तैयारियां जोर शोर से आरम्भ हो गई। करवा चौथ भारतीय महिलाओं और सुहागिनों का विशेष त्योहार है। जिसे सभी सुहागिन महिलायें बहुत ही हर्ष उल्लास से मनाती हैं। करवा चौथ की पूर्व तैयारियों मे नये-नये परिधान खरीदना संजना संवरना और मेहंदी लगाने का उत्साह सभी महिलाओं मे जोर शोर से देखने को मिलता है। इन्सटीट्यूट मे यह पर्व विशेष उत्साह से वर्षों से मनाया जाता रहा है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्व की पूर्व संध्या पर जनपद की महिलाओं ने आकर डिजाईनर मेहंदी लगवाई। डायरेक्टर डॉ0 माधुरी साहू ने बताया कि वे हर वर्ष सावन और करवा चौथ, तीज मे अपनी सखियों और महिलाओं को नि:शुल्क डिजाईनर मेहंदी की सुविधा उपलब्ध कराती रही हैं। इससे खुश होकर सभी महिलाओं की तरफसे गायत्री ने डायरेक्टर को तोहफा दिया और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर माया गुप्ता, सोना शिवहरे, कान्ती त्रिपाठी, राधा, आशा आदि महिलाओं ने इस नि:शुल्क सुविधा का लाभ उठाया और निखार की ट्रेन्ड बालिकाओं ने इस उत्सव को महोत्सव मे बदलने के लिये अपनी मेंहदी कला दिखाई। खूबसूरत मेंहदी लगी देख्र महिलाओं ने निखार की डायरेक्टर और मेहंदी लगाने वाली बच्चियों अंकिता साहू, आकांक्षा मिश्रा, मनू सोनी, ओमी सिंह, निशा, प्रियंका गुप्ता आदि का आभार व्यक्त किया। डायरेक्टर का मानना है कि अब महिलाओं का गहना शर्म हया न होकर हुनर होना चाहिये ताकि वे स्वावलम्बी बने, शिक्षित बनें और आत्मनिर्भर बने और अपनी रक्षा और सुरक्षा के साथ समाज और देश की सेवा मे भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

# यातायात माह: पेंटिंग प्रतियोगिता आयेजित

संवाददाता। फतेहपुर

**माह नवम्बर** को यातायात माह के रुप में मनाये जाने के क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज, परिक्षेत्र प्रयागराज कवीन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यातायात माह के क्रम में स्कूली छात्रों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयेजित की गई थी। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात यातायात जागरुकता रैली निकाली गयी। जिसको पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज, परिक्षेत्र प्रयागराज व जिलाधिकारी फतेहपुर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का स्वयं पालन करने व लोगों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी। इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन



सम्मेलन कक्ष में महिला संबंधी अपराधों को लेकर गोष्ठी की गई। जिसमें महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिये संवेदनशीलता एवं निष्पक्ष कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, विशेष किशोर इकाई/बाल कल्याण के नोडल अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, डीजीसी क्रिमिनल एडीजीसी पॉक्सो एक्ट, एडीजीपी एससी/एसटी एक्ट, अपर निदेशक अभियोजन/संयुक्त निदेशक, अभियोजन ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल प्रभारी, प्रभारी यातायात व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना कोतवाली में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया।

## सर्पदंश से छात्रा की जान गई

संवाददाता। फतेहपुर

**थरियांव थाना** क्षेत्र के ग्राम सूबेदार का पुरवा में सोमवार की सुबह घर से स्कूल के लिए निकल रही लगभग 12 वर्षीय एक छात्रा को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव को लकर वापस गांव चले गये।

जानकारी के अनुसार सूबेदार का पुरवा गांव निवासी कैलाश की पुत्री अंजली आज सुबह लगभग दस बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकल रही थी। तभी दरवाजे के कोने में बैठे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी परिजनों को हुयी तो तत्काल उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव को वापस गांव ले गये।

# कलाकारों की बेहतरी का दिया भरोसा

### प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना प्रचार-प्रसार कला व सांस्कृतिक प्रभाग अभियान संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। बरेली

**प्रधानमंत्री जन** कल्याण योजना प्रचार प्रसार कला एवं सांस्कृतिक प्रभाग अभियान संगठन के द्वारा आज सिविल लाइन्स बरेली में एक सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरेली भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉ कुलमोहन अरोड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विधायक डॉ अरुण कुमार सक्सेना रहे।कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ अरोड़ा जी ने बताया कि मैं महानगर अध्यक्ष होने के नाते दिन भर तमाम लोगों और उनकी समस्याओं से रूबरू होता रहता हूँ कई अलग अलग विधाओं से जुड़े कलाकारों से भी संपर्क रहता हम बहुत जल्द ही आप सब लोगों के विषय में वृहद कार्ययोजना तैयार करेंगेए लोकडौन के दौरान आप सब को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा मैं आप सब से वादा करता हूँ कि पार्टी स्तर पर बने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से मैं आप सब को कुछ मुकाम दिलाने का प्रयास करूंगा।नगर विधायक अरुण कुमार ने सभी कलाकारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि कोरोना काल के मुश्किल वक्त से गुजरने के वावजूद भी आप सब इस संगठन के बैनर तले इन योजनाओं का प्रचार प्रसार करने की भावना मन मे लिए पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं। अतः आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं मैं आप सब को प्रणाम करता हूँ। तदुपरांत उन्होंने केंद्रध्राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही तकरीबन 120 योजनाओं के विषय मे बताया और कुछ योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश भी डाला।इसके बाद संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला जी ने राष्ट्र निर्माण में सब कलाकारों की भूमिका और दायित्व के विषय में सबको जागरूक किया साथ ही इस संगठन को बनाने के उद्देश्य कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं के विषय में समझाया।इस कार्यक्रम में मौजूद सभी कलाकारों सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया और समस्याओं के विषय मे अवगत करायाए आज के इस कार्यक्रम में सभी को नगर विधायक एवं महानगर अध्यक्ष के हाथों से नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये गए ।पदभार प्राप्त करने वाले सदस्य संजीव कुमार शुक्ला ए जिलाध्यक्ष, राजीव कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 हितु मिश्रा, आरती गुप्ता व अन्य रहे।

## जिले के छह शिक्षकों को मिली डिजिटल ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार करने की जिम्मेदारी

**बरेली।** बेसिक शिक्षको की ट्रेनिंग के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद डिजिटल ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार करवा रहा है। दीक्षा ऐप के माध्यम से इन मॉड्यूल का प्रशिक्षण मे इस्तेमाल किया जाएगा। विद्यालय नेतृत्व विकास कार्यक्रम और सामाजिक विषय पर माड्यूल तैयार करने की जिम्मेदारी छह शिक्षको को मिली है। एनसीईआरटी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूदनपुर के इंचार्ज आशुतोष शर्मा, प्राइमरी स्कूल लखौरा की हेड नीता जोशी, प्राइमरी स्कूल डभौरा गंगापुर की हेड दीपमाला पांडे, कुइयां रामपुर के हेड नितेश पांडे, मोतीपुरा स्कूल के सहायक अध्यापक देवेंद्र प्रताप सिंह और संविलियन विद्यालय मे सहायक अध्यापिका आईजा बेला का चयन प्रदेश स्तर पर ऑनलाइन फॉर्मेट पर मॉड्यूल विकसित करने के लिए किया है। यह टीम जूनियर स्तर के सामाजिक विषय और विद्यालय नेतृत्व विकास कार्यक्रम विषय पर मॉड्यूल विकसित कर रही है। टीम ने आवंटित विषयो पर रीडिंग मैटेरियल, पीपीटी, ऑडियो-वीडियो, पोस्टर आदि तैयार कर उनकी रिकॉर्डिंग शुरू कर दी है। ऑनलाइन फॉर्मेट मे तैयार ये प्रशिक्षण कोर्स दीक्षा एप पर अपलोड किए जाएंगे।

# करणी सेना ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन



**फतेहपुर।** करणी सेना की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा सिंह राठौर के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देते हुए बताया कि निकिता तोमर के अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग करती है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पीड़िता के परिवार से किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ परिवार को दो करोड़ का मुआवजा दिया जाए। मांग किया कि निकिता के परिवार वालों को मदद दिलाई जाए। इस मौके पर संग्राम सिंह राठौर, राजवर्धन सिंह, सोनू ठाकुर, राहुल राज सिंह, संदीप सिंह चंदेल, अंशु ठाकुर, प्रखर ठाकुर, अवधेश सिंह चौहान, हर्षित सिंह चौहान, अजीत सिंह राठौर, महेंद्र सिंह पटेल, नूतन सिंह चौहान, सीता सिंह तोमर, विद्यावती देवी, पलक सिंह चौहान, स्मिता सिंह, पद्मा सिंह, शिखा सिंह, लक्ष्मी सिंह, अमित ठाकुर, किशन शुक्ला, अजय सिंह, स्मिता सिंह लवली आदि लोग मौजूद रहीं।

# कोरोना व नोटबंदी से पिछड़ गया देश

## रामलीला महोत्सव के कवि सम्मेलन में बोले शिवपाल, अपनों पे सितम, गैरों पर करम से अखिलेश पर दागा तीर

**संवाददाता।** जसवंतनगर इटावा

**प्रगतिशील** समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने बीती रात यहां रामलीला महोत्सव के काव्यमंच से देश के प्रधानमंत्री मोदी और अपने भतीजे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश पर जमकर व्यंग वाण चलाये।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर देश को सैकड़ों साल पीछे धकेलने का गम्भीर आरोप लगाते कहा कि देश को कोरोना के नाम पर सरकार द्वारा बुरी तरह छला गया।यदि लॉक डाउन लगाने से पहले देशवासियों को समय दिया जाता तो न मजदूर हजारों मील दूर पैदल दौड़ते और न देश मे अर्थतंत्र बुरी तरह चरमराता।सरकार की गलतियों से देश को बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा है और अभी तक देश बेपटरी है। उन्होंने कहा कि ऐसा ही नोटबन्दी में हुआ। कहाँ भ्र्ष्टाचार और ब्लैक मनी कम हुआघ् बस देश मे उद्योगपति मजबूत बना दिये गए।कोरोना की राहत के नाम पर जबरदस्त आपाधापी और भ्रष्टाचार हुआ है। योगी सरकार उत्तरप्रदेश में हर मोर्चे पर फेल है। उन्होंने लोगों से पूछा कि एक विकास का काम बताओ ए जो योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में तीन साल में हुए होंघ्उन्होंने अपनी सरकार के कार्यकाल के पचासों काम खुद गिनाते कहा कि आज हमारे कामों का फीता काटकर योगी खूद की पीठ थपथपाते हैं।जीएसटी को देश के व्यपारियों के सफाये का टेक्स बताया।व्यापार इसीलिए खत्म हो रहे।शिवपाल सिंह इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मंच पर शायराना अंदाज में भी आ गए और अपने भतीजे को इंगित करते उन्होंने पढा.श्अपनों पे सितमए गैरों पर करम ए ये जाने वफ़ा ये जुल्म न करश्ण्ण् उनके मुंह से ये पंक्तियां सुन भीड़ आह कर उठी।

रामलीला जसवंतनगर से अपने स्नेह की चर्चा करते उन्होंने कहा कि हर वर्ष यहां की रामलीला से उन्हें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कवि मंच पर जुटे कवियों डॉ विष्णु सक्सेना, शबीना अदीब, हेमंत पांडेय, अब्दुल गफ्फार, गौरी मिश्र, सुल्तान जहां आदि का रामलीला कमेटी के प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू, हीरालाल गुप्ता राजीव माथुर, अजेंद्र गौर, ब्रह्मशंकर गुप्ता आदि के संग अभिनंदन प्रतीक चिन्ह देकर किया।



# घाटमपुर उपचुनावः त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में आज पड़ेंगे वोट

### ● पीएसी और पैरामिलेट्री के साथ ही 8 हजार पुलिस कर्मी किये जायेंगे तैनात

**संवाददाता।** घाटमपुर

**कमल** रानी वरुण के निधन से खाली हुई घाटमपुर बिधान सभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में सुरक्षा के बड़े पुक्ता इन्तजाम के साथ त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे में मतदान होगा इसके लिय आईजी रेंन्ज व एसएसपी ने मतहतों की बैठक कर सुरक्षा ब्यवस्था की समीक्षा कर निस्पक्ष रहने का पाठ पढ़ाया इसके अलावा प्रत्येक बूथ में कैमरे लगा कर निगरानी की जायेगी। उधर देर रात तक मंण्डी समिति से पोलिंग पार्टियां रवाना होकर मतदान केंन्दों पर पंहुच गयी। यहाँ कुल 481 बूथ बनाये गये है। सत्ता दल भाजपा के अलावा कांग्रेस, सपा और बसपा के अलावा कुल 6 उम्मीदवार मैदान में है। बीती शांम चुनाव प्रचार थमने के बाद हर दल का प्रत्याशी और उसके समर्थक रात भर डोर टू डोर संर्म्पक करते नजर आये।

### शराब ठेके बन्द रहेंगे

**घाटमपुर।** डीआई प्रीतिन्दर ने बताया कि मतदान के दिन पोलिंग बूथों से 8 किमी दूरी तक के ठेके बन्द रहेंगे, इसके लिये पड़ोसी जिलों को भी सूचना दे दी गयी है। डीआईजी ने क्षेत्र के अपराधियों के घरों मे छापे मारने का आदेश भी दिया है। तथा ईवीएम मशीन पुलिस कर्मी और होम गार्ड के जवान नही उठायेंगे।

### मतदान में कोविड-19 की गाइड लाइन को होगा पालन

**घाटमपुर।** प्रात: 7 बजे से शांम 6 बजे तक मतदान होगा इसके अलावा मतदान के पहले बोटर को मारक, फेस सील्ड और गलब्स के साथ मतदाता केंन्द्र में पंहुचेगा जहाँ सबसे पहले उसका ताप मान जॉचा जायेगा, बाद में साबुन पानी से हाथ धोने के बाद समाजिक दूरी के तहत लाइन से जाना होगा, लाइन से बचने के लिये टोकन प्रणाली अजमाई जायेगी। किसी भी मतदाता को मतदान केन्द्र के अंन्दर मोबाइल कैमरा आदि ले जाने की छूट नही मिलेगी।

### श्छह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 3.18 लाख मतदाता

**घाटमपुर।** आज मंगलवार 3 नवम्बर को हो रहे मतदान में 3 लाख 18 हजार मतदाता चुनाव लड़ रहे 6 प्रत्याशियों के भग्य का फैसला करेंगे। उप चुनाव के मैदान में अपने भाग्य को अजमा रहे 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 3 लाख 18 हजार मतदात करेंगे और परिणाम अगामी 10 नवम्बर को आयेगा ।

# सपा जिलाध्यक्ष को कोर्ट ने भेजा जेल पुलिस से वकीलों ने की धक्कामुक्की

**संवाददाता।** फरुखाबाद

**पुलिस** ने सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी को कोर्ट में पेश किया। जहाँ अधिवक्ताओं नें पुलिस पर सत्ता के इशारे पर कार्य करने और झूठे मुकदमा लिखने का आरोप लगाकर हंगामा किया। काफी देर बाद पुलिस उन्हें कोर्ट में पेश कर सकी। जहाँ कोर्ट नें उन्हें जेल भेज दिया। कोर्ट नें मंगलवार को सुनवाई की तारीख तय की है।

दरअसल बीती देर रात सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी को पुलिस दलबल के साथ कोर्ट में पेश करने के लिए पंहुची। नदीम अहमद के कोर्ट में आते ही अधिवक्ताओं नें पुलिस को घेर लिया और पुलिस पर सत्ता के नेताओं के दबाब में फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। बार एसोसिएशन के महासचिव संजीब पारिया आदि नें कहा कि पुलिस नें शिकायत की जाँच नही की। सीधे मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने ले आयी। नदीम अहमद कोई अपराधी नही है। उन्होंने कहा कि वह अधिवक्ता भी है आक्रोशित अधिवक्ताओं नें सीओ अमृतपुर राजवीर गौड़ और प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय के साथ ही अन्य पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की कर दी। उन्हें कोर्ट में बैठने नही दिया और अधिवक्ता के चेंबर में बैठाया गया।

काफी देर चली नुराकुस्ती के बाद आखिर पुलिस नें भारी सुरक्षा के बीच न्यायिक मजिस्ट्रेट सिटी (जेएम सदर) के कोर्ट में रिमांड करायी गयी। कोर्ट नें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद अपील जिला जज न्यायालय में की गयी। जिस पर जिला जज नें प्रार्थना पत्र पर मंगलवार की सुनवाई की तारीख मुकर्रर की। जिसके बाद उन्हें भारी पुलिस बल के साथ जिला जेल लाया गया और उन्हें जेल में दाखिल किया गया।

इस दौरान पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव, सपा नेता सचिन सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, विवेक यादव, सरदार तोषित प्रीत, महेंद्र सिंह कटियार, पुष्पेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, बंटी यादव, राघव दत्त मिश्रा, रजत क्रांतिकारी आदि रहे।

### सपाइयों ने सौपा ज्ञापन

**सपा** नेताओं नें पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा और कहा कि उनके विरुद्ध राजनीतिक दुश्मनी के चलते उनके चलते छवि धूमिल करने के चलते ही उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। सपा नें ईमानदारी से मामले की विवेचना कराये जाने की मांग की।

## पेशकार पद के लिए आवेदन 20 नवंबर तक

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार स्थाई लोक अदालत कानपुर देहात में रिक्त पेशकार पद की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं जिसकी नियुक्ति की निम्नलिखित मापदंड एवं योग्यता होगी उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनाली पूनिया ने बताया कि स्थाई लोक अदालत कानपुर देहात के एक रिक्त पद पेशकार के लिए जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त व 65 वर्ष से कम आयु के कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे जिनको निर्धारित मानदेय रुपया 9000 प्रतिमाह पर अनुबंधित किया जाएगा जिला अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी जिन्होंने 65 वर्ष की आयु तथा जो स्थाई लोक अदालत कानपुर देहात के रिक्त पद के लिए अपना आवेदन कर सकते हैं।

# हत्या का आरोप, पुलिस लाइन गेट पर शव रखकर लगाया जाम

### ●रेल पटरी पर कटे मिले युवक के शव का मामला

### ● परिजनों ने पुलिस पर लगाया न कार्रवाई करने का आरोप

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**बीते** दिन रेलवे ट्रेक पर कटे मिले युवक के शव का पुलिस नें पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों नें युवक की हत्या किये जाने के बाद भी पुलिस पर कार्यवाही ना करने का आरोप लगाया। पुलिस लाइन गेट पर शव रखने की खबर मिलते ही भारी पुलिस बल आ गया। पुलिस नें कार्यवाही का भरोसा दिया जिसके बाद जाम खोला जा सका।

थाना नवाबगंज के बराकेशब निवासी मृतक सुनील शर्मा के पिता रावेन्द्र शर्मा, मृतक का भाई अजय कुमार, माँ श्रीदेवी, बहन सिखा शर्मा आदि ट्रैक्टर में शव लेकर पुलिस लाइन आ गये। उन्होंने शव पुलिस लाइन के गेट के सामने रख कर जाम लगा दिया। मृतक के भाई अजय कुमार नें बताया कि सुनील का विवाह बीते 17 मई 2020 को नीलम के साथ हुआ था। बीते 30 अक्टूबर को नीलम के साथ सुनील की कहा सुनी हुई। जिसके बाद पुलिस दोनों को थाने ले गयी। नीलम को स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया।

जिसके बाद नीलम के परिजनों नें आकर सुनील नें गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। नीलम के परिजन उसे लोहिया रिफर करा ले गये। इसके साथ ही बीते दिन सुनील का शव रेलवे ट्रेक पर भोपतपट्टी के पीछे दो टुकड़ों में पड़ा मिला था। आईटीआई चौकी पुलिस की सूचना पर हम लोग पोस्टमार्टम हाउस पंहुचे तो पता चला की उसके भाई की हत्या नीलम और उसके भाई अवधेश, विनीत पुत्र श्रीकृष्ण, नीलम के फूफा रवि निवासी सिकन्दरपुर कन्नौज ने की है।

परिजनों नें पुलिस पर शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही ना करने का आरोप लगाकर पुलिस लाइन गेट पर शव रखकर हंगामा कर दिया। जिसके बाद सीओ लाइन राजवीर गौर, शहर कोतवाल वेदप्रकाश पाण्डेय, फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल व महिला थानाध्यक्ष विनीता सारथी फोर्स के साथ मौके पर आ गयीं। सीओ नें परिजनों को कार्यवाही का भरोसा दिया जिसके बाद परिजन शव हटाने को सहमत हुये।

## कल होगी रबी कृषि उत्पादकता गोष्ठी

**कानपुर देहात।** शासन एवं विभागीय निर्देशों के क्रम में जनपदीय रबी कृषि उत्पादकता गोष्ठी कृषक मेला का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 04 नवम्बर को प्रात: 10: बजे से सामुदायिक भवन ईको पार्कए माती कानपुर देहात में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने बताया कि जनपदीय रबी कृषि उत्पादकता गोष्ठी कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।कृषि से सम्बन्धित सभी विभागों तथा निजी विकेताओं द्वारा कृषि निवेशए कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु स्टाल लगाये जायेगेंए जिससे अधिक से अधिक कृषक लाभ उठा सकें। उक्त रबी गोष्ठी में कृषि विभाग से सम्बन्धित समस्त अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# झोलाछाप डॉक्टर ने दी जानमाल की धमकी

**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**थाना** क्षेत्र के अंर्तगत कस्बा अताईपुर में झोलाछाप डॉक्टर का व्यापार तेजी से फलफूल रहा है। जिस पर पत्रकार को झोलाछाप डॉक्टर की ख़बर प्रकाशित करना पड़ा मंहगा, पत्रकार को झोलाछाप डॉक्टर नेजानमाल की धमकी दी ।

मिली जानकारी के मुताबिक़ थाना क्षेत्र के अताईपुर कस्बा में टावर रोड़ एक गेस्ट हाउस में झोलाछाप डाक्टर रंजीत का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है। प्रशासन को अंगूठा दिखते हुए पूरे विस्तार से अबैध क्लीनिक चला रहा है। आपको बता दे कि झोलाछाप डाक्टर रंजीत के पास किसी भी प्रकार का चिकित्सीय का कोई प्रमाण पत्र नही है और न ही क्लीनिक का कोई प्रमाण पत्र है बिना प्रमाण पत्रों के धड़ल्ले से अबैध रूप से क्लीनिक चला रहा है। बेचारी गरीब आहम जनता से मनचाहे पैसे बसूल रहा है। गरीब जनता का खुले आम पेट काट रहा है। आपको बता दें इससे पहले भी कई बार झोलाछाप डाक्टर रंजीत शुर्खियों में रह चुका है। झोलाछाप डाक्टर रंजीत ने लॉक डाउन के दिनों में भी आपने व्यापार को धड़ल्ले से करते नजर आ रहा था जिसका बीडीओ सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इसी ख़बर को एक दैनिक समाचार पत्र जिला संवाददाता अनिल कुमार ने ख़बर अपने कार्यालय भेजकर प्रकाशित कराया था । जिसपर बौखलाए झोलाछाप डॉक्टर रंजीत ने कल 1 नवंबर को लगभग 2 बजे अपने गुंडे शोभित कौशल व 3 अज्ञात लोग भेजकर जिला संवाददाता के साथ अभद्रता गाली गलौज की और कहा की ख़बर दुवारा प्रकाशित हुई तो जान से मार दिया जाएगा। डरे सहमे जिला संवाददाता ने बिलम्ब न करते हुए ।जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर उक्त झोलाछाप डॉक्टर के पूरे प्रकरण के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए झोलाछाप डाक्टर रंजीत व उसके गुंडों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की है। जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि एक पत्रकार के साथ कि गयी ये अभद्रता और जानमाल धमकी की धटना निदनीय है। साथ ही जिलाधिकारी ने सीएमओ फर्रूखाबाद को निर्देशित करते हुए झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर मुकद्दमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। इस ज्ञापन के मौके पर देवराज, राहुल कठेरिया, इरशाद अली, विक्रांत सिन्हा, मनीष कुमार, शेखर ,पारस भारद्वाज, राजेश कुमार , रमेश यादव आदि पत्रकार मौजूद रहे।



## मंदिर में निकला अजगर वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के सलेमपुर गांव में एक तीन मीटर लंबा अजगर निकलने से हड़कंप मच गया बाद में वन विभाग को दी गई सूचना पर पहुंचे वनरक्षकों ने उसे रेस्क्यू किया। विवरण के अनुसार कचौरा रोड स्थित सलेमपुर गांव में पश्चिम की ओर 300 मीटर दूर भंडारी की ठार पर एक शिव मंदिर है जहां आए दिन भक्तों का आना जाना लगा रहता है। बीती शाम 5 बजे के आसपास एक भक्त ने अचानक कोठरी में अंदर जाकर कुछ उठाना चाहा कि वहां एक अजगर सांप को अलमारी में बैठा देख उसके छक्के छूट गए और उल्टे पांव से तेजी से लौटा। डरे सहमे लौटे उस भक्त ने बाकी लोगों को बताया उसके बाद मौजूद सब लोग वहां पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर फॉरेस्ट सेक्शन ऑफीसर अजीत पाल सिंह एवं वन रक्षकों राकेश पालए डालचंदए राधेश्यामए बारेलाल ने मिलकर लगभग 40 किलो बजनी 3 मीटर लंबे अजगर सांप को रेस्क्यू किया और ले गए। तब जाकर भक्तों ने राहत की सांस ली।

# बिना लाइसेंस आतिशबाजी की दुकान लगाने वाले हुए गिरफ्तार

**संवाददाता।** इटावा

**भरथना** पुलिस ने आगामी त्यौहार की सुरक्षा.व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह के मार्गदर्शन में और भरथना क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में भरथना नगर में बिना लाइसेन्स के आतिशबाजी की अबैध बिक्री करने वाले 3 आतिशबाजों को लगभग 70 किलो ग्राम मय आतिशबाजी के गिरफ्तार किया है।

आपको बतादें विगत दिबस 31अक्तूवर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली की सुरक्षा को दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में सघन चैकिंग अभियान व थाना क्षेत्र में पैदल गश्त करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसमें सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की जा रही थी इस बीच भरथना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिसक्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह कोतवाल अनिल कुमार के नेतत्व में उपनिरीक्षक राजेन्द सिंह की टीम ने भरथना नगर के ऊसराहार बस स्टैण्ड के पास अवैध रुप से आतिशबाजी बेच रहे है। आतिशबाजों की घेरा बन्दीकर 3 आतिशबाजों को लगभग 70 किलो ग्राम मय आतिशबाजी बरामद कर गिरफ्तार किया है। उक्त सम्बन्ध में भरथना पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आतिशबाजों से जब आतिशबाजी बिक्री का लाइसेन्स पूछा गया तो तीनों आरोपियों ने लाइसेन्स दिखाने में असमर्थ व्यक्त करदी। रहे। जिस पर कोतवाली भरथना में अभियोग पंजीकृत किया गया।



## प्रेम प्रसंग में युवक ने तमंचे से गोली मार की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** सोमवार शाम युवक नें खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर जाकर तमंचा और उसके भीतर से एक खोखा के साथ में पांच जिंदा कारतूस बरामद किये। इसके साथ ही पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नरकसा निवासी 22 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र महावीर जाटव सब्जी बेंचने का कार्य करता था। उसके बड़े भाई राजकुमार नें बताया कि पंकज का एक रिश्तेदार की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के घर वाले शादी करने को तैयार नही थे। युवती से पंकज की फोन पर बात होती थी और उसका घर पर भी आना जाना था।सोमवार को शाम लगभग 3रू30 बजे पंकज नें अपना 315 बोर का तमंचा निकाला और सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी से कोहराम मच गया। मृतका की माँ चंपाकली का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर कादरी गेट चौकी इंचार्ज संदीप कुमार और फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर आ गयी। पुलिस नें एक तमंचा उसमे फंसा हुआ खोखा व 5 जिंदा कारतूस बरामद किये। चौकी इंचार्ज नें बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जाँच की जा रही है।

# लापरवाही पर डीएम ने लगाई फटकार

### ● संयुक्त जिला चिकित्सालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

### ●महिला, पुरूष सीएमएस को लगाई फटकार

**संवाददादता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ. दिनेश चंद्र ने आज दिनांक 02 नवम्बर 2020 को करीब 11 बजे संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रवेश गेट पर ही बायोवेस्ट कचरा पड़ा मिला जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये है। वहीं महिला सीएमएस डाण् शुभ्रा मिश्रा व प्रभारी पुरुष सीएमएस डाण् बीपी सिंह भी निरीक्षण के दौरान अस्पताल आते मिले जबकि संयुक्त चिकित्सालय का 8:00 से 2:00 तक ओपीडी का निर्धारित समय है इलाज हेतु आये मरीजों ने समय पर ओपीडी न होने का आरोप लगाया। वहीं जिलाधिकारी को अस्पताल के अंदर भी बायोवेस्टेज कचरा पड़ा मिला जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए महिला व पुरुष सीएमएस को कड़ी फटकार लगाते हुए जुर्माने की कार्यवाही के निर्देश दिए और बुखार सम्बन्धी 40 बेड वाले वार्ड का संचालन अतिशीघ्र करने के भी निर्देश दिए तथा 30 सैय्या वाली महिला हॉस्पिटल के संचालन को बंद मिलने के मामले में भी नाराजगी जाहिर। वही जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल व 100 सैय्या एमसीएच सेंटर की समुचित रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वही औषधि वितरण कक्ष में कुछ दवाएं न होने पर जिलाधिकारी ने औषधि वितरण प्रभारी से जानकारी ली तथा दवा संबंधी पर्चियों का तिथि वार सही तरीके से रखरखाव न होने के मामले में जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट की तथा जिलाधिकारी ने कहा कि निचले क्रम के कर्मचारी संतोषजनक कार्य करते मिले किंतु उच्च स्तरीय अधिकारियों की लापरवाही मिली है जिस पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले डाक्टरों व कर्मचारियों के मामले में जिलाधिकारी ने लापरवाही को सुधारने के निर्देश दिए हैं अगले निरीक्षण में विभागीय कार्यवाही के भी निर्देश दिए है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 100 सैय्या एमसीएच सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों की ओपीडी कक्ष में गन्दी चादरें मिली जबकि तोलिया व साबुन न मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी प्रकट। इस मौके पर अतिरिक्ति मजिस्टेऽट राजीव राज आदि अधिकारीगण व कर्मचारीए चिकित्सक उपस्थित रहे।

## अधेड़ की लाश की पुत्र ने की शिनाख्त

**इटावा।** भरथना क्षेत्र में सोमवार को फिर मिली अधेड़ की अज्ञात लाश की केई घण्टो के बाद शिनाख्त हो गई है। लाश की शिनाख्त मृतका के पुत्र विष्णु सिंह पुत्र बीरेंद्र सिंह निबासी मंगूपुर कोतवाली भरथना ने अपने पिता के रूप में करली है।क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधि होम सिंह यादव ने बताया कि मृतक ठाकुर बीरेंद्र सिंह उर्फ हाकिम सिंह उम्र 60 बर्ष पुत्र जसबन्त सिंह निबासी ग्राम मंगूपुर भरथना रोज की तरह अपने घर पर सोये हुए थे। जो रात्रि 9 बजे तक परिजनों ने उन्हें अपनी चारपाई पर ही सोता हुआ देखा था। बीरेंद्र सिंह को रात के अंधेरे में कौन और कैसे उठा कर कहा ले गया घ् और उनकी हत्या क्यों और किसने की घ् उनकी लाश गांव से इतनी दूर कैसे पहुँची घ् पुलिस सभी पहलुओं पर जांच मै जुट गई है। हालांकि पुलिस को उक्त हत्या के मामले में अभी तक कोई लिखित तहरीर नही मिली है। लाश की शिनाख्त होने के बाद भरथना पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# व्यापारियों ने की मंडी में विद्युत सप्लाई की मांग

### ● विरोध स्वरूप आधे घंटे तक कारोबार रखा बंद, एक लाख से अधिक का बिजली का बिल बकाया

**संवाददाता।** इटावा

**भरथना** कृषि उत्पादन मंडी समिति प्रशासन व विद्युत विभाग और धान बेचने मंडी पहुँचे कृषकों में सोमवार को दोपहर उस समय हड़कम्प मच गया जब कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में बैठे लाइसेन्स धारी अधिकृत व्यापारियों आढ़तियों दुकानदारों ने कुछ कृषकों को अपने साथ लेकर हंगामा शुरू करते हुए मंडी समिति के मुख्य दौनों गेट को बन्द कर हड़ताल करने का ऐलान कर दिया। मंडी में हड़ताल की खबर फैलते ही हड़कम्प मच गया।

हालांकि मंडी बन्द होने व हड़ताल करने का कोई खास कारण नही था जिसके कारण मात्र आधा घण्टे के अन्दर व्यापारी आढ़तिया व दुकानदार खुद ही मंडी के दौनों मुख्य द्वार खोलकर अपने अपने काम मे जुट गये। उक्त सम्बन्ध में मंडी सचिव अनिल कुमार ने बताया कि मंडी के व्यापारियों की मांग विद्युत सप्लाई को लेकर है। जबकि विद्युत विभाग ने मंडी पर एक लाख रुपया से अधिक विद्युत विल बकाया होने पर विभाग ने प्राइवेट सप्लाई बन्द कर रखी है। साथ ही मंडी की रोड़ लाइट पूरी तरह चालू है। सचिव के अनुसार अधिकृत दुकानदार व्यापारी व आढ़तिया बिना विद्युत कनेक्शन के अपनी अपनी दुकानों पर विद्युत सप्लाई लगाये हुए थे। जिसके कारण भरथना मंडी का विद्युत बिल सीमा से अधिक आ रहा था। विद्युत विभाग ने दुकानदारों से विद्युत कनेक्शन कराने के बाद सप्लाई चालू करने का भरोसा दिलाया है।

## लोहिया अस्पताल में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल सभागार फर्रूखाबाद में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर रक्तदाता संस्थाओं के संयोजकों को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्त दान की उपयोगिता हमसब समझते है। मरीजों को समय पर सहजता से रक्त मिल जाए इससे बड़ी कोई उपलब्धता नहीं है। आपकी सेवा अतुल्यनीय है।आप द्वारा किये गये रक्तदान से मरीजों को एक नया जीवनमिलता है। इसी तरह सभी संस्थाएं सक्रिय रहे जिससे कि हमारे जनपद को ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों के जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। सभी संस्थाओं को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें।

# नवनियुक्त शिक्षिकाओं ने पौधे रोपकर पेश की अनूठी मिसाल

**राठ( हमीरपुर )।** बेसिक शिक्षा में नवनियुक्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विद्यालय आवंटन के बाद एक अनूठी मिसाल पेश करते हुये सबसे पहले विद्यालय जाकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर विद्यालय को हरा भरा रखने का संकल्प लिया,

शिक्षकों ने कहा कि वृक्ष मानव की जान है इनकी सुरक्षा बेटी बेटी से ज्यादा करना चाहिये कन्या पू0मा0वि0 गल्हिया में नवनियुक्त शिक्षक दीप्ति सिंह और वन्दना ने कार्यभार ग्रहण करने साथ विद्यालय में वृक्षारोपण किया। ये वृक्ष संबंधित शिक्षिकाओं के लिये जीवन के यादगार बनेगे और उन्हे ये बृक्ष हमेशा इस बात की प्रेरणा देते रहेगे कि अपने जीवन में किसी नेक काम की शुरुआत करने के पहले समाज व देश हित के लिये कोई अच्छा काम करना चाहिये, शिक्षिकाओं के इस काम की सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। नवनियुक्त शिक्षिकाओं ने कहा कि वे जिस विद्यालय में सेवा करेगी उस विद्यालय को हमेशा हरा भरा रखने का प्रयास करेगी। ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाये।इस मौके पर प्रधानाध्यापिका उर्मिला राजपूत, श्रद्धा सिह, भुवनेश तिवारी, लक्ष्मी प्रसाद आदि शिक्षक मौजूद रहे। गांव के लोगो ने भी शिक्षिकाओं के इस पुण्य काम की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि इन शिक्षिकाओं के कार्य से सभी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरणा लेनी चाहिये।


विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करती शिक्षिकाएं

# क्षय रोगियों को नहीं मिल रही है पांच सौ रुपए की धनराशि

● सरकारी घोषणा हवा हवाई, सीएमओ ने कहा कि प्राइवेट इलाज वालों को सुविधा मिलती है या नहीं इसको कोई जानकारी नहीं

**हमीरपुर।** क्षय रोग को समाप्त करने के लिये शासन ने क्षय रोगियों को हर माह पांच सौ रुपये देने का संकल्प लिया था मगर ज्यादातर लोगों को यह धनराशि नही मिल रही है मजे की बात तो यह है कि इलाज करा रहे है क्षय रोगियों के पास लखनऊ मुख्यालय से हर माह सूचना आती है मगर वे कोरा आश्वासन देकर रोगी के रोष को और बढ़ा देते है। शासन क्षय रोग उन्मूलन के लिये भले ही एडी चोटी का जोर लगाये हुये हो मगर हकीकत यह है कि जो लोग प्रायवेट इलाज कराते किसी शहर व कस्वे में कराते है उनको कोई सुविधा राशि नही दी जाती है। जब कि प्रायवेट अस्पताल के डाक्टर क्षय रोगी का इलाज कराने के पहले उसका आधार कार्ड व बैंक की फोटो कापी जमा करा लेते है यही नही हर माह संबंधित क्षय रोगी से सुविधा शुल्क पाये जाने की जानकारी करते है जब रोगी उनको यह बताता है कि उनके खाते में आज तक कोई पैसा नही आया तो उनका एक ही उत्तर रहता है इंतजार करिये कभी न कभी पैसा आपके खाते में आ ही जायेगा। जिले में हजारों क्षय रोगी ऐसे है जो पांच सौ रुपये पाने के लिये कई सालों से इंतजार कर रहे मगर उन्हे निराशा ही हाथ लगती है। सीएमओ डा. आरके सचान का कहना है कि प्रायवेट अस्पताल में इलाज कराने पर रोगियों को पैसा मिलता है या नही इसकी कोई जानकारी नही है। यह जानकारी क्षय रोग अधिकारी ही बता पायेगे। क्षय रोगी सरकार की इस नीति को जमकर कोस रहे है। गरीब रोगियों का कहना है कि सरकार इस मामले में उपचार में भी भेदभाव कर रही है। जो उचित नही है।

## तालाब में कीटनाशक दवा डालने से हजारों मछलियों की मौत

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के चौपरेश्वर मंदिर के तालाब में अराजक तत्वों ने पानी में कीटनाशक डाल दी। जिससे तालाब में मौजूद मछलियों की मौत हो गई। मंदिर के पुजारी राजेंद्र पाटकर ने बताया कि हिंदू धर्म के सुबह-सुबह मछलियों को देखना व दाना चुगाना बहुत पुण्य का काम माना जाता है। जिस पर पूर्व सांसद राजनारायण बुधौलिया ने मंदिर के बगल में बने चौपरा तालाब में दस हजार मछलियों के बीज डलवाए थे। जो अब मछलियां बड़ी हो गई थी। बताया कि 2 दिन पूर्व मंदिर में आने जाने वाले अराजक तत्वों ने तालाब के पानी में कीटनाशक दवा डाल दी। जिससे तालाब की हजारों मछलियां मरकर पानी के ऊपर आ गई। जिन्हें मंदिर कमेटी ने तालाब से निकलवाकर फिकवा दी है। लेकिन अभी कुछ मछलियां मरकर पानी के ऊपर आ रही हैं और सड़ कर दुर्गंध फैला रही है। जिससे मंदिर परिसर में चारों तरफ दुर्गंध फैल रही है। जिस पर मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## क्विक न्यूज

### किशोरी की मौत, आनन फानन में किया अंतिम संस्कार

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव रीवन में एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने किशोरी के शव का आननफानन में अंतिम संस्कार कर दिया है।जो कि गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गाँव रीवन निवासी रज्जू कुशवाहा की पुत्री प्रियंका(16) की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर पर ही मौत हो गई। परिजनों ने मृतका के शव का आननफानन में अंतिम संस्कार भी कर दिया है। जिसकी खबर पड़ोसियों तक को नहीं मिल सकी है।वहीं इस घटना के बारे में जब हलका इंचार्ज रामकिशुन यादव से जानकारी ली गई तो उसका कहना है कि उसके परिजनों ने किशोरी की आत्महत्या करने की सूचना फोन पर दी थी और जब मौके पर जाकर देखा तो उनलोगों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था।मामला कुछ भी हो लेकिन जिस तरह से सबकुछ आननफानन में हो गया और अंतिम संस्कार के बाद लोगों को घटना की जानकारी नही हुई है।

### शराबी बोलेरो चालक ने युवक को मारी टक्कर

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के बेरी तिराहे के सामने बाइक से आ रहे युवक को बोलोरो चालक ने शराब के नशे मे टक्कर मार दिया। वही मौजूद लोगों ने चालक सहित उसके साथी को पकड़कर थाना पुलिस के किया है। कस्बा निवासी राम जी गुप्ता दोपहर में बाइक से बस स्टैंड की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही बोलोरो के चालक ने बाइक में टक्कर मार दिया । जिससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ने मौके।से भागने का प्रयास किया। लेकिन वहाँ मौजूद लोंगो ने उनको व उसके साथी को पकड़कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने गाड़ी को थाने मे खड़ा कराया है। वही पीड़ित ने चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करायी है।

### जिले में मिले आठ कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** सोमवार को आठ नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जबकि तीन मरीजों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है। जिन आठ मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। उनमें मौदहा निवासी 30 वर्षीय युवक, कालपी चौराहा हमीरपुर निवासी 29 वर्षीय युवती, पुलिस लाइन के 52 वर्षीय वृद्ध, सुमेरपुर निवासी 53 व 56 वर्षीय वृद्ध, मसगांव मुस्करा निवासी 24 वर्षीय युवती, सरगांव मझगवां निवासी 65 वर्षीय वृद्ध और अमन शहीद हमीरपुर का 60 वर्षीय वृद्ध कोरोना पॉजिटिव मिला है। जबकि प्रयागराज के मेडिकल कॉलेज से 63 वर्षीय वृद्ध और कुरारा सीएचसी से दो मरीजों की कोरोना से ठीक होने के बाद छुट्टी की गई है। सीएमओ ने बताया कि सोमवार को 1535 लोगों के सैंपल लिए गए थे। जिसमें आठ मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है।

### दबंग के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव की एक महिला ने दबंग के खिलाफदीवार बनाने के विवाद में गाली गलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। गांव की अनुराधा पुत्री रामविलास ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी महिला नीलम पत्नी रामबली ने दीवार के विवाद में गाली गलौज कर रही थी जब मैने उसको मना किया तो उसने मेरे साथ मारपीट किया तथा गला दबाकर मारा जिससे मेरे चोट आई है। मारपीट का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

### छत से गिरकर घायल, जहरीला पदार्थ खाया

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव छिमौली निवासी अलखराम का पुत्र शानू 05 बीती रात छत से गिरकर गंम्भीर रूप से घायल हो गया।परिजनों ने उसे आनन फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर कर दिया है। मौदहा। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव अरतरा निवासी रजनी 35 पत्नी तिलक ने आज सुबह अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया है।उसकी हालत गंभीर होने पर उसे सदर.अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर किया गया है।

### तीन ने खाया जहर, दो रिफर

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के मल्हेटा गांव निवासी अरविंद ने सोमवार की सुबह ग्रह कलह के चलते सल्फास खा ली। हालत बिगड़ती देख परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। बताया जाता है कि युवक का पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। जिसके कारण उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं कस्बा गोहांड निवासी महेंद्र पाल पुत्र टूटी पाल और कस्बे के खुशीपुरा मोहल्ला निवासी सुम्मी पुत्र शंकरलाल ने जहरीले पदार्थ खा सेवन कर लिया। अरविंद और महेंद्र पाल की गंभीर हालत होने पर चिकित्सक ने झांसी रिफर कर दिया।

### अपराधों में संलिप्त दो छह माह के लिये जिला बदर

**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह का रवैया फिर हुआ अपराधियों के प्रति सख्ती दिखाते हुये दो शातिर अपराधियों पर कानूनी हंटर चलाते हुये उन्हें छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। बताया जाता है कि उक्त दोनों पर लूट, चोरी, बलबा जैसे एक दर्जन मुकदमे दर्ज दर्ज होना बताये जा रहे हैं। जिन लोगों को जिला बदर घोषित किया गया है उनमें निर्दोष राजपूत पुत्र चन्द्रपाल राजपूत निवासी ग्राम खरका थाना डकोर, राघवेन्द्र पुत्र रामहेत सिंह निवासी भेड़ीखुर्द थाना कदौरा के नाम शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों को दिये कड़े निर्देश देते हुये कहा कि उक्त कार्यवाही से 3 दिवस के अंदर संबंधित न्यायालय को अवगत करायेंगे।

### बेरोजगारी से त्रस्त युवक ने कैरोसिन डाल लगायी आग

**जालौन (उरई)।** आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान युवक ने केरोसीन डालकर खुद को आग लगाई। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नगर क्षेत्र में कोंच चौराहे के पास कंजर डेरा जमाए हुए हैं। इन्हीं डेरों में मध्यप्रदेश शिवपुरी जिला के करेरा गांव निवासी चरन सिंह का भी डेरा है। उनका 23 वर्षीय पुत्र सलमान कोई काम न मिलने के चलते आर्थिक रूप से परेशान था। काम न मिलने से मानसिक रूप से भी परेशान होता रहता था। घर खर्च को लेकर अक्सर परिजनों से भी विवाद होता रहता था। सोमवार की सुबह इन्हीं सब कारणों के चलते लगभग 11 बजे सलमान ने डेरे के अंदर रखे केरोसीन को अपने ऊपर डाल लिया और स्वयं को आग लगा ली। डेरे के अंदर से निकलते धुंऐ और सलमान की चीख पुकार सुनकर आसपास के डेरों के लोग वहां पहुंच गए और किसी तरह उसकी आग बुझाई। परिजन तत्काल उसे सीएचसी ले गए। आग से झुलसे सलमान की हालत काफी गंभीर थी। उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### खाना बनाते समय आग लगने से गृहस्थी हुई जलकर राख

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम गदनापुर निवासी विधवा तरुनुमम पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद शेर सोमवार की सुबह घर पर चूल्हे से खाना बना रही थी। तभी अचानक घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान व करीब 12 हजार रुपए की नकदी जलकर राख हो गई। पीड़िता ने बताया कि एक हफ्ता पूर्व गुजरात में काम कर रहे उसके बेटे ने 12 हजार रूपये की नकदी भेजी थी। जो आग में जलकर राख हो गई। पीड़ित महिला के चार अन्य बच्चे भी हैं। जिनके भरण भरण पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

# धान क्रय केन्द्र में किसानों को न हो कोई परेशानीः जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने मार्केटिंग विभाग से संचालित मंडी परिषद के धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण कर कहा कि जिले में दस धान क्रय केन्द्र खोले गये हैं। चार किसानों से बात कर कहा कि केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं कि किसानों को धान बेंचने में कोई परेशानी व शोषण नहीं होना चाहिए।


धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम।

सोमवार को जिलाधिकारी ने पीसीएफके चार और केन्द्र खोलने के निर्देश दिये। उन्होंने डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि धान क्रय केन्द्र में जिले के किसी भी किसान को समस्या नहीं होनी चाहिए। निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। नियमानुसार खरीदकर समय से भुगतान करायें। किसानों से कहा कि कोई भी समस्या हो तो टोल फ्री नम्बर 18001800150 पर बता सकते हैं।

केन्द्र प्रभारी इसरार अहमद ने बताया कि आज से धान की खरीद 1868 रुपये प्रति कुंतल की जा रही है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि किसानों को कोई समस्या होने पर वे उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे। जो किसान जिस धान क्रय केन्द्र में अपना धान बेंचने जायें, उसे वापस न किया जाये। निरीक्षण में एसडीएम कर्वी रामप्रकाश, तहसीलदार संजय अग्रहरि, डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव समेत किसान मौजूद रहे।

# सबसे कम संक्रमण वाले जिलों में हमीपुर का तीसरा स्थान

**हमीरपुर।** कोविड-19 एवं संचारी रोगों के संक्रमण से बचाव एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी पर्यवेक्षण के संबंध में जनपद के नोडल अधिकारी महानिदेशक पर्यटन रवि कुमार एनजी ने आज सर्किट हाउस में बैठक में कहा कि संपूर्ण प्रदेश में सबसे कम संक्रमण वाले टॉप तीन जिले में जनपद हमीरपुर का नाम शामिल है आगे भी यह प्रयास जारी रखा जाए। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ आदि के द्वारा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सतर्कता के साथ कार्य किए जाएं । उन्होंने कहा कि जनपद में डेंगू तथा अन्य संक्रामक रोगों के उन्मूलन पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा फागिंग ,एंटी लारवा का छिड़काव किया जाय। नोडल अधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को गुड टच- बैड टच के बारे में बताया जाए। महिला हेल्प डेस्क में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं तथा एक माह का वीडियो बैकअप रखा जाए । महिला हेल्प डेस्क में प्राप्त होने वाली समस्याओंध् शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाए। बालिकाओं महिलाओं से संबंधित अपराधों समस्याओं पर सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिशन शक्ति के अभियान के तहत जो कानूनी जानकारी दी गई है तथा उनके सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान के तहत जो कार्यवाही हमीरपुर में की गई है वह सराहनीय है।

# दरियापुर गांव के शौचालयों की गुणवत्ता ठीक न होने पर ठेकेदार का भुगतान रोका


निरीक्षण के दौरान गांव में प्राइमरी बच्चे से पढ़ाई के हाल चाल लेते नोडल अधिकारी

**हमीरपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी रवि कुमार ने आज सुमेरपुर विकासखंड के दरियापुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर गांव में बन रहे सामु. शौचालय की डिजाइन व कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने पर ने ठेकेदार को भुगतान न करने एवं संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने भी सामु. शौचालय की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार किया जाए।

नोडल अधिकारी ने पौथिया गौशाला वर्मी कंपोस्ट उत्पादन इकाई पौथिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वर्मी कंपोस्ट के विक्रय तथा अन्य कार्यों हेतु स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की हर संभव मदद की जाय। कंपोस्ट के विक्रय हेतु स्वयं सहायता समूहों को मार्केट आदि से टाईअप कराया जाए, नोडल अधिकारी ने सुमेरपुर थाना पहुंचकर वहां स्थापित महिला हेल्पडेस्क का अवलोकन किया तथा इस संबंध में जरूरी पूछताछ की। महिला हेल्प डेस्क के शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया तथा महिला हेल्पडेस्क में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध ढंग से

# कोच ढूंढ़ने में कई यात्री भिड़कर हो गए घायल

**चित्रकूट।** रेलवे स्टेशन पर लगा कोच पोजीशन डिस्प्ले यात्रियों को धोखा दे रहा है। कोच गाइडेंस सिस्टम सही न होने से यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई है। रविवार को मानिकपुर रेलवे जंक्शन पर अप सारनाथ एक्सप्रेस आने के समय प्लेटफार्म नंबर एक पर भगदड़ जैसे हालात हो गये। अपना कोच तलाशने को ट्रेन के एक सिरे से दूसरे सिरे की तरफदौड़ रहे कई यात्री आपस मे टकराकर गिर गए।

कोच ढूंढने के चक्कर में आपाधापी की स्थिति पैदा हो गई। कई यात्रियों को मामूली चोटें भी आईं। इसे लेकर स्टेशन मे हंगामा होने लगा। प्लेटफार्म पर ट्रेनों के कोच की जगह दिखाने वाले कोच गाइडेंस सिस्टम के डिस्प्ले बोर्ड मुसाफिरों को धोखा दे रहे हैं। रेलवे से जुड़े सूत्रों ने बताया की आए दिन एसा होता है। प्लेटफार्म पर ट्रेन के पहुंचते ही अपने कोच की स्थिति जानने को कोच डिस्प्ले बोर्ड पर भरोसा करने से मुसाफिरों को अपने कोच की सही जानकारी नहीं मिल रही है। कई बार गलत जानकारी शो होने से अक्सर मुसाफिर ऐन मौके पर कोच में चढने को दौड़ लगाने को मजबूर होते हैं। इससे न सिर्फ ट्रेन छूटने का बल्कि गिरकर चोटिल होने का भी खतरा रहता है। ऐसा ही कुछ मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार को देखने को मिला। बोगियों और प्लेटफॉर्म के कोच डिस्प्ले बोर्ड पर अलग-अलग बोगी नंबर शो हो रहे थे। ऐसे में अपने कोच तक पहुंचने को यात्रियों में भगदड़ मच गई। कुछ यात्री ट्रेन के पीछे वाले हिस्से से इंजन की तरफ भाग रहे थे, तो कुछ इंजन की तरफसे पीछे की तरफ। इस दौरान कई यात्री आपस में टकराकर गिर गए। तो कुछ लगेज के कारण गिर गए। कई यात्रियों को चोट आने की सूचना है। बहरहाल वे जैसे तैसे बोगी तक पहुंचकर चढ़ गए।

# यातायात नियमों का पालन कर खुद बचें औरों को भी बचाएंः जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व एवं पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने नवंबर माह 2020 यातायात रैली को हरीझंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज यातायात का शुभारंभ हुआ है। जागरूकता ही बचाव है। निरंतर जिले में अभियान चलाते रहते हैं कि लोग यातायात नियमों का पालन करें।

सोमवार को पटेल तिराहा में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से निर्देश मिले हैं कि किस प्रकार से यातायात को सुगम बनायें। लोग हेलमेट का प्रयोग कर खुद को बचायें तथा लोगों को बचाए। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य पहने। नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

मोटरसाइकिल पर दो से अधिक सवारी न बैठें। नींद व झपकी आने पर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करें। शासन से यातायात नियमों के पालन के निर्देश मिले हैं। उनका अनुपालन सुनिश्चित करें। रैली में भाजपा जिलाअध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पंकज अग्रवाल, हरिओम करवरिया, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, राहुल गुप्ता समेत अन्य जनप्रतिनिधि तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पांडेय, उप जिलाधिकारी कर्वी राम प्रकाश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार यादव, ट्रैफिक इंचार्ज घनश्याम पांडे, योगेश कुमार यादव समेत संबंधित अधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


यातायात माह का शुभारम्भ करते डीएम-एसपी आदि।

## 11 नवम्बर तक चलेगा क्षयरोगी खोजो अभियान

**चित्रकूट।** क्षयरोग खोज अभियान का सतवां चरण दो से 11 नवम्बर तक चलेगा। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुरैचिया ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर क्षय रोगियों की पहचान कर लक्षणों की जानकारी करेंगे। क्षयरोग के लक्षण मिलते ही 48 घंटे में निःशुल्क इलाज एवं बलगम की जांच की जायेगी। सोमवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव व प्रभारी क्षयरोग अधिकारी डॉ लखन स्वरुप गर्ग ने क्षयरोग खोज अभियान को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ गर्ग ने बताया कि अभियान को सफल बनाने को जिले को 40 टीमें गठित कर आठ पर्यवेक्षक बनाये हैं। इन टीमों की जांच को चार डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। यह टीम घर-घर जाकर क्षयरोगियों की पहचान कर लक्षणों की जानकारी लेगी। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुरैचिया ने बताया कि क्षय रोगियों के इलाज के दौरान पांच सौ रुपये प्रतिमाह दिये जाने को अप्रैल 2018 में लाई गई योजना बडी मददगार साबित हुई है।

# फलफूल रहा गुटखे का अवैध कारोबार

● माल तैयार कराने के लिये झांसी रोड बना हॉटस्पॉट

● रिहायशी मकान में ही लगा रखी है पैकिंग मशीन

● लॉकडाउन में फलता फूलता रहा तंबाकू मिश्रित गुटखे का धंधा

**उरई ( जालौन )।** एक ओर जहां प्रदेश में तंबाखू मिश्रित गुटखे की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है तो वहीं उरई के झांसी रोड पर स्थित एक मकान में कुंतलों की मात्रा में अवैध तरीके से तंबाखू मिश्रित गुटखे का कारोबार फलफूल रहा हैं सवाल यह उठता है कि आखिर किसकी दरियादिली से उक्त अवैध धंधा हो रहा है।

तंबाखू मिश्रित गुटखे के पाउच के ऊपर फर्म का नाम अकेला डला हुआ है जिसमें उसका पता भी गायब है। साथ ही पाउच के ऊपर सुगंधित सुपारी भी सफेद शब्दों में प्रिंट कराया गया है ताकि अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकते हुये अपने अवैध कारोबार से इसी तरह से संचालित होता रहा। हैरानी की बात तो यह है कि वर्तमान समय में उक्त अवैध गुटखे का कारोबार झांसी रोड से संचालित हो रहा है। जहां एक मकान में दिन भर मशीन द्वारा गुटखे की पैकिंग भी करायी जा रही है। किसी भी गुटखे के निर्माण में यदि मशीन का प्रयोग होता है तो उसकी एक्ससाइज ड्यूटी ही महीने में लाखों रुपये अदा करती होती है। जिम्मेदार अधिकारियों के रहमो करम पर उक्त अवैध कारोबार बगैर किसी रोकटोक के संचालित हो रहा है। बताया जाता है कि अवैध तरीके से गुटखे की फैक्ट्री का संचालन करने वाला बहुत ही शातिर दिमाग है। जब उसकी फैक्ट्री कांग्रेस कार्यालय के पीछे संचालित होती थी उस दौरान निवर्तमान एसडीएम ने खाद्य विभाग की टीम के साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम भी दिया था जहां से भारी मात्रा में रैपर, सुपाड़ी के साथ कई तरह का केमिकल बरामद हुआ था। इसके बाद उसने अपना ठिकाना झांसी रोड स्थित एक अधबने मकान को बनाया तो वहां पर भी छापा मारा गया था। इसके बाद वह अपने निजी मकान में जो कि झांसी रोड क्रय विक्रय के सामने वाली गली में है वहीं पर मशीन लगाकर तंबाखू मिश्रित गुटखे का उत्पादन ही नहीं करवाता बल्कि वहीं से पहले से ही खड़े वाहनों द्वारा देर रात में सप्लाई के लिये भी रवाना किये जाते हैं। चूंकि यह सारा अवैध कारोबार रात्रि के अंधेरे में जिम्मेदारों के रहमो रकम से होता है जिससे उन्हें भी अपना दामन पाकसाफ बनाने का मौका मिल जाता है। अब देखने वाली बात तो यह होगी कि क्या जिम्मेदारों की कुंभकर्णी नींद ऐसे अवैध कारोबार पर रोक लगा पायेगी कि या फिर यू ही तंबाकू मिश्रित गुटखे का अवैध धंधा फलता फूलता रहेगा यह तो समय ही बतायेगा।

# डेंगू के प्रकोप से इलाज के दौरान बालिका की हुई मौत

● परिजनों में मचा कोहराम, दो दर्जन से अधिक घरों के मरीजों में दहशत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** डेंगू के बढते प्रकोप के कारण एक मासूम बालिका की इलाज दौरान कानपुर के निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जिससे गांव के दो दर्जन से अधिक घरों के डेंगू मरीजों में दहशत व्याप्त हो गई। क्षेत्र में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप को अनदेखा कर रहे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के प्रति लोगों में रोष व्याप्त है। रविवार को नगर के मोहल्ला सुल्तान आलम नगर निवासी 11 वर्षीय गौसिया बानो पुत्री फहीम खॉन की डेंगू बुखार से इलाज दौरान कानपुर के निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि उसकी पुत्री को 27 अक्टूबर को बुखार आया था। निजी चिकित्सक के यहां चिकित्सक की राय पर खून की जांच कराई गई।


मृतका गौसिया का फाइल फोटो।

जिसमें डेंगू बुखार होने की पुष्टि की गई। जिसके इलाज के बाद वह सही हो गई। दो दिन के बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पुत्री को कानपुर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार की शाम उसकी मृत्यु हो गई। वही स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# भाजपा में सभी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता हैः अर्चना पाण्डेय

● पूर्व राज्यमंत्री सहित भाजपाइयों ने केंद्रीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर में किया प्रतिभाग

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भाजपा केंद्रीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर मंडल कार्यक्रम के अंतिम दिन कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तरीय मजबूती के संबन्ध में चर्चा करनें के उपरान्त पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधान पार्टी है। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने तथा विधायक, सांसद बनने का अवसर मिलता हैं।

नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भाजपा केंद्रीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर मंडल कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य संजीव गुप्ता उर्फ संजू ने कहा कि भाजपा में किसान, गरीब, व्यापारी सहित सभी वर्गों के लोगों का हित सुरक्षित है। मंडल कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता मिशन 2022 की सफलता के लिए डोर-टू-डोर जाकर पार्टी की उपलब्धियों, जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जनता को जागरूक करें। डा. रघुनन्दन कुशवाहा नें कहा कि छोटे व्यापारियों के व्यापार को खड़ा करने में प्रधानमंत्री की स्वनिधि योजना सहायक होगी। पूर्व विधायक बनवारी लाल दोहरे, जिलाउपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, मंडल मंत्री केके राजपूत, राम कुमार पाठक, परशुराम देवल, सभासद हृदय राम वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, राकेश कौशल, रविकांत तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


संबोधन करती विधायक, पदाधिकारियों का स्वागत करते संजू गुप्ता, अमित गुप्ता।

## धान खरीद को लेकर कमिश्नर ने दी चेतावनी

# गड़बड़ी की तो लगेगा गैंगस्टर

● सबसे ज्यादा खरीद करने वाले प्रभारी होंगे पुरस्कृत

संवाददाता। गोंडा



**मण्डल** में धान खरीद में गड़बड़ी करने वाले आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव के निशाने पर आ गए हैं। सोमवार को मण्डल की धान खरीद की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे फर्जी किसानों से खरीद दिखाने वाले तथा कमीशनबाजी करने वाले धान क्रय केन्द्रों के केन्द्र प्रभारियों, साधन सहकारी समिति के अध्यक्षों, कोआपरेटिव के अधिकारी, क्रय एजेन्सी के अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित सहकारी कर्मियों के विरूद्ध धारा 420 व गैंगस्टर एक्ट के तहत उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि धान खरीद से सम्बन्धित लोगों तक यह संदेश पहुंचा दिया जाय अन्यथा धान खरीद में गड़बड़ी मिलने सभी जिम्मेदार अधिकारी बड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। आयुक्त ने कहा कि आगामी 10 नवम्बर तक समीक्षा कर यह सुनिश्चित कर लिया जाय किन केन्द्रों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम खरीद की गई है। लक्ष्य से कम खरीद करने वाले क्रय केन्द्रों को बन्द करने की कार्यवाही की जाय तथा दोषी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि धान विक्रय करने वाले किसानों के खातों में पीएफएमएस के माध्यम से 24 घन्टे के अन्दर पैसा चला जाय। विगत दिनों धान क्रय केन्द्रों के अपने निरीक्षण में पाई गई कमियों का उल्लेख करते हुए आयुक्त ने कहा कि भविष्य में मण्डल के किसी भी क्रय केन्द्र पर कोई कमियां नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान की ऑन लाइन पर्ची व अन्य अभिलेखों में सभी केन्द्रों पर एकरूपता होनी चाहिए। इसके लिए अभिलेख छपवाकर भी इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि अभिलेखों में क्रय किए धान, उसके सापेक्ष मौजूदा स्टॉक, राइस मिल को भेजा गया धान स्टॉक तथा राइस मिल से एफसीआई को भेजे गए चावल के स्टॉक आदि का प्रत्येक स्तर पर ठीक प्रकार से अभिलेखीकरण होना चाहिए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष हुई खरीद, मिलर्स को धान की डिलीवरी, केन्द्र पर अवशेष धान, किसानो को देय भुगतान, किसानों को किये गए भुगतान, किसानों का अवशेष भुगतान आदि का पूरी तरह अभिलेखीकरण हो और लाभान्वित किसानों की संख्या अधिकाधिक हो। उन्होंने स्पष्ट किया है कि केवल कुछ बड़े किसानों का धान क्रय करके मात्र लक्ष्य पूर्ति नहीं करनी है, बल्कि लघु व सीमान्त कृषकों को भी न्यनूतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ दिलाया जाना है। इसी क्रम में आयुक्त ने कहा है कि ऐसे केन्द्र प्रभारी जिनके द्वारा सबसे अधिक लघु व सीमान्त कृषकों का धान खरीदा जाएगा, उन्हें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

# तहसील में बारह दिन से चल रही तालाबंदी

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**लगातार** 12वें दिन भी तहसील में तालाबंदी व रजिस्ट्री दफ्तर में बंदी रही। अपनी मांगों पर अड़े अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने गोंडा लखनऊ मार्ग को जाम करने का प्रस्ताव पारित किया है।

संघ के महामंत्री सूर्यकांत उर्फ वेद तिवारी ने बताया कि तहसील के अधिकारियों की मनमानी को लेकर लगातार 12 दिनों से तहसील के सभी कार्यालयों में ताला बंदी करके अधिवक्ता आंदोलित है। पांच दिनों से धरना प्रदर्शन चल है। मगर प्रशासन की कुम्हकर्णी नींद अभी तक नही खुली है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं की समस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुये मंगलवार को आयोजित होने वाले तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों व कर्मचारियों को तहसील के अंदर आने जाने से रोका जायेगा। साथ ही गोंडा लखनऊ मार्ग को जाम कर प्रदर्शन व नारेबाजी की जायेगी।

त्रिलोकीनाथ तिवारी ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नही होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

उन्होंने कविता के माध्यम से अधिकारियों को चेतावनी देते हुये कहा। द्वंद कहां तक पाला जाय, युद्ध कहां तक टाला जाय। राणा का तू बंसज है, फेंक जहां तक भाला जाय। इस तरह अनेको अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। हृदयनरायन मिश्र, श्यामधर शुक्ल, सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, रामसभा मिश्र, अरविंद कुमार शुक्ला, सचिन सिंह, गोपाल तिवारी, अरुण मिश्रा, सुशील सिंह, अरविंद शुक्ल, संदीप बाजपेई आदि अधिवक्ता मौजूद।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**लालगंज रायबरेली।** ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरे नवरंग मजरे आलमपुर निवासी धुन्नी (26) पुत्र छोटेलाल रविवार की रात लगभग 8 बजे घर से लालगंज की ओर आ रहा था। तभी रेलवे क्रासिंग के निकट लालगंज से बछरावां की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आ गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में प्राथमिक उपचार के बाद धुन्नी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान धोनी की मौत हो गई इधर लालगंज पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया है जबकि चालक मौके से भागने में सफल रहा।

### मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन घायल, महिला की मौत

**लालगंज,रायबरेली।** ट्रक व टैम्पो की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। सोमवार की दोपहर लगभग 4 बजे गेंगासो से एक टैम्पो सवांरिया भरकर लालगंज की तरफ आ रहा था। आनापुर मोड़ के निकट धीमी गति से जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने में टैम्पो पीछे से भिड़ गया। जिसके चलते उसमें सवार सभी आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई।सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने बीनू देवी पत्नी शिवशेखर गुप्ता निवासी गेंगासो को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके पति शिवशेखर समेत पवन कुमार पुत्र मायाराम निवासी कनहा,सुखवेंद्र पुत्र श्याम मोहन निवासी ग्राम बभना थाना नवाबगंज जिला फर्रूखाबाद, राजेश सोनकर व उसकी पत्नी ऊषा देवी सोनकर निवासिनी ग्राम चकमलिक भीटी थाना डलमऊ का इलाज किया गया है। जिसमें शिवशेखर को गंभीर चोट होने के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया गया है कि शिवशेखर पत्नी बीनू का उपचार कराने लालगंज आ रहा था। जबकि सुखवेंद्र मूर्तियां बेचता है। राजेश अपनी पत्नी के साथ रायबरेली जा रहा था।तभी यह घटना हो गई। टैम्पो चालक मौके से फरार बताया गया है।

### अरुण सिंह बने लालगंज के नए कोतवाल

**लालगंज,रायबरेली।** अरूण सिंह अब लालगंज के नए कोतवाल होंगे। उन्होंने सोमवार की दोपहर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वहीं यहां तैनात रहे कोतवाल राकेश सिंह को पुलिस अधीक्षक का वाचक बनाया गया है। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने यह बड़ा फेरबदल किया है।

### उप जिलाधकारी ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

**लालगंज,रायबरेली।** उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी ने मंडी समिति स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। उन्हें सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली। मौके पर मौजूद किसानों से भी उन्होंने धान बिक्री में आ रही समस्याओं को लेकर जानकारी ली। इस मौके पर केंद्र प्रभारी सूर्यभान सिंह भी मौजूद रहे।

### चोरी के माल के साथ वांछित गिरफ्तार, जेल

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत कूरेभार और कादीपुर पुलिस ने कई अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। कूरेभार पुलिस ने मु.अप.सं. 395/20 के अभियुक्त आर्दश प्रताप सिंह पुत्र शिवप्रसाद निवासी-वैसिया, थाना-गोशाईंगज, सुलतानपुर, गुलशाद अहमद पुत्र सागीर निवासी-डोडापुर, थाना-गोशाईंगज, सुलतानपुर को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उधर कादीपुर पुलिस ने मु.अप.सं.-490/20, धारा-401 भा.द.वि. के वांछित अभियुक्त रमाकांत निषाद निषाद पुत्र जोखू राम निषाद निवासी दूअरजानीपुर, थाना-कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर व अजीत पुत्र अमृतलाल निवासी-अंदारायपुर, थाना-कादीपुर, सुलतानपुर को धर दबोचा है। पकड़े गए अभियुक्तों को मजिस्टेऊट की अदालत में पेश किया गया। जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। उधर, कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत थाना-कोतवाली नगर में शांति देवी पत्नी राजेश निवासी-रामगढ़, थाना-लंभुआ, सुल्तानपुर ने अपने पति की बकाया मजदूरी न मिलने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने ठेकेदार एहसान अली निवासी कस्बा पांचो पीरन को बुलाकर महिला का बकाया छह हजार रुपया दिलाया। पुलिस की न्यायप्रियता देख महिला ने खुशी से जताई।

### भाकियू ने पुलिस चौकी के दिया सामने धरना

**करनैलगंज( गोंडा )।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता की पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भंभुआ पुलिस चौकी के सामने धरना दिया तथा आरोपी सिपाही पर कार्रवाई के लिए चौकी इंचार्ज को एक ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के भूपेंद्र श्रीवास्तव, भानु प्रताप मिश्रा, जयप्रकाश मिश्र, महादेव तिवारी, अशोक सिंह, उमेश सिंह, सुरेंद्र सिंह ने एक सिपाही द्वारा यूनियन के कार्यकर्ता की पिटाई के विरोध में भंभुआ पुलिस चौकी के सामने धरना दिया तथा एक ज्ञापन चौकी इंचार्ज को सौंपा। जिसमे कहा है कि 27 अक्टूबर को रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष पुलिस चौकी भभुआ पहुंचे। दोनों पक्षों में पुराना विवाद था उसी में संगठन के कार्यकर्ता भगवत शरण गोस्वामी निवासी ग्राम मौहर को पुलिस चौकी पर बेरहमी से पिटाई की गई। जिससे कार्यकर्ता के नाक व मुंह से खून आ गया। उसके बाद शांति भंग की धारा में उसका चालान कर दिया गया। मामला संगठन का होने के कारण इस मामले को संगठन ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस चौकी पर मंगलवार को पंचायत लगाने व धरना देने का फैसला लिया गया। यूनियन के नेता भूपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यकर्ता की पिटाई के विरोध में यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। दूसरी तरफ भभुआ चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार गंगवार बताते हैं कि मामले में मांगपत्र प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है।

### निराश्रित महिला पेंशन योजना है वरदानः जिलाधिकारी

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने बताया है कि निराश्रित महिला पेंशन योजना पति की मृत्युपरान्त दी जाती है इस योजना से निराश्रित महिलाओं को वार्षिक 6000ध्. का प्रविधान है जो कि चार किश्तो में दी जाती है। जिससे निराश्रित महिलाओं को आर्थिक रूप में सहायता प्रदान की जाती है इस प्रक्रिया को आवेदन करने के लिए लाभार्थी को रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र शैक्षिक अभिलेख चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा प्रदत्त आवेदिका एवं उसके परिवार की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से 2 लाख रुपये से अधिक नही होनी चाहिएए आवेदिका की आयु 18 वर्ष से कम नही हो पति की मृत्यु सम्बन्धी प्रमाण पत्र स्थानीय निकायध्ग्राम पंचायतए आधार कार्डध्आधार रजिस्ट्रेशन नम्बर बैंक खाता की छाया प्रति मोबाइल नम्बर स्वंय काध्निकट परिजन का राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य योजना से पेंशन प्राप्त न होने सम्बन्धी शपथ पत्र होना चाहिए। निराश्रित महिला पेंशन योजना गरीबध्बेसहारा महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### पंद्रह हजार का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**डलमऊ रायबरेली।** सोमवार सुबह डलमऊ पुलिस को कामयाबी मिली जिसमे पंद्रह हजार का इनामी अभियुक्त डैनी उर्फअफसर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के सख्त निर्देश पर ऋत कार्यवाही पर जिले मे अभियुक्तों पर शिकंजा कसा जा रहा है सोमवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे मुखबिर खास की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक संजय सिंह, आरक्षी गौरव यादव ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली पहुंचा दिया. हालाकि चौराहे पर पुलिस की हर समय मौजूदगी के बाद भी खुलेआम घूम रहे अभियुक्त पर किसी की नजर ना पड़ना भी शोध का विषय है।

## शहीद स्मारक निर्माण से पहले

# जमीन को लेकर ग्रामीणों में तकरार

● शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह के पैतृक गांव में बनना है शहीद स्मारक

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली


### जिला प्रशासन नहीं ले रहा है शहीद के ग्राम की कोई सुध

सच यही है रायबरेली के सपूत शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह के पैतृक ग्राम में आज तक उनकी याद में एक पत्थर तक नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में विद्युत प्रकाश की व्यवस्था की जाए शहीद स्मारक बनाया जाए व शुद्ध पेयजल समेत बैंक की सुविधा प्रदान की जाए। लेकिन प्रशासनिक शिथिलता के चलते तहसील के अधिकारी और कर्मचारी इस गांव की सुध भी नहीं लेना चाहते। शहीद स्मारक निर्माण के लिए जमीन तक नहीं मिल रही है जबकि ग्रामीण ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा है कि लगभग 40 बीघे ग्राम सभा की भूमि लोगों ने कब्जा कर रखी है लेकिन प्रशासन व क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान की लचर कार्यशैली से विकास के कार्य में रोड़ा लगना शुरू हो गए हैं।

**श्रीनगर** में शहीद हुए रायबरेली के लाल शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह के ग्राम मीरमीरानपुर तहसील डलमऊ में शहीद स्मारक बनना है। इसके लिए कई दफे गांव में पंचायत भी हुई है जिसने यह तय किया गया है कि निर्माण कार्य कहां पर किया जाए! लेकिन वाजिब जगह जमीन नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण अमरेंद्र बहादुर सिंह ने उप जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है उनके ग्राम सभा में लगभग 40 बीघे ग्राम समाज की भूमि मौजूदा समय में मौजूद है उस पर गांव के ही लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने मांग की है कि ग्राम समाज की भूमि को खाली कराया जाए उस पर हमारे गांव की सपूत शैलेंद्र प्रताप सिंह के नाम से शहीद स्मारक का निर्माण कराया जाए। दरअसल गांव में ग्राम समाज की भूमि को नजरअंदाज करते हुए किसानों की जमीन पर निर्माण कराना चाहते हैं जिसका ग्रामीण विरोध भी कर रहे हैं उनका कहना है गांव में ग्राम समाज की भूमि मौजूद है उस पर निर्माण कार्य कराया जाए इसके वह पक्षधर हैं।

# रात भर चलती रही जेसीबी, आधिकारी बेखर

संवाददाता। खीरों, रायबरेली



**थाना** क्षेत्र के अन्तर्गत खनन माफिया पूरी तरह हावी हैं। पुलिस और प्रशासन की साँठगाँठ से सारी-सारी रात अवैध खनन किया जा रहा है। जिसका ताजा उदाहरण खीरों क्षेत्र के गाँव सादुल्लापुर में देखने को मिला। जहाँ रविवार की देर रात खनन माफिया जेसीबी मशीन से एक खेत की मिट्टी का खनन कर रहा था। इतना ही नहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रात में ही फोन कर अवैध खनन की सूचना दी गई। लेकिन खनन माफिया के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। सादुल्लापुर निवासी एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक खनन माफिया उनके गाँव की दक्षिण दिशा में गाँव के किनारे प्रतिदिन अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहा है। प्रतिदिन रात लगभग 9 बजे जेसीबी मशीन से खनन कर मिट्टी की ढुलाई ट्रैक्टरों से कराई जाती है। स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना देने पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसलिए रविवार की रात लगभग 9 बजे फिर से खनन शुरू किया गया। जिसकी सूचना जिलाधिकारी रायबरेली को रात में ही दी गई। जिसपर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन धड़ल्ले से खनन चलता रहा। लगभग एक घण्टे बाद फिर से जिलाधिकारी को सूचना दी गई तो उन्होंने फिर कहा कि दिखवाता हूँ। इसी दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज जीतलाल सैनी को भी दो बार फोन कर सूचना दी गई। लेकिन कोई असर नहीं हुआ। खनन माफिया धड़ल्ले से अपने काम में लगा रहा। लगभग 4 घण्टे चले इस प्रशासनिक ड्रामे के बाद रात लगभग एक बजे खीरों थाने से दो सिपाही मौके पर पहुँचे। लेकिन कार्रवाई के नाम पर जेसीबी मशीन व आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्रॉली की फोटो खींचकर और वीडियो रिकार्डिंग कर वापस आ गए। तब शिकायत कर्ता ने यह सोंचकर चुप्पी साध ली कि खनन माफिया की पहुँच व साँठगाँठ है। तभी खनन पर रोक लगा कर कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। जाँचकर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्रकार मिलन समारोह में मीडिया कर्मियों ने दिखाई एकजुटता

**सुल्तानपुर।** जिले में पहली बार आयोजित पत्रकार मिलन समारोह में पत्रकार संगठनों से जुड़े सभी पत्रकारों ने शामिल होकर एकजुटता दिखाई और पत्रकार हित के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ने की बात दोहराई। रविवार को प्रेस क्लब मैं आयोजित पत्रकार मिलन कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से आए पत्रकारों ने एक दूसरे का हालचाल जाना और एक साथ भोजन के बाद आपस में एक दूसरे को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह का कार्यक्रम कराए जाने का दृढ़ निश्चय किया। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार नीरज तिवारी, इम्तियाज अहमद, कृष्ण कुमार पांडेय, बृजेश तिवारी पिंटू, अवधेश गुप्ता, बृजेश उपाध्याय ने मुख्य रूप से किया था। पत्रकार मिलन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार डॉ अवधेश शुक्ला, मनोराम पांडेय, अनिल द्विवेदी, दिनेश पाण्डेय, दिनेश पांडे आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की जानकारी जरूरी: पुलिस अधीक्षक

संवाददाता। सुलतानपुर



**यातायात** माह नवम्बर की शुरूआत होते ही पुलिस अधिकारियों ने यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का जिम्मा संभाल लिया है। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के निर्देश पर नगर क्षेत्र में जगह-जगह कैंप लगाकर टैऊफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डीएम और एसपी ने यातायात माह नवम्बर का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

सोमवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने यातायात माह नवम्बर, 2020 का फीता काट कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए आयोजित यातायात जागरूकता सम्बन्धी नियमों का पालन करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम जन मानस में यातायात नियमों के पालन सम्बन्धी जागरूकता बहुत जरूरी है। जैसे शीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग, ओवर स्पीडिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोनर्ध्ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के विषय में बताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए यातायात नियमों की जागरूकता आम जन मानस में बहुत जरूरी है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चन्द्र शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, यातायात उप निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# जिला उद्यान कार्यालय का औचक निरीक्षण

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने आज पूर्वान्ह 10:35 बजे जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह कार्यालय में उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इस कार्यालय में कुल 09 कर्मचारी कार्यरत हैं। डीएम ने सभी कर्मचारियों को बुलाकर भौतिक सत्यापन किया। एक कर्मचारी राम नयन चौकीदार पद पर कार्यरत है, जिनकी ड्यूटी रात्रि में रहती है। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने के पश्चात हस्ताक्षर बना दिया करें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में साफ-सफाई का निरीक्षण कर नियमित साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी श्री गुप्ता को जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा 31 अक्टूबर, 2020 तक शीतगृहों में जमा आलू की निकासी का निर्देश प्राप्त हुआ था, जिसके क्रम में जनपद के शीतगृहों में भण्डारित 7271 मैट्रिक टन आलू की निकासी 28 अक्टूबर को शत-प्रतिशत करा ली गयी है। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में शामिल एकीकृत बागवानी विकास मिशन राज्य औद्यानिक मिशन के अन्तर्गत फल, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में प्राप्त 106 हेक्टेयर भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 83 हेक्टेयर की पूर्ति कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि योजना में कृषकों को डीबीटी हेतु धनराशि उपलब्धि नहीं है।

# जान जोखिम में डालकर लोग पार कर रहे हैं क्षतिग्रस्त पुल



संवाददाता। श्रावस्ती

**गिलौला** बीते ढाई महीने से गिलौला खुटेहना मार्ग पर बना पुल टूट जाने के बाद भी लोग जान हथेली पर रखकर उसे मजबूरी मे पार कर रहे है जिसके कारण किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। आवागमन रोकने के लिए सम्बन्धित विभाग ने दोनों साइड में करीब 3 फीट की डिवाइडर बनाकर आवागमन को रोक दिया था लेकिन वर्तमान में टूटे पुल के पास स्थित ग्रामीण गिलौला बाजार आने के लिए संपर्क मार्ग ना होने के कारण टूटे हुए पुल से मजबूरन आवागमन कर रहे हैं जो किसी दिन बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकता है। जब इस सम्बंध में सरयू नहर खंड प्रथम के जेई हारून जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि टूटे पुल पर आवागमन को रोकने के लिए डिवाइडर की व्यवस्था की गई साथ ही साथ थाना प्रभारी को विभाग द्वारा लेटर देकर आवागमन को रोकने के लिए गार्ड की मांग की गयी है। लेकिन पुल पर कोई गार्ड नहीं दिखाई देता है उनके द्वारा यह भी बताया गया कि लोगों के आने जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सदा शिव मंदिर के पश्चिम में पक्की रोड से नहर पर पुल संख्या 9 पर आवागमन संचालित कराया गया है। साथ ही इस समस्या कि वैकल्पिक ब्यवस्था हेतु विभाग द्वारा करीब 1 किलोमीटर खड़ंजा रोड पास किया गया है जिसे अभी तक नहीं लगाया जा सका है।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास

● पुलिस ने किया मारपीट का मामला दर्ज

● पीड़िता की मां ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा** मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुरवा गांव में खेत मे पुआल रख रही नाबालिग बालिका के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बालिका के शोर मचाने पर ग्रामीणों के आ जाने से आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने अपनी माँ के साथ घटना की लिखित सूचना मल्हीपुर थाने पर दी। लेकिन घटना के सम्बंध में कोई कार्रवाई न होने पर सोमवार को पीड़िता ने अपनी माँ के साथ एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुरवा गांव निवासिनी 14 वर्षीय किशोरी 31 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे अपने खलिहान में पुआल रख रही थी इसी दौरान गांव का ही निवासी एक युवक ने लड़की को पकड़कर पुआल पर पटक कर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा।आरोपी ने बालिका को कई जगहों पर दांत से काटा भी। बालिका के चिल्लाने परआस पास के खेतो में मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए इसी दौरान मौका पाकर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता की माँ ने बताया कि पुलिस ने दुष्कर्म के बजाय मारपीट का मामला दर्ज कर उसे वापस घर भेज दिया है न्याय न मिलता देख कर सोमवार को पीड़िता ने अपनी माँ के साथ एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है।

# सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे डीएम

● सभी तहसीलों में आयोजन आज

संवाददाता। सुलतानपुर

**शासन** से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील स्तर पर कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए किया जायेगा। माह नवम्बर, 2020 के प्रथम मंगलवार यानि तीन नम्वबर को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा तथा अन्य तहसीलों में अपर जिलाधिकारी प्रशासन व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। जिलाधिकारी श्री गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में जन समस्याओं व शिकायतों की सुनवाई की जायेगी और मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से निस्तारण भी कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्रातः 10 बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अवश्य उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें और शिकायतकर्ता के साथ सहानुभूतिपूर्ण एवं शालीन व्यवहार रखें। इसमें किसी प्रकार शिथिलताध्उदासीनता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में तहसील बल्दीराय व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में तहसील जयसिंहपुर में तथा तहसील कादीपुर व लम्भुआ में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन होगा, जिसमें समस्याओं का निस्तारण मौके पर कराया जायेगा।

## महिला अस्पताल की व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# करोड़ों का ताम-झाम फिर भी मशीनें हैं जाम

### धूल फांक रही वेंटीलेटर व अल्टासाउंड मशीन, लगे वर्षों हो गए मगर इसे आपरेट करने वाला कोई नहह्व3, स्टाफ भी आधा-अधूरा- कैसे हो मरीजों का इलाज

संवाददाता। बस्ती

**कहने** को तो सरकार हेल्थ के नाम पर हरसाल भारी भरकम बजट खर्च कर रही हैं, मगर उसका लाभ गरीब मरीजों कितना मिल रहा है, यह सवाल कई सालों से बना हुआ है। धन खपाने और कमीशन के चक्कर में अस्पतालों में करोड़ों की मशीनें तो लगा दी जाती है, मगर उसे आपरेट करने वाले विशेषज्ञों का इंतजाम नहीं किया जाता। यह हाल उस जिला महिला अस्पताल का है, जहां पर दूर दराज इलाकों की गरीब से गरीब महिलाएं प्रसव के लिए आती है। मगर यहां आने के बाद उन्हें असलियत का पता चलता हैं। हालत यह है कि अल्टासाउंड लगे कई साल हो गए मगर अभी तक रेडियोलाजिस्ट की तैनाती नहीं की गई, जिसके चलते इन गरीब महिलाओं का अस्पताल के सामने प्राइवेट अल्टासाउंड वाले जमकर आर्थिक षोषण कर रहें है। यही हाल नवजात बच्चों के लिए जीवन रक्षक उपकरण वेंटिलेटर का भी है। इसे लगे सालों हो गए, मगर इसका लाभ एक भी बच्चे को नहीं मिला। वेंटिलेटर को आपरेट करने वाला ही कोई नहीं है। महिला स्टाफ नर्स का तो और भी बुरा हाल है।

वैसे ही यह महिला अस्पताल आशा बहुओं के चंगुल में पूरी तरह फंस चुका है। रही सही कसर सरकार की लापरवाही के चलते पूरी हो जा रही है। लगभग चार माह पहले अस्पताल प्रषासन का कमान संभालने




वाली डा. सुषमा सिन्हा का कहना है कि वह जब से आई है, व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। महिलाओं के पंजीकरण में इजाफा हुआ, पिछले 10 दिन में 1695 ओपीडी हुई, 304 इनडोर हुआ, 160 नार्मल और 50 आपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई। 74 का माइनर आपरेषन हुआ। बताया कि दवाओं की उपलब्धता तो बहुत अच्छी है, मगर उसे खिलानी वाली नर्स की उपलब्ध ठीक नहीं है। 18 के सापेक्ष मात्र आठ स्टाफ नर्स कार्यरत है। हालत यह है कि कभी-कभी एक नर्स को 24 घंटें लगातार काम करना पड़ता है। अवकाश के लिए नर्स तरस जाती है। कहती है ि कवह आषा बहुओं पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है, कारण उनके नियुक्ति प्राधिकारी सीएमओ होते है। लिखकर देने के बावजूद आषा बहुओं के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं होती, जिसके चलते उनका मन बढ़ा हुआ है। कहती है कि अगर इन पर नियंत्रण या कार्रवाई हो जाए तो काफी हद तक दलाली कम हो सकती है, और गरीब महिलाओं का षोषण रुक सकता है।

### आशा प्रकरण

### सीएमओ कार्यालय भी संदेह के घेरे में

**पिछले** कई सालों से महिला अस्पताल में आषा बहुओं द्वारा गरीब महिलाओं को बरगला कर औंर कमीशन के लालच में डिलीवरी के लिए प्राइवेट अस्पताल में ले जाती है। हाल ही में चार पीड़ित महिलाओं ने इसकी शिकायत, डीएम, सीएमओ से की। तीन आशा बहुओं और प्राइवेट अस्पताल का नाम भी लिख कर दिया। डीएम के आदेश पर सीएमएस ने कार्रवाई के लिए सीएमओ को लिखा भी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई, सीएमओ कार्यालय के कई बाबूओं का कहना है कि सीएमओ। यह पहली बार नहीं है, जब किसी सीएमएस ने सीएमओ को लिखा है, इससे पहले न जाने कितनी बार लिखा जा चुका है। वहीं सीएमओ डा. एके गुप्त कहते हैं, मामला उनके संज्ञान में कार्रवाई होगी।

## हाथियों के हमले में बालिका की मौत

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नेमना के मटियाटोला में रविवार की देर रात्रि हाथियों के हमले से घर में सोई हुई एक सात वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के पश्चात वन विभाग के कर्मियों ने बालिका के परिजनों के साथ उसे तत्काल एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के धन्वंतरि चिकित्सालय में रात्रि में ही भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्रथम दृष्ट्या किशोरी को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण अर्जुन, शिवप्रसाद, सुग्रीव वैश्य,सियाराम बैश्य निवासी गण ग्राम सभा सिरसोती टोला कोराड़ ने बताया कि शुक्रवार से ही हाथियों का झुण्ड हम लोगों के यहां दस्तक दे दिया था। झुंड ने हम लोगो के कई बीघे धान के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया है। बर्बाद हुए फसल का आर्थिक सहयोग राजस्व बिभाग से दिलाए जाने की मांग किया है। वन क्षेत्राधिकारी जरहा रेंज मो जहीर मिर्जा ने बताया कि छत्तीसगढ के सेंचुरी एरिया से भटक कर हाथियों का झुण्ड वन रेंज जरहा में बीते दो दिनों से कोराड़ के जंगल में देखा गया उन पर निगरानी भी बिभाग द्वारा की जा रही थी रात्रि में अचानक किसी समय कोराड़ से नेमना के मटिया टोला पहुँच कर रामसजीवन के घर में हाथी उत्पात करने लगे इसी बीच सात वर्षीय नैना कुमारी पुत्री राम सजीवन घर में से भागने लगी लेकिन हाथी ने किशोरी के ऊपर हमला कर उसकी जान ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के उत्पात और इस हृदय विदारक घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। बीते वर्ष भी हाथियों के झुण्ड ने फसल और लोगो को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था। वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा व एसडीओ कुंज बिहारी वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर मदद का आश्वासन दिया है।

# पराली जलाएं नहीं खेत में ही दफनाएं, बढ़ेगी उपज:एडीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर



**राष्ट्रीय** हरित न्यायाधीकरण एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पराली, फसल अवशेष, कृषि अपशिष्ट जलाना दण्डनीय अपराध है। फसल अवशेष जलाने के कारण भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है, जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जनपद में फसल अवशेष जलाने के प्रकरण में अब तक फसल अवशेष/पराली जलाने वाले 30 किसानों के विरूद्व जनपद के विभिन्न थानों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। साथ ही पर्यावर्णीय क्षतिपूर्ति के रूप में 17 हजार पॉच सौ रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में लगायी गयी है। इसी प्रकार मशीन मालिकों के विरूद्व प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उनकी कम्बाइन मशीन को सीज कर ली गयी है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, जिस कृषक द्वारा अपने खेत की पराली जलायी जायेगी उनके विरू, नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड की वसूली की जायेगी। साथ ही जिस कम्बाई हार्वेस्टींग मशीन मालिक के द्वारा निर्धारित फसल अवशेष प्रबंधन उपकरण लगाये खेत की कटाई की जायेगी तो उसके विरूद्व भी सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कम्बाईन हार्वेटिंग मशीन सजी कर दी जायेगी। जनपद के समस्त किसान भाईयों से कहा है कि अपने खेत की पराली, फसल अवशेष को नही जलाये बल्कि खेत में मिलाकर अपने गेहूँ एवं अन्य रबी फसलों की उपज अच्छी पाये एवं खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं।

## धान खरीद केन्द्र का किया गहन निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय सोमवार को जनपद में धान क्रय केन्द्र के कई सेन्टर को जांचा। उन्होने केन्द्र प्रभारियो को निर्देश दिया कि धान खरीद में पारदर्शिता बनाये रखे। लगातार किसानो से सम्पर्क रखे तथा अधिक से अधिक क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद कर लक्ष्य को पूरा करें। उन्होने नवीन मण्डी स्थल पर बनाये गये धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते हुए खरीद की जानकारी ली। बोरो की उपलब्धता कांटा तौल मशीन का सत्यापन किया। उन्होने धान खरीद केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि शासन के मंशा के अनुरूप कार्य किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशो का पालन करें तथा प्रतिदिन धान खरीद की रिपोर्ट डिप्टी आरएमओ को उपलब्ध करायें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि धान खरीद के दौरान किसानो के साथ अच्छा व्यवहार किया जाय। कही से शिकायत देने का मौका उन्हे न मिले।

## उत्सव की खुशियां जमकर मनाएं पर सावधानी भी बरतें

*मिर्जापुर। त्योहारों की खुशियाँ बरक़रार रखने के लिए जरूरी है कि हर कदम पर कोरोना को लेकर पूरी सावधानी बरतें ताकि उत्सव के साथ जीवन की रंगोली में कोरोना का रंग कतई न भरने पाए । इस दौरान बाजार में भीड़ लगाने से बचेंए स्थानीय उत्पादों को तरजीह दें ताकि छोटे-छोटे कामगारों के जीवन को भी दीप पर्व के प्रकाश से जगमग किया जा सके। पटाखों की चंद सेकेण्ड की रोशनी और धमक पूरे जीवन को स्याह बना सकती है, इसलिए इस दीपावली घर.परिवार को पटाखों से दूर रखकर कोरोना से खुद को सुरक्षित बनाने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित बनाने का नेक काम किया जा सकता है ।*

*अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय का कहना है कि करवा चौथए धनतेरस और दीपावली के साथ ही छठ पूजा की खरीददारी के लिए बाजार में अभी से अच्छी खासी भीड़ देखी जा सकती है। ऐसे में यह कदापि नहीं भूलना है कि अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है, इसलिए इन प्रमुख पर्वों की खुशियाँ अनंत काल तक बरकरार रखने के लिए उन जरूरी बातों का जरूर ख्याल रखें जो कोरोना से सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक हैं बाजार में खरीददारी के वक्त मास्क से मुंह व नाक अच्छी तरह से ढककर रखना है। एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखना है। दुकान में प्रवेश करते वक्त और निकलते वक्त हाथों को अच्छी तरह सेनेटाइजर करना भी न भूलें ।*

*जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि इस माह पड़ने वाले अधिकतर त्योहार ऐसे हैं जिसमें पूजा.पाठ में इस्तेमाल होने वाली अधिकतर सामग्री हमारे पास-पड़ोस में ही छोटे.छोटे कामगारों द्वारा बनायी जाती हैं । दीपावली के दीप और मोमबत्ती बनाने में जुटीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से इनकी खरीददारी करके घरों को जगमग करने के साथ ही उन महिलाओं के जीवन में भी दीपावली की रोशनी बिखेरी जा सकती है । विदेशी झालरों के स्थान पर स्थानीय दियों की रोशनी की चमक इस बार एक अलग ही ख़ुशी का एहसास कराएगी । कोरोना काल में लोगों के सामने रोजी-रोटी की दिक्कत को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ष्वोकल फॉर लोकलष् का नारा दिया था । उस नारे को सही साबित करने का यही सही मौका है । इसके अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की जा रहीं लक्ष्मी-गणेश की आकर्षक मूर्तियों को तरजीह देना हम सभी का कर्तव्य भी बनता है ।*

### अड़गड़ानंद आश्रम पहुंची स्वास्थ्य टीम

## 161 की कोरोना जांच

**मिर्जापुर** । अड़गड़ानंद आश्रम परिसर में सोमवार को मिर्जापुर की एमएमयू टीम व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के चिकित्सा विभाग की टीम ने 161 लोगों का आरटीपीसीआर कोरोना जांच किया। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के कोरोना नोडल बीसीपीएम राहुल कुमार सिंह, राकेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार पटेल आदि द्वारा आश्रम में आए हुए लोगों के नमूने लिये गये। कोरोना नोडल राहुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को शक्तेशगढ़ आश्रम में आए हुए लोग व आसपास के लोगों का करोना सैंपल लिया गया।

## धान क्रय केन्द्र खोलने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे जिले के किसानों की समस्याओं के दृष्टिगत एवं उन्हें धान बेचने के लिए मंडी समिति जंगी रोड मिर्जापुर में खाद्य विभाग का धान ऋय केंद्र खोलने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी भू राजस्व को सौंपा तथा नवीन मंडी समिति में खाद्य विभाग का धान क्रय केंद्र खोले जाने की मांग प्रमुखता के साथ उठाया ज्ञापन सौंपने के बाद समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने बताया कि मिर्जापुर के किसानों की



सुविधा के लिए एवं किसानों का धान प्रचुर मात्रा में आसानी के साथ खरीदा जा सके इसके लिए पूर्व वर्ष में भी खाद्य विभाग का धान क्रय केंद्र नवीन मंडी समिति में खुला था लेकिन इस बार खाद्य विभाग द्वारा नहीं खोला जा रहा है जिससे किसानों में आक्रोश है किसानों द्वारा समस्या से अवगत होते हुए समाजवादी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट आज इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी मिर्जापुर के समक्ष नवीन मंडी समिति में खाद्य विभाग का धान ऋय केंद्र खोले जाने की मांग रखी जिस पर अधिकारियों ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# खेल खत्म-पैसा हजम

## दफन हो गए अन्त्येष्टि स्थल के 10 करोड़

### जांच और कार्रवाई दोनों को ठंडे बस्ते में डाल दिया कहीं सड़क तो कहीं खेत में बना डाला, अन्त्येष्टि स्थल-जांच में साबित होने के बावजूद नहीं हुई कोई कार्रवाई, अधिकांश पर दंबगों का कब्जा, पशुओं का बना डेरा

संवाददाता। बस्ती



**प्रधानों** का कार्यकाल समाप्त होने को हैं, मगर अभी तक एक भी प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई नहीं हुई। मामला 10 करोड़ से अधिक की लागत से बनाए गए 42 अन्त्येष्टि स्थल में गोलमाल का का है। चार साल पहले आनन-फानन में तत्कालीन डीपीओ ने 16-17 के वित्तीय के मांच के अंतिम दिन 42 प्रधानों को भारी कमीषन लेकर 10 करोड़ रेवड़ी की तरह बांट दिया। हैरान करने वाली बाय यह है कि निर्माण को मार्च में करना था। अब जरा सोचिए जब मार्च के अंतिम दिनों में धन दिया गया तो निर्माण मार्च में कैसे पूरा होगा। नतीजा प्रधानों ने मिले धन को नीजि के रुप में खर्च करना षुरु कर दिया। सामाजिक कार्यकर्त्ता पंकज दुबे सहित अन्य ने जब इसकी षिकायत की तो भेद खुला। जांच में एक भी अन्त्येष्टि स्थल मौके पर नहीं मिला। आनन-फानन में सभी प्रधानों और सेक्रेटरियों को नोटिस जारी हुआ। अन्त्येष्टि स्थल निर्माण करने का कई बार मौका दिया गया। प्रधानों पर जब निर्माण करने का अधिक दबाव बना तो कईयों ने आनन-फानन में सड़क किनारे और खेत में बना डाला वह भी आधा अधूरा। वर्तमान में तो कईयों पर कब्जा हो चुका जानवर पाले जा रहे हैं, और कईयों का तो अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। यही हाल विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम पूरेचेतन और खेमराज का है। खेमराजपुर में तो आरसीसी छत के स्थान पर टिन का षेड बना दिया, इस पर गांव के दंबगों ने कब्जा कर रखा है, और वहां पर जानवरों को बांधा जाता है, और भूसा रखा जाता है। पूरेचेतन का तो अस्तित्व ही समाप्त हो गया। सामाजिक कार्यकर्त्ता पंकज दुबे का कहना है कि तत्कालीन विकास भवन के मुखिया और डीपीआरओ ने मिलकर 10 करोड़ का बंदरबांट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उन्हें बचाते रहे।

## व्यापारी नेता ने डीएम को दिया ज्ञापन

**संतकबीरनगर।** गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक के संबंध में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के नेताओं ने जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने बिन्दुवार डीएम के समक्ष समस्या रखी। उक्त समस्याओं के निसतारण का जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया। पूर्वांचल उद्योग व्यापार मण्डल के



अध्यक्ष सर्वदानन्द पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी को 11 बिन्दुओं के संबंध में मांग पत्र सौपा गया। श्री पाण्डेय ने कहा कि व्यापारी उद्यमी जो अनवरत 16 घंटे ग्राहकों की सेवा में तल्लीन रहता हो तथा प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सरकार को टैक्स देता हो और सरकार के खजाने को भरता हो, रोजी-रोजगार में रहकर सरकार से नौकरी आदि की मांग न करके सरकार का सहयोग ही करता है। जहां व्यापारी/उद्यमी पर आफत्त आ जाती है जो अत्यंत दुखद है। उन्होने जिलाधिकारी से मांग की है कि जिले के अनेक प्रकार के जनहित व व्यापारी हितों पर ध्यान में रखते हुए उक्त समस्याओं का समाधान किया जाए। व्यापारी नेता महेश कुमार गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि वस्तु एवं सेवा कर संबंधित 31, जुलाई, 2017 तक केस पत्रवालियों का निस्तारण किया जाय और पैक्ड सामान के सबंध में दुकानदार को पक्षकार न बनाकर केवल निर्माता को ही पक्षकार बनाया जाय तथा खाद्य विभाग से संबंधित लाइसेंस नियमानुसार शीघ्र से शीघ्र जारी किया जाय ज्ञापन देने वालों में पूर्वांचल महामंत्री राजजी गुप्ता, बैजनाथ, मूलचन्द मौर्य, तीरथराज गुप्ता, श्याम जी गुप्ता, संजय जायसवाल, गोविन्द अग्रहरि, मनीष गुप्ता, हीरलाल गुप्ता, विनोद गुप्ता सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

## आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पीड़िता ने एसपी को दिया पत्र

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद थाना अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके गांव का ही रहने वाला एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके बारे में मुकदमा अपराध संख्या 604/2020 धारा धारा 376, 506 आईपीसी में दर्ज हुआ। मुकदमा दर्ज होने के बाद उसका मेडिकल व पुलिस द्वारा बयान लिया गया तथा मुलजिम को चौकी काटे से छोड़ दिया गया तथा उसे गिरफ्तार नहीं किया गया। जिससे उसका मनोबल बढ़ गया और किसी न किसी प्रकार से वह उसे व उसके घरवालों को सुलह करने का दबाव बना रहा है। मुकामी पुलिस द्वारा भी दुष्कर्मी को संरक्षण दिया जा रहा है तथा कई दिनों तक चौकी पर पुलिस द्वारा पंचायत करने का प्रयास किया गया परंतु जब उसने सुलह नहीं किया तो मुलजिम को छोड़ दिया गया। मुलजिम अभी भी खुलेआम घूम रहा है तथा किन्ही प्रकार से धमकी दे रहा है। मुलजिम के गिरफ्तार न होने से वह काफी भय में है। सरकार द्वारा महिलाओं के सुरक्षा हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है परंतु उसे कोई न्याय देने वाला नहीं है।

# हजारों मनरेगा श्रमिकों को नहीं मिल रहा काम

### काम देने में असफल हो रहे कार्यक्रम अधिकारी, 147 ग्राम पंचायातों में एक भी काम नहीं हुआ, काम देने में कुदरहा और रामनगर अव्वल

संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** श्रमिकों को रोजगार देने की मंषा पर ब्लॉकों के कार्यक्रम अधिकारी पलीता लगा रहे है। 147 जो कि अब तक रिकार्ड है, ग्राम पंचायतों में दो नवंबर को एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इन ग्राम पंचायतों में एक भी काम नहीं हुआ, जबकि आदेष प्रत्येक दिन कोई न कोई काम होने का ताकि श्रमिकों को रोजगार मिल सके। इस मामले में कुदरहा और बनकटी ब्लॉक के पीओ का काम अव्वल रहा। वहीं सबसे खराब स्थित विक्रमजोत की रही। यहां पर एक काम हुआ। प्रति ग्राम पंचायत में कार्यरत श्रमिकों का औसत 33 फीसद से अधिक रहा है। इनमें 74 फीसद के साथ कुदरहा अव्वल रहा। 13 फीसद के साथ रुधौली का सबसे कम रहा। भले ही जिला एक दिन में रोजगार दिलाने में कई दिनों तक अव्वल रहा, मगर धीरे-धीरे कार्यक्रम अधिकारियों का इसके प्रति रुझान कम होता रहा है। जानकारों का कहना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों में वास्तव में काम करने के लिए कुछ रहा नहीं। कहते हैं कि अगर कुदरहा ब्लॉक की जांच हो जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। इस ब्लॉक ने मनरेगा में धन खर्च करने के मामले में सारे रिकार्ड तोड़ दिए। इस ब्लॉक के एक-एक ग्राम पंचायत में दो से तीन करोड़ का काम कच्चा और पक्के का हुआ। एक अधिकारी का कहना है कि जब काम करने के लिए रात-दिन दबाव बनाया जाएगा तो कामों की गुणवत्ता खराब तो होगी। जिन ब्लॉकों में काम नहीं हुआ, उनमें सबसे अधिक 25 ग्राम पंचायत सल्टौआ का है। यहां के कार्यक्रम अधिकारी डीआरडीए के पीडी है। रुधौली में 22 यहां के पीओ डीडीओ है।

### सदर विधायक ने टीबी रोगी खोज अभियान का किया शुभारंभ

# घर-घर ढूंढ़े जाएंगे मरीज

संवाददाता। सोनभद्र

**2025** तक देश से टीबी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला क्षय रोग कार्यालय सभागार में सघन टीबी रोगी खोज अभियान, आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरण तथा बच्चों एवं गर्भवती माताओं को टीका लगाए जाने हेतु अभियान का शुभारंभ सदर विधायक भूपेश चौबे ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय,जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ बी के अग्रवाल तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम कुंवर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में दो नवंबर से सघन टीबी रोगी खोज अभियान का शुभारंभ हो गया, जो 11 नवंबर तक चलेगा। इसमें 85 टीमें और 17 सुपरवाइजर लगाए गए हैं जो घर घर भ्रमण कर टीबी के संदिग्ध लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे और बलगम का सैंपल भी लेंगे। बलगम जांच में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल टीबी रोधी उपचार शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार टीबी का पूरा



इलाज कराया जाए तो टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकता है। लेकिन आधे अधूरे और बीच-बीच में छोड़कर इलाज कराने से साधारण टीबी एमडीआर टीबी में परिवर्तित हो जाती है जिसका इलाज और भी कठिन होता है। भारत में प्रति वर्ष लगभग 28 लाख टीबी के नए रोगी मिलते हैं जो विश्व में पाए गए कुल टीबी रोगियों का लगभग 27 प्रतिशत हैं। देश में कुल टीबी रोगियों में से 20 प्रतिशत रोगी उत्तर प्रदेश के होते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में जिले में कुल 3174 टीबी के मरीज चिन्हित किए गए थे और वर्ष 2020 में अब तक 2012 टीबी के रोगी चिन्हित किए गए हैं।

## जीवन की रंगोली में न भरने पाए कोरोना का रंग

**सोनभद्र।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि त्योहारों की खुशियां बरकरार रखने के लिए जरूरी है कि हर कदम पर कोरोना को लेकर पूरी सावधानी बरतें ताकि उत्सव के साथ जीवन की रंगोली में कोरोना का रंग कतई न भरने पाए। इस दौरान बाजार में भीड़ लगाने से बचें, स्थानीय उत्पादों को तरजीह दें ताकि छोटे-छोटे कामगारों के जीवन को भी भी दीप पर्व के प्रकाश से जगमग किया जा सके। पटाखों की चंद सेकेण्ड की रोशनी और धमक पूरे जीवन को स्वहा बना सकती है, इसलिए इस दीपावली घर-परिवार को पटाखों से दूर रखकर कोरोना से खुद को सुरक्षित बनाने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित बनाने का नेक काम किया जा सकता है। करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के साथ ही छठ पूजा की खरीददारी के लिए बाजार में अभी से अच्छी खासी भीड़ देखी जा सकती है। ऐसे में यह कदापि नहीं भूलना है कि अभी कोरोना ख़त्म नहीं हुआ है, इसलिए इन प्रमुख पर्वों की खुशियां अनंत काल तक बरक़रार रखने के लिए उन जरूरी बातों का जरूर ख्याल रखें जो कोरोना से सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक हैं।

# आज प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

## मतदान पार्टियां रवाना

### निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान को हर हाल में करायें सम्पन्न : डीएम

संवाददाता। देवरिया



**देवरिया** विधानसभा उप निर्वाचन के तहत कल 3 नवंबर को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस विधानसभा के 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 3 लाख 36 हजार 5 सौ 65 मतदाता करेगें। मतदान प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक सम्पन्न होगा। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु राजकीय इंटर कालेज से मतदान पार्टियां रवाना होकरए सायं तक अपने गन्तव्य बूथों पर मतदान सम्पन्न कराने हेतु इवीएम मशीनो व अन्य आवश्यक लेखन सामग्रियों के साथ पहुॅची। मतदान कार्य को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरुप शान्तिपूर्णए निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिये जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम किये गये है व हर बूथों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। मतदान कार्य में किसी भी प्रकार की गडबडी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अमित किशोर ने देते हुए मतदान कार्मिकों को यह निर्देश दिया है कि मतदान कार्य को पूरी निष्पक्षता व बिना भेदभाव एवं आयोग के निर्देशों के अनुरुप सम्पन्न करायेगें। ऐसा कोई कार्य नही करेगें जिससे निर्वाचन की निष्पक्षता प्रभावित हो। उन्होने तैनात किये गये सेक्टर, जोनल, स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित सभी जुडे अधिकारियों को अपने तैनाती क्षेत्र में अनवरत भ्रमणशील रहते हुए निर्विघ्न व सकुशल मतदान को सम्पन्न कराने के कडे निर्देश दिये है। विधानसभा क्षेत्र को 8 जोन व 48 सेक्टर में विभक्त किया गया है तथा इतने ही जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है तथा 33 माइक्रो आब्जर्वर एवं 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगाये गये है। 49 बूथों की वेब कास्टिंग होगीए जिसके माध्यम से निर्वाचन आयोग की भी नजर चुनाव प्रक्रिया पर रहेगी। 61 बूथो की वीडियोग्राफी करायी जायेगी। मतदान के लिये 184 मतदान केन्द्र तथा 487 मतदेय स्थल बनाये गये है। इवीएम मतदान पश्चात् महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में स्थापित स्ट्रान्ग रुम में जमा होगी।

### वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र भी होगा अनुमन्य

जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान के लिये मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगाए परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते हैंए उन्हे आयोग द्वारा वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से कोई एक प्रस्तुत करने की अनुमन्यता की गयी है। जिलाधिकारी श्री किशोर ने अनुमन्य वैकल्पिक फोटो पहचान के दस्तावेजो के पूर्ण विवरण में बताया है कि मतदाता आधार कार्डए मनरेगा जॉब कार्डए बैंकोंध्डाकघरों द्वारा जारी की गयी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट काड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एन पी आर अन्तर्गत आर जी आई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं राज्य,केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त पहचान पत्र, सांसद विधायको विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र मतदाता अपनी पहचान के लिये प्रस्तुत कर सकता है।

### कलक्ट्रेट सभागार में खुला कन्ट्रोल रुम

**देवरिया।** विधान सभा के निर्वाचन कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु कलक्ट्रेट सभागार में कन्ट्रोल रुम स्थापित हैए जिसका दूरभाष नम्बर 05568.222071, 220308 एवं 222220 है। जिला निर्वाचन जिलाधिकारी अमित किशोर ने इस कन्ट्रोल रुम में तैनात सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया है। साथ ही निर्वाचन संबंधित किसी भी जानकारीए शिकायत व सुझाव के लिये कन्ट्रोल रुम के इस नम्बर पर सम्पर्क किये जाने की अपेक्षा आम जन से भी की है।

### सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इन्तजाम

मतदान कार्य को निर्विघ्न व बाधारहित सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैए इसके लिये 3 कम्पनी सीएपीएफए 3 कम्पनी पीएसीए 27 निरीक्षकए 289 उप निरीक्षक, 206 हेड कांस्टेबूल, 1345 कान्स्टेबूल, 1300 आक्जिलरी फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावे अपर पुलिस अधीक्षकए क्षेधिकारी भी शान्ति व्यवस्था के लिये भ्रमणशील रहेगे। हर बूथ पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगीए जो हर गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखेगें।

### दबाव में न आएं मतदाता, करें वोटिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर ने मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्सव के रुप में लें। मतदान एक संवैधानिक व मौलिक अधिकार है। अपने इस अधिकार का अवश्य ही प्रयोग करें तथा वे अपने बूथों पर जाकर अवश्य ही मतदान करेंए ताकि शतप्रतिशत मतदान होए इसके लिये सभी मतदाता घरों से निकलए बूथो तक जाये और अपने मतदान का प्रयोग निडर एवं निर्भीक होकर करें।

### कोविड 19 - मतदेय स्थल पर हर सुविधा

निर्वाचन प्रक्रिया में पूरी तरह से कोविड.19 के प्राविधानो का पूर्णतः अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जायेगा। मतदाताओं को सैनिटाइजरए फेस मास्क व हैण्ड ग्लब्स उपलब्ध कराया जायेगा एवं मतदेय स्थलोंध्केन्द्रो पर कोविड.19 के तहत आवश्यक सभी सामानो यथा. हैण्डवाशए सैनिटाइजरए फेस मास्क हैण्ड मास्कए फेस शील्ड की उपलब्धता रहेगी।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान: डीएम

संवाददाता। जौनपुर

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने साफकहा कि प्रचार का समय समाप्त होने के बाद चुनावी क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति न रहे यदि किसी के घर बाहरी लोग पाये जायेगें तो घर का मुखिया और बाहरी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा। यहां पर तीन नवम्बर को वोट डाला जायेगा तथा 10 नवम्बर को मतगणना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने आज शाम को पत्रकारो से बातचीत करते हुए बताया कि यह चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जायेगा। इस सीट पर कुल तीन लाख 65 हजार 13 मतदाता है। जिसमें एक लाख 90 हजार 563 पुरूष तथा एक लाख 74 हजार 431 महिला वोटर्स है। कोविड को देखते हुए इस बार 554 पोलिंग बुथ बनाया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे विधानसभा को छह जोन और 22 सेक्टर में बांटा गया है । चुनाव में 1108 ईवीएमए554 कन्ट्रोल यूनिट और 554 वीवीपैट लगाये जायेगें। चुनाव में 1108 ईवीएमए554 कन्ट्रोल यूनिट और 554 वीवीपैट लगाये जायेगें। एसपी रामकरण ने बताया कि सुरक्षा दृष्टि कोण से चुनाव में 174 दारोगा,165 हेड कास्टेबल,एक हजार 62 कोस्टेबल,1313 होमगार्ड एक कम्पनी पीएसी और तीन कम्पनी सीएपीएफके जवान तैनात किये गये है। एसपी रामकरण ने बताया कि सुरक्षा दृष्टि कोण से चुनाव में 174 दारोगा,165 हेड कास्टेबल,एक हजार 62 कोस्टेबल,1313 होमगार्ड एक कम्पनी पीएसी और तीन कम्पनी सीएपीएफके जवान तैनात किये गये है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने कहा कि मतदान के दिन 12 क्यूआरटीए 61 मोबाइल टीम, 25 क्लस्टर मोबाइल टीमें लगाई गई है। कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी व सूचना मिलते ही तीन मिनट के अंदर यह बूथों पर पहुंच जाएंगे।

## तमंचे की नोंक पर दो ग्राहक सेवा संचालकों से एक लाख 4 हजार की लूट

**गाजीपुर।** जनपद के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद यूनियन बैंक के ठीक सामने सोमवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने तमंचा की नोक पर दो ग्राहक सेवा संचालकों से एक लाख 4 हजार लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस सहित एसपी सिटीए सीओ और क्राइम ब्रांच टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन में जुट गई। घटना के संबंध में बताया गया है कि सुबह करीब साढ़े दस बजे बहलोलपुर निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शैलेंद्र कुमार यादव 57000 तथा उसी के ठीक बगल में दुल्लहपुर निवासी विपिन कुमार कन्दू 47000 अपने पैसों से भरा बैग लेकर जलालाबाद में स्थित यूनियन बैंक के ठीक सामने टीन शेड में बैठे थे। दोनों ग्राहकों को आधार कार्ड से पैसा दिए थे। इसी दौरान एक बाइक पर दो बदमाश केशरिया गमछा से मुंह बांधे वहां पहुंचे। एक ने बाइक को घुमाकर सड़क की तरफबाइक मोड़कर स्टार्ट ही खड़ा कर दिया। जबकि दूसरा बदमाश फिनो बैंक संचालक शैलेंद्र कुमार यादव के पास पहुंचा और उस पर तमंचा तानते हुए पैसों से भरा बैग छीन लिया। जबकि विपिन कुमार कन्दू पैसों से भगा बैग शैलेंद्र को दिखाकर सामने हो रहे निर्माणधीण मकान के देखने के लिए गया था। बदमाश ने दोनों बैगों को उठा लिया। इसके बाद स्टार्ट बाइक सवार बदमाश ने अपने साथी से कहा कि गोली मार दोए लेकिन बैग लूट रहे साथी ने कहा पैसा मिल गया छोड़ो। उससे फिनो बैंक संचालक और बगल खड़े कुछ लोग सहम गए। फिर लुटेरों ने कहा कि बैग दे दिया गोली क्यों मारेंगे चलो और वहां से दुल्लहपुर बाजार की तरफफरार हो गए। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक मनोज तिवारी के साथ ही भुड़कुड़ा क्षेत्राधिकारी सुरेश शर्मा के साथ एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी और क्राइम ब्रांच टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों से पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने सामने बैंक में लगे सीसी टीवी कैमरा का फुटेज देखा। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की छानबीन शुरु कर दी गई है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस वारदात की लोगों में चर्चा होती रही है। लोग कहते रहे कि घटनास्थल के ठीक सामने यूनियन बैंक में द गार्ड मौजूद थेए फिर भी बदमाश इस वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना से लोगों में भय व्याप्त हो गया।

## परिसर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की तिथि 15 नवंबर तक बढ़ी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर मैं संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ाकर 15 नवंबर 2020 कर दी गई है। पीयू कैट प्रवेश समिति के समन्वयक एवं प्रो रज्जू भईया संस्थान के निदेशक प्रो देवराज सिंह ने बताया कि परिसर के विज्ञान संकायए दंतोपंत ठेंगडी विधि विभागए अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकायए प्रबंध अध्ययन संकाय और प्रो रज्जू भईया भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी गई है।

## तीन बाइक सवारों के पास से नौ लाख रूपये बरामद

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के करंजाकला बाजार में सरायख्वाजा पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान तीन बाइक सवारों के पास से नौ लाख से अधिक की नकदी बरामद हुई। जिसे पुलिस ने सीज कर मजिस्ट्रेट को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मल्हनी उपचुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता चलाई जा रही हैं । चेकिंग के दौरान ही पुलिस को सूचना मिली कि मतदाताओं को बाईक से पैसे बांटे जा रहे हैं।

## प्रतिष्ठित मिष्ठान प्रतिष्ठान में कोविड–19 जांच

**गाजीपुर।** कोरोना से सुरक्षा के मद्देनजर मिठाई दुकानदारों और होटल रेस्टोरेंट संचालकों को त्योहारो के मद्देनजर स्वास्थ विभाग ने शासन की गाइड लाइन के अनुसार कोरोना जांच कराने की अपील की थी।जिसके अनुपालन में सोमवार को महुआबाग स्थित अग्रवाल स्वीट्स एवं रसोई के सभी 42 कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट और साफसफाई की जांच की गई। जिसमें सभी 42 स्टाफकी रिपोर्ट निगेटिव पाई गई।

## पुलिस को मिली सफलता 36 घंटे के अंदर अभियुक्त गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** पैसे की लेन देन मे चिउटी पुल पर घटी घटना के बारे मे कोतवाली पुलिस को 36 घंटे के अंदर ही सफलता मिल गई । रूपए की लेन देन को लेकर हुई घटना के बारे मे पुलिस ने बांसी कोतवाली मे प्रेस कांफ्रेंस करके विस्तृत जानकारी दी है। भरथना निवासी प्रहलाद पुत्र राम अजोर ने पुलिस से शिकायत किया कि सूरज पांडेय पुत्र चंद्र मणि पांडेय ग्राम,पिपरा फरदंग पुर और ओमकार यादव पुत्र रामप्रसाद यादव ग्राम पंचमोहनी थाना खेसरहा ने जानलेवा हमला किया है। घटना की सूचना पर बांसी पुलिस और सर्विलांस सेल अभियुक्तो के धर पकड़ मे लग गए।

## देवरिया में युवक की बेरहमी से हत्या, बागीचे में मिली सिर कटी लाश

**देवरिया।** रामपुर कारखाना क्षेत्र में बिना सिर के एक शव को पुलिस ने बगीचे से बरामद किया। शव के पैर और कमर में रस्सी बांधी गई थी। जबकि शरीर पर पहने कपड़े मिट्टी से बने हुए थे। युवक की बेरहमी से हत्या की गई है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के राजस्व गांव मंझरिया के पास एक बगीचा है। बागीचे के सिवान से मदिरापाली बुलाकी का क्षेत्र शुरू हो जाता है। रविवार की देर रात मंझरिया के पास बगीचे में एक सिर विहीन शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। रात को ही थानाध्यक्ष घनश्याम सिंहए कांस्टेबल राहुल यादवए शमशुलैन व जीतेश समेत एक दर्जन पुलिसकर्मी बगीचे में पहुंच गए। पुलिस ने बगीचे से सिर कटे हुए शव को बरामद किया।

## वोटिंग के लिए मतदाता कर सकेंगे वाहनों का प्रयोग

### साथ में रखनी होगी पर्ची व आई डी : डीएम

संवाददाता। देवरिया



**जिला** निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि देवरिया विधानसभा उप निर्वाचन के तहत कल 3 नवंबर को होने वाले मतदान में मतदाता वोट डालने के लिये अपने वाहनो से जा सकेगें। इसके लिये उन्हे मतदाता पर्ची व आई डी अपने साथ रखनी होगी। ऐसे मतदाताओं कोए जो अपने वाहनो से मतदान के लिये मतदाता पर्ची व आई डी के साथ वोट डालने के लिये जा रहे हो उन्हे पुलिस द्वारा नही रोका जायेगा।इसके अलावे जनपद में चलने वाली बसे व जनपद के बाहर से आनेजाने वाले बसो के संचालन पर कोई प्रतिबंध नही रहेगा। उन्होने इसके लिये सभी अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे ऐसे मतदाताओं को न रोकें जायें। उन्होने मतदाताओं से भी कहा है कि यदि किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो कन्ट्रोल रुम में स्थापित नम्बर 05568.222071, 220308 एवं 222220 पर इसकी जानकारी दे सकते है। साथ ही वे सेक्टर, जोनलए पुलिस अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, पुलिस अधीक्षक व मुझे भी अपनी दिक्कतों की जानकारी दे सकतें है।

### मतदान को लेकर लोगों को किया जागरूक

**देवरिया ।** सरस फाउंडेशन के तत्वावधान में मान्यवर कांशीराम आवास मेहड़ा बाहर पूर्वी परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगो को सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने को प्रेरित किया गया । कार्यक्रम प्रभारी सुनीता सिंह के नेतृत्व में पहुँची टीम ने लोगों को वोट की ताकत व महत्व के बाबत जागरूक किया । स्वीप टीम की सदस्य मैमुन निशा ने समूह द्वारा निर्मित ष्मतदाता जागरूकता मास्कष् वितरित कर लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई । सुमेधा सिंह व नीलम सिंह द्वारा जागरूकता गीत के माध्यम से बिना लोभ बिना लालच के निडर होकर मतदान का फर्ज निभाने का आह्वान किया । इस दौरान मतदाता सलीम अंसारी, उर्मिला देवी,भानुमती देवी, रीता, प्रभावती आदि मौजूद रहे । पुरवा चौराहा पर नाटककार भोला चौधरी एवं श्रीराम गुप्ता द्वारा मतदाता मदारी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। प्रमोद कुशवाहा ने मतदान के महत्व को बताते हुए लोगों से सबसे पहले मतदान करने की अपील की। अरविन्द कुमार सिंह ने सभी लोगों से जाति ,धर्म,लालच से परे होकर मतदान का आह्वान किया। इस दौरान मतदाता सुरेन्द्र रावए मनोजए सोम प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, मीना, तौफ़ीक़ आदि मौजूद रहे । सब्जी मंडी, रामगुलाम टोला, देवरिया खास समेत विभिन्न मुहल्लों में घर घर दस्तक देकर स्वीप टीम ने लोगों को पहले वोट डालने फिर अन्य कार्य करने की अपील किया । रमाशंकर चौरसिया के नेतृत्व में टीम ने घरों का दरवाजा खटखटाया और लोगों से संवाद कर बूथों तक पहुँचने को प्रेरित किया । स्वीप टीम के अनुज कुमार सिंह,अविनाश बरनवाल व राजीव लोचन श्रीवास्तव ने मेरा वोट मेरी ताकत अभियान के तहत निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा ।

## कैसे बढ़ेंगे नौनिहाल!

**डुमरियागंज।** सिद्धार्थनगर। आज कोरोना महामारी के चलते जहाँ पर पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है वही देश के भविष्य नौ निहालो का करियर पूरी तरह दाव पर लगा हुआ है ण् इस कोरोना महामारी में सबसे अधिक प्रभाव पठन . पाठन पर पड़ रहा है जिससे नौनिहालो का भविष्य अन्धकार मय दिखाई पड़ रहा है । जहाँ सरकार किसी तरह से शिक्षण कार्य पटरी पर लाने के लिए सरकार दिन रात एक किये हुये है ।आपको बताते चलें की सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज विकास खण्ड का परषिदीय विद्यालयों में लापरवाही सामने आ रही है। गुरुवार को इसकी खबर ली गई तो हकीकत सामने आ गई। प्राथमिक विद्यालय सागररौजा में बच्चों को संख्या 165 है लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। शौचालय की सुविधा वह बाउंड्री वाल ना होने के कारण बच्चे और बच्चियों को आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय सागररौजा में प्रधानाचार्य रहमान अंसारी अनुपस्थित मिले। सहायक अध्यापक मनोज कुमार श्रीवास्तव, शिक्षामित्र परमात्मा प्रसाद व शिक्षामित्र ताहिरा खातून उपस्थित थे। वहीं, प्राथमिक विद्यालय रंगरेजपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन, शिक्षामित्र विक्रम प्रसाद, शिक्षामित्र अंजुमआरा, स0अ0 मुसीर अहमद व शिक्षामित्र दिव्या पाठक उपस्थित नहीं थीं। प्रा0वि0 बयारा में 5 स्टाप उपस्थित था । जहाँ प्रधानाध्यापक परवेज आलम का कहना था कि स्कूल में नल का पानी दूषित आ रहा है जिससे बच्चो को बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है । इसीक्रम में प्रावि चकचई में प्रधान अध्यापक दिलीप कुमार भारती, सहायक अध्यापक आकाश कुमार एउपस्थित मिले।





## मुख्तार को 14 दिन न्यायिक हिरासत में लेने का आदेश

### वीसी से पंजाब के मोहाली जेल से मऊ सीजेएम अदालत में हुई पेशी

### मुख्तार अंसारी का शस्त्र लाइसेंस मामले में बना ज्यूडिशियल रिमांड

संवाददाता। मऊ

**मऊ** जिले के सदर विधान सभा क्षेत्र के विधायक मुख्तार अंसारी का शस्त्र लाइसेन्स के मामले में ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु वीडियो कांन्फ्रेसिग से पंजाब प्रान्त के मोहाली जेल से पेशी सोमवार 2 नवम्वर को सीजेएम अदालत में कराया गया।

इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद शर्मा ने उक्त मामले में सदर विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लेने का जेल अधीक्षक मोहाली को आदेश दिया। सीजेएम ने विवेचक के आवेदन पर उक्त आदेश पारित किया। बताते चले कि मऊ सदर विधान सभा के विधायक पंजाब प्रांत के सास नगर मोहाली की जेल में निरुद्ध हैं। इनके खिलाफजनपद के दक्षिण टोला थाने में अपराध संख्या 4,2020 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी व 30 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में ज्युडिशियल रिमांड हेतु विवेचक के आवेदन पर न्यायालय ने गत 21 सितम्वर को वारंट बी जारी किया था। मुख्तार अंसारी की पेशी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद शर्मा की अदालत में बुधवार 21 अक्टूबर को होनी थीए किन्तु वहां की जेल से सदर विधायक के स्वास्थ का हवाला देते हुए विडियो कान्फ्रेसिग से रिमाण्ड बनाने की अपील की गयी थी। वही मुख्तार अंसारी के वकील दारोगा सिंह ने सीजेएम न्यायालय में आवेदन दिया था कि मुख्तार अंसारी अस्वस्थ है मोहाली पंजाब से यहां तक की यात्रा करने में असमर्थ है इसलिए वीडियो कान्फ्रेसिग से ही ज्युडिशियल रिमाण्ड बनाया जाए। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले के विवेचक को 23 अक्टूबर को मय मामले की केस डायरी के साथ तलब किया था। विवेचक ने अदालत से आवेदन कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु मोहाली जेल से मुख्तार अंसारी को अदालत में तलब करने की अपील किया। सीजेएम ने केस डायरी व जेल अधीक्षक मोहाली व सदर विधायक के अधिवक्ता दारोगा सिंह को सुनकर वीडियो कान्फ्रेसिग के माध्यम से अभियुक्त की उपस्थिति में ज्यूडिशियल रिमांड स्वीकृत किया।

## लंबित मानदेय को लेकर आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**गाजीपुर।** विकास भवन में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का विगत छः महीने से लंबित मानदेय को लेकर आउट सोर्सिंग कर्मियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गयाए जिसमे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा हस्तक्षेप करते हुएए मुख्य विकास अधिकारी गाजीपुर से सम्पर्क स्थापित करना चाहे किन्तुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सकरात्मक जबाबए व फोन न उठाने से कर्मचारियों में आक्रोश उत्पन्न हुआए जो सीडीओ के खिलाफ नारे बाजी करने लगेएप्रदर्शन के बाद मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि प्रभारी जिलापंचायत राजधिकारी गाजीपुर को पत्रक शौपा जिसके क्रम श्री उपाध्याय द्वारा अस्वस्थ किया कि 6 नवम्बर तक मानदेय भुगतान कर दिया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में रणविजय सिंह, अभय गुप्ता, सौरभ,क्षमा सिंहए पीयूष कांत, अमन सिंह लकी सिंह राजेश दया कुमार अजय, वकील, धीरेंद्र, , अंजनी,लक्ष्मी कांत पांडेय शिवा कांत आदि लोग मौजूद थे।

## फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष के बयान की मऊ के मुस्लिम धर्मगुरुओं ने की निंदा



**मऊ ।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में बीते दिनों हुई घटना पर फ्रांस के राष्ट्रध्यक्ष के बयान को लेकर जिले के मुस्लिम धर्मगुरुओं की बैठक हुआ। बैठक में हालात की नजाकत को ध्यान में रखते हुए धैर्य से काम लेने की अपील किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फ्रांस में मोहम्मद पैगम्बर सल्लहो अलैहे वसल्लम का खाका कार्टूनद्ध बनाकर इस्लाम की छवि को खराब करने का प्रयास किया गया है। बैठक में उस नौजवान की भी मजम्मत करते हुए कहा गया कि कानून को उसने हाथ में लेने की गलती किया है। वक्ताओं ने कहा कि घटना के बाद जो कुछ हो रहा है उसे राजनीति कहा जा सकता है। वक्ताओं ने कहा कि मृतक शिक्षक के साथ जो हुआ वह गलत थाए वह नहीं होना चाहिए थाए लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि शिक्षक ने जो किया वह सही था। कहा गया कि आज़ादी राय का मतलब हरगिज़ ये नहीं हो सकता है कि कोई किसी धर्म या उसके पेशवा को गली दे या उस धर्म के मानने वालो की आस्था को ठेस पहुंचाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस्लाम कभी भी कानून को हाथ में लेने या हिंसा की अनुमति नहीं देता हैए इसलिए जिलाधिकारी से मिलकर एक पत्रक के माध्यम से मांग किया जाएगा कि फ्रांस के राष्ट्रपति के बयान से पूरे दुनिया के मुसलमानो के जज्बात आहत हुए है इसलिए फ्रांस की सरकार माफी मांगे और बयान वापस ले।

## विशेष अभियान का हुआ शुभारंभ

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ की ओर से लखनऊ में रविवार को त्रैमासिक विशेष टीकाकरण अभियान का विधिवित शुभारंभ किया गया। इसके बाद जिले में भी हलचल बढ़ गई है। सोमवार को विशेष अभियान का शुभारंभ हुआ। नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पुराना नौगढ़ में विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ चतुर्वेदी की अगुवाई में हुआ। प्रत्येक बुधवार और शनिवार के अतिरिक्त सोमवार को टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान में उन गर्भवती महिलाओं व बच्चों को चिह्नित किया गया हैए जो अभी तक संपूर्ण या आंशिक रूप से टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। अक्टूबर में सर्वे कराकर ऐसे कुल 3217 गर्भवती महिलाओं और 2968 बच्चों को चिह्नित किया गया है। जिन्हें तीन माह नवंबर 2020 से जनवरी 2021, 297 एएनएम की ओर से अतिरिक्त शिविर लगाकर टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा।

## पुलिस की सख्ती के बाद बालू खनन माफियाओं ने बदला रूट



संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

अवैध खनन और ओवर लोड वाहनों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल का सख्त निर्देश है। इस क्रम में कोवताली पुलिस की लगातार तीसरे दिन सख्ती के बाद बालू खनन माफियाओं में खलबली मची है। पुलिसिया कार्रवाई की डर से ओवर लोड बालू ट्रैक्टर चालकों ने रास्ता बदलकर आवागन शुरू कर दिया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है।कोतवाली पुलिस लगातार ओवर लोड वाहन और बालू खनन माफियाओं के खिलाफअभियान छेड़ दिया है। शनिवार की देर रात से रविवार की सुबह तक सघन जांच अभियान चलाया। पुलिसिया कार्रवाई के डर से ओवर लोड बालू ट्रैक्टर चालकों ने रास्ता बदलकर लिंक मार्ग से फर्राटा भर रहे है। उधर सुबह शाम मार्ग पर टहलने वाले ग्रामीण ओवर लोड वाहनों के आवागमन को लेकर नाराजगी जताया है। क्षेत्रीय ग्रामीण दिनेश यादवए सिंटू यादवए रामचन्द्रर, टेंगरी यादव, विकास यादव, जेपी यादव, रामअवध आदि ने बताया कि पुलिस की डर से रास्ता बदलकर जाने वाले ट्रैक्टरों से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस बाबत कोतवाल वंदना सिंह ने बताया कि किसी भी हालत में ओवर लोड वाहन ट्रक और ट्रैक्टरों का संचालन होने नही दिया जायेगा।

### सड़क पर उड़ती धूल को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

**सकलडीहा,चन्दौली।** बीते सात माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सकलडीहा कस्बा की जर्जर सड़क का निर्माण शुरू नही हो पाया। जिसके कारण सुबह से शाम उड़ती धूल से दुकानदारों में आक्रोश है। व्यापारियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को चेताया कि शीघ्र समस्या का समाधान नही हुआ तो आन्दोलन के लिये सड़क पर उतरेंगे। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बीते सात माह से सड़क निर्माण का कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। सड़क निर्माण तो दूर नाला निर्माण भी नही हुआ। नाला की खोदाई के दौरान मिट्टी सड़क पर छोड़ दिया गया था। जिसके कारण वाहनों के आवागमन के दौरान सुबह से रात तक धूल उड़ने से जहां लोग श्वांस रोग से परेशान है। वही धूल गरदा के कारण इलेक्ट्रानिकए कपड़ा और मेडिकर दुकानदार परेशान है। व्यापारियों ने चेताया कि शीघ्र जर्जर सड़क निर्माण कार्य शुरू नही हुआ तो व्यापारी सड़क पर उतरकर आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे।

## जेल में बंदी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**देवरिया।** जिला कारागार में सोमवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक बंदी ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर एएसपी शिष्यपाल समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स जेल पहुंची। मजिस्ट्रेट के सामने बंदी का शव नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला कारागार में बंदी की मौत से हड़कंप मच गया।

साथ ही बंदियों के आक्रोश को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है । कुशीनगर का रहने वाला बबलू यादव एक मामले में जिला कारागार में बंद था। वह दो नंबर बैरक में रह रहा था। उसकी ड्यूटी पाठशाला में थी। सोमवार की दोपहर में उसने नौ नंबर बैरक के पीछे गमछे को फंद्दा बनाकर जान दे दी। साथी बंदियों ने उसका शव लटकता देख बंदी रक्षकों को सूचना दी। बंदी की मौत की सूचना मिलते ही जिला कारागार में हड़कंप मच गया। साथी बंदी का शव देख आक्रोशित हो गए।

## उत्सव की खुशियाँ मनाएं पर सावधानी से

**गाजीपुर।** त्योहारों की खुशियाँ बरक़रार रखने के लिए जरूरी है कि हर कदम पर कोरोना को लेकर पूरी सावधानी बरतें ताकि उत्सव के साथ जीवन की रंगोली में कोरोना का रंग कतई न भरने पाए । इस दौरान बाजार में भीड़ लगाने से बचेंए स्थानीय उत्पादों को तरजीह दें ताकि छोटे-छोटे कामगारों के जीवन को भी दीप पर्व के प्रकाश से जगमग किया जा सके । पटाखों की चंद सेकेण्ड की रोशनी और धमक पूरे जीवन को स्याह बना सकती हैए इसलिए इस दीपावली घरपरिवार को पटाखों से दूर रखकर कोरोना से खुद को सुरक्षित बनाने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित बनाने का नेक काम किया जा सकता है ।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**प्रतापगढ़**। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन नवम्बर मंगलवार को सदर तहसील में आयोजित होगा। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता सम्पूर्ण समाधान दिवस रानीगंज तहसील आयोजित होगा एवं अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा। इसी प्रकार आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 नवम्बर को रानीगंज में, एक दिसम्बर को पट्टी में तथा 15 दिसम्बर को लालगंज में आयोजित किया जाएगा।

## स्मृति के स्वस्थ रहने को किया रुद्राभिषेक

जगदीशपुर (अमेठी)। केन्द्रीय मंत्री व अमेठी सांसद के लिए बीजेपी कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन कर स्वस्थ होने की कामना की। जगदीशपुर स्थित मातेश्वर मन्दिर में केन्द्रीय मंत्री व अमेठी लोकसभा सांसद स्मृति ईरानी की कोरोना रिपोर्ट पाजेटिव आने की सूचना मिलते ही नेता भारतीय जनता पार्टी व समाजसेवी सोनू यज्ञसैनी ने जनपद अयोध्या के पंडित आशुतोष शंडील्य की मौजूदगी में पूजा अर्चना के साथ साथ रुद्राभिषेक किया गया और ब्राह्मणों को भर पेट भोजन भी कराया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अभय सिंह मटियारी, वीरेंद्र द्विवेदी, सनी मौर्य, विक्की माहेश्वरी, प्रताप सिंह, चंद्रभान पासवान, रजत मिश्रा, संदीप शुक्ला, गोविंद यादव, अमित श्रीवास्तव, प्रदीप शुक्ला, सुमित यादव, सत्यम मिश्रा, सुमित तिवारी व कमला कांत तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## एसबीआई कर्मी की आई पॉजिटिव रिपोर्ट

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। कोरोना के कहर से अभी भी जन-सामान्य से लेकर सरकारीकर्मी उबर नहीं पा रहे है। नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मे कोरोना को लेकर कर्मी की पाजिटिव रिपोर्ट आयी है। इससे सोमवार को अग्रिम आदेश तक बैंक प्रतिष्ठान बंद कर दिया गया है। बैंक प्रतिष्ठान के अचानक बंद होने से लेनदेन को लेकर लोग परेशान दिखे। बैंक के सामने भीड़ बढती देख स्थानीय पुलिसकर्मियो को भी दिनभर मशक्कत करते देखा गया।

## पांच मकानों में लगी आग, सामान जलकर खाक

त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)। विकास खण्ड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के अंतर्गत मांगता का पुरवा मजरे खेमी पुर में दोपहर लगभग ढाई बजे भीषण आग लग गई।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने अपने खेतों में धान की कटाई कर मकान मालिक को दी। आग की सूचना पाते ही मकान मालिक आजाद में खेतों से घर आए तो देखा कि उनके मकान में भीषण आग लगी हुई हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाडियों आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि पांचों घरों में ढाई लाख नकदी व जेवरात, खाने की सामग्री, कपड़े सहित पांच बकरियां व तीन सुअर जिन्दा जलकर राख हो गए है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**अमेठी**। जनपद स्तरीय ष्सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन नवंबर को तहसील तिलोई में आयोजित होगा। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता सम्पूर्ण समाधान दिवस अमेठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में मुसाफिरखाना तहसील में एवं गौरीगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के दौरान अनावश्यक भीड़ एकत्रित होने से रोकने हेतु टोकन सिस्टम के आधार पर एक समय में अधिकतम 15 से 20 फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

## वैधानिक कार्रवाई को लेकर गोष्ठी आयोजित



**अमेठी**। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा पुलिस द्वारा बच्चों के प्रकरणों में वैधानिक कार्रवाई के संबन्ध में गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में जनपद अमेठी के थानों में गठित बाल कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्त उनि, हेका व आरक्षी व महिला आरक्षी की गोष्ठी में मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने बालकों पर होने वाले अपराध या बालकों द्वारा कानून का उल्लंघन करने पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के प्रमुख कार्य, बालकों के साथ पुलिस का व्यवहार व प्रक्रिया, विशेष किशोर पुलिस के कार्य, भागे हुए बालक के संबन्ध म, बालकों के प्रति होने वाले प्रमुख अपराध व लैंगिक अपराधों आदि के संबन्ध में बताया गया तथा आवश्यक विधिक आदेश निर्देश दिए गए । गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी दयाराम सरोज व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता का आयोजन

**बाराबंकी**। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्य करने वाली जनपद की संस्था जन कल्याण सेवा समिति ने जनपद सुल्तानपुर के रामरतीइंटर कॉलेज द्वारिका गंज में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई गई सड़क सुरक्षा विषय पर जगदीश वर्मा शैलेश कुमार रामकृष्ण शर्मा पदमजीत चौहान ने अपने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य दयाराम वर्मा ने किया तथा संचालन सर्वेश कांत वर्मा ने की इस अवसर पर कोविड-19 के सड़क सुरक्षा के साहित्य परिचय तथा मास्क वितरण भी किया गया अंत में ज्ञान जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष विमलेश प्रकाश शर्मा ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

## डीएम ने मोमबत्ती की दुकान का शुभारम्भ किया



**बाराबंकी**। सोमवार को कोतवाली के बगल मे चैनपुरवा गांव की महिलाओं के द्वारा मोमबत्ती की दुकान का जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी मेधा रूपम द्वारा संयुक्त रूप से उदघाटन किया गया तत्पश्चात अधिकारियों ने महिलाओं द्वारा बनाई मोमबत्तियों का निरीक्षण भी किया तथा गुणवत्तापरक कार्य के लिए उन्हें शाबाशी भी दी। बताते चलें कि कभी अवैध शराब बनाने के काम मे लगी चैनपुरवा गांव की तमाम महिलाओं को पुलिस व प्रशासन के मार्गदर्शन के बाद शराब बनाने के कार्य को छोड़कर मधुमक्खी पालन शुरू किया उसमे महिलाओं ने शहद व मोम निकाला जिससे आने वाली दीवाली में चैनपुरवा की बनी हुई मोमबत्ती लोग अपने घरों मे जलाकर दीवाली को मनाएंगे।

# डीएम ने नदारद मिले लेखपाल का वेतन रोका

### जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र महुली मण्डी एवं फेनहा का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने धान क्रय केन्द्र महुली मण्डी (मार्केटिंग) एवं पीसीएफ फेनहा का औचक निरीक्षण किया। धान क्रय केन्द्र महुली मण्डी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से अब तक क्रय किये गये धान के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से ड्यिूटी पर लगाये गये लेखपाल के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि वह केन्द्र पर उपस्थित नही है जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल उमाकान्त मिश्रा के वेतन भुगतान पर रोक लगाकर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य को निर्देशित किया। इसी प्रकार धान क्रय केन्द्र पीसीएफ फेनहा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से अब तक क्रय किए गये धान के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि 672.70 कुन्तल धान की खरीद हुई है और इस केन्द्र पर 16000 कुन्तल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।धान क्रय केन्द्र फेनहा में मशीन से छने हुये धान की गुणवत्ता को जिलाधिकारी ने परखा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों को धान खरीद के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये और कहा कि केन्द्र पर किसानों के हाथ धुलने हेतु साबुन या सेनेटाइजर अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहना चाहिये, धान विक्रय हेतु जो किसान बन्धु केन्द्र पर आ रहे है वे मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें एवं सोशल डिस्टेसिंग का भी शत् प्रतिशत अनुपालन कराया जाये। जिलाधिकारी ने केन्द्र पर उपस्थित किसानों से कहा कि धान की कटाई के उपरान्त बची पराली को खेतों में कदापि न जलाये नही यदि पराली जलाने की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित किसान के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। केन्द्र पर ड्यूटी पर लगाये गये लेखपाल के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली तो बताया गया कि लेखपाल अभी तक केन्द्र पर नही आये है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित लेखपाल के वेतन भुगतान पर रोक एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को निर्देशित किया।

## और बढ़ाएं कोविड टेस्ट

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में कोविड-19 के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 140587 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 2910 मरीज पॉजिटिव आए हैंए अब तक 2750 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैंए वर्तमान में 133 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 27 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर टैक्सी स्टैंड, रिक्शा इत्यादि लोगों का सैंपल कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।

# शिकायतें प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं अफसर: जिलाधिकारी

### डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनीं जनसमस्याएं

**संवाददाता**। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। सोमवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफ-सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 49 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई।

जिनमें नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए। शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हजारों बच्चों को मुफ्त में अच्छी शिक्षा दे रही शिक्षिका

**बाराबंकी**। बाराबंकी में एक शिक्षिका ऐसी भी है जिसके काम को देखकर लोग अपनी कार्य की जिम्मेदारी के सलीका को बदल लेंगे। कोरोना की महामारी में जहां सरकारी अध्यापक लॉकडाउन का बहाना बना कर घर पर आराम कर रहे थे। वहीं यह शिक्षिका उन बच्चों के लिए परेशानथी, जिनकी शिक्षा बाधित हो रही थी। इस शिक्षिका ने अपने दायरे से बाहर जाकर 22 गांवों तक अपनी पहुंच बनायी और पढ़े लिखे बच्चों और महिलाओं को तैयार कर अपनी मुहीम से जोड़ा और आज यह 1300 बच्चों को एक कॉन्वेंट से बेहतर शिक्षा दे रही हैं। हम बात कर रहे हैं बाराबंकी जनपद की हैदरगढ़ तहसील की भियामऊ गांव के प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका शिवानी सिंह की। जिसने बच्चों की बाधित हो रही शिक्षा की भरपाई करने का बीड़ा उठा रखा है। शिवानी सिंह की यह शिक्षा किसी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं है।

# कानपुर के विमल हत्याकांड की हो न्यायिक जांच: मोना

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कानपुर नगर की घाटमपुर थाना के भदरस निवासी पूर्व बीडीसी विमल बाजपेई की गोली मारकर हुई हत्या की घटना की प्रदेश सरकार से न्यायिक जांच कराये जाने की मांग की है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे गये पत्र मे सीएलपी नेता मोना ने कहा कि इस घटना मे प्रथम दृष्टया मिले साक्ष्य पुलिस की संदिग्ध भूमिका साबित कर रही है। बकौल आराधना मिश्रा ऐसे मे इस घटना की पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच तब और संभव नही है जबकि परिवार के अन्य लोगों पर घटना को लेकर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उन्होने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि पूर्व बीडीसी पप्पू बाजपेई की हत्या के बाद कानपुर नगर मे लोगों मे भय का माहौल को देखते हुए इसकी न्यायिक जांच कराए जाने की सरकार घोषणा करे। वहीं उन्होनें मृतक के परिवार की सुरक्षा के साथ निराश्रितों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मुआवजे के रूप मे भी दिये जाने की सरकार से मांग की है। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान मे विधायक मोना ने कहा कि तीस अक्टूबर की रात्रि जिस तरह से एक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की हत्या की घटना सामने आयी है उससे प्रदेश मे अपराधियो के बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के पुख्ता सबूत सामने आ गये है। उन्होने कहा कि प्रदेश मे लगातार दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही आपराधिक घटनाएं चिंताजनक व भयावह माहौल बनाए हुए हैं।

# प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**संवाददाता**। बाराबंकी

**हैदरगढ़** कोतवाली अंतर्गत रेलवे लाइन के किनारे सोमवार को एक युवक युवती का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा देखा गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। वाकया हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के चौबीसी रेलवे स्टेशन के निकट का है। बताया जाता है कि सोमवार को उक्त रेलवे स्टेशन के निकट युवक-युवती के शव देखे गए बाद में यह सूचना जंगल में लगी आग की तरह आसपास के क्षेत्रों में फैल गई तो वहां पर भीड़ इकठठा हो गई। इस बीच किसी ने इसकी सूचना हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को शव पड़ा होने की जानकारी दी तो पुलिस भी पहुंच गई और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि उक्त युवक युवती को देखकर ऐसा लग रहा है कि दोनों युगल प्रेमी हैं और एक साथ ट्रेन के नीचे कूदकर जान दे दी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## ठंड ने दी दस्तक

**बाराबंकी**। नवंबर का महीना शुरु होते ही ठंडक ने दस्तक दे दी है जिससे बक्सों में बंद ऊनी कपड़े भी बाहर आने शुरु हो गये है, इसी के साथ दुकानदारों ने भी मौसम के मुताबिक कपड़ो की खेप मंगा ली है जिससे लोग अभी से ठंडक से बचने की तैयारियों में लग गये है।

# जिलाधिकारी ने कोविड-19 के रोकथाम पर किया गहन मंथन

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कान्टैक्ट ट्रेसिंग सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित की जाए, कान्टैक्ट ट्रेसिंग के समय मरीज की बैकग्राउण्ड हिस्ट्री, भ्रमण विवरण की जानकारी अवश्यक की जाये कि वह कहां-कहा गया, किसके सम्पर्क में रहा, कान्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य विशेष ध्यान देकर सुनिश्चत किया जाये। पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों का आरटीपीसीआर टेस्ट अवश्य किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कन्ट्रोल सेन्टर पर व्यक्तियों द्वारा कोविड-19 के सम्बन्ध में जानकारी, ईलाज, स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण बाते एवं अन्य पूछे गये प्रश्नों का सन्तोषजनक उत्तर दिया जाये और रजिस्टर में पूछे गये प्रश्नों का उल्लेख करें ।

# हटाए जाएंगे कांग्रेस के निष्क्रिय पदाधिकारी

**संवाददाता**। बाराबंकी



**मिशन** 2022 की कामयाबी के लिये पार्टी का एक ऐसे संगठन का निर्माण करना है जो मतदान के दिन पर प्रतिकूल परिस्थितियो में भी संघर्ष करके विजय दिला सके। राजनैतिक दल का मजबूत संगठन ही उसकी रीढ की हड्डी तथा ऊर्जावान कार्यकर्ता ही उसकी ताकत होते है। कांग्रेस संगठन को घोषित हुये तीन माह हो चुके है। प्रत्येक पदाधिकारी के इन तीन माह में किये गये कार्यो की समीक्षा होगी और निष्क्रिय पदाधिकारियो को उनके पद से हटाकर निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ताओ को पदो से नवाजा जायेगा। आगामी पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी बढ-चढकर हिस्सेदारी निभायेगी और अपनी सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करायेगी।

उक्त आशय की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित कांग्रेस परिवार के बैठक में दी। जिसका संचालन संगठन के महासचिव केसी श्रीवास्तव ने किया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष के वालिद पूर्व जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मो. हसीब, कांग्रेस नेता गयादीन यादव, श्रवण शुक्ला, वंशी लाल गौतम, राजू वर्मा की असमय हुयी मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। बैठक में मुख्यरूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र वमा, मीडिया प्रभारी सरजू शर्मा, गौरी यादव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष गुलजार अंसारी, पिछडा वर्ग अध्यक्ष सत्यप्रकाश वर्मा, अल्पसंख्यक नगर उपाध्यक्ष जिया-उर-रहमान खान, अरशद इकबाल, रामहरख रावत, जयन्त गौतम, आदर्श पटेल, नेकचन्द्र त्रिपाठी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, मुईनुद्दीन अंसारी, संजीव मिश्रा, सत्यवान रावत आदि मौजूद थे।

## प्रतिभाओं का हुआ सम्मान खिल उठे चेहरे

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज मे सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र के मेधावियों को सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय परिसर मे आयोजित हुए सम्मान कार्यक्रम में समाजसेवी डा. भालचंद्र तिवारी ने सफल प्रतिभागियों को श्रीमती गायत्री देवी स्मृति प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित कर हौसला आफ्जाई की। इसके तहत विद्यालय की इण्टरमीडिएट बोर्ड की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंजली सरोज को प्रथम तथा प्रीती सरोज को द्वितीय तथा रिंकी यादव को तृतीय एवं हाईस्कूल बोर्ड के सौरभ कुमार तिवारी को प्रथम तथा रवीन्द्र कुमार विश्वकर्मा को द्वितीय एवं निकिता रजक को तृतीय स्थान पर प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर प्रतिभाओं के चेहरे खिले नजर आये।

# नदी के सामने हिम को नही झुकते देखा

### करपात्री जन्मस्थली भटनी मे बही काव्यरस की अनुपम धार

**संवाददाता**। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )



**धर्मसम्राट** स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली भटनी मे रविवार को काव्यचेतना जागृत किये जाने का अनूठा संगम दिखा। भटनी गांव मे श्रृंगार के युवा कवि सौरभ ओझा के संयोजन मे आयोजित हुए कवि सम्मेलन मे गीतकार पवन कश्यप का गीत-प्रेम में तुम पगी पावनी हो गई को श्रोताओं ने जमकर सराहा। वहीं लखनऊ से आयी कवयत्री अनुजा मनु ने जब पढ़ा-नदी के सामने हिम को नही झुकते हुए देखा तो भी श्रोताओं की तालियां जोश मे आ गई दिखी। इसके पूर्व आयोजक समाज सेवी एवं शिक्षक राकेश त्रिपाठी तथा सौरभ ओझा ने कवि सम्मेलन के ध्येय पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत लालगंज के प्रतिनिधि सन्तोष द्विवेदी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा शिक्षक नेता विकास पाण्डेय ने किया। विशिष्टवक्ता जय कौशल, अति विशिष्ट अतिथि एसएन त्रिपाठी, समाजसेवी राजा शुक्ला, अजय आशीष एवं भूपेन्द्र तिवारी काजू ने भी कवि सम्मेलन के ध्येय पर प्रकाश डाला। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने साहित्य पर प्रकाश डालते हुए आभार प्रदर्शन किया। शुभारंभ हरदोई के प्रसिद्ध गीतकार पवन कश्यप की वाणी वंदना से हुआ। हास्य कवि छंदकार आशुतोष आशु ने पढ़ा-भरत राणा के निशदिन वीरता के गीत गाते है व धन्नजय शाश्वत ने जब मुर्दे भी मनरेगा से तनख्वाह ले रहे है की प्रस्तुति दी तो लोग वाह-वाह करने लगे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे फ्तेहपुर के सुप्रसिद्ध शायर शिवशरण बंधु ने रहते-रहते घर मे घर हो जाते है का मनोहारी काव्यपाठ किया। कवि सम्मेलन को ऊंचाईयां देते हुए ओजकवि अंजनी अमोघ ने ललकारा-दिल्ली से लेकर बींजिग तक रंग तिरंगा कर देगे, वहीं मशहूर शायर अनूप प्रतापगढी चलो और मजबूती से रिश्ता सम्भाला जाए के जरिए भी श्रोताओं पर छाप छोड़ा। श्रृंगार के कवि सौरभ ओझा ने हथेली पर लिखकर अपना नाम, जब से तुम चली गईं पढा।

# सीएमओ ने बूथ सेंटरों का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता**। मसौली ( **बाराबंकी** )



**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डा. बीकेएस चौहान ने सोमवार को सीएचसी बड़ागांव के अंतर्गत विशेष टीकाकरण अभियान के बूथ सेंटरों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और कोविड-19 की सैंपल स्थल का भी निरीक्षण किया तथा दिशा निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव के अन्तर्गत क्षेत्र में चल रहे विशेष टीकाकरण अभियान को लेकर ग्राम पंचायत करपिया के उपकेन्द्र पर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके एस पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। जिसमें वैक्सीन को देखा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मौजूद न होने पर नाराजगी जताई।

इसके बाद सीएमओ डा. चौहान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव पहुंच कर कोल्ड चैन का निरीक्षण किया तथा दंत कक्ष, ओपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन कक्ष, लेबर रूम दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई के निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों को बुखार की समस्या हो तो उनकी कोरोना सेंपलिंग तत्काल कराने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चौहान ने ग्राम पंचायत बांसा बाजार में कोविड -19 की जांच कैम्प का भी जायजा लिया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केएनएम त्रिपाठी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजीव सिंह, डब्ल्यू एच ओके डॉ. उपांत राव डोंगरे, केन्द्र प्रभारी बड़ागांव डॉ संजीव कुमार, बीपीएम अखिलेश पटेल, पंकज कुमार सहित विभाग के अन्य लोग मौजूद थे।